सूर्योदय : 5:57
सूर्यास्त : 5:55
अधिकतम तापमान : 34.0
न्यूनतम : 26.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-118 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, गुरुवार, 05 अक्टूबर 2023
19 रबीउलअव्वल, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक

अवधनामा

www.avadhnama.com

स्वर्ण जयंती महोत्सव में शामिल हुए मुख्यमंत्री योगी, कार्यक्रम को किया संबोधित

आर्य समाज भारत का जीवंत आंदोलन रहा है

अवधनामा संवाददाता

- आर्य समाज ने सबसे पहले घर वापसी से दिया था धर्मांतरण का जवाब

बस्ती। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश में जब बड़े पैमाने पर धर्मांतरण कराया जा रहा था, तो उस समय सबसे पहले आर्य समाज ने घर वापसी कराकर उसका जवाब दिया था। वहीं अंग्रेजों ने जब भारतीयों पर तुष्टीकरण की नीति को थोपा तब आर्य समाज ने देश में वैदिक आंदोलन की शुरुआत की। आर्य समाज भारत का जीवंत आंदोलन रहा है। एक समय था बस्ती से लेकर कराची तक आर्य समाज का बोलबाला था।

सीएम योगी ने बुधवार को एक निजी होटल में आर्य समाज बस्ती द्वारा आयोजित आर्य समाज के स्वर्ण जयंती महोत्सव कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्वदेशी और अछूतोद्धार के कार्यक्रम को आर्य समाज ने आगे बढ़ाया। आर्य समाज के आंदोलनों ने अनेक क्रांतिकारी दिए। काकोरी एक्शन के महानायक पंडित रामप्रसाद बिस्मिल आर्य समाज की ही देन थे, जो एक प्रचारक के रूप में सांझापुर में कार्य करते थे। उस समय का हर क्रांतिकारी आर्य समाज के साथ जुड़कर गौरवान्वित महसूस करता था। सीएम योगी ने कहा कि शिक्षा को संस्कारों और आधुनिकता के साथ जोड़ने का कार्य आर्य समाज के संस्थापक महर्षी दयानंद सरस्वती ने किया था। उन्होंने कहा कि डीएवी को एक समय देश की सबसे प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थाओं में से एक माना जाता था, जहां पर वैदिक प्रार्थना और हवन यज्ञ के साथ दिन की शुरुआत होती थी। सीएम योगी ने कहा कि युग प्रणेता महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती के साथ पूरा भारत जुड़ रहा है और उन्हें नमन कर रहा है। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुछ दिन पूर्व देश की राजधानी दिल्ली से महर्षि दयानंद सरस्वती जी के शताब्दी वर्ष के कार्यक्रम का शुभारंभ किया था। उन्होंने आर्य समाज के उस कार्यक्रम के माध्यम से देश और दुनिया में फैले लाखों आर्य वीरों को जागृत करने का कार्य किया था। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष से आर्य समाज की स्थापना का 150वां वर्ष प्रारंभ होने जा रहा है, जो देश और हमारे समाज के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। इस दौरान हमें अपने युवाओं के प्रेरित करना है कि वह आर्य समाज के कार्यों पर शोध करें।

सहमति की आयु पर एनसीपीसीआर विधि आयोग से असहमत

नई दिल्ली। लगातार बढ़ते अपराध और बाल यौन शोषण के मद्देनजर शारीरिक संबंध बनाने की सहमति की सही आयु क्या हो? इस सवाल पर लगातार बहस हो रही है। सहमति की उम्र के संबंध में विधि आयोग ने सरकार को कई अहम सिफारिशें भेजी हैं। देश में बाल अधिकारों की शीर्ष संस्था- राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने संकेत दिया है कि वह सरकार को विधि आयोग की सिफारिशें नहीं मानने की सलाह देगी। 16 से 18 साल की आयु के किशोरों से जुड़े इस मामले में एनसीपीसीआर के हवाले से सूत्रों ने बताया कि ऐसे संवेदनशील मामले में निर्देशित न्यायिक विवेक का इस्तेमाल नहीं होना चाहिए। एनसीपीसीआर सूत्रों के अनुसार, यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम के तहत ऐसे केस की सुनवाई होती है। ऐसे में मौन स्वीकृति बेहद संवेदनशील विषय है।

उज्ज्वला लाभार्थियों को मोदी सरकार का तोहफा

मोदी कैबिनेट

- अब 200 रुपये की जगह 300 रुपये सब्सिडी देगी सरकार
- 603 रुपए में मिलेगा सिलेंडर

नई दिल्ली। सरकार ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों के लिए सब्सिडी राशि 200 रुपये से बढ़ाकर 300 रुपये प्रति एलपीजी सिलेंडर कर दी है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर कैबिनेट के फैसलों पर एक ब्रीफिंग के दौरान यह जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक हुई। रक्षाबंधन के मौके पर गैस सिलेंडर के दामों में 200 रुपए की कटौती की गई थी आज से उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों की सब्सिडी 200 रुपए से बढ़ाकर 300 की जा रही है। भारत सरकार ने राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड की स्थापना को अधिसूचित किया है। यह बोर्ड हल्दी के बारे में जागरूकता और खपत बढ़ाने में मदद करेगा और निर्यात बढ़ाने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नए बाजार विकसित करेगा। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने तेलंगाना में सम्मक्का सरक्का केन्द्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए केंद्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 में संशोधन को भी मंजूरी दे दी है। उज्ज्वला लाभार्थियों को वर्तमान में 14.2 किलोग्राम के सिलेंडर के लिए 703 रुपये प्रति सिलेंडर का भुगतान करना पड़ता है, जबकि बाजार मूल्य 903 रुपये है।

मुस्लिम पक्षकारों की मांग पर फिर टली ज्ञानवापी मामले की सुनवाई

ज्ञानवापी केस

- अब 30 अक्टूबर को होगी बहस
- मुस्लिम पक्ष ने केस टालने की मांग की

प्रयागराज। वाराणसी के ज्ञानवापी मस्जिद परिसर से जुड़ी पांच याचिकाओं पर बुधवार को होने वाली सुनवाई मुस्लिम पक्षकारों की मांग पर 30 अक्तूबर तक टाल दी गई है। इन याचिकाओं में तीन याचिकाएं वर्ष 1991 से वाराणसी की अदालत में लंबित सिविल वाद की पोषणीयता और दो याचिकाएं निचली अदालत द्वारा ज्ञानवापी के वैज्ञानिक सर्वेक्षण की अनुमति देने वाले आदेश को चुनौती देने वाली हैं। मामले की सुनवाई इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश प्रीतिंकर दिवाकर की एकल पीठ कर रही है। इससे पहले इस मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति प्रकाश पाडिया की अदालत में पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित कर लिया गया था, जो 28 अगस्त को सुनाया जाना था। इसी बीच इस सुनवाई के खिलाफ किसी ने मुख्य न्यायाधीश के समक्ष शिकायती पत्र प्रस्तुत किया था, जिसकी जांच के बाद यह पाया गया कि अदालतों का रोस्टर बदलने के बाद भी न्यायमूर्ति प्रकाश पाडिया की अदालत में सुनवाई अनवरत चलती रही। क्षेत्राधिकार के बाहर पूरी हुई सुनवाई के आधार पर मुख्य न्यायाधीश ने मामले को अपनी अदालत में स्थानांतरित करते हुए खुद सुनवाई करने का फैसला लिया था। ऐन मौके पर स्थानांतरित हुई मामले की सुनवाई पर अंजुमन इंतजामिया मसाजिद समेत अन्य मुस्लिम पक्षकारों ने आपत्ति उठाई थी। मुस्लिम पक्ष ने दलील दी थी कि पिछले कई वर्षों में करीब 75 तारीखों पर मामले की सुनवाई हो चुकी है और तीन बार निर्णय सुरक्षित हो चुका है।

आप नेता संजय सिंह गिरफ्तार

शराब घोटाले में 10 घंटे पूछताछ के बाद ईडी की बड़ी कार्रवाई

- लाइसेंस फीस में भारी इजाफा करके बड़े कारोबारियों को लाभ पहुंचाने का आरोप
- दूसरी चार्जशीट में ईडी ने 12 आरोपी बनाए थे

नई दिल्ली। दिल्ली शराब नीति मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने बुधवार सुबह आम आदमी पार्टी से राज्यसभा सांसद संजय सिंह के दिल्ली आवास पर छापा मारा। यह तलाशी शराब घोटाला मामले में हुई। दोपहर के बाद ईडी ने संजय सिंह को गिरफ्तार लिया। करीब 10 घंटे पूछताछ के बाद ईडी ने यह कार्रवाई की है। इससे पहले इसी मामले में सांसद के कई अन्य करीबी लोगों के परिसरों की तलाशी ली गई थी।

संजय सिंह की गिरफ्तारी की खबर सामने आने के बाद आम आदमी पार्टी में हलचल मच गई है। ईडी के आरोप पत्र के अनुसार, दिल्ली के व्यवसायी दिनेश अरोड़ा, जिन्हें दिल्ली शराब नीति घोटाला मामले में आरोपी के रूप में नामित किया गया था। पहले संजय सिंह की उपस्थिति में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से उनके आवास पर मुलाकात की थी। एक बयान में अरोड़ा ने ईडी को बताया कि उनकी मुलाकात एक कार्यक्रम के दौरान संजय सिंह से हुई थी। जिसके बाद वह दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के भी संपर्क में आए थे। आगे बताया कि यह कार्यक्रम दिल्ली चुनाव से पहले धन जुटाने के लिए आयोजित किया गया था। इस साल मई में ईडी ने सिंह के करीबी सहयोगियों के परिसरों की तलाशी ली थी और उन्होंने आरोप लगाया था कि ईडी ने दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति मामले के संबंध में उनके दो सहयोगियों अजीत त्यागी और सर्वेश मिश्रा के घरों पर छापेमारी की। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह के आवास पर ईडी की छापेमारी चल रही है। गिरफ्तारी से पहले आप सांसद संजय सिंह ने अपनी मां का आशीर्वाद लिया। आप ने एक्स हैंडल पर इसका वीडियो साझा करते हुए लिखा है कि जिसके सिर पर मां का आशीर्वाद हो, उसका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता।

मरना मंजूर है, डरना नहीं: संजय

आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सांसद संजय सिंह को दिल्ली शराब नीति मामले में ईडी ने गिरफ्तार किया है। ईडी ने करीब दस घंटे की पूछताछ के बाद यह कार्रवाई की है। ईडी बुधवार सुबह से ही राज्यसभा सांसद संजय सिंह के दिल्ली आवास पर छापेमारी कर रही थी। गिरफ्तारी से ऐन पहले संजय सिंह का वीडियो सामने आया है। जिसमें उन्होंने आप कार्यकर्ताओं को संदेश दिया है कि मरना मंजूर है, डरना नहीं। वहीं उनकी पत्नी की भी प्रतिक्रिया सामने आई है। सांसद संजय सिंह को दिल्ली शराब नीति मामले में ईडी ने गिरफ्तार किया है।

कोर्ट में पेश कर सकती है ईडी

ईडी आम आदमी पार्टी से राज्यसभा सांसद संजय सिंह को 5 अक्टूबर को कोर्ट में पेश कर सकती है। बता दें कि इस मामले में आप नेता और दिल्ली के उपमुख्यमंत्री रहे मनीष सिसोदिया को भी ईडी ने गिरफ्तार किया था। सिसोदिया फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं।

आग लगने से 21 यात्री जिंदा जले

रोम। इटली के नहरों वाले शहर वेनिस के पास एक बस के ओवरपास से ट्रेन की पटरियों के पास गिरने और फिर उसमें आग लगने से कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई। हादसे में कई लोग घायल भी हुये हैं, हालांकि स्थानीय मीडिया की रिपोर्टों में उनकी संख्या अलग-अलग बताई जा रही है। अनुमान है कि 12 से 40 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से कम से कम दो की हालत गंभीर है। इसके अतिरिक्त कई लोग लापता होने की भी सूचना है। रिपोर्ट में कहा गया है कि मरने वालों की संख्या अभी भी बढ़ सकती है। घायलों का इलाज क्षेत्रीय अस्पतालों में चल रहा है। स्थानीय मीडिया ने बताया कि एक बस वेनिस के मेस्त्रे क्षेत्र में वेम्पा ओवरपास पर लगी बाड़ को तोड़ते हुए लगभग 10 मीटर नीचे रेल की पटरियों के पास एक खाली क्षेत्र में गिर गई। कथित तौर पर गिरते ही बस में आग लग गई।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पीएम मोदी को कहा दूरदर्शन

भाजपा की गारंटी लोगों का उत्पीड़न

- लोगों की जरूरत को समझकर बनाई योजनाएं: खरगे

रायपुर। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे एक बार फिर छत्तीसगढ़ दौरे पर पहुंचे। खरगे का पिछले सात माह में यह पांचवा वां दौरा है। कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष खरगे ने रायगढ़ में भरोसे का सम्मेलन में अपने संबोधन की शुरुआत जय जोहार जय छत्तीसगढ़ महतारी के साथ किया। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को झूठों का सरदार बताया।

उन्होंने कहा कि, मोदी की गारंटी लोगों को बेरोजगार रखने की होती है। हमेशा कांग्रेस सरकार गिराने की सोचते हैं। देश में सरकार दो लोग ही चलाते हैं, एक मोदी और दूसरे शाह। इनके अलावा किसी और को कुछ पता नहीं रहता कि क्या होने वाला है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि, लोग कांग्रेस को ही पसंद करते हैं। 2023 और 2024 में भी कांग्रेस की सरकार बनेगी। मोदी जी जहां जाते हैं वहां कांग्रेस को फायदा होता है। मोदी जी लोगों को दूर से दर्शन देते हैं। उनके पास जाना मुश्किल है। हमारे राहुल गांधी और मुख्यमंत्री लोगों के पास जाकर मिलते हैं। कांग्रेस जनता के नजदीक है। इसका फायदा चुनाव में हमे जरूर मिलेगा। पीएम मोदी परिवारवाद की बात करते हैं। हमने इकोनॉमिस्ट मनमोहन सिंह को प्रधानमंत्री बनाया। भाजपा के लोग केवल कुर्सी के पीछे दौड़ रहे हैं। हमने गरीबों के लिए काम किया। भारत जोड़ो यात्रा में सभी लोगों से मिले। बच्चे महिला, बुजुर्ग सभी से कंधे से कंधा मिलाकर चले। आगे कहा कि, मोदी जब-जब छत्तीसगढ़ आते हैं कांग्रेस सरकार को बदनाम करके जाते हैं।

हमारा रास्ता सत्य का रास्ता है: बघेल

सीएम भूपेश ने कहा कि कला और संस्कृति के मुख्यालय हमारे रायगढ़ में आज हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष खरगे आए हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने के बाद खरगे सबसे पहले रायपुर में राष्ट्रीय अधिवेशन में आए। तबसे उनका लगाव छत्तीसगढ़ में बना रहा है। अभी हमारे मुख्य अतिथि के हाथों से बाबा गुरु घासीदास जी की आस्था के प्रतीक और गांव-गांव में निर्मित जैतखाम का शिलान्यास हुआ। सत्य के रास्ते में चलने का संदेश बाबा गुरु घासीदास जी का है। सत्य के रास्ते को महात्मा गांधी ने भी बताया। सत्य का रास्ता हमारा रास्ता

दस को विशेषाधिकार समिति के सामने पेश होंगे बिधूड़ी

- सांसद दानिश अली पर की थी टिप्पणी
- रमेश बिधूड़ी के बयान के बाद हुआ था जोरदार हंगामा

नई दिल्ली। बसपा सांसद दानिश अली के खिलाफ सदन में आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में भाजपा सासंद रमेश बिधूड़ी 10 अक्तूबर को लोकसभा की विशेषाधिकार समिति के सामने पेश होंगे। 10 अक्तूबर को रमेश बिधूड़ी विशेषाधिकार समिति के सामने अपना बयान दर्ज कराएंगे।

बैठक के एजेंडे के अनुसार, संसद के कई सदस्यों की शिकायत के बाद रमेश बिधूड़ी का बयान दर्ज कराया जाएगा। बता दें कि संसद के विशेष सत्र के दौरान चंद्रयान-3 मिशन पर सदन में चर्चा के दौरान रमेश बिधूड़ी ने बसपा सांसद दानिश अली के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी थी। रमेश बिधूड़ी के बयान के बाद काफी हंगामा हुआ और कई राजनीतिक पार्टियों के सांसदों ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को पत्र लिखकर बिधूड़ी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। भाजपा सांसदों ने आरोप लगाया कि दानिश अली ने रमेश बिधूड़ी को उकसाया और वह बिधूड़ी के संबोधन के दौरान बार-बार पीएम मोदी के खिलाफ बयानबाजी कर रहे थे। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने भी रमेश बिधूड़ी के बयान की निंदा की लेकिन ये भी कहा कि दानिश अली ने ही उन्हें उकसाया था। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने उन्हें मिली शिकायतों को लोकसभा की विशेषाधिकार समिति को भेज दिया था। विशेषाधिकार समिति की अध्यक्षता भाजपा सदस्य सुनील कुमार सिंह कर रहे हैं। हाल ही में रमेश बिधूड़ी ने मीडिया से बात करते हुए कहा था कि हर जनप्रतिनिधि का जनता के प्रति दायित्व बनता है। सदन के किसी खास सदस्य के प्रति लगातार कमेंट करते रहना और पीएम मोदी और लोकसभा स्पीकर पर टिप्पणी करना अच्छी बात नहीं है।

नीरज चोपड़ा ने रचा इतिहास

भाला फेंक में भारत को दो पदक

नीरज चोपड़ा को स्वर्ण, किशोर जेना ने रजत पर किया कब्जा

नई दिल्ली। भारत के स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा बुधवार को एशियन गेम्स 2023 में मैदान पर उतरे हैं। चीन के हांगझोऊ में जारी एशियन गेम्स में नीरज चोपड़ा ने पुरुष भाला फेंक स्पर्धा में गोल्ड मेडल अपने नाम किया है। वहीं भारत के ही दूसरे एथलीट किशोर कुमार जैना ने देश को सिल्वर मेडल दिलाया। लेकिन एक समय ऐसा था कि किशोर इस इवेंट में नीरज से आगे हो गए थे। इसके बाद नीरज ने वापसी करते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम कर लिया। नीरज ने 88.88 मीटर के थ्रो के साथ गोल्ड मेडल जीता, जबकि किशोर ने 87.54 मीटर के साथ सिल्वर मेडल हासिल किया। इस इवेंट का ब्रॉन्ज मेडल जापान के डीन रॉडरिक गेंकी ने हासिल किया। पाकिस्तान के यासिर मोहम्मद चौथे स्थान पर रहे। नीरज ने इस सीजन का अपना बेस्ट थ्रो फेंका, जबकि किशोर का ये पर्सनल बेस्ट थ्रो था।

खुशी — संजय गांधी अस्पताल को हाईकोर्ट से मिली राहत

संजय गांधी अस्पताल पर लगा ताला खुलेगा

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा एक चूक से हॉस्पिटल बंद नहीं कर सकते

अवधनामा संवाददाता

- गुरुवार से खुलेगा अस्पताल
- यूपी सरकार से मांगा जवाब
- स्वास्थ्यकर्मियों ने खुशी जाहिर की

अमेठी। अमेठी के संजय गांधी अस्पताल का ताला अब खुलेगा। यूपी सरकार के लाइसेंस सस्पेंशन पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने स्टे लगा दिया है। इसके साथ ही कोर्ट ने प्रदेश सरकार को दो सप्ताह के भीतर अपना जवाब दाखिल करने के लिए कहा है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा, एक चूक से अस्पताल बंद नहीं किया जा सकता।

अस्पताल बंद करने, ऑपरेशन सुविधा बंद करने से आसपास के लोगों का जो नुकसान हुआ, उसकी न तो भरपाई हो सकती है और न ही आकलन किया जा सकता है। इधर, अस्पताल को स्टे मिलने के बाद कर्मचारियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। अस्पताल परिसर में धरने पर बैठे स्वास्थ्य कर्मियों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाते हुए कोर्ट के आदेश पर खुशी जाहिर की है। बता दें कि तीन सप्ताह पहले एक महिला की मौत के बाद अमेठी प्रशासन ने संजय गांधी अस्पताल के लाइसेंस को निलंबित कर दिया था। अस्पताल का लाइसेंस निलंबित करने के बाद कर्मचारियों ने इलाहाबाद हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

सुनवाई के लिए सितंबर के अंतिम सप्ताह में डेट पड़ी, जिस पर हाईकोर्ट ने सुनवाई के लिए 5 अक्टूबर का समय दिया। आज दोनों पक्षों को सुनने के बाद हाईकोर्ट ने संजय गांधी अस्पताल को बड़ी राहत देते हुए निलंबित लाइसेंस पर स्टे दे लगा दिया। संजय गांधी अस्पताल के मैनेजर एडमिन सुरेश कुमार ने कहा, हाईकोर्ट से स्टे मिला है। अभी आदेश की कॉपी नहीं मिली है। कोर्ट के आदेश की कॉपी मिलते ही अस्पताल को खोला जाएगा। शाम तक कॉपी आने की संभावना है। गुरुवार को अस्पताल खोला जाएगा।

एयरफोर्स को मिला पहला ट्विन सीटर तेजस एयरक्राफ्ट

- यह हर मौसम में उड़ान भरने में सक्षम
- ट्रेनिंग में इस्तेमाल किया जाएगा

बेंगलुरू। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने बुधवार को इंडियन एयर फोर्स को पहला ट्विन सीटर लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट तेजस सौंप दिया। यह ट्रेनिंग के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। यह वजन में हल्का और हर मौसम में उड़ान भरने में सक्षम है। भारतीय वायु सेना ने एचएएल को 18 ट्विन सीटर विमान का ऑर्डर दिया है। इनमें से 8 अगले साल तक दे दिए जाएंगे। बचे हुए 10 विमान 2026-27 तक मिलेंगे।

भारतीय सेना के पास एलसीए तेजस का एक एडवांस वर्जन मार्क-1 वी भी मौजूद है। यह एक फाइटर जेट है। जो 2205 किमी प्रति घंटे की स्पीड से उड़ता है और 6 तरह की मिसाइलों को ले जाने में सक्षम है। 30 जुलाई को एयर फोर्स ने जम्मू-कश्मीर के अवंतीपोरा एयरबेस पर हल्के लड़ाकू विमान तेजस एमके-1 को तैनात किया है। सेना का कहना है कि उसके पायलट्स घाटी में उड़ान की प्रैक्टिस कर रहे हैं।

कश्मीर, पड़ोसी देशों चीन-पाकिस्तान के लिहाज से संवेदनशील है। तेजस एमके-1 मल्टीरोल हल्का लड़ाकू विमान है जो वायु सेना को कश्मीर के जंगल और पहाड़ी इलाकों में और मजबूत करेगा।

खीरी में शुरू हुई 72वीं जनपदीय, स्पोर्ट्स फॉर स्कूल एथलेटिक्स प्रतियोगिताएं

04 से 06 अक्टूबर तक चलेगी

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर खीरी। 72वीं जनपदीय, स्पोर्ट्स फॉर स्कूल एथलेटिक्स प्रतियोगिता और सांस्कृतिक समारोह का रंगारंग कार्यक्रम के साथ बुधवार को युवराज दत्त इण्टर कालेज, ओयल के क्रीडागंन में शुभारम्भ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह ने विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिभा और डीआईओएस डॉ महेंद्र प्रताप सिंह की उपस्थित में विधिवत घोषणा कर प्रतियोगिता का शुंभारम्भ किया। क्रीडा प्रतियोगिता के उद्घाटन के अवसर डीएम ने मार्च पास्ट की सलामी ली और संमरगी गुब्बारों एवं कबूतरों को उड़ाकर शांति का संदेश दिया। डीएम ने कहा कि इस आयोजन में प्रतिभाग करने वाले बच्चें विशेष प्रतिभावान और सौभाग्यशाली है, जिनकों इस कार्यक्रम में प्रतिभाग करने का मौका मिला। उन्होंने कहा कि खेलों से बच्चों का पूर्ण शारीरिक व मानसिक विकास होता है। कहा कि हर क्षेत्र के लिए अच्छी प्रतिस्पर्धा खेल का मैदान ही सीखता है। विजयी होने पर अभिमान नही आना चाहिए और हारने पर अपने प्रतिद्वंदी के विरूद्ध ईष्या का भाव भी नही आनी चाहिए। विजयी होने से ज्यादा अपनी जीत को बरकरार रखता महत्वपूर्ण होता है। डीआईओएस डॉ महेंद्र प्रताप सिंह ने प्रतिभागियों से अपील की कि अनुशासित ढंग से खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया जाये तो अधिक आनंद आता है। कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के बच्चों द्वारा स्वागत गीत तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गये। मशाल दौड़ के उपरांत 1500 मीटर दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन हुआ,

जिसमें सीनियर बालिका वर्ग के प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर क्रमशः अनुष्का प्रजापति जीजीआईसी लखीमपुर शर्मिला बलदेव वैदिक पलिया व शीलम चौहान रही। वहीं सीनियर बालक वर्ग में हिमांशु जिला पंचायत भीरा जीवेश सिंह कृषक समाज इंटर कॉलेज गोला कुलदीप कुमार बी0बी0एल0सी खमरिया रहे। कार्यक्रम का संचालन मुकुट बिहारी मिश्रा ने किया। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों का आभार व्यक्त करने का कार्य जनपदीय क्रीड़ा सचिव श्री राम किशोर सैनी ने किया।इस अवसर पर जिला क्रीड़ा अधिकारी सुनील कुमार भारती, कार्यक्रम में विपिन मिश्रा, यशवंत, ईशविंदर सिंह अजमानी विनोद कुमार शैलेंद्र गुप्ता, डॉ ज्योति तिवारी, डॉ शालिनी दुबे सहित विभिन्न माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं शिक्षकगण, क्रीडा प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने आये खिलाड़ी मौजूद रहे।

मुठभेड़ में 25 हजार का ईनामी गिरफ्तार

सीतापुर। एसओजी व कोतवाली महोली पुलिस की संयुक्त पुलिस टीम ने महोली कोतवाली क्षेत्र के कैमा मोड़ पर चेकिंग शुरू की। इसी दौरान एक शातिर बदमाश बाइक पर सवार होकर उधर से गुजरा। पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया तो बाइक सवार बदमाश ने पुलिस टीम पर फायर कर दिया। पुलिस टीम ने बचाव करते हुए जवाबी फायर किया। इससे एक गोली बाइक सवार बदमाश के पैर में लग गई और वह घायल होकर गिर गया। मुठभेड़ की सूचना मिलते ही एसपी चक्रेश मिश्रा, एएसपी एनपी सिंह मौके पर पहुंचे। एसपी चक्रेश मिश्रा ने बताया कि घायल बदमाश की पहचान महोली कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुंवरपुर लच्छा निवासी साधू यादव उर्फवीरेन्द्र यादव पुत्र रामेश्वर दयाल के रूप में हुई है। एसपी ने बताया कि साधू यादव शातिर अपराधी है। उसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपए का ईनाम घोषित था। पुलिस ने उसके पास से 1 अवैध तमंचा मय कारतूस के व एक बाइक बरामद की है। साधू यादव पर पूर्व में भी हत्या, डकैती, हत्या का प्रयास, अवैध वसूली, मारपीट व अवैध शस्त्र रखने जैसे मामले दर्ज हैं।

खीरी में बुजुर्गों का बनेगा आयुष्मान कार्ड

प्रमुख सचिव ने डीएम को जारी किया पत्र, यूपी के 11.75 लाख परिवार किए चिह्नित

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर खीरी। यूपी में 60 साल से ऊपर उम्र वाले 11.74 लाख परिवार के बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाएगा। नेशनल फूड सिक्योरिटी एक्ट 2013 (NFSA) यानी राशन कार्ड से डाटा लिया गया है। राज्य सरकार ने पात्र गृहस्थी राशन कार्ड धारकों को इसका फायदा देने का निर्णय लिया है। यूपी सरकार की स्वीकृति के बाद NFSA डाटा के अधीन पात्र गृहस्थी राशन कार्ड के ऐसे 11.74 लाख परिवार जिनमें सभी सदस्य बुजुर्ग (60 साल से ऊपर) है, को अतिरिक्त परिवारों के सापेक्ष शामिल किया गया है। उक्त परिवारों का डाटा, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 (NFSA) से लिया गया है, जो पूर्णतः आधार सीडेड है, जिस कारण इन परिवारों का स्थलीय स्तर पर चिन्हांकन अत्यन्त सुगम एवं सुलभ होगा। 11.74 लाख हस्न्र परिवारों (राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013) का डाटा योजनान्तर्गत संचालित BIS पोर्टल में सम्मिलित कर लिया गया है।

आयुष्मान ऐप से बना सकते हैं आयुष्मान कार्ड

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि पात्र लाभार्थी खुद या किसी भी स्वयंसेवी, सरकारी कर्मचारी, राशन दुकानदार या कोई अन्य साधन द्वारा भी पोर्टल (https://beneficiary.nha.gov.in) या आयुष्मान ऐप के माध्यम से अपना आयुष्मान कार्ड बना या बनवा सकते हैं। खास बात है कि आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए अलग से आईडी की जरूरत नहीं है। आयुष्मान ऐप के माध्यम से स्वयं या स्वयंसेवी की सहायता से वीडियो यू-ट्यूप पर उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि आयुष्मान योजना के तहत प्रत्येक बुजुर्ग को बीमारी के समय 05 लाख रुपए का मुफ्त इलाज कराने की सुविधा मिलेगी। स्वास्थ्य विभाग के प्रस्ताव को राज्य सरकार की मंजूरी के बाद जिला प्रशासन ने भी इस पर काम करना शुरू कर दिया

वार्षिकोत्सव का शुभारंभ

सीतापुर। आर्य समाज मन्दिर के तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव का शुभारंभ बुधवार को किया गया। प्रथम दिवस पर प्रातः कालीन बेला में जुगल किशोर आर्य के द्वारा यज्ञ का कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसके यजमान मधु इंडिया लिमिटेड के प्रबंधक कुलदीप सिंह रहे। सायं कालीन बेला में आधुनिक अर्जुन कहे जाने वाले उपदेशक नेम प्रकाश ने विधि विधान की सुंदर समीक्षा करते हुए कहा कि विधी का अर्थ है, परमात्मा। विधान का अर्थ है नियम। अर्थात ईश्वर के द्वारा प्रदत्त वैदिक विधान के अनुसार ही जीवन शैली को अपनाना चाहिए। कार्यक्रम मे प्रधान रमापति रस्तोगी, अजीत आर्य, कुलदीप सिंह, त्रिलोकीनाथ रस्तोगी, कैलाशपति रस्तोगी, अनिल श्रीवास्तव, अनूप मेहरोत्रा, कवि आनंद खत्री आदि मौजूद रहे।

छात्रा का शव बरामद

सीतापुर। दो अक्तूबर सोमवार की दोपहर अज्ञात कारणों के बिसवां कोतवाली क्षेत्रांतर्गत रेलवे कॉलोनी निवासी ननकु की पुत्री मुस्कान ने नहर में छलांग लगा दी थी। ननकू गोंडा जनपद के करनैलगंज तहसील के कटरा थाना अंतर्गत भैरमपुर बालपुर बाजार के निवासी है। बुधवार को सदरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम हुसैनपुर पुल के निकट द्वितीय वाहिनी पीएसी के जवानों ने छात्रा का शव बरामद किया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

कथा में भगवान के विभिन्न रूपों का किया वर्णन

सीतापुर। महोली विकास क्षेत्र के ग्राम बसवै मे श्रीमद् भागवत कथा में कथा व्यास आचार्य धर्मेंद्र महाराज ने कहा कि भगवान की कथा के चार खंबे हैं। इनमें नाम रूप लीला और धाम है। कथा व्यास ने कथा को आगे बढ़ते हुए बताया कि कोई भी कथा हो भगवान के इन्हीं रूपों की चर्चा की जाती है। कथा का शुभारंभ आचार्य महाराज के तिलक बंधन से प्रारंभ किया गया। कथा समापन पर आरती तथा प्रसाद का वितरण भी किया गया। इस दौरान काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

गली-गली चला स्वच्छता अभियान

सीतापुर। महोली विकास क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया। सहायक विकास अधिकारी पंचायत हरिकेश शुक्ला ने बताया कि आज सेवा पखवाड़े के तहत विकास क्षेत्र की ग्राम पंचायत रहमतपुर, कुसैला, उरदौली, बिरनपुर, परसेहरा, कैमहरा ग्राम पंचायत में स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के तहत साफसफाई करवाई गई। सफाई कर्मियों ने यहां के विद्यालयों नाला नाली एवं सड़कों पर गलियों में भी झाड़ू लगाई। सफाई अभियान से गांवों में भी संक्रामक रोग फैलने का खतरा कम हो जाएगा।

पिंजरे की बकरी ले गए चोर

सीतापुर। महोली क्षेत्र में कई माह से बाघ चहलकदमी कर रहा है। उसे पकड़ने के लिए वन विभाग ने ग्राम कारी पाकर भट्ठा के निकट पिंजरा लगाया था। बाघ को लालच देने के लिए पिंजरे में बकरी बांधी गई थी। बताया जा रहा है कि रात के वक्त कोई चोर पिंजरे में मौजूद बकरी को खोल ले गया। सुबह वनकर्मियो ने देखा तो पिंजरा खाली था। क्षेत्र के बाशिंदों का कहना है कि अगर वनकर्मी निगरानी करते तो पिंजरे से बकरी न चोरी होती। घटना पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।

आईएमआई का शून्य से पाँच साल के 11,599 बच्चे तथा 2,899 गर्भवती के टीकाकरण का लक्ष्य

रायबरेली। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. वीरेन्द्र सिंह ने बताया कि शून्य से पाँच साल तक की आयु के बच्चों और गर्भवती को पूर्ण प्रतिरक्षित करने के लिये नौ से 14 अक्टूबर तक सघन मिशन इंद्रधनुष (आईएमआई) 5.0 चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि आईएमआई के तहत शून्य से पाँच साल तक के उन बच्चों का टीकाकरण किया जाता है जो किसी कारणवश नियमित टीकाकरण से छूट गए हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 वीरेंद्र सिंह ने कहा कि बच्चों का सम्पूर्ण टीकाकरण प्रधानमंत्री जी की प्राथमिकताओं में से एक है। जिसके दृष्टिगत भारत सरकार द्वारा दिसम्बर 23 तक मीजल्स-रुबेला (एमआर) के उन्मूलन एवं नियमित टीकाकरण में गुणात्मक सुधार के लिए शून्य से पाँच वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों का सम्पूर्ण टीकाकरण किया जाना है। उन्होंने कहाकि बच्चों का टीकाकरण से शत-प्रतिशत आच्छादन किये जाने के उद्देश्य से सघन मिशन इन्द्रधनुष 5.0 का आयोजन तीन चरणों में किया जा रहा है। इसका पहला चरण सात से 2 अगस्त, दूसरा चरण 11 से 16 सितम्बर तक आयोजित किया गया है। इसके तीसरे और अंतिम चरण का आयोजन नौ से-14 अक्टूबर तक किया जाएगा।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि नियमित टीकाकरण के द्वारा 12 जानलेवा बीमारियों-टीबी, पोलियो, हिपटाईटिस ''बी'', खसरा, रूबेला, जापानी इंसिफेलाईटिस, निमोनिया, डायरिया गलघोंटू काली खाँसी, टिटनेस एवं निमोनिया से बचाव के लिए 11 टीके लगाए जाते हैं। इसके अलावा गर्भवती को वयस्क डिप्थीरिया और टिटेनस (डीटी) का टीका लगाया जाता है। सभी बीमारियों का बचाव टीकाकरण ही है।

मंडल स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिताओं में खीरी ने लहराया परचम

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर खीरी। मंडल स्तरीय कला उत्सव का आयोजन पायनियर मोंटसरी इंटर कॉलेज लखनऊ में किया, जिसमें विभिन्न जनपदों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।उत्सव में आयोजित प्रतियोगिताओं में राजकीय कन्या इंटर कॉलेज की 06 छात्राओं ने प्रतिभाग किया, जिसमें सरस्वती कुरील ने एकल नाटक में प्रथम स्थान प्राप्त कर राज्य स्तरीय कला उत्सव में अपनी जगह बनाई। अनामिका मौर्य ने पारंपरिक लोक गायन में व राधिका राना ने पारंपरिक लोक नृत्य में द्वितीय स्थान प्राप्त किया सलोनी ने स्थानीय खेल खिलौने व कोमल ने मूर्ति कला में तृतीय स्थान प्राप्त किया प्राची प्रजापति ने शास्त्रीय नृत्य में तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्रों को मंडल स्तरीय कला उत्सव में प्रतिभाग करने में मुद्रिका मिश्रा, सोनी,अर्चिता पांडे ने अहम भूमिका निभाकर जनपद का नाम रोशन किया है। नोडल अधिकारी डा शालिनी दुबे जी प्रधानाचार्य राजकीय कन्या इंटर कॉलेज लखीमपुर एवं डॉ महेंद्र प्रताप सिंह जिला विद्यालय निरीक्षक जी का विशेष सहयोग रहा।

पुलिस लाइन सभागार में cytrain पोर्टल पर करायी गयी ट्रेनिंग

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर खीरी। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में तथा नैपाल सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक नोडल अधिकारी साइबर अपराध के आदेशानुसार एवं प्रवीण कुमार क्षेत्राधिकारी गोला/प्रभारी अधिकारी साइबर की उपस्थिति में पुलिस लाइन सभागार में cytrain पोर्टल (cytrain.ncrb.gov.in) पर ट्रेनिंग करायी गयी समस्त थानों से नामित कुल 42 अधि0/कर्म0गण जिनका साईट्रेन पर एनसीआरबी से आईडी पासवर्ड बनवाया गया है सभी अधि0/कर्म0गण को मोबाईल में यूजर आईडी एवं पासवर्ड से साइट्रेन आईडी लागिन करायी गयी तत्पश्चात पासवर्ड चेंज कर ट्रेनिंग प्रारम्भ की गयी। पाठ्यक्रम में विस्तार से सभी 07 माड्यूल को एल0सी0डी0 टी0वी0 के माध्यम से चलाया गया, जिसमें सभी मोड्यूल के वीडियो चलाकर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के क्रम में साईबर सेल में नियुक्त आरक्षी परीक्षित चौरसिया के द्वारा साइट्रेन पोर्टल के साथ-साथ विवेचना सम्बन्धी जानकारी भी दी गयी एवं एनसीआरपी पोर्टल प्रशिक्षण जिसमें एनसीआरपी लॉगिन, साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल (साइबर हेल्प लाइन नम्बर 1930, साइबर वेबसाइट www.cybercrime.gov.in), होल्ड एमाउण्ट को बैंको से ताल मेल स्थापित कर कैसे पीड़ित के खाते मे

वापस कराया जाए, साइबर वालेण्टियर वेरिफिकेशन व फ्राड में संलिप्त मोबाइल नम्बर व बैंक एकाउण्ट ब्लाकिंग व साइबर जागरूकता अभियान मुकदमें में साक्ष्य संकलन सम्बन्धी व निस्तारण

डॉ. अमृत दास ने एल.पी.एस. के सहयोग से करियर काउंसलिंग कराई संपन्न

लखीमपुर खीरी। लखनऊ पब्लिक स्कूल की लखीमपुर शाखा में इंस्टिट्यूट ऑफ़ करियर स्टडीज, फाउंडर डायरेक्टर डॉ. अमृत दास ने एल.पी.एस.के सहयोग से करियर काउंसलिंग संपन्न कराई। काउंसलिंग का सेशन दो पार्ट में हुआ। कक्षा 11 और 12 के लिए पहला सेशन काउंसलर मिस अरीशा रियाज ने किया। उन्होंने 10 + 2 के बाद करियर की दिशा कैसे बनाएं एवं स्क्रीन फील्ड में कैसे जा सकते हैं, किन विषयों का चयन उचित रहेगा, आवेदन करने की संपूर्ण प्रक्रिया आदि की महत्वपूर्ण जानकारी से छात्र-छात्राओं को अवगत कराया। इसके बाद दूसरे सेशन में कक्षा 9 और 10 के छात्र-छात्राओं के लिए काउंसलर एवं मनोवैज्ञानिक डॉ. मिली गांगुली ने करियर काउंसलिंग की। उन्होंने स्ट्रेस मैनेजमेंट व टाइम मैनेजमेंट के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी दी। छात्र अपने अध्ययन को भविष्य में आने वाली प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए कैसे तैयार करें जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला। दोनों काउंसलिंग में छात्र-छात्राओं के अतिरिक्त अभिभावकों ने भी भाग लिया प्रधानाचार्य विजय सचदेवा ने दोनों काउंसलरो द्वारा छात्र-छात्राओं को दी गई महत्वपूर्ण जानकारी देने के लिए एवं विद्यालय के काउंसलर अनुराग मिश्रा सहित सभी को धन्यवाद दिया।

खण्ड शिक्षा अधिकारी ने किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

सीतापुर। कसमंडा विकास खंड के परिषदीय विद्यालयों में खंड शिक्षा अधिकारी संतोष मिश्रा ने औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कंपोजिट

विद्यालय दाउदपुर का निरीक्षण किया। इस दौरान कक्षा 8 के छात्र करन से सवाल जवाब किए।

करन ने विज्ञान किट की सामग्री से वायुदाब का प्रस्तुतीकरण करके दिखाया। अन्य बच्चों के द्वारा भी गणित व विज्ञान का प्रस्तुतीकरण किया गया। विद्यालय में 75: प्रतिशत से अधिक बच्चों की उपस्थिति पाई गई। 123 के बच्चों के द्वारा भाषा गणित के प्रश्नों का अधिक उत्तर सही बताया गया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका का यासीन बेगम ने बताया कि दिसम्बर माह तक कक्षा एक दो एवं तीन के बच्चों को निपुण बनाने का पूर्ण आश्वासन दिया गया। निरीक्षण के दौरान पूरा स्टाफ मौजूद रहा। वहीं दूसरे तरफ प्राथमिक विद्यालय उसरी गढ़ी में बच्चों के द्वारा भाषा में पाई मात्रा एवंम गणित में जोड़ घटाना पूछा गया। अधिकांश बच्चों ने सही जवाब दिया। खंड शिक्षा अधिकारी संतोष मिश्रा ने बताया मेरा पूरा प्रयास है कि दिसंबर माह तक अधिक से अधिक विद्यालयों को निपुण बनाकर विभाग की मंशा को पूरा किया जाएगा। विकासखंड के समस्त परिषदीय विद्यालयों में आज प्रबंध समिति एवं अभिभावकों के साथ प्रधानाध्यापकों ने समीक्षा बैठक करके शिक्षा संबंधित विचारों को साझा किया गया।

बजरंग दल ने निकाली शौर्य यात्रा

सीतापुर। बजरंग दल की शौर्य जागरण यात्रा का शहर के प्रमुख मार्गो में स्वागत किया गया। बजरंग दल की शौर्य यात्रा रात्रि करीब बजे सीतापुर शहर के एक गेस्ट हाउस में पहुंची। यहां पर यात्रा ने रात्रि विश्राम किया।

प्रातः सुबह यात्रा लखीमपुर बायपास होते हुए बिजवार पहुंची। उसके बाद वैदेही वाटिका पर श्री राम जी के पुत्रों लव और कुश और राम जी के अनन्य भक्त श्री हनुमान जी की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया। माल्यार्पण करने के उपरांत नेशनल हाईवे बाईपास से श्री राणा प्रताप चौक काशीराम कालोनी पहुंची। यहां पर वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उसके उपरांत कैप्टन मनोज पांडे स्मारक चौक पर पुष्प वर्षा की। यहां से यात्रा राजा कॉलेज मैदान पहुंची। यहां पर मुख्य वक्ता प्रांत संगठन मंत्री राजेश सिंह ने विशाल हिंदू जनसभा को संबोधित किया। लोगों को शौर्य यात्रा निकाले जाने के विषय के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने जाग रहा है। घर घर हिंदू जाग रही तरुनाई, हिंदू हिंदू एक रहेंगे। हिंदू भाई भाई। सभा में नगर पालिका अध्यक्ष नेहा अवस्थी, दीपक त्रिपाठी, संत शिरोमणी राजेंद्र दास, आशीष शास्त्री, विमल, प्रवीण, महेंद्र पांडेय, उत्तम सिंह, प्रांत सह धर्म प्रसार प्रमुख विपुल सिंह, नवीन अग्रवाल, प्रदीप सिंह, सुशील श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, प्रमोद सिंह, त्रिपुरेश आदि मौजूद रहे।

खण्ड विकास अधिकारी ने श्री कान्हा अस्थाई गौशाला का किया शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता

सीतापुर। कसमंडा विकासखंड के ग्राम पंचायत अलोइया में श्री कान्हा अस्थाई गौशाला का शुभारंभ किया गया। बुधवार को खंड विकास अधिकारी

मनोज कुमार शर्मा ने फीता काटकर गौशाला शुभारंभ किया। खंड विकास अधिकारी ने बताया की क्षेत्र में आवारा टहल रहे जानवरों को कान्हा गौ शाला में संरक्षित किया जाएगा। उन्होंने बताया अभी गौशाला की क्षमता 100 मवेशियों की है। जिसमें से 80 जानवरों को गौ शाला के अंदर प्रवेश किया गया है। इनको केला एवं अन्य फल खिलाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी मनोज कुमार शर्मा, अवर अभियंता आरईएस शिवकुमार पटेल, सचिन, गनेश कुमार, ग्राम प्रधान नंदराम यादव आदि मौजूद रहे।

स्वच्छता पखवाड़ा के अन्तर्गत आयोजित हुआ विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर

अवधनामा संवाददाता

रायबरेली। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/जनपद न्यायाधीश, रायबरेली तरुण सक्सेना के दिशा-निर्देशन मंक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली के तत्वाधान में 2 से 8 अक्टूबर 2023 तक मनाये जाने वाले स्वच्छता जागरुकता पखवाड़ा के अन्तर्गत विधिक सेवा गतिविधियों को जन-जन तक पहुँचाने हेतु वृहद स्तर पर विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का आयोजन किया जाना है। स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के अन्तर्गत जन-जन तक विधिक सेवा गतिविधियों को पहुँचाने हेतु विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन तहसील सदर स्थित ग्राम दरीबा के एमएम पब्लिक स्कूल में संपन्न हुआ इस अवसर पर प्रभात रैली निकाल के गांव में लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। इस शिविर में अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायबरेली उमाशंकर कहार द्वारा उपस्थित छात्रों को स्वच्छता के विषय में जागरूक किया गया उक्त शिविर में प्रबंधक प्रभात कुमार चौधरी अध्यापक गण धीरज कुमार, कमलेश कुमार वर्मा, सचिन पटेल, आलोक पटेल, शाश्वत पटेल, पराविधिक स्वयं सेवक पवन कुमार श्रीवास्तव, मनोज कुमार प्रजापति, पूनम सिंह, अमिता गुप्ता, खुशबू भारती, राजकमल, शुभांजलि, राकेश वर्मा, विकास कुमार, रिंकी साहू, अभिषेक कुमार, उपस्थित रहे इसके अतिरिक्त तहसील-ऊंचाहार के अन्तर्गत बाबा राम कुमार दास शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज खरौली, उत्कर्ष पब्लिक इंटर कॉलेज बछरावां, तहसील-लालगजं में प्राथमिक विद्यालय तौधकपुर, तहसील-सलोन व जनपद अमेठी के अन्तर्गत आने वाली तहसील- तिलोई में स्वच्छता पखवाड़ा के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन व प्रभात फेरी निकाली गयी।

33 करोड़ गोबर के दीयों से मनाई जाएगी राष्ट्रीय कामधेनु दीवाली, गणेश-लक्ष्मी भी होंगे गोबर निर्मित

अवधनामा संवाददाता

रायबरेली। राष्ट्रीय सैनिक छात्र सेवा परिषद के संस्थापक/अध्यक्ष अंकित शुक्ला ने बताया भारत दुग्ध उत्पादन में विश्व में नंबर एक पर होने के बावजूद प्रति व्यक्ति दुग्ध उपलब्धता के मामले में हम आधे पर हैं राष्ट्रीय सैनिक छात्र सेवा परिषद ने इस साल पूरे देश की दीवाली को गौ-माता के रंग में रंगने का निर्णय किया है इसके तहत इस साल दीपावली पर गाय के गोबर से निर्मित दीयों को जलाने के लिए लोगों को प्रेरित किया जा रहा है राष्ट्रीय सैनिक छात्र सेवा परिषद का लक्ष्य है कि देश के 11 करोड़ परिवारों के माध्यम से इस वर्ष 33 करोड़ गोबर के दीपक जलाए जाएं इसके लिए लाखों परिवारों के माध्यम से गाय के गोबर से दीपकों का निर्माण किया जा रहा है इसके पहले संस्था ने गोमय गणेश अभियान की शुरुआत की थी जो काफी सफल रही थी इसी को देखते हुए संस्था अध्यक्ष अंकित शुक्ला ने राष्ट्रीय कामधेनु दीवाली मनाने की योजना

बनाई है राष्ट्रीय सैनिक छात्र सेवा परिषद के संस्थापक/अध्यक्ष अंकित शुक्ला ने बुधवार को इस अभियान की जानकारी देते हुए कहा कि गायों से जुड़े उत्पादों को संवर्धित कर उन्हें बेचने को प्रोत्साहन देने के लिए संस्था लगातार काम कर रही है। इससे देश के गौपालकों के जीवन में भारी परिवर्तन लाया जा सकता है उन्होंने कहा कि भारत दुग्ध उत्पादन में विश्व में नंबर एक पर होने के बावजूद प्रति व्यक्ति दुग्ध उपलब्धता के मामले में हम आधे पर हैं उन्होंने कहा कि गाय हमारे किसानों की अर्थव्यवस्था की रीढ़ रहा है बदले समय में बैलों की उपयोगिता कम हो जाने के कारण किसानों को काफी नुकसान हो रहा है, लेकिन अगर गौ-उत्पादों को संवर्धित कर उन्हें उपयोग में लाया जाए तो इससे न सिर्फ वातावरण शुद्ध होगा, बल्कि किसानों की आय में भी बढ़ोतरी की जा सकेगी वर्तमान दीपावली का प्रस्ताव इसी योजना को ध्यान में रखकर बनाया गया है दीपावली के लिए गोबर आधारित दीये, मोमबत्तियां, धूप, अगरबत्तियां, शुभ-लाभ, स्वास्तिक, समरानी, हार्ड बॉर्ड, वाल पीस, पेपर वेट, हवन सामग्री, भगवान गणेश एवं लक्ष्मी की प्रतिमाओं का निर्माण किया जा रहा है भगवान श्रीराम की पावन जन्मस्थली अयोध्या में तीन लाख दीये प्रज्वलित किए जाएंगे इसी प्रकार काशी में भी एक लाख दीप प्रज्वलन का कार्यक्रम का आयोजन किया गया है राष्ट्रीय सैनिक छात्र सेवा परिषद कि स्थापना अंकित शुक्ला ने गाय एवं गौवंश की सुरक्षा, संरक्षण, विकास और पशुपालन कार्यक्रम के उचित दिशा में उत्थान को सुनिश्चित करने के लिए की थी जो गोपालन से संबंधित योजनाओं के नीतिनिर्माण एवं क्रियान्वयन को उचित दिशा प्रदान करने के लिए काम करता है।

राज्य मंत्री ने पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा उपकेंद्र निर्माण हेतु भूमि पूजन शिलान्यास का कार्यक्रम

अवधनामा संवाददाता

महराजगंज, रायबरेली। तहसील क्षेत्र के गांव नेवाजगंज मजरे बावन बुजुर्ग बल्ला में मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार की प्रेरणा से उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन लिमिटेड के द्वारा 132 केवी विद्युत उपकेंद्र जिसकी क्षमता 2 म 40 एमवीए केंद्र के निर्माण हेतु भूमि पूजन व शिलान्यास का कार्यक्रम संपन्न हुआ। भूमि पूजन और शिलान्यास का कार्य प्रदेश के ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने किया। शिलान्यास के कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के ऊर्जा राज्य मंत्री वैकल्पिक सोमेंद्र तोमर और क्षेत्रीय एमएलसी एवं राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उद्यान कृषि विपरण दिनेश प्रताप सिंह ने मुख्य अतिथि का सहयोग किया। आपको बता दें कि, महराजगंज तहसील क्षेत्र के नेवास गंज गांव में आज आयोजित भव्य कार्यक्रम में प्रदेश के ऊर्जा मंत्री ने कहा कि, भारतीय जनता पार्टी की सरकार जब से बनी है, विद्युत उत्पादन दो गुना बढ़ाकर हमने आत्मनिर्भरता को बढ़ाया है। अब हमें बिजली प्राइवेट सेक्टर से नहीं लेना पड़ता है, जैसा कि, पूर्ववर्ती सरकारें किया करती थी। भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विशेष योगदान से विद्युत क्षेत्र में उत्पादन क्षमता को बढ़कर दोगुना कर दिया है। इसका प्रमाण यह है कि, नगरीय क्षेत्र में सवा लाख लोगों को बिजली कनेक्शन आवंटित किए गए, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में डेढ़ करोड़ उपभोक्ताओं को नए कनेक्शन दिए गए। उन्होंने कहा कि, उत्तर प्रदेश की सरकार ने बिजली के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल कर लिया है। इसके अलावा हमारे द्वारा विद्युत उत्पादन के नए केंद्र खोले जा रहे हैं। जिससे हमारी उत्पादन क्षमता बढ़ रही है। जबकि पूर्ववर्ती सपा बसपा की सरकारों में बिजली उत्पादन बढ़ाने के लिए कोई काम नहीं किया गया। बल्कि महंगी दरों पर प्राइवेट संस्थानों से बिजली खरीद कर जनता के बहुमूल्य धन का बंदर बांट किया गया।

पर्यटन से संबंधित विकास कार्यों में तेजी लाने का डीएम ने दिये निर्देश

डीएम ने की पर्यटन विकास परियोजनाओं के कार्यों की समीक्षा बैठक

अवधनामा ब्यूरो

कुशीनगर। विश्व बैंक सहायतित उत्तर प्रदेश प्रो पुअर पर्यटन विकास परियोजनाओं (पर्यटन विभाग) की समीक्षा बैठक बुधवार को जिलाधिकारी उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने राही पथिक निवास, विपश्यना उपवन का उच्चीकरण व सौंदर्यीकरण, फूड प्लाजा का उच्चीकरण एवं फुट ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य के प्रगति की जानकारी ली एवं राही पथिक निवास में बैठक हेतु सभागार का निर्माण करने हेतु प्रस्ताव बनाने तथा फुट ओवर ब्रिज के निर्माण कार्य एवं विपश्यना उपवन के सौंदर्यीकरण कार्य को शीघ्र पूर्ण करने हेतु संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने राज्य योजना अंतर्गत संचालित योजनाओं के कार्य की प्रगति यथा ग्राम कटिया में दुर्गा मंदिर के पर्यटन विकास का कार्य, बुद्ध थीम पार्क योजना का विकास कार्य, ग्राम मठिया में गंडक नदी के घाट का सौंदर्यीकरण तथा बौद्ध स्थल राम भारत स्तूप परिसर में ध्वनि एवं प्रकाश शो के कार्य की प्रगति ली। जिलाधिकारी ने कुशीनगर एयरपोर्ट परिसर में पर्यटन सूचना केंद्र की स्थापना की कार्यदायी संस्था यू.पी.सी.एल. डी.एफ के जे.ई. द्वारा आपेक्षित प्रगति नहीं बताए जाने तथा एम.डी. की अनुपस्थिति के कारण कड़ी नाराजगी व्यक्त की गई तथा कार्यदायी संस्था के एम.डी. को स्पष्टीकरण देने हेतु निर्देश दिए एवं बुद्धा थीम पार्क को पर्यटको को लुभाने व आकर्षित करने के दृष्टिकोण से बनाने हेतु निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा स्वीकृत बजट के सापेक्ष कार्य की प्रगति धरातल पर दिखनी चाहिए एवं अनारंभ कार्य को शुरू करने व अवशेष योजनाओं में बाउंड्री वॉल, पार्किंग क्षेत्र में शौचालय, पेयजल एटीएम का निर्माण, पर्यटन सूचना डिस्प्ले बोर्ड का निर्माण शीघ्र पूर्ण करने हेतु सभी उत्तरदायी संस्था को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि बौद्ध स्थल रामाभर स्तूप परिसर में ध्वनि एवं प्रकाश शो और बुद्ध थीम पार्क पर्यटकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र है इसलिए इस प्रोजेक्ट की विस्तृत स्क्रिप्ट, प्लान बनाकर अगली बैठक में मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। सभी पर्यटन विभाग के उपस्थित अधिकारी कुशीनगर को पर्यटन के दृष्टिकोण से विकसित करने हेतु कार्ययोजना बनाकर प्रस्तुत करें एवं जो भी कार्य संचालित है वह गुणवत्ता एवं मानक के अनुरूप हो। इस दौरान उपजिलाधिकारी न्यायिक पडरौना मो जफर, पर्यटन सूचना अधिकारी प्राण रंजन एवं सभी सम्बन्धित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

ग्राम अमेठी के पूर्व प्रधान सरकारी काम में डाल रहे बांधा

अवधनामा संवाददाता

फर्रुखाबाद। जिले के थाना कादरी गेट क्षेत्र के ग्राम अमेठी ग्राम वासियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया है जिसमें कहा है कि ग्राम पंचायत अमेठी जदीद के निवासी हैं लेकिन ग्राम पंचायत में जल आपूर्ति बाधित है। ग्रामवासियों की उन्होंने अनुनय विनय पर ग्राम प्रधान ने अधिकारियों से संपर्क करवाकर अधिकारियों के सहयोग से आपूर्ति सुचारू रूप से संचालित हो सके। इसके लिए उन स्थानों पर समरसेबल लगाकर पानी की व्यवस्था की जा रही है जिसमें पूर्व प्रधान मुफीर व रामपाल व उनके गुर्गों द्वारा विकास कार्य में बाधा पहुंचाई जा रही है जबकि पूर्व प्रधान रामपाल द्वारा स्वयं पंचायत घर पर अवैध रूप से कब्जा किया है। वर्तमान प्रधान महिला है उसके कोई भाई नहीं है मात्र दो बहिने हैं जिस कारण ग्राम प्रधान पर पूर्व प्रधान द्वारा अवैध वसूली न करपाने के कारण झूठे आरोप लगा रहे हैं और जबकि गांव वासी प्रधान पूर्व प्रधान के विरुद्ध आवाज उठाएगा उसको झूठे मुकदमे लगाकर जेल भिजवा देंगे।

आयुर्वेद जीवन के प्रतिदिन का विज्ञान

अवधनामा संवाददाता

गुरु गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में बीएएमएस के नए बैच के दीक्षा पाठ्यचर्या का शुभारंभ

गोरखपुर। महायोगी गोरखनाथ विश्विद्यालय गोरखपुर के अंतर्गत संचालित गुरु गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस, आयुर्वेद कॉलेज में नव प्रवेशित बीएएमएस सत्र 2023-24 वाग्भट्ट बैच का दीक्षा पाठ्यचर्या कार्यक्रम एवं विश्वविद्यालय मे संचालित फैकल्टी ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंस के प्रथम बैच का दीक्षारंभ का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ जीएस तोमर पूर्व प्राचार्य एवं डीन श्री लाल बहादुर शास्त्री राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय एवं महायोगी गोरखनाथ विश्विद्यालय गोरखपुर के कुलपति मेजर जनरल डॉ अतुल बाजपेयी ने दीप प्रज्वलन कर किया। डॉ तोमर ने कहा कि आप ने यहाँ अपने आप प्रवेश नही लिया है, भगवान गुरु गोरक्षनाथ ने आपको अपने समीप बुलाया है। इसी प्रेरणा से आपको इस पावन भूमि पर आने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। ये आपका सौभाग्य है की विश्व की प्राचीनतम चिकित्सा पद्धति से आप को जुड़ने का अवसर मिल रहा है।

आयुर्वेद मे जीवाणु से संक्रमित व्याधियों का वर्णन है तो और उनके टीकाकरण एवं बचाव का वर्णन भी मिलता था। आयुर्वेद हमारे प्रतिदिन का विज्ञान है जिसे जान कर समझ आप निरोगी रह कर सुखी जीवन जी सकते हैं। इस अवसर पर श्रीसुब्बा राव पूर्व वरिष्ठ आर्थिक सलाहकार मानव संसाधन विकास मंत्रालय भारत सरकार ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा की आप भारत वर्ष के एक उत्कृष्ट विश्वविद्यालय मे आये हैं। यहाँ आपको उच्चकोटि की शिक्षा व्यवस्था मिलेगी। प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं विश्विद्यालय के कुलाधिपति के नेतृत्व में आप सफलता की ऊंचाइयों को प्राप्त करेंगे, बस जरूरत है आपके सतत प्रयास एवं परिश्रम की। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अतुल बाजपेयी ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों को स्वागत करते हुए कहा कि ये विश्विद्यालय आप का है। आपको यहां पठन पाठन एवं शोध कार्य से संबंधित सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। फार्मास्यूटिकल के प्राचार्य डॉ शशिकांत ने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए कहा ये 4 साल आपके जीवन के तपस्या के दिन हैं। अगर आप इस अवधि में परिश्रम करेंगे तो आगे जीवन की राह सुगम हो जाएगी। कार्यक्रम मे स्वागत उद्बोधन आयुर्वेद कॉलेज के प्राचार्य डॉ मंजूनाथ एनएस ने और आभार ज्ञापन सह आचार्य डॉ पीयूष वर्षा ने किया। कार्यक्रम का संचालन बीएएमएस प्रथम वर्ष के सुश्रुत बैच के छात्रों ने किया कार्यक्रम में प्रो. हर्ष सिन्हा आचार्य दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्विद्यालय गोरखपुर, डॉ अश्विनी कुमार मिश्रा क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी गोरखपुर सभी विद्यार्थी एवं कुलसचिव डा प्रदीप राव सहित सभी शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

13 अक्टूबर को मनाया जाएगा चैतन्य उत्सव

लखनऊ अवधनामा संवाददाता। श्री प्रेम शक्ति सेवा संस्थान लखनऊ के संस्थापक श्री जी के सानिध्य में 13 अक्टूबर को चैतन्य उत्सव मनाया जाएगा श्री प्रेम शक्ति सेवा संस्थान के सदस्य सीलम श्रीवास्तव ने बताया ने वृक्षारोपण स्वच्छता अभियान के साथ नाम जप और खाना पानी देने का आवाहन किया गया है।

रॉयल पैलेस में जलसा ए सीरतुन्नबी का आयोजन संपन्न

लखनऊ अवधनामा संवाददाता। बिल्लौचपुरा में स्थित रॉयल पैलेस में कायनात के आखरी नबी हजरत मोहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम जिन्हें अल्लाह ने रहमतुललील आलामीन बना कर भेजा जिनके सदक़े में हमें दीन मिला और राहे खुदा भी मिली। उनके लिए हाजी मो अतीक मेमोरियल फाउंडेशन की जानिब से जलसा ए सीरतुन्नबी व सीरत ए सहाबा के उन्वान से हाजी मो इरफान कुरैशी की ज़ेरे सरपरस्ती और मौलाना मिनहाजुद्दीन नदवी की सदारत में किया गया। जलसे का आग़ाज़ यसा मिन्हाज ने तिलावत ए कलाम ए पाक से किया।मेहमान ए खुसुसी मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली ने अपनी जामे और मानाख़ेज़ तकरीर से लोगों को बेदार किया। उन्होंने कहा कि हमें आज के इस दौर में इस तरह के जलसों को करने की ज़रूरत है और सीरत ए नबी को समझने और उस पर अमल करने की बहुत ज़रूरत है ताकि हमारे समाज और मुल्क में अमन कायम हो सके। इस मौके पर मौलाना अनवारुल हक़ क़ासमी ने सीरतुन्नबी के साथ साथ बुनियादी मसाएल और आख़िरत की फ़िक्र पर ज़ोर दिया।

मुतावल्ली शमील शमसी की जानिब से चलाई गई रोज़गार योजना

लखनऊ अवधनामा ब्यूरो। उत्तर प्रदेश शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड के अधीन वक्फ इमामबाड़ा सिव्वैनाबाद के मुतावल्ली जनाब शमील शमसी साहब की जानिब से चलाई गई रोज़गार योजना। इस रोज़गार योजना के तहत आज फ्रूट कार्ट का उत्घाटन बोर्ड के चेयरमैन जनाब अली जैदी और शमील शमसी द्वारा किया गया। शमील शमसी ने बताया कि इस योजना के तहत लोगो को मुख्तलिफ कारोबार कराए जाएंगे साथ ही उन्हें इसकी ट्रेनिग भी दिलाई जाएगी जिसके बाद इन्हें एक कार्ट मुहैया कराई जाएगी जिसकी कीमत 55 हजार है और इसके बदले इनसे कुछ नही लिया जाएगा और कारोबार शुरू होते ही पहले दिन से रोज 100 रुपए क़िस्त के तौर पर अदा करना होगा ताकि आगे इस योजना का लाभ और भी लोग उठा सके। वही चेयरमैन जनाब अली जैदी ने शमील शमसी की योजना की तारीफ की साथ ही आज जिन लोगों को कार्ट मुहैय्या कराई गई है उन्हे शुभकामनाए दी और उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

भाजपा समर्थन मंच के प्रदेश सचिव बने तबरेज वारसी

फतेहपुर अवधनामा संवाददाता। भाजपा समर्थन मंच के राष्ट्रीय संस्थापक मोहन सिंह भदौरिया ने शहर के पनी मुहल्ला निवासी तबरेज वारसी उर्फ टीलू के समाज के प्रति सेवा भावना को देखते हुए संगठन का प्रदेश सचिव मनोनीत कर दिया। उनके मनोनयन के पश्चात श्री टीलू को बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। राष्ट्रीय संस्थापक ने उम्मीद जताई कि संगठन के प्रति दायित्व कर्मठता, ईमानदारी, सक्रियता के साथ निभाकर संकल्प को पूरा करने में सक्रिय योगदान दें। नवमनोनीत प्रदेश सचिव तबरेज वारसी उर्फटीलू ने कहा कि जिस उम्मीद के साथ उन्हें संगठन में प्रदेश सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है उसका वह बखूबी निर्वहन करेंगे। संगठन के विचारों व नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रदेश के विभिन्न जनपदों का दौरा करेंगे। उन्होने कहा कि संगठन में ज्यादा से ज्यादा युवाओं को जोड़ने का काम किया जायेगा। जिससे आगामी लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित कराई जा सके। उन्होने संगठन के राष्ट्रीय संस्थापक का आभार जताया।

बाइकों की भिड़ंत में एक घायल

फतेहपुर अवधनामा संवाददाता। थरियांव थाना क्षेत्र के एनएच-2 बाईपास पर रोड किनारे खड़े बाइक चालक को दूसरी बाइक चालक ने टक्कर मार दिया। जिससे खड़ा बाइक चालक घायल हो गया। इलाज के लिए नज़दीकी प्राइवेट अस्पताल पहुंचाया गया। जानकारी के अनुसार असोथर थाना क्षेत्र के अर्रा मजरे कौडर गाँव निवासी रामकिशुन का 45 वर्षीय पुत्र रामनरेश बाइक पर सवार होकर किसी काम से थरियांव थाना क्षेत्र आया था। जब वह एनएच-2 बाईपास थाने के समीप पहुंचा तो किसी काम से बाइक को रोड किनारे कर बाइक पर बैठा था। तभी रोड से निकले दूसरी बाइक चालक ने उसको टक्कर मार दिया। बाइक की टक्कर लगने से रामनरेश घायल हो गया। स्थानियों ने घायल अवस्था में उसको इलाज के लिए नज़दीक में स्थित एक प्राइवेट अस्पताल पहुंचा कर उसके परिजनों को घटना की जानकारी दी।

वाणिज्य कर के बकायेदारों के बैंक खाते अटैच किया जायें

अवधनामा संवाददाता

फर्म बंद होने की दशा में बकायेदारों की अन्य चल-अचल संपत्ति अटैच कर बकाया धनराशि की वसूली की जाएः डीएम

मैनपुरी। जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने कर-करेत्तर, राजस्व कार्यो की मासिक समीक्षा के दौरान असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि तहसीलों में विद्युत, परिवहन, आबकारी, स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन, खनिज की बड़ी संख्या में आर.सी. वसूली हेतु लंबित हैं, उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारों द्वारा बकाया राजस्व वसूली में रुचि नहीं ली जा रही है जबकि तहसीलों का मुख्य कार्य राजस्व वसूली का है।

उन्होंने उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारों, नायब तहसीलदारों को निर्देशित करते हुए कहा कि सप्ताह में कम से कम 03-04 दिन क्षेत्र में निकल कर स्वंय आर.सी. की बसूली करें, प्रत्येक मद के बड़े बकायादारों की सूची बनाकर स्वयं उनके घर जाकर वसूली करना सुनिश्चित करें। उन्होंने विभागवार लम्बित आर.सी. की बसूली की समीक्षा के दौरान पाया कि वाणिज्यकर विभाग द्वारा 233 आर.सी. बसूली हेतु उपलब्ध करायी गयी थी, लेकिन समस्त तहसीलों से बाकीदार का पता गलत होने, बाकीदार के न मिलने की टिप्पणी अंकित कर सभी 233 आर.सी. वापिस कर दी, जिस पर उन्होंने असंतोष व्यक्त करते हुए उप जिलाधिकारियों से कहा कि इस प्रकार की टिप्पणी अंकित कर आर.सी. वापिस न की जायें बल्कि आर.सी. में बैंक खाते के साथ बाकीदार की अन्य चल-अचल सम्पत्ति अटैच की जाये। श्री सिंह ने उप जिलाधिकारियों से कहा भूमि संबंधी विवादों से प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता पर निदान करें, फरियादी की बात सुन शिकायतकर्ता की शिकायत का गुणवत्तापरक, समयबद्व निराकरण हो। उन्होंने उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारों, नायब तहसीलदारों, एसओसी चकबंदी को निर्देशित करते हुए कहा कि न्यायालय में पूरा समय दें, दायरा के अनुसार वादों का निराकरण करें, 05 वर्ष पुराने वादों का सर्वोच्च प्राथमिकता पर निराकरण किया जाये, उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि सभी तहसीलों में धारा-24, पक्की पैमाइश के वाद निर्धारित समय सीमा के पश्चात भी लम्बित हैं, सभी उप जिलाधिकारी, तहसीलदार धारा-24 के लम्बित वादों को अभियान चलाकर निस्तारित करायें। उन्होंने कहा कि किसी भी कार्यालय में, विशेष तौर पर न्यायालय कोर्ट में कोई बाहरी व्यक्ति किसी भी दशा में कार्य न करें, कहीं भी अनाधिकृत धनराशि का लेनदेन न हो सुनिश्चित किया जाए, उप जिलाधिकारी नियमित रूप से नायब तहसीलदार कोर्ट का निरीक्षण करें, राजस्व न्यायालय में पूरी पारदर्शिता के साथ वादों का निराकरण किया जाए। जिलाधिकारी ने कृषि, आवास, कुम्हेरी कला पट्टा आवंटन की खराब प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए उप जिलाधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश देते हुए सभी उप जिलाधिकारियों से कहा कि इस माह के अंत तक पट्टा आवंटन के लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति करना सुनिश्चित करें, पट्टा आवंटन में पूरी पारदर्शिता बरती जाए, भूमिहीन व्यक्तियों को आवंटन में वरीयता दी जाए। उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि सभी तहसीलों में बड़ी संख्या में आय, जाति, मूल निवास प्रमाण पत्र जारी होने के लिए लम्बित हैं सबसे अधिक संख्या तहसील भोगांव में है, जिस पर उन्होंने उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार भोगांव को चेतावनी जारी करने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी उप जिलाधिकारी, तहसीलदार निर्धारित समय सीमा में आय-जाति-निवास प्रमाण पत्र जारी करें।

एबीवीपी ने डीवी-कॉलेज के बाहर बीएड परीक्षा का किया विरोध

अवधनामा संवाददाता

उरई (जालौन)। जालौन में बुधवार की सुबह अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्रों ने परीक्षा को लेकर प्रदर्शन किया। छात्रों का यह प्रदर्शन बीएड और अन्य परीक्षा को लेकर था। इस दौरान छात्रों ने बुंदेलखंड विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। छात्रों ने प्रदर्शन उरई के डीवीसी कॉलेज के बाहर किया। प्रदर्शन को देखते हुए कॉलेज के बाहर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। प्रदर्शन करने वाले छात्रों का आरोप है कि डीवी कॉलेज को पूरे साल के लिए परीक्षा केंद्र बनाया गया है, जिस कारण कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं की पढ़ाई में व्यवधान हो रहा है। इस प्रदर्शन के दौरान अखिल भारतीय विद्यार्थी परिसर के छात्रों ने प्रदर्शन किया। कॉलेज के बाहर छात्रों ने प्रदर्शन करते हुए कहा कि कॉलेज में किसी न किसी सत्र या संकाय की परीक्षा होती रहती है। बुंदेलखंड विश्वविद्यालय ने उरई के डीवीसी को नोडल केंद्र बना कर रखा है। इस वजह से वहां पर अध्यापन कार्य स्थगित रहता है और छात्र पढ़ाई नहीं कर पाते, इसीलिये डीवीसी को नोडल केंद्र से हटाया जाये, जिससे छात्र-छात्राओं की पढ़ाई में किसी प्रकार का व्यवधान न हो। वहीं परीक्षा के समय छात्रों द्वारा किए गए इस विरोध को देख कॉलेज के बाहर पुलिस तैनात रही। इस दौरान छात्रों पुलिस को ज्ञापन देते हुए अपनी गिरफ्तारी भी दी।

मंगेतर को फोन कर तुड़वा दी प्रेमिका की शादी

फतेहपुर। कहते हैं प्यार और जंग में सब कुछ जायज है। इसी जुनून में एक प्रेमी ने अपनी प्रेमिका की शादी तुड़वा दी। प्रेमी को प्रेमिका का शादी करना मंजूर नहीं हुआ और उसने प्रेमिका के होने वाले मंगेतर को फोनकर धमकी दी। पुलिस ने युवती की तहरीर पर आरोपी के युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मलवां थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी 20 वर्षीय युवती का गांव के ही एक युवक से दोस्ती हुई और प्यार हो गया। दोनों के बीच काफी दिनों से प्रेम-प्रंसग चल रहा था लेकिन दोनों के बीच संबंध होने की जानकारी इनके परिजनों को नहीं थी। इसके बाद युवती के परिजनों ने उसकी शादी दूसरी जगह तय कर दी। जब प्रेमी को युवती की सगाई दूसरी जगह तय होने का पता चला तो नाराज प्रेमी ने फोन करके युवती के मंगेतर को जान से मारने की धमकी दी। इस पर प्रेमी के मंगेतर ने युवती के परिजनों से मना कर रिश्ता तोड़ दिया। शादी टूटने से नाराज प्रेमिका ने प्रेमी पर दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है।

अखिल भारतीय कबड्डी प्रतियोगिता बालिका नौ से

अवधनामा संवाददाता

फतेहपुर। शहर के वीआईपी रोड स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में चार दिवसीय अखिल भारतीय कबड्डी प्रतियोगिता बालिका के तीनों ग्रुपों का सफल आयोजन नौ अक्टूबर से किया जायेगा। सुगमता के आधार पर देश को ग्यारह क्षेत्रों में बांटा गया है। जिसकी ग्यारह टीमें प्रतिभाग करेंगी। इसके अलावा ग्यारह अक्टूबर को मातृ हस्त भोजनम का भी आयोजन होगा। रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। यह बात बुधवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रधानाचार्य नरेंद्र सिंह व कार्यक्रम संयोजिका माला सिंह ने कही। प्रधानाचार्य ने बताया कि अखिल भारतीय कबड्डी प्रतियोगिता में ग्यारह क्षेत्रों से तीनों वर्गों में बाल, तरूण, किशोर वर्ग बालिकाओं की ग्यारह टीमें भाग लेंगी। विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान ने देश को अपने कार्य की सुगमता के आधार पर देश को ग्यारह क्षेत्रों में बांटा है। जिसकी ग्यारह टीमों की लगभग 325 बालिकाएं, 26 निर्णायक, 35 संरक्षक दीदी एवं आचार्य सहित 50 स्थानीय कार्यकर्ता व्यवस्था पक्ष हेतु रहेंगे। प्रधानाचार्य ने बताया कि समाज के लोग इस प्रतियोगिता को देखने के लिए भी आ सकते हैं।

ब्लॉक स्तरीय स्वच्छता एवं जागरूकता निबंध प्रतियोगिता में चयनित छात्र छात्राएं

नवाबगंज फर्रुखाबाद। ब्लॉक स्तरीय स्वच्छता एवं जागरूकता के अंतर्गत निबंध एवं कला प्रतियोगिता का ब्लॉक स्तर पर श्री राजेंद्र सिंह इंटर कॉलेज नवाबगंज चयनित किया गया था जिस पर नवाबगंज ब्लॉक के सभी विद्यालयों के शासकीय शासकीय सहायता प्राप्त वित्तविहीन मान्यता प्राप्त नवाबगंज ब्लॉक के सभी छात्र-छात्राओं के ब्लॉक स्तर पर श्री राजेंद्र सिंह इंटर कॉलेज में परीक्षा केंद्र बनाया गया केंद्र पर सभी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने निबंध एवं कला प्रतियोगिता का प्रदर्शन किया जिसमें निबंध प्रतियोगिता में आस्तिक कुमार पुत्र लख्मीचंद राष्ट्रीय विद्या मंदिर खलवारा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया कीर्ति पुत्री जितेंद्र सिंह श्री महिपाल शास्त्री इंटर कॉलेज बवना ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया मोहिनी पुत्री अरविंद कुमार आरएस पब्लिक बालिका इंटर कॉलेज नवाबगंज में तृतीय स्थान प्राप्त किया कला प्रतियोगिता में सुहानी पुत्री पंकज भारद्वाज श्री राजेंद्र सिंह इंटर कॉलेज नवाबगंज में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

यूनिसेफ की एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर कैथरीन रसल ने सीएम योगी से की मुलाकात

लखनऊ अवधनामा संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदियनाथ से बुधवार को संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) की एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर कैथरीन रसल ने मुलाकात की। यूनिसेफ की पांच सदस्यीय दल के साथ रसल ने मुख्यमंत्री के साथ प्रदेश में बाल अधिकारों को प्रोत्साहित एवं संरक्षित करने से जुड़े विषयों पर चर्चा की। इस दौरान यूनिसेफ ग्लोबल की चीफ ऑफ स्टाफ और निदेशक किर्सी मैंडी, भारत में यूनिसेफ की प्रतिनिधि सिंथिया मैककैफे, यूनिसेफ यूपी के प्रमुख जकारी एडम और यूनिसेफ यूपी के प्रोग्राम मैनेजर अमित मल्होत्रा भी मौजूद रहे। इसके अलावा इस अवसर पर प्रदेश सरकार की ओर से सचिव बाल विकास पुष्टाहार भी मौजूद रहे। बता दें कि यूनिसेफ दुनिया के 190 से अधिक देशों में कठिन स्थानों में रह रहे जरूरतमंद बच्चों और युवाओं के लिए कार्य करती है। यूनिसेफ बाल अधिकारों को प्रोत्साहित करने और उनके संरक्षण के लिए विभिन्न सरकारों के साथ मिलकर कार्य करती है।

मांगों को लेकर रोजगार सेवकों ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता

फतेहपुर। आठ सूत्रीय मांगों को लेकर बुधवार को ग्राम रोजगार सेवक एकता संघर्ष समिति के बैनर तले रोजगार सेवकों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन मुख्य विकास अधिकारी को सौंपकर सभी मांगों को शीघ्र पूरा किए जाने की आवाज उठाई।

ग्राम रोजगार सेवक एकता संघर्ष समिति के मंडल अध्यक्ष आदित्य सिंह चौहान की अगुवाई में पदाधिकारी कलेक्ट्रेट पहुंचे और मुख्यमंत्री को संबोधित आठ सूत्रीय ज्ञापन सीडीओ को सौंपकर मांग किया कि चार अक्टूबर 2021 को डिफेंस एक्सपो के मैदान में आयोजित सम्मेलन में मुख्यमंत्री द्वारा ग्राम रोजगार सेवकों व मनरेगा कर्मियों के संबंध में की गई घोषणाओं को लागू करवाया जाये, हिमांचल प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश की तरह मानदेय बढ़ोत्तरी की जाये, ग्राम विकास अधिकारी भर्ती में पचास प्रतिशत का कोटा ग्राम रोजगार सेवकों के लिए आरक्षित किया जाये, मूल ग्राम पंचायत के साथ-साथ रिक्त ग्राम पंचायत में भी कार्य लिया जाये, मनरेगा की यूजर आईडी पासवर्ड सिर्फ ग्राम रोजगार सेवकों को ही दिया जाये, कोविड के अतिरिक्त आकस्मिक व दुर्घटना से मृत्यु होने पर उसके आश्रित को सेवा में समायोजित किया जाये, ईपीएफ कटौती की धनराशि मनरेगा कर्मचारियों के यूएएन खाते में भेजी जाये, ग्राम रोजगार सेवकों को नियमित करते हुए राज्य कर्मचारी का दर्जा दिया जाये व पदनाम ग्राम विकास सहायक किया जाये, पूर्व वित्तीय वर्षो व वर्तमान का बकाया मानदेय दिलाया जाये। इस मौके पर लालू प्रसाद, सोनवीर सिंह, शिव प्रताप मौर्य, शैलेंद्र कुमार, निरंजन सिंह, शिव प्रताप मौर्य, लालू प्रसाद, शैलेंद्र कुमार, आशीष सिंह, सोनवीर सिंह, धर्मेंद्र, चंद्रभान, दिनेश सिंह, सुधीर कुमार, रंजीत सिंह, राजेश कुमार, मुकेश कुमार, प्रकाश सिंह भी मौजूद रहे।

कलेक्ट्रेट सभागार में ज़िलाधिकारी द्वारा बुलाई गई राजस्व कार्यो की मासिक समीक्षा बैठक

लखनऊ। कलेक्ट्रेट सभागार में ज़िलाधिकारी श्री सूर्य पाल गंगवार द्वारा राजस्व कार्यो की मासिक समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि सभी उप जिलाधिकारी व तहसीलदार प्रतिदिन का टाइम टेबल बनाना सुनिश्चित करे की प्रतिदिन वह कितने बजे से कितने बजे तक कोर्ट में बैठेंगे, कितने बजे से कितने बजे तक जनसुनवाई करेगे और कब कब कानूनगोह, लेखपालों व अमीनो की समीक्षा करेगे व माह में कब कब जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में अभियान चलाए जाएंगे। पूरे माह भर की एक्टिविटी का निर्धारण करते अपने सब आर्डिनेट्स को रोस्टर से अवगत कराया जाए। बैठक में ज़िलाधिकारी द्वारा देयो से सम्बंधित बिंदु की समीक्षा की गई। समीक्षा में संज्ञान में आया की मुख्य देय में सभी तहसीलों के द्वारा अपने लक्ष्य की शत प्रतिशत पूर्ति की गई है परंतु विविध देयो सभी तहसीलों द्वारा केवल 57.59 प्रतिशत है, जिसके लिए ज़िलाधिकारी द्वारा वसूली बढ़ाने के निर्देश और अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से तहसीलों की अलग अलग समीक्षा करने के निर्देश दिए गए। उक्त के साथ ही स्टांप वाद और रेरा की वसूली टीम बनाकर करना सुनिश्चित की जाए। जो बाकीदार आरसी का भुगतान नहीं कर रहे है उनकी संपत्तियों को सीज करने की कार्यवाही की जाए। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए की किस तहसील कितने बाकीदारो पर कितनी रेरा की आर सी है उसकी लिस्ट बनाई जाए।

आईजी ने 12 इंस्पेक्टरों का किया तबादला

फर्रुखाबाद। कानपुर जोन के आईजी प्रशांत कुमार ने जिले 12 इंस्पेक्टरो का तबादला गैर जनपदों में किया है। इंस्पेक्टर जयप्रकाश पाल का जनपद औरैया, इंस्पेक्टर दिनेश कुमार कन्नौज, इंस्पेक्टर संत्य प्रकाश औरैया, इंस्पेक्टर दिवाकर प्रसाद सरोज इटावा, इंस्पेक्टर सचिन कुमार सिंह कन्नौज, इंस्पेक्टर दिलीप कुमार बिंद कानपुर देहात, इंस्पेक्टर कमलेश कुमार औरैया, इंस्पेक्टर जयंती प्रसाद गंगवार कन्नौज, इंस्पेक्टर अशोक कुमार कानपुर देहात, इंस्पेक्टर रमेश कुमार यादव इटावा, इंस्पेक्टर ओमवीर सिंह इटावा, इंस्पेक्टर दिग्विजय सिंह कन्नौज के लिए तबादला किया है।

सूचना

मेरा हाई स्कूल वर्ष 2018, अनुक्रमांक- 2485263 का अंक सह प्रमाण- पत्र वास्तव में खो गया है।

नाम- आकाश सैनी, पुत्र - रामानंद सैनी, पता- ग्राम व पोस्ट -देवरा बाजार, जनपद- सिद्धार्थनगर।

कैथरीन ने गांव में बालिकाओं से किया संवाद, कम हुई झिझक तो बढ़ा बात का दौर

अवधनामा संवाददाता

मसौली बाराबंकी। यूनिसेफ की वैशिवक कार्यकारी निदेशक कैथरीन रसेल ने अपने प्रतिनिधियों के साथ मंगलवार को क्षेत्र की ग्राम पंचायत चिलौकी मे स्वच्छ भारत मिशन योजना के तहत कराये गये विकास कार्यो की हकीकत देखते हुए परिषदीय विद्यालय मे गठित बालसभा के बच्चो से संवाद किया। साथ ही माताओं और नवजात शिशुओं के लिए किए जा रहे उपायों सहित स्वास्थ्य सेवाओं की निगरानी का जायजा लिया। ग्राम पंचायत चिलौकी पहुंची यूनिसेफ के सदस्यों ने स्वास्थ्य, स्वच्छता व शिक्षा के स्तर का निरीक्षण किया। आशा संगिनी सुनीता वर्मा एव आशा बहु ललिता श्रीवास्तव के साथ यूनिसेफ हेड कैथरीन रसेल ने ज्योति पत्नी अनुरुद्ध के घर पहुंची। जहां 42 दिन के बच्चे आयांश के रख रखाव के साथ साथ बच्चे का वजन व थर्मामीटर से तापमान लिया। इसके आलावा हरिश्चंद्र की पत्नी कुसुम से मिल कर 9 माह की पुत्री यासिता के लगे टीको की जानकारी ली। टीम के सदस्यों ने दोनो महिलाओ से सरकार से मिलने वाली सुविधाओं की भी जानकारी ली। वैशिवक कार्यकारी निदेशक कैथरीन रसेल ने लड़कियों के साथ संवाद कर मासिक धर्म संबंधी साफ-सफाई की जानकारी ली तथा उन महिलाओं से भी मिलीं जो बाल विवाह को खत्म करने एवं महिलाओं के खिलाफ हिंसा को रोकने का काम रही हैं।

कम्पोजिट विद्यालय चिलौकी के छात्र छात्राओं एव गाँव के सभी वार्डो से गठित बालसभा सदस्यों से संवाद किया तथा बच्चो से मन लगाकर पढ़ाई करने की अपील करते हुए कहा कि बीस साल बाद यह बाल सभा ससद मे होनी चाहिए। बाल सभा की सदस्या कु0 खुशी ने गाँव मे खेल मैदान की मांग की। छात्रा सौम्या ने टीम के सदस्यों का स्वागत करते हुए गाँव आने का उद्देश्य पूछा टीम के सदस्यों ने बताया कि उदेश्य शिशुओं, बच्चों व युवा कार्यक्रमों पर केंद्रित है। इससे पूर्व टीम मे शामिल सदस्यों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सफदरगंज मे मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिए किए गए उपायों के बारे में पूछताछ की तथा स्टाफ से गर्भवती महिलाओं और 5 वर्ष तक के बच्चों को दिए जाने वाले पूरक पोषण आहार के बारे में पूछा। उन्होंने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं, गर्भवती महिलाओं को दी जाने वाली पोषण किट, प्रसव के बाद महिलाओं के लिए केसीआर किट और सामान्य प्रसव को बढ़ावा देने के लिए स्वास्थ्य कर्मचारियों को प्रोत्साहन के बारे में बताया। टीम के सदस्यों ने गाँव की साफ सफाई पर ग्राम प्रधान सोमनाथ राजपूत, सफाई कर्मचारी सचिन व विजय कुमार की प्रशंसा की।

विदेशियों के साथ ग्रामीण बच्चो ने ली सेल्फी

ग्राम चिलौकी पहुंची विदेशी टीम के साथ गाँव के दीपक एव आकाश सिंह ने ऑटोग्राफ लेते हुए सेल्फी ली। जिस पर विदेशी ने खुशी जाहिर करते हुए खेतो मे लगी धान की फ़सल को भी देखा तो पूछा किया है तो प्रधान ने बताया कि राइस की खेती है।

यूनिसेफ की टीम मे शामिल सदस्यों ने ग्रामीणों का हाथ हिलाकर अभिवादन स्वीकार किया।

नवागत डीएम ने संभाला कार्यभार, अनुभागों के निरीक्षण के बाद जनता दर्शन

अवधनामा संवाददाता

बाराबंकी। नवागत जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार कार्यभार ग्रहण करने के बाद पहले दिन कार्यालय पहुंचे। उन्होंने कलेक्ट्रेट के सभी कक्षों का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण में अखिलेखों का रखरखाव कई विभागों में ठीक न मिलने पर सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारी व कर्मचारी समय से कार्यालय पर आने और स्वच्छता को ध्यान में रखने का निर्देश दिया।

ज़िलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट के सभी अनुभागों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने ई डिस्ट्रिक्ट ऑफिस, आपदा अनुभाग, शस्त्र अनुभाग, ईआरके, राजस्व अभिलेखाकार, संयुक्त कार्यालय, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, चकबंदी सहित एडीएम कार्यालय परिसर ऐप पर पढ़ें निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय उनके साथ एडीएम अरुण कुमार सिंह भी मौजूद रहे।

जनता दर्शन में उन्होंने कहा कि फरियादियों की शिकायत का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करना हमारी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए गए आपदा पीड़ितों का अलग से रजिस्टर बनेगा। शिकायत कर्ता अगर प्रधानमंत्री आवास की सूची में शामिल नहीं है और किसी भी आपदा के तहत उसका घर, छप्पर व झोपड़ी गिरी है तो उसे मुख्यमंत्री आवास का पात्र मानकर उसे आवास का लाभ दिया जाएगा।

12 किलो पोस्ता छिलका समेत दो तस्कर गिरफ्तार

बाराबंकी। स्थानीय रेलवे स्टेशन पर जीआरपी पुलिस ने दो शातिर तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तस्करों के पास से दो बैगों में भरा 12 किलो अवैध पोस्ता छिलका बरामद किया है। तस्करों ने बताया कि वह बाराबंकी से अवैध मादक पदार्थों की तस्करी कर पंजाब में इसकी बिक्री करते थे।

जीआरपी थाने को पुलिस ने बाराबंकी रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक से पंजाब के रहने वाले दो शातिर तस्करों को दो बैगों में भरे 12 किलो अवैध पोस्ट छिलका के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किया गया शातिर तस्कर अमृतपाल सिंह पुत्र हुजूरा सिंह उम्र 35 वर्ष और दूसरा तस्कर विक्की सिंह पुत्र काला सिंह उम्र 30 वर्ष यह दोनों मौड मण्डी थाना मौड मण्डी जिला भटिंडा पंजाब राज्य के रहने वाले हैं।

पूछताछ में तस्करों ने बताया कि वह बाराबंकी से अवैध मादक पदार्थों की तस्करी कर पंजाब में इसकी बिक्री करते थे। यह तस्कर बाराबंकी में किन लोगों से मादक पदार्थों की खरीद करते थे यह अभी साफ नहीं हो पाया है। जीआरपी पुलिस ने दोनों को जेल भेज दिया है। बाराबंकी में यह तस्कर किससे खरीदारी करते थे पुलिस अब इसका पता लग रही है।

छह अक्टूबर को भगवान धन्वंतरि देवालय का होगा लोकार्पण

सहारनपुर। मोक्षायतन अंतर्राष्ट्रीय योग संस्थान में भगवान धन्वंतरि देवालय की स्थापना की जायेगी। जिसका लोकार्पण व प्रथम दर्शन 6 अक्टूबर को प्रदेश के प्रमुख सचिव दुर्गा शंकर मिश्र द्वारा किया जायेगा। नगर में पहले भगवान धन्वंतरि देवालय की स्थापना बेरी बाग स्थित की गई है, जिसका लोकार्पण व प्रथम दर्शन उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र 6 अक्टूबर को शाम साढ़े तीन बजे करेंगे। यह जानकारी देते हुए संस्थान की निदेशक प्रख्यात योगगुरु व विदेश मंत्रालय की पूर्व राजनयिक आचार्या प्रतिष्ठा ने बताया कि मोक्षायतन गुरुदेव स्वामी भारत भूषण के मार्गदर्शन में अपनी व्यायाम शाला, गौशाला, पाठशाला व यज्ञशाला पर आधारित भारतीय संस्कृति का पोषक रहा है, जिनसे सम्पूर्ण व्यक्तित्व का विकास होता है। उन्होंने बताया कि देवासुर संग्राम में समुद्र मंथन से निकले 14 रत्नों में से एक हैं मानवता के लिए चिकित्सा विज्ञान के जनक भगवान धन्वंतरि, जो आयुर्वेद का अमृतकलश हाथ में लिए प्रकट हुए और संग्राम में घायल हुए देव और असुर दोनो ही को आरोग्य देने का दायित्व संभाला। संस्थान में भारत योग साधक संघ के सचिव एनके शर्मा बताया कि योग स्वास्थ्य व शिक्षा क्षेत्र में अपनी वैश्विक पहचान रखने वाले मोक्षायतन योग संस्थान ने बेरीबाग परिसर में पहला भगवान धन्वंतरि देवालय स्थापित करके सभी तरह के चिकित्सकों का सम्मान और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने की पहल की है।

'एक शाम संविधान निर्माता के नाम' कार्यक्रम का आयोजन

सहारनपुर। श्री जाहरवीर गोगा जी महाराज की स्मृति मे नगर निगम द्वारा आयोजित ऐतिहासिक मेला गुघाल के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के श्रृंखला में एक शाम संविधान निर्माता के नाम कार्यक्रम का आयोजन धूमधाम से किया गया। जिसमें बाबा साहेब डॉ.भीमराव अम्बेडकर के आदर्शो व सिद्धान्तों को विस्तार से बताया गया।

गांधी पार्क स्थित सेठ गंगा प्रसाद माहेश्वरी सभागार में आयोजित एक शाम संविधान निर्माता के नाम कार्यक्रम को शुभारंभ विधायक देवेन्द्र निम, पूर्व विधायक जगपाल सिंह समेत अन्य अतिथियो द्वारा बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के चित्र के समक्ष कैंडल जलाकर कर किया गया। इसके पश्चात सभी ने सभागार में खड़े होकर भीम वंदना की और बाबा साहब को नमन किया।

सांसद सांस्कृतिक मेधा प्रतियोगिता का समापन, विजयी खिलाड़ी हुए पुरस्कृत

अवधनामा संवाददाता

टिकैतनगर बाराबंकी। सांसद सांस्कृतिक मेधा प्रतियोगिता 2023 अयोध्या का आयोजन विकास खण्ड पूरेडलई के ग्राम पंचायत रानीमऊ के पायका मैदान में किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि लल्लू सिंह सांसद अयोध्या ने किया। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रसद विभाग एवं खाद्य विभाग मंत्री सतीश शर्मा, रत्नेश कुमार सिंह प्रमुख पूरेडलई ने मॉ वीणा वादिनी मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सरायदुनौली, कस्बा इचौली, सेमरी, उदईमऊ, पूरेडलई, खम्भौली व चिर्रा के प्राथमिक, उच्च प्राथमिक विद्यालय के नन्हें मुन्ने बच्चों के द्वारा भाषण, निबंध लेखन, रंगोली, पेंटिंग, लोकगीत, समूहगान, एकांकी अन्त्याक्षरी, लोकनृत्य, कविता में बहुत सुन्दर प्रदर्शन कर उपस्थित जनसमूह का मनमोह लिया लोकनृत्य में प्रथम रीता कुमारी, द्वितीय शिवानी सरायबरई, तृतीय अन्तिमा सिंह व नन्दनी मिश्रा अतरौली, लोकगीत में आस्था सिंह समीक्षा सिंह प्रावि निबहा, भाषण प्रतियोगिता में प्रथम सहीफा अन्जुम, द्वितीय नबा नूर बेलखरा, तृतीय शिवा कुमार, रंगोली में प्रथम सरायबरई, द्वितीय कस्बा इचौली, तृतीय न्यामतपुर रहा।

नशेड़ी भाई ही निकला भाई का कातिल

अवधनामा संवाददाता

मिल्कीपुर- अयोध्या। इनायत नगर थाना क्षेत्र के डीली गिरधर पूरे प्रकाश गांव निवासी 38 वर्षीय अखिलेश सिंह पुत्र हरिहर सिंह सिंह की निर्मम हत्या का खुलासा इनायत नगर पुलिस ने कर दिया। पुलिस ने सगे भाई की हत्या करने वाले भयंकर शराब के नशेड़ी भाई को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है पुलिस ने गिरफ्तार किए गए हत्यारे भाई के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त डंडा और बल्ली भी बरामद कर लिया है। बताते चलें कि पूरे प्रकाश गांव में बीते मंगलवार की दोपहर करीब 12ः30 बजे 38 वर्षीय अखिलेश सिंह का लहू लुहान शव घर में ही चारपाई पर संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा हुआ पाया गया था। मृतक के शरीर में कई जगहों पर गंभीर चोट के निशान भी बने हुए थे। घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंचे इनायत नगर थाने के प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह व क्षेत्राधिकारी आशीष निगम ने घटनाक्रम की बारीकियों से निरीक्षण किया था और हुए घटना में प्रयुक्त लाठी व बल्ली को अपने कब्जे में लेते हुए मृतक अखिलेश के शव का पंचायतनामा कराने के बाद

पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया था। पुलिस ने प्रथम प्रथम दृष्टया मृतक के छोटे नशेड़ी भाई दिनेश सिंह को तत्काल मौके से ही हिरासत में ले लिया था और कड़ी पूछताछ में जुट गई थी। घटना की जानकारी के बाद मायके से अपने घर पहुंची मृतक अखिलेश सिंह की मां मालती सिंह ने अपने सगे मंझले बेटे दिनेश सिंह के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने हेतु पुलिस को तहरीर दिया था। जिसके आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर हिरासत में लिए गए नशेड़ी युवक से पूछताछ कि जहां युवक ने अपना जुर्म कबूल करते हुए घटना की सारी कड़ियां एक-एक कर बयां कर दी। दिनेश सिंह से पुलिस टीम ने कड़ाई से पूछताछ की तो आरोपी दिनेश सिंह ने बताया कि हम दोनों भाईयों ने शराब पी थी और शराब के नशे में थे। किसी बात को लेकर दोनों में गाली गलौज होने लगी थी। मुझे गुस्सा आ गया तभी मैंने अपने भाई अखिलेश सिंह को लाठी व लकड़ी की बल्ली से मार दिया था, जिससे उनकी मौत हो गई। हालांकि पुलिस अपने सगे भाई को मौत के घाट उतारने वाले आरोपी दिनेश सिंह को थाना क्षेत्र स्थित सिद्ध नाथन मंदिर के पास से गिरफ्तार किए जाने का दावा कर रही है।

रामनगरी की प्राचीन विरासत गणेशकुंड को मिली नई पहचान, पौराणिक कुंड की लौटी रौनक

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का लक्ष्य अयोध्या को दुनिया की सुंदरतम नगरी बनाना है। इसके अनुरूप जल्द ही राम नगरी मे वर्षो से उपेक्षित पड़े पौराणिक गणेश कुंड की रौनक एक बार फिर से लौटने लगी है। यहां अब एक बार फिर से श्रद्धालुओं की भीड़ जुटाने लगी है। पौराणिक गणेश कुंड का वजूद मिटने की कगार पर था। किंतु विकास प्राधिकरण की पहल पर आज वही कुंड आस्था व पर्यटन का केंद्र बन चुका है। विकास प्राधिकरण द्वारा इस कुंड का करीब एक करोड़ की लागत से सुंदरीकरण कराया गया है। गणेश चतुर्थी के अवसर पर इस कुंड पर पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटने लगी है। वर्षों से वीरान पड़े रामनगरी की प्राचीन विरासत गणेशकुंड को एक नई पहचान मिली है। कुंड करीब एक बीघा भर में फैले गड्ढे के रूप में था, लेकिन अब यह आकर्षण का केंद्र बन चुका है। एडवर्ड तीर्थ

विवेचनी सभा ने 1902 में रामनगरी की 84 कोस की परिधि में जिन पौराणिक स्थलों को चिह्नित किया था। उनमें गणेश कुंड भी था। यहां कुंड के किनारे लगा शिलापट कुण्ड की पौराणिकता की सत्यता को प्रमाणित कर रहा है।

ज्योतिषाचार्य पंडित कौशल्यानंदन ने बताया कि गणेश कुंड मणीपर्वत के दक्षिणभाग में स्थित हैं। अयोध्या का इतिहास विवेचित करते प्राचीन मणिपर्वत के दक्षिण गणेशकुंड का उल्लेख मिलता हैं। जहां पर माघ कृष्ण चतुर्थी को स्नान-पूजन का महत्व है। पूजन में नमः श्रीगणेशाय इस मंत्र का प्रयोग कर गणेश जी की स्तुति से मनोकामना पूरी होती है।

पौराणिक कुंडों का कराया जा रहा है सौंदर्यीकरण

नगर आयुक्त विशाल सिंह ने बताया कि अयोध्या को पौराणिक स्वरूप प्रदान करने में यहां के प्राचीन मंदिरों व कुण्डों का बड़ा महत्व है। इसे देखते हुए एक करोड़ की लागत से गणेश कुंड को उसके पौराणिक स्वरूप को लौटाने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि यहां गणेश चतुर्थी के दिन गणेश कुंड पर पूजन महाआरती की नई परंपरा शुरू हुई है। स्थानीय लोगों की एक समिति का गठन किया गया है। समिति के द्वारा हर रोज गणेश कुंड पर महाआरती का आयोजन कराती है। अयोध्या की पहचान से जुड़े कुंडों की पहचान लौटाने का काम किया जा रहा है। सभी कुंडों का सुंदरीकरण कराकर वहां पूजन आरती की व्यवस्था कराई जाएगी।

संजय सिंह के आवास पर ईडी के छापे के विरोध में आप का प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। आप सांसद व यू पी प्रभारी संजय सिंह के दिल्ली आवास पर ई डी ने छापा मारा ,इस बात की जानकारी जैसे ही आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को हुई।इसके तुरंत बाद उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जिलों में कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया ।इसी कड़ी में अयोध्या के गाँधी पार्क में पार्टी कार्यकर्ताओं ने इसके विरोध में प्रदर्शन किया।प्रदर्शन के दौरान जिलाध्यक्ष अनिल प्रजापति ने कहा कि मोदी सरकार केंद्र की एजेंसियों का गलत इस्तेमाल कर रही है।पहले सांसद संजय सिंह को राज्यसभा से सस्पेंड किया और अब अनायास छापे डालकर परेशान कर रही है। पार्टी के किसी भी नेता के यहाँ से कुछ भी नही मिलता है इसके बावजूद सिर्फ और सिर्फ आम आदमी पार्टी बदनाम करने का प्रयास किया जा रहा है।आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता इस तरीके के छापो से कतई डरने वाले नही है। प्रदर्शन में विधानसभा अध्यक्ष अयोध्या शुभम

श्रीवास्तव महाराणा प्रताप वार्ड के पार्षद सुफियान महासचिव सुनील मौर्य खेलकूद प्रकोष्ठ के महासचिव रितेश सिंह छात्र सभा के प्रदेश सचिव मोहित यूके द्विवेदी महाराज गोसाईगंज विधानसभा अध्यक्ष सत्य प्रकाश मौर्य गायत्री मिश्रा हर्षवर्धन कोरी सूरज प्रधान इंद्रजीत यादव बीकापुर विधानसभा अध्यक्ष अरविंद सेन शारजाह मास्टर नीलेश चतुर्वेदी हरिशंकर तिवारी आदि साथी प्रदर्शन में मौजूद थे।

गोविन्द नगर में आयुष्मान कार्ड किए गए अपडेट

सहारनपुर। केन्द्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य व्यापक स्तर पर चल रहा है। जिला प्रशासन ने लक्ष्य निर्धारित कर आयुष्मान कार्ड बनाने में सफलता हासिल की और लगातार पात्र लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाये जा रहे है।

इसी श्रंखला में आज गोंविद नगर के वार्ड 24 में नगर विधायक राजीव गुम्बर के आवास के समीप स्थित श्री हनुमान जी कुटिया परिसर में लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाये गये। नगर विधायक राजीव गुम्बर के निर्देशानुसार आयुष्मान कार्ड अपडेट भी किए गए, जिससे कि आयुष्मान कार्ड धारकों को किसी भी असुविधा का सामना न करना पड़ सके।

तहसीलों एवं विकास खण्डों में हुआ स्वच्छता रैली का आयोजन

सहारनपुर। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश एवं जनपद न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती बबीता रानी के निर्देशन में 8 अक्टूबर 2023 तक स्वच्छता अभियान के अर्न्तगत जनपद की समस्त तहसीलों एवं समस्त विकासखण्डों में स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। प्रत्येक तहसील में स्थापित तहसीलद विधिक सेवा समिति के सचिव एवं तहसीलदार तथा विकासखण्ड में खण्ड विकास अधिकारी के निर्देशन में रैली का आयोजन किया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं अपर जिला जज भूपेन्द्र प्रताप ने बताया कि रैली के माध्यम से ब्लाक के नागरिको को जागरूक किया गया और यह सन्देश दिया गया कि वह अपने घरों, कालोनी एवं आसपास के क्षेत्रों की साफ सफाई रखें। साफ सफाई होगी तो हमारे परिवारों एवं समाज में बीमारी बहुत ही कम आयेगी और हम स्वस्थ्य रहेगें।

सातवीं पुण्यतिथि पर याद किए गए स्व. हर्षवर्धन सिंह

अवधनामा संवाददाता

फरेन्दा (महराजगंज)। बुधवार को स्थानीय नगर पंचायत आनंदनगर के आकांक्षा पैलेस में स्वर्गीय हर्षवर्धन की सातवीं पुण्यतिथि मनाई गई। जहाँ एक शोक सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्वांचल के कई जिलों से आए कांग्रेसीयो व स्थानीय लोगों ने उन्हें नमः आंखों से श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की प्रवक्ता व हर्षवर्धन की बेटी सुप्रिया श्रीनेत ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। उन्होंने सभी लोगों का आभार व्यक्त कर कहा कि मेरे पिता जी किसी एक क्षेत्र से सांसद या विधायक भले रहे हों लेकिन जुल्म और ज्यादती के खिलाफ वे कहीं भी उठ खड़े होते थे। सिद्धार्थनगर जिले के बहुचर्चित करहना कांड के खिलाफ दिल्ली तक उन्होंने लड़ाई लड़ी। छात्र राजनीति से निकलकर 1977 में जब जनता पार्टी के टिकट पर फरेंदा विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने आए तो वो यहीं के होकर रह गए। वहीं वरिष्ठ कांग्रेसी व स्व सिंह के संघर्षों के साथी त्रिभुवन नारायण मिश्र ने पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर कहा कि पूर्वांचल के कद्दावर नेता पूर्व सांसद स्व.हर्षवर्धन भ्रष्टाचार और सरकारी जुल्म के खिलाफ बुलंद आवाज थे। वो सदैव जुर्म और अन्याय के खिलाफ संघर्ष करते रहें। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष शरद कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह ने कहा कि स्व सिंह का नाम भ्रष्टाचार, पुलिस या प्रशासनिक जुल्म को बढ़ावा देने वालों के लिए भय का पर्याय था।

तस्करी पर जिलाधिकारी ने जताई चिंता, कार्यवाही का दिया निर्देश

अवधनामा संवाददाता

महराजगंज। जिलाधिकारी अनुनय झा ने भारत-नेपाल अंतराष्ट्रीय सीमा पर तस्करी रोकने और जनपद में पराली प्रबंधन हेतु संबंधित विभागों के साथ बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में की गयी। बैठक में सीमापारीय तस्करी पर चर्चा करते हुए जिलाधिकारी ने सीमा के दोनों ओर तस्करी होने वाली वस्तुओं और इनके लिए तस्करों द्वारा अपनाए जा रहे उपायों पर चर्चा की और कहा कि तस्करी एक संगठित अपराध है। इसलिए यह गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने इसको रोकने और तस्करी में संलिप्त लोगों के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि पीडीएस में दी जाने वाली वस्तुओं की तस्करी वाले मामलों में पूर्ति निरीक्षक व विपणन निरीक्षक से की आख्या लें। अगर तस्करी की जा रही सामग्री पीडीएस सामग्री है तो अनिवार्य वस्तु अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही करें और अगर वस्तु पीडीएस सामग्री न हो तो उक्त मामलों में कस्टम एक्ट में कार्यवाही सुनिश्चित करायें। खाद की तस्करी पर चर्चा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि कृषि विभाग सीमावर्ती क्षेत्रों में स्थापित खाद बिक्री केंद्रों की सूची तैयार करे

और उनके द्वारा की जा रही बिक्री के स्टॉक की जाँच कर असामान्य बिक्री पाए जाने पर प्रकरण की पुनः गहन जांच कर कठोर कार्यवाही करे। साथ ही असामान्य भंडारण पाए जाने पर भी प्रकरण को संज्ञान में लेकर उसकी जांच और आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने सीमावर्ती क्षेत्रों में स्थापित मेडिकल स्टोर की सूची तैयार कर औषधि निरीक्षक पुलिस विभाग को उपलब्ध कराएं। इन दुकानों की जाँच कर ओवर स्टॉकिंग या अनियमित बिक्री की दशा में कार्यवाही करें। उन्होंने शराब तस्करी रोकने हेतु सीमावर्ती जिलों में प्रवर्तन बढ़ाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को परस्पर समन्वय व सहयोग से तस्करी के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि तस्करी पर लगाम लगी है, लेकिन सभी विभागों को मिलकर और ज्यादा कठोर कार्यवाही करने की आवश्यकता है। इसके लिए उन्होंने सभी संबंधित विभागों को प्राप्त आसूचना से एक-दूसरे को अवगत कराने के लिए कहा। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अगर कोई अनधिकृत व्यक्ति किसी विभाग के नाम पर कार्य करता हुआ मिले तो उसके विरुद्ध कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने नेपालगंज में हिंसा के दृष्टिगत सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया।

सपा कार्यकर्ताओं ने हर्षोल्लास से मनाया पार्टी का स्थापना दिवस

सहारनपुर। समाजवादी पार्टी का 31वां स्थापना दिवस पार्टी कार्यकर्ताओं ने हर्षोल्लास के साथ मनाया और संगठन को अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लेते हुए मिशन 2024 के लोकसभा चुनाव में प्रदेश में सपा उम्मीदवारों की जीत का परचम लहराये जाने का आह्वान किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने मिष्ठान भी वितरित किया। आज अंबाला रोड स्थित सपा जिला कार्यालय पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने 31वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया और मिष्ठान का वितरण कर संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प दोहराया। जिला अध्यक्ष चौधरी अब्दुल वाहिद ने कहा कि 31 वर्ष पूर्व पार्टी के संरक्षक मुलायम सिंह यादव, जनेश्वर मिश्र, मोहन सिंह, चौधरी रामशरण दास ने जो पौधारोपित किया था। आज वह वट वृक्ष का रूप ले चुका है और कुशल राजनीति के सदाचार उच्च विचार के साथ पार्टी सुप्रीमो अखिलेश यादव पार्टी को निरंतर मजबूत बनाने का काम कर रहे हैं।

सपाइयों ने साईकिल यात्रा निकाल कर किया जागरुक

अवधनामा संवाददाता

महाराजगंज। देश बचाओ देश बनाओ कार्यक्रम के तहत समाजवादी पार्टी के लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक यादव के नेतृत्व में प्रयागराज से निकली साइकिल यात्रा बुधवार को जनपद महाराजगंज में पहुंची। नगर की सीमा रमपुरवा में यात्रा के नायक अभिषेक यादव का सपाइयों ने जोरदार स्वागत किया।

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए श्री अभिषेक ने कहा कि सांप्रदायिकता बिगाड़ने वाली ताकत को नष्ट करने का काम समाजवादी पार्टी करेगी देश में संस्कृति को बचाना होगा। जिलाध्यक्ष विद्या सागर यादव ने कहा की समय आ गया है कि सपाई अखिलेश सरकार की योजनाओं के बारे में जानता को बताएं। उन्होंने कहा की जनता महंगाई और बेरोजारी से परेशान है। लेकीन वर्तमान सरकार जनता को कोई राहत देने के बारे में नही सोच रही हैं। पूर्व मंत्री सुशील टिबड़ेवाल ,नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि निर्मेष मंगल ,पूर्व जिलाध्यक्ष राजेश यादव ,गोरखपुर से आये डाक्टर राजेश यादव ,जिला महासचिव शमसुद्दीन खान व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सभी विद्यार्थी लक्ष्य बनाकर चलें कामयाबी कदम चूमेगी: सुभाष

अवधनामा संवाददाता

बर्डपुर सिद्धार्थनगर। आप लोग खूब पढ़ो। डिग्री मायने नहीं रखती है आप लक्ष्य बनाकर चले तभी कामयाबी मिलेगी, आप पढ़ेंगे तभी आप जिले, प्रदेश, देश का नाम रोशन होगा।

मेधावी छात्र छात्राओं को किया गया सम्मानित

उक्त बातें विधान परिषद सदस्य सुभाष यदुवंश ने कहीं। वह क्षेत्र के आदर्श लघु माध्यमिक विद्यालय बर्डपुर में सीसीटीवी कैमरा का उद्घाटन एवं मेधावी छात्र छात्राओं के सम्मान समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आप लोग अपना अपना लक्ष्य निर्धाधित करके पढ़ाई करे तभी आप सफल होंगे समय बदल रहा है। आप लोग भी बदलिए खूब पढ़िए और तैयारी करिए।आप सब जिले के नही प्रदेश के नही भारत के प्रतिभा का लोहा पूरी दुनिया में मनवाये। मोदी के नेतृत्व में देश नित नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आप लोग टेक्नोलॉजी पैदा करे। आज भारत दुनिया की महाशक्ति बनने के लिए तैयार है। बस केवल आप लोगो का सहयोग चाहिए। राष्ट्रप्रेम का भाव रखे नरेंद्र मोदी देश को सभी दृष्टि से मजबूत कर रहे है। आज भारत मलेट्री पावर में चौथी स्थान पर है। पूरे विश्व की चाहे जो कंपनी हो बिना भारत के इंजिनियर के नही चल सकती है। सुभाष यदुवंश ने बच्चो का लक्ष्य के बारे में पूछा आप का क्या लक्ष्य है डॉक्टर, इंजीनियर बनना चाहते है। आप लोग ये जान लो आप को अपना लक्ष्य तय करना है। आप लोग अपना लक्ष्य लेकर चले आप ही लोग मिलकर एक विकसित राष्ट्र का निर्माण करेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने कहा कि आज भारत योगी, नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश नित नई ऊंचाइयों को छू रहा है। एमएलसी सुभाष यदुवंश ने विद्यालय के मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित भी किया। वही विद्यालय की छात्र-छात्राओं ने पुष्प वर्षा के साथ ही सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत भी प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रबंधक मुक्ति नारायण पाण्डेय ने अंगवस्त्र एवं मोमेंटो भेंट किए, प्रधानाचार्या राजकुमारी पाण्डेय ने अतिथियों का स्वागत एवं आभार प्रकट किया। कार्यक्रम संचालन नितेश पाण्डेय ने किया।

सोशल मीडिया की मजबूत एवं प्रभावी टीम के साथ पार्टी लोकसभा चुनाव के मैदान में उतरेगी: अनादि प्रिय पाठक

एजाज़ सिद्दीक़ी

पिछले एक दशक में सोशल मीडिया चुनाव प्रचार अभियान का सशक्त माध्यम बनकर उभरा: डा सतीश द्विवेदी

इटवा सिद्धार्थनगर। बुधवार को इटवा के जेकेजे के हॉल में आईटी व सोशल मीडिया की कार्यशाला भाजपा मुख्य अतिथि अनादि प्रिय पाठक के अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें पूर्व मंत्री डा सतीश द्विवेदी, भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान, जिला प्रभारी राम जियावन सम्मिलित हुए। कार्यशाला में सोशल मीडिया एवं आईटी विभाग से संबंधित विभिन्न विषयों पर उपस्थित साइबर योद्धाओं को सिखाया गया। इसी क्रम में मुख्य वक्ता द्वारा अपने वक्तव्य में बताया गया कि आज के दिनों में सोशल मीडिया चुनावों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने लगा है।

भारत में राजनीतिक दल सोशल मीडिया को प्रचार - प्रसार के प्रमुख साधन के रूप में अपना रहे हैं। सोशल प्लेटफार्म जैसे फेसबुक, ट्विटर, व्हाट्सएप, यूट्यूब, इन्स्टाग्राम, नमो ऐप्प, सरल ऐप्प, आदि हैं। सोशल मीडिया का अस्तित्व इंटरनेट की वज़ह से है क्योंकि इसके बिना सोशल मीडिया बेकार है। पूर्व मंत्री डा सतीश द्विवेदी ने कहा कि आज सोशल मीडिया एक ऐसा साधन बन गया है, जहाँ आम आदमी भी अपनी बात दुनिया के सामने रख सकता है और इसके लिये उसे कोई विशेष प्रयास भी नहीं करना पड़ता। दो दशक पीछे जाएँ तो आँखों के सामने कार, बस या ऑटो में लगे झंडे, लाउडस्पीकर से प्रत्याशी को जिताने की अपील के साथ धुआँधार नारेबाज़ी और छोटे ङ्क छोटे प्लास्टिक या कागज़ के बिल्लों के लिये लपकते बच्चों वाली चुनाव प्रचार की तस्वीर जीवंत हो उठती है। लेकिन अब यह दृश्य पूरी तरह बदल चुका है और इसकी जगह ले ली है छह इंच के मोबाइल फोन के स्क्रीन ने। पिछले एक दशक में तो सोशल मीडिया चुनाव प्रचार अभियान का सशक्त माध्यम बनकर उभरा है। शायद ही कोई राजनीतिक दल ऐसा होगा, जो इन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स का इस्तेमाल अपनी बात रखने और प्रतिर्द्वंद्वियों के आरोपों का जवाब देने के लिये न कर रहा हो। भाजपा जिलाध्यक्ष ने अपने अध्यक्षीय भाषण में बताया कि लोकसभा चुनाव में सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म की बड़ी भूमिका है। वर्तमान दौर युवा शक्ति का है, युवा शक्ति सोशल मीडिया पर सबसे ज्यादा सक्रिय है। सोशल मीडिया का रूप बदलता जा रहा है। इस बदलाव के साथ अपनी कार्य पद्धति को लगातार बदलना है भाजपा सोशल मीडिया पर अब विपक्षी दलों के आरोपों से बचाव नहीं बल्कि आक्रामक मुद्रा में नजर आएंगी। लोकसभा चुनाव तक विरोधियों की ओर से सोशल मीडिया पर मोदी सरकार और पार्टी किए गए हर हमले का आक्रामक जवाब देगी, अब आईटी और सोशल मीडिया की टीम बूथ स्तर तक होगी। प्रत्येक बूथ पर दो से तीन सदस्यों की टीम होगी। कार्यशाला में प्रमुख रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान, ज़िला प्रभारी रामज़ियावन मौर्य, क्षेत्रीय सहसंयोजक सोशल मीडिया पीयूष मिश्रा, इटवा के चेयरमैन विकास जयसवाल, ज़िला संयोजक आई.टी निखिल सिंह, ज़िला संयोजक सोशल मीडिया, आशीष तिवारी, मंगल चौरसिया, कृष्णा मिश्रा, रमेश पांडेय, अमित दुबे, अजय पांडेय, प्रदीप कसौधन, दीपनारायण त्रिपाठी, बलराम, अमित दुबे सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उक्त जानकारी भाजपा जिला मंत्री कृष्णा मिश्रा ने दिया।

रोज़गार सेवकों ने अपनी मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन

अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता। कलेक्ट्रेट के सामने अंबेडकर प्रतिमा के पास रोजगार सेवकों ने प्रदर्शन किया रोजगार सेवकों द्वारा बताया गया कि 4 अक्टूबर 2021 को डिफेंस एक्सपो वृंदावन, लखनऊ में मनरेगा कर्मियों के सम्मेलन में की गई घोषणाओं पर शासन स्तर पर उचित निर्णय नहीं लिया गया है, जबकि संगठन द्वारा कई बार पत्राचार व वार्ता के माध्यम से विभिन्न स्थानों पर अवगत कराया गया। वर्तमान समय में मानदेय 7788 रु0 प्रतिमाह मिल रहा है परंतु 2212 रुपए विगत 22 माह बाद भी ईपीएफ के यूएएन के खाते में जमा नहीं किया गया है, जिससे किसी भी मनरेगा कर्मियों की मृत्यु पर उसके आश्रित को कोई लाभ नहीं मिल पाता है। अत~ मृतक आश्रित को उसी पद पर समायोजन भी कराया जाए। ग्राम रोजगार सेवकों से मूल ग्राम पंचायतों के साथ-साथ रिक्त ग्राम पंचायतों में भी कार्य लिया जाए जिस संबंध में 31 मई, 2022 को पत्रांक संख्या-1086 के अंतर्गत आयुक्त द्वारा शासन को प्रस्ताव प्रेषित किया आ चुका है। मानव संसाधन नीति के संबंध में 31 मई, 2022 को पत्रांक संख्या-1087 के अंतर्गत विभाग द्वारा शासन को प्रस्ताव प्रेषित किया जा चुका है। ग्राम रोजगार सेवकों पर फर्जी कार्यवाही ना हो जिस संबंध में पत्रांक संख्या-1085 के माध्यम से आयुक्त द्वारा पत्र शासन को प्रेषित किया गया है।

जनप्रतिनिधियों से नियमित संवाद रखें

अवधनापमा संवाददाता

बस्ती। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भूमि विवादों एवं जनसमस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता पर करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया है। मण्डलायुक्त सभागार में आयोजित मण्डलीय समीक्षा बैठक मे उन्होने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे जनप्रतिनिधियों से नियमित संवाद रखें। तीनों जनपदों के जनप्रतिनिधियों को अटल आवासीय विद्यालय का भ्रमण कराने के लिए भी उन्होने निर्देश दिया है। उन्होने भू-माफियाओं, खनन एवं अन्य माफियाओं के विरूद्ध कार्यवाही करने का निर्देश दिया है। उन्होने कहा कि किसी भी कमजोर, गरीब, उद्यमी, व्यवसायी की भूमि पर कोई कब्जा ना करने पायें। उन्होने कहा कि शहर के प्रमुख स्थानों, बाजारों में सड़क की ओर फेस करते हुए सीसीटीवी कैमरे लगवाये जाय, इससे अपराध नियंत्रण में सहायता मिलेंगी। उन्होने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस, थाना दिवस को गम्भीरता से लेते हुए वरिष्ठ अधिकारी इसका निरीक्षण करें।

खाना ए कमर में जश्ने साहिबे लौलाक का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

देर रात तक चली महफ़िल में मुकामी शायरों ने कलाम पढ़कर खूब बटोरी वाहवाही

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर। मंगलवार को तहसील क्षेत्र के हल्लौर स्थित खाना ए कमर हल्लौरी के आवास पर इमाम जुमा व जमात हल्लौर के मौलाना मोहम्मद हसन की अध्यक्षता में जश्ने साहिबे लौलाक का आयोजन किया गया जिसमें मुकामी शायरों ने हज़रत मुहम्मद साहब स0अ0व स0 और शिया मुसलमानों के इमाम जाफ़र ए सादिक अलैहिस्सलाम की शान में अपने अपने कलाम पेशकर खूब वाहवाही बटोरी। जश्ने साहिबे लौलाक का संचालन अफसर हल्लौरी ने किया।

जश्ने साहिबे लौलाक की शुरुआत कलाम पाक की तिलावत से हुए ततपशचात मुकामी शायर हसन जमाल ने पढ़ा कि आप आ जाईए घडी भर को-दिल की शम्मा जला के बैठे हैं। अफसर हल्लौरी ने कहा कि इश्क मेराज मेरा पाए मदीने वाले-हर तरफ तू ही नजर आए मदीने वाले। इसी तरह शमशाद हल्लौरी, बेताब हल्लौरी, साबिर, मेहदी, अम्मार, टापर, अजीम सज्जादी, हानी, मुहम्मद रजा प्रिन्स, आसिफ, मुम्ताज, फैजी, अर्श, मीजान, अली मेहदी मोजिज, शबीह, कमर, मोजिज मौलाई, मीसम, काविश, कौसर, अब्बास, महवश, शादाब, खुलूस, हसन सादिक, काजिम करबलाई, अरमान आरजू, बशारत, कामियाब मास्टर, जांबाज, जिगर आदि ने अपने अपने कलाम पेशकर खूब दाद बटोरी। अंत में मौलाना मोहम्मद हसन ने हज़रत मोहम्मद साहब की जिंदगी पर विस्तार से रोशनी और उनके बताए रास्ते पर चलने की नसीहत दी। देर रात तक चली महफ़िल में काफ़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

सीडीओ ने बढ़नी ब्लाक प्रधान संघ अध्यक्ष बबलू चौबे को किया सम्मानित

बढ़नी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। जिले के मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार ने विकास खण्ड बढ़नी के ग्राम पंचायत कोटिया के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि/प्रधान संघ ब्लाक अध्यक्ष बढ़नी बब्लू चौबे को अपने ग्राम पंचायत में उत्कृष्ट कार्य हेतु मुख्यमंत्री पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। प्रधान संघ ब्लाक अध्यक्ष बब्लू चौबे को बधाई देते हुए सांसद जगदम्बिका पाल सहित भाजपा नेता अनिल अग्रहरी ने कहा कि हमारे परिवार के शुभचिन्तक यशस्वी कर्मठी प्रतिनिधि प्रधान बब्लू चौबे आपने ग्राम पंचायत कोटिया में विशिष्ट कार्य कर उत्तर प्रदेश के ग्राम पंचायत कोटिया को गौरवान्वित किया है। हमारी भारतीय संस्कृति कहती है कि अयोग्यों पुरुषों नास्ति योजकस्तत्र दुर्लभरू अर्थात कोई व्यक्ति अयोग्य नहीं है, यदि कोई अच्छा योजक मिल जायें तो हर व्यक्ति अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा सकता है। इस दौरान प्रधान संघ ब्लाक अध्यक्ष बब्लू चौबे को सम्मान मिलने के दौरान क्षेत्रवासियों ने बधाई दी है।

पेंशनरों के मृत्यु की सूचना कोषागार को अविलम्ब करायें उपलब्ध: वरिष्ठ कोषाधिकारी

सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। जिले के कोषागार से पेंशन प्राप्त कर रहे पेंशनरों / पारिवारिक पेंशनरों के आश्रितों को सूचित किया जाता है कि पेंशनरों / पारिवारिक पेंशनरों की मृत्यु की सूचना कोषागार को अविलम्ब उपलब्ध कराना आपका नैतिक एवं विधिक दायित्व है। ससमय सूचना उपलब्ध न कराये जाने की दशा में कोषागार द्वारा किए गये अधिक भुगतान की वसूली संबंधित बैंक के माध्यम से अथवा भू-राजस्व के बकाये की भाँति किये जाने की कार्यवाही की जायेगी। जिसके लिए उनके आश्रित स्वयं उत्तरदायी होगें। मृत्यु की सूचना निम्नलिखित मो0नं0 पर दी जा सकती है। 8765923629, 8765923630, 8765923631, 8765923632 उक्त आशय की जानकारी वरिष्ठ कोषाधिकारी, सिद्धार्थनगर ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दिया है।

एम्बुलेंस की चपेट में आने से युवक की मौत

जलालपुर अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता। एंबुलेंस की चपेट में आने से 20 वर्षीय युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। घटना बुधवार दोपहर रामगढ़ रोड जलालपुर की है। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के भाऊकुवां गांव निवासी राकेश प्रजापति उम्र 20 वर्ष अपनी बाइक से घर से जलालपुर बाजार आ रहा था तभी जलालपुर बाजार की तरफ से तीव्र गति से जा रही एंबुलेंस ने फरीदपुर मोड के पास टक्कर मार दिया जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना पर पहुंची पुलिस व राहगीरो द्वारा नगपुर अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

सड़क पर लग रही दुकानों से नगर में बम्पर जाम

अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता। शहर के शहज़ादपुर कस्बे में दुकानें सड़क पर लग रही है। पार्किंग नहीं होने से वाहन सड़क पर खड़ हो रहे हैं। बाजार में सड़क पर दुकानें लगने और वाहनों के खड़े होने से चलने लायक जगह भी नहीं बच रही है। बाजार में स्थानीय दुकानदारों द्वारा अपनी दुकान का सामान सड़कों पर रख दिया गया है। इससे लोगों के साथ बाजार आने वाली महिलाओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।बाजार की सड़कें अतिक्रमण की चपेट में आने के साथ ही वाहनों की धमाचौकड़ी मार्ग में लगी रहती है। संबंधित अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा कार्रवाई नहीं करने के कारण बाजार आने वाले लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। शहर की सबसे व्यस्त चौक में पार्किंग का होने से दिन भर जाम लग रहा है।

ज़मीनी विवाद में हुई मारपीट में महिला गम्भीर

जलालपुर अंबेडकरनगर। जमीनी विवाद में हुई मारपीट में कुल तीन महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर चार लोगों के विरुद्ध धारदार हथियार मारपीट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है। घटना मालीपुर थाना क्षेत्र के हुसैनपुर विपहन गांव की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मनीषा देवी पत्नी प्रदीप कुमार कन्नौजिया के घर के सामने उनकी आबादी की जमीन है जिस पर बीते 2 अक्टूबर को सामने के पड़ोसी किरन पत्नी रामबहाऊ, अमन पुत्र रामबहाऊ कांति पुत्री राम बहाऊऔर अमर बहादुर पुत्र टिल्लू ने जमीन पर लाठी डंडा व धारदार हथियार के बल पर कब्जा करने लगे जब प्रार्थी के परिवार ने इसका विरोध शुरू किया तो उक्त लोगों ने भद्दी भद्दी गाली गलौज देते हुए ईट पत्थर फेंकने लगे हाथ में हाकी व धारदार हथियार लेकर पिटाई शुरू कर दिया और बाइक को तोड दिया।

मारपीट में गरिमा, नंदिनी और मनीषा का सर फूट गया वह शरीर के अन्य अंगों पर गंभीर चोटे आई सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने सभी घायलों को इलाज हेतु नगपुर अस्पताल ले गई।

पीआरडी जवानों ने ऑनलाइन ड्यूटी के द्वारा 55 किलोमीटर दूर करने पर खड़े कर दिये हाथ

अवधनामा संवाददाता

अम्बेडकरनगर। जनपद अंबेडकर नगर में ऑनलाइन ड्यूटी पीआरडी जवानों की 60-70 किमी दूर ड्यूटी लगा दी है। इससे परेशान जवानों ने ड्यूटी से हाथ खड़े कर दिए। उन्होंने गृह ब्लॉक में ड्यूटी देने के लिए डीएम व सीडीओ से गुहार लगाई।अभी तक जिला मुख्यालय से ड्यूटी का वितरण किया जाता था। इसमें ड्यूटी के नाम पर आए दिन शिकायतें भी होती रहती थीं।

उन्होंने बताया कि कुछ जवानों को तो उनके घर से मात्र दो-चार किमी की दूरी पर ड्यूटी मिली, जबकि शेष जवानों की दूसरे ब्लॉकों में दूरस्थ ड्यूटी लगा दी है। वर्ष में बमुश्किल तीन-चार माह ही काम मिलता है, शेष दिनों में वह लोग मजदूरी करने को मजबूर हैं। 395 रुपये प्रतिदिन भुगतान पर 80 किमी दूर ड्यूटी कैसे हो पाएगी। उन्होंने बताया कि होमगार्ड को 27000 प्रति माह वेतन मिलने के बावजूद ब्लॉक कंपनी में ड्यूटी लगाई जाती है। जबकि पीआरडी जवानों को उनसे आधा भी मानदेय होने पर भी दूसरे ब्लॉकों में भेज दिया गया। पीआरडी के जवानों ने कहाकि नागरिकों की सुरक्षा में पुलिस, होमगार्ड, पीआरडी जवानों की ड्यूटी लगाई जाती है। और वह ड्यूटी का पूरी ईमानदारी के साथ निर्वाहन करते आये है। उन्होंने कहाकि मानदेय भी समान किया जाना चाहिए। कहाकि नागरिक सुरक्षा,बैंक सुरक्षा, चुनाव में समान ड्यूटी करनी पड़ती है।जानकारी के अनुसार पीआरडी जवानों की ड्यूटी वर्ष में तीन माह लगती है। उसमे भी कुछ पीआरडी जवानों की डयूटी में कटौती कर दी जाती है। पीआरडी जवानों ने युवा कल्याणअधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी को मांग पत्र दिया की कि पूर्व में जिस तरह जिला मुख्यालय से ब्लॉक वाइज ड्यूटी दी जाती थी, उसी तरह पोर्टल से भी गृह ब्लॉक में ड्यूटी लगाई जाए। इससे वह लोग परिवार का भरण-पोषण कर सकें।

नौ अक्टूबर के धरने को लेकर बनी रणनीति

सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला कार्यकारिणी, ब्लॉक अध्यक्ष, मंत्री और संघर्ष समिति के सदस्यों की बुधवार को हुई संयुक्त बैठक में लखनऊ में नौ अक्टूबर को प्रस्तावित धरना में सक्रिय सहभागिता को लेकर रणनीति तैयार की गई। बुधवार को सदर बीडीओ कार्यालय के सभागार में हुई बैठक में जिलाध्यक्ष राधेरमण त्रिपाठी ने कहा कि पुरानी पेंशन,पदोन्नति, विद्यालय समय के बाद बैठक न करने सहित 18 सूत्रीय मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन चल रहा है। प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर नौ अक्टूबर को शिक्षा निदेशक कार्यालय परिसर में धरना दिया जाएगा जिसमें जनपद के शिक्षकों की सक्रिय सहभागिता होनी है। प्रत्येक विकास खंड से न्यूनतम 35 शिक्षकों को लखनऊ धरने में सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए ब्लॉक कार्यकारिणी व नवगठित संघर्ष समिति सक्रिय रहे। बैठक में समस्त विकास खंड के नवगठित संघर्ष समिति के अध्यक्ष व मंत्री को सम्मानित किया गया। जिला उपाध्यक्ष रूपेश सिंह के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष अभय श्रीवास्तव, इंद्रसेन सिंह, सुधाकर मिश्र, गयानंद मिश्र, लालजी यादव, अरुण सिंह, शिवाकांत दूबे, दिनेश सिंह, सत्येंद्र मिश्र, शैलेंद्र मिश्रा, राकेश सिंह, उमेश मिश्र, करुणेश मौर्य, अब्दुल रऊफ आदि मौजूद रहे।

सात मांगों को लेकर भारतीय किसान यूनियन ने लगाई पंचायत

अवधनामा संवाददाता

लोटन सिद्धार्थनगर। भारतीय किसान यूनियन (अम्बावत) गुट ने अपनी सात सूत्रीय मांगों को लेकर पूर्व सुचना के आधार पर ब्लाक परिसर लोटन में बुधवार को पंचायत लगाई बाद में बीडीओ रामप्रवेश को ज्ञापन दिया गया।

तहसील अध्यक्ष अनिल राव, ब्लाक अध्यक्ष छेदी प्रसाद, ने बताया सभी ग्राम पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत छुटे हुए पात्रों को आवास दिया जाय, सभी ग्राम पंचायतों में बनाए गए सुलभ शौचालय बंद पड़े हैं तत्काल चालू कराया जाय तथा ग्राम पंचायत पनेरा के टोला लोधपुरवा में मोतीलाल के घर से नूरजहां के घर तक खडंजा लगाया जाए। ग्राम पंचायत नेतवर में अमृतसरोवर मद में खर्च किए गये धन की जांच कराई जाए। ग्राम पंचायत पटखौली में इलियास द्वारा मांगे गये जनसूचना तत्काल दिया जाय। ग्राम पंचायत महदेईया में संतराम पुत्र कम्मल की जमीन को हल्का लेखपाल द्वारा पैमाईश कराया जाय। अगर एक महीने के अंदर समस्याओं का निस्तारण नहीं किया गया तो ब्लाक परिसर में बड़ी पंचायत लगाई जायेगी लेकिन एक सप्ताह खत्म होने के बाद भी खण्ड विकास अधिकारी द्वारा कोई कार्यवाही न करने के कारण ब्लाक के कर्मचारियों से नराज होकर ब्लाक के मुख्य गेट पर ताला लगाकर कर धरने पर बैठ गये जिस की सुचना खण्ड विकास अधिकारी थानाध्यक्ष चन्दन कुमार दी सुचना मिलते ही मैय फोर्स ब्लाक पर पहुंच गये पहुंचने के बाद पंचायत लगा कर बैठे यूनियन के लोगों को बुलाकर कर उनकी समस्या सुनने के बाद ज्ञापन दिलाया गया ज्ञापन देने के समय उन लोगो ने कहा की हमारी माग टुरी न होने जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। पंचायत में संतराम, नूरजहां खातून, रमेश चंद्र, इलियास अहमद, कुलदीप विश्वकर्मा, कमलेश मौर्या, इनारा देवी, छोटेलाल भारती, पूनम, मालती सहित तमाम भारतीय किसान यूनियन के लोग मौजूद रहे।

सांसद की अध्यक्षता में जनसंपर्क अभियान के तहत चौपाल का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

उसका सिद्धार्थनगर। डुमरियागंज सांसद जगदम्बिका पाल की अध्यक्षता में मंडल उसका बाजार के ग्राम पंचायत छितरापार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत अनुसूचित बस्ती में जनसंपर्क अभियान के तहत अनुसूचित बस्तियों में चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सांसद ने क्षेत्रवासियों से संपर्क व संवाद किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया तथा साथ ही वहां के मुख्य मार्ग पकड़ी से सुकरौली होते हुए खजुरडाड़ घाट के तरफ एवं चुरिहारी से छितरापार जिस पर दर्जनों गांव जुड़े हुए हैं, को जल्द से जल्द ठीक करने के लिए आश्वासन दिया। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को पुरस्कार वितरण किया और सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि एस. पी. अग्रवाल, उसका ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सुरेश चौहान, राजाराम लोधी, रत्नेश पांडे, वीरेंद्र ठकुराई (बबलू राय) जी, सर्वेंद्र ठकुराई, अशोक ठकुराई, लाल कुमार राय, सतीश शुक्ला, अश्वनी शुक्ला, नित्यानंद शुक्ला, संतोष राय, किशन राय, अनुज राय एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

गरीबों को विकास की मुख्यधारा में जोड़ने के लिए पार्टी ने प्रशंसनीय कार्य किये: कमरूज्जमां खां

अवधनामा संवाददाता

सपाइयों ने मनाया पार्टी का 31वां स्थापना दिवस

इटवा सिद्धार्थनगर। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पार्टी का स्थापना दिवस इटवा बिस्कोहर रोड स्थित सपा कार्यालय पर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर मनाया।

इस अवसर पर सपा जिला महासचिव कमरुज्जमा खान ने कहा कि गरीब, किसान, मजदूर, शोषित वर्ग के उत्थान एव समानता के सिद्धांत पर आधारित समाज के निर्माणके उद्देश्य से स्व. मुलायम सिंह यादव ने 31 वर्ष पूर्व समाजवादी पार्टी का गठन किया था। इस दौरान देश मे समाजवादी अलख जगाने गरीबों को विकास की मुख्यधारा में जोड़ने के लिए पार्टी ने प्रशंसनीय कार्य किये और गरीब एवं वंचितों के हितों की लड़ाई सड़क से संसद तक लड़ी। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ने अबतक कई उतार चढ़ाव देखे, लेकिन आज समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं का बहुत बड़ा कारवाँ खड़ा हो गया है। समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की लोकप्रियता पूरे देश में फैली हुई है और वह देश के अग्रणी नेता हैं और उनके कुशल नेतृत्व में समाजवादी पार्टी देश की नंबर 1 राजनीतिक दल बनने की ओर अग्रसर है। इस मौके पर मुख्य रूप से सपा प्रदेश सचिव अजय चौधरी, सपा विशेष आमंत्रित सदस्य उप्र व जिला पंचायत सदस्य बेचई यादव, सपा जिला महासचिव कमरुज्जमा खान, विधानसभा अध्यक्ष बबलू खान, समाजवादी अंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव बहरैची प्रेमी, कार्यालय प्रभारी अब्दुल लतीफ, सपा नेता बबलू पाठक, सेक्टर प्रभारी साबिर अली, मनोज कन्नौजिया, अमित मिश्रा आदि मौजूद रहे।

सूचना

मेरा इंटरमीडिएट वर्ष-2008, अनुक्रमांक- 1160413 का अंकपत्र एवं प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है।

नाम पूनम अग्रहरि, पिता का नाम- कोदई प्रसाद गुप्ता, पता- कपिलवस्तु म्युनिसिपालिटी-3 गौधीचौक तौलिहवा, कपिलवस्तु नेपाल।

अफगानिस्तान का मसला

अफगानिस्तान में अशरफगनी की बकायदा निर्वाचित सरकार थी तालिबानियों ने मार काट का सहारा लेकर दो साल पहले अशरफ गनी की सरकार को देश छोड़ने पर मजबूर कर दिया था। तबसे वहां तालिबानियों का शासन है। तालीबानी तरह-तरह के प्रतिबन्ध वहां लगाते रहते है। सबसे बड़ी आफत वहां के औरतो की है। जिनपर तरह तरह के तालिबानी प्रतिबन्ध लगा दिया है और लगाये जा रहे है। अब भारत सरकार ने अफगानिस्तान का दूतावास अपने यहां बन्द कर दिया है। भारत के लिये तालिबानी शासन एक दीर्घकालीन समस्या है। भारत के लिये यह समस्या इसलिये है कि यह आशंका बनी रहती है कि लश्करे तैयबा जैश-ए-मौहम्मद, अलकायदा, इस्लामिक स्टेट और तालिबान कश्मीर में उत्पात मचा सकते है। यदा कदा आतंकी संगठन कश्मीर में उत्पाद मचाते रहते है पर भारतीय सैनिकों की मुस्तैदी की वजह से मारे जाते है, वे कामयाब नहीं हो पाते है। कुछ हमारे पड़ोसी भी इन आतंकियो को मदद दे भारतीय इलाके में भेजते रहते है। यह जरूर है कि मौजूदा अफगान शासक की जमीन से पिछले दो वर्षो से कोई आतंकी वारदात की घटना नहीं हुई है न तो किसी तरह की साजिश की घटना का पता चला है। इसके बावजूद भारत और दूसरे क्षेत्रीय मुल्क सर्तकता बनाये रखते है।

भारत अफगानिस्तान को मनवीय आधार पर लगातार मदद पहुंचा रहा है। पर चूकि दिल्ली में दूतावास बन्द कर दिया गया है समस्या आयेगी कि काबुल को मानवीय आधार पर मदद कैसे पहचाया जाये। यह भी गौर करने की बात है भारत एक मात्र ऐसा देश है जो तालिबान के खतरे को पहचानता है और सतर्क रहता है इसीलिये भारत ने अभी तक तालिबान शासन को किसी तरह की वैधानिकता नहीं दी है। इस परिप्रेक्ष में भारत एक दूर दृष्टि रखने वाला सम्पन्न सैनिक शक्ति के रूप में अपनी पहचान बनाई है। काबुल पर तालीबानी शासन 2021 में स्थापित हुआ था। फिर भारत ने भारत के तालिबान प्रतिनिधियों से सम्पर्क साधा था। फलस्वरूप भारत ने अफगानिस्तान को स्कूल अस्पताल, सड़क सहित आधारभूत संरचना, स्थानीय शासन के सामुदायिक केन्द्र मुहैया कराया है। इन सबके आलावा भारत मानवीय आधार पर अफगानिस्तान को अन्य सहायता के अलावा सबसे बड़ी सहायता खाद्यान्न के रूप में कर रहा है। जिससे वहां की जनता खाने की कमी से जूझने से बच रही है। अफगानिस्तान के लिये यह बहुत बड़ी राहत है जिससे अफगानिस्तान अपना ध्यान अन्य चीजों पर लगा पा रहा है।

भारत ने अपने दूतावास में एक तकनीकी स्तर की टीमें भी तैनात कर रक्खी है। टीम का काम है मानवीय सहायता पहुंचाने के लिये तालिबान शासन से समन्व्य स्थापित करना। टीम सजगता के साथ अपना काम निपटा रही है जिससे अफगानिस्तान में भारत के रिश्ते ठीक ठाक बने हुये है। क्योकि पड़ोसी देश होने की वजह से उसके साथ सामान्य रिश्ते बना रहना दोनो देशो के लिये लाभकारी है। भारत तो सक्षम और बड़ा देश है वह अपनी समस्यायें तो सुलझा लेगा पर बिना भारतीय मदद के अफगानिस्तान को अपनी समस्यायें सुलझाने में काफी मुशकिले आ सकती है। दूसरे देश अगर उसे किसी तरह की मदद करेगे तो वे अपनी शर्ते अपने हित के लिये ला देगे और दोहन करेगे। अफगानिस्तान इस बात को समझौता है इस लिये स्थिति सामान्य बनाकर अधिक सतर्कता से चल रहा है। इन परिस्थितियों में अफगानिस्तान भारत में अपना प्रतिनिधि तैनात करना चाहता है। भारत ने अभी तक उसे मान्यता तो दी नही है। अपने यहां अफगानिस्तान का दूतावास भी बन्द कर दिया है। भारत के सामने समस्या है उसे अभी मान्यता दे या नहीं दें। भारत के सैनिक सलाहकारों का एक खेमा मानता है कि अफगानिस्तान पर अपनी राजनीतिक दखल बनाने के लिये और बढ़ाने के लिये उसे मान्यता देना भारत के हित में मुफीद होगा। समय बतायेगा भारत इस समस्या से कैसे निपटता है। वैसे इस समय भारत की राजनीति और कूटनीति में भारत का लोहा सारी दुनियां मान रही है। इसलिये इसमें कोई शक नहीं है भारत इस सम्बन्ध में जो निर्णय लेगा। वह भारत के हित के साथ-साथ दुनियां के हित में भी होगा।

राजनैतिक उठापटक करने में अत्यंत सक्षम है विमर्श

आज भारतवर्ष बहुत तीव्र गति से विश्व शक्ति की ओर सफलतापूर्वक बढ़ रहा है। विकसित राष्ट्र अथवा विश्व शक्ति के लिए जिन-जिन पहलुओं के शक्तिशाली होने की आवश्यकता होती है, भारत उन सब पर गहराई से अध्ययन कर सार्थक योजनाओं के साथ बढ़ रहा है जो कि सफलता की गारंटी है।

डॉ उमेश प्रताप वत्स

किंतु यह सफलता इतनी आसान नहीं है। इसे प्राप्त करने के लिए वर्तमान में भारत को न केवल विश्व की चिह्नित शक्तियों से अपितु अपने ही देश के अत्यंत महत्वकांक्षी , देश-विरोधी, स्वार्थी व परिवारवादी दलों से भी जूझना पड़ रहा है। अतः यह सत्य है कि अन्तर्राष्ट्रीय बिरादरी से अधिक इसे घरेलु मोर्चो पर संघर्ष करना पड़ रहा है । यद्यपि विश्व में कोई भी देश ऐसा नहीं है जहां किसी दल अथवा समूह के स्वार्थों के चलते देशहित की बलि न दी जाती हो किंतु भारत इन सब देशों में एक अलग ही तरह के संघर्ष का सामना कर रहा है। यह संघर्ष है नैरेटिव का जो चुपचाप ढंग से सबसे खतरनाक भूमिका निभाता जा रहा है।

यद्यपि प्रथम विश्व-युद्ध से पूर्व ही राजनैतिक सत्ता को आरूढ़ करने के लिए अथवा सत्ताच्युत करने के लिए अनेक विमर्श गढ़े जाते रहे। समय की गति के साथ विमर्श के ढंग बदलते चले गए और वर्तमान में सोशल नेटवर्किंग के प्रसार से विमर्श का पूरा ढांचा ही बदल गया। यह इतनी तीव्र गति से प्रभावी होता है कि रात-रात में ही पूरा परिदृश्य बदलने का मादा रखता है। आज विमर्श के महत्व का अनुमान इस बात से लगाया जा सकता है कि विश्व के कई प्रसिद्ध संस्थानों में विमर्श पर विस्तार से पढ़ाया जाता है कि कब-कब किस तरह विमर्श तय करने से विश्व में बड़े-बड़े परिवर्तन हुये हैं।

अठारहवीं शताब्दी में विश्व के कई देशों ने व्यापार के बहाने से नैरेटिव सैट कर शांत तथा किसी बाहरी खतरे से अनभिज्ञ देशों को अपना गुलाम बनाया। इन उपनिवेश देशों ने विमर्श सैट करके विश्व पर राज किया , वहां की संस्कृति को नष्ट किया। इन उपनिवेश देशों में भी इंग्लैंड की उपनिवेशवाद की भूख इतनी अधिक थी कि इसने न केवल उपनिवेशक देशों को जी भरके लूटा अपितु ऐसा नैरेटिव सैट किया कि उपनिवेशक देशों के भोले-भाले लोगों को लगने लगा कि ये अंग्रेज ही हमारे तारणहार है । चालाक अंग्रेजों ने अन्य देशों की भाँति पहले भारत की समृद्धि का अध्ययन किया फिर भारत में मुगलों सहित अन्य विदेशी ताकतों के समय-समय पर किये गये आक्रमणकारियों के इतिहास का अध्ययन किया । यहां के ग्रथों का अध्ययन किया , लोगों के विचारों को समझा, फिर भारत की जाति व्यवस्था की कमजोरी का अध्ययन किया तथा अंत में व्यापार के बहाने से भारत की शक्ति को तहस-नहस करने के लिए अनेक प्रकार के विमर्श गढ़े गये। जिनमें से एक था कि तुम बिल्कुल नकारे हो , बहुत पिछड़े हुए और पुराने ढर्रे पर चल रहे हो , हम नई शिक्षा नीति से तुम्हारा उद्धार करेंगे और तुम्हें अपनी तरह जैंटलमैन बनायेंगे। इंग्लैंड की महारानी ने विशेषरूप से बहुत ही चालाक , बुद्धिमान तथा इग्लैंड का उपनिवेश चिंतक लार्ड मैकाले को भारत भेजा। मैकाले ने बहुत ही निकटता से भारत का अध्ययन किया । वह भारत के अनेक गांवों में गया। उसने ग्रामीणों की आत्मनिर्भरता , आस्था , मितव्ययता तथा मिलकर काम करने की भावना देखकर इंग्लैंड की महारानी को पत्र लिखा कि वास्तविक भारत गांवों में बस्ता है, इनकी संस्कृति इतनी दृढ़ है कि इसे तोड़ पाना असंभव है। सभी ग्रामवासी आत्मनिर्भर है। यहां प्रत्येक गाँव में पूरा राष्ट्र बसता है। कृषिप्रधान संस्कृति का मुख्य आर्थिक केंद्र कृषि है। कृषि के सभी औजार गाँव में ही लौहार व बढ़ई बनाते हैं । गाँव के लोग मिलकर सिंचाई, गुड़ाई व कटाई करते हैं। फसल आने पर सब कमेरा वर्ग नाई, धोबी, मौची, तेली, कुम्हार, माली, सफाईकर्मी, ब्राह्मण व खेतीहर को उसके हिस्से का दाल, चावल, अनाज पहुँच जाता है। महिलाओं की सुसज्जा के लिए सुनार , वस्त्रों के लिए जुलाहों को भी काम के बदले अनाज मिल जाता है । जैसी सुन्दर आर्थिक व्यवस्था इन छोटे-छोटे गाँवों में है ऐसी व्यवस्था तो अधिकतर देशों में राष्ट्र स्तर पर भी नहीं होती।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

बिहार सरकार द्वारा जातिगत जनगणना के आंकड़े पेश करने से पूर्व देश में 1931 में जातिगत जनगणना के आंकड़े जारी हुए थे। तब से आज तक न ही देश के स्तर पर और न ही राज्य के स्तर पर जातिगत जनगणना के कोई आंकड़े जारी हुए थे। 80 के दशक में जातियों पर आधारित कई क्षेत्रीय पार्टियों का उभार हुआ। इन पार्टियों ने सरकारी शिक्षण संस्थानों और नौकरियों में आरक्षण दिए जाने को लेकर अभियान चलाया। इसी दौरान जातियों की संख्या के आधार पर आरक्षण की मांग सबसे पहले यूपी में बसपा नेता कांशीराम ने की।

राजनीतिक तापमान बढ़ाएगा जातिगत जनगणना का मुद्दा

बिहार सरकार ने गांधी जयंती के दिन जाति आधारित जनगणना के आंकड़े जारी किए हैं। इन आंकड़ों के मुताबिक राज्य में सबसे बड़ी आबादी अत्यंत पिछड़ा वर्ग की है, जो राज्य की कुल आबादी के करीब 36 फीसदी है। जातिगत जनगणना के आंकड़े सावर्जनिक होने के बाद पूरे देश में यह मुद्दा चर्चा का में बना हुआ है। बिहार में सरकार यह दावा करती रही है कि जाति आधारित जनगणना के आंकड़ों के आधार पर सरकारी योजना बनाने में मदद मिलेगी और जरूरतमंद लोगों के लिए योजना बनाने में सरकार को मदद मिलेगी। आंकड़े जारी होने के बाद अलग-अलग पार्टियां भी इसका श्रेय लेने की होड़ में शामिल हैं। कुल मिलाकर इस मुद्दे पर जमकर राजनीति षुरू हो चुकी है।

राजेश माहेश्वरी

विपक्षी पार्टियों के गठबंधन इंडिया ने बीती 18 जुलाई को बेंगलुरु में बैठक के बाद देश में जातिगत जनगणना कराने की मांग की थी। कांग्रेस पार्टी के कई बड़े नेताओं ने हाल के समय में जातिगत जनगणना के मुद्दे को जोर शोर से उठाया है। जातिगत जनगणना के साथ एक नारा भी लगाया जाता है ज्जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी'। राहुल गांधी ने भी 2011 जातिगत जनगणना के आंकड़ों को सार्वजनिक करने और पिछड़े वर्ग, दलितों और आदिवासियों को उनकी जनसंख्या के हिसाब से आरक्षण देने की मांग कई बार की है। दरअसल जातिगत संख्या के आधार पर आरक्षण की मांग कर विपक्ष दलितों और पिछड़ों के बड़े वोट को अपने पक्ष में लाना चाहता है। माना जाता है कि इससे बीजेपी के कथित हिन्दू वोट बैंक को भी कमजोर किया जा सकता है।

बिहार सरकार द्वारा जातिगत जनगणना के आंकड़े पेश करने से पूर्व देश में 1931 में जातिगत जनगणना के आंकड़े जारी हुए थे। तब से आज तक न ही देश के स्तर पर और न ही राज्य के स्तर पर जातिगत जनगणना के कोई आंकड़े जारी हुए थे। 80 के दशक में जातियों पर आधारित कई क्षेत्रीय पार्टियों का उभार हुआ। इन पार्टियों ने सरकारी शिक्षण संस्थानों और नौकरियों में आरक्षण दिए जाने को लेकर अभियान चलाया। इसी दौरान जातियों की संख्या के आधार पर आरक्षण की मांग सबसे पहले यूपी में बसपा नेता कांशीराम ने की। भारत सरकार ने साल 1979 में सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़ी जातियों को आरक्षण देने के मसले पर मंडल कमीशन का गठन किया। मंडल कमीशन ने व्ठब् को आरक्षण देने की सिफारिश की। इस सिफारिश को 1990 में उस वक्त के प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने लागू किया। इसके बाद देशभर में सामान्य श्रेणी के छात्रों ने उग्र विरोध प्रदर्शन किए।

साल 2010 में लालू प्रसाद यादव और मुलायम सिंह यादव जैसे ओबीसी नेताओं ने मनमोहन सरकार पर जातिगत जनगणना कराने का दबाव बनाया। इसके साथ ही पिछड़ी जाति के कांग्रेस नेता भी ऐसा चाहते थे। मनमोहन

सरकार ने 2011 में सामाजिक आर्थिक जाति जनगणना कराने का फैसला किया। इसके लिए 4 हजार 389 करोड़ रुपए का बजट पास हुआ। 2013 में ये जनगणना पूरी हुई, लेकिन इसमें जातियों का डेटा आज तक सार्वजनिक नहीं किया गया है। सामाजिक आर्थिक जाति जनगणना का डेटा 2013 तक जुटाया गया। इसे प्रॉसेस करके फाइनल रिपोर्ट तैयार होती, तब तक सत्ता बदल गई और 2014 में केंद्र में मोदी सरकार आ गई। जुलाई 2015 में बिहार विधानसभा चुनाव से पहले उस वक्त के वित्त मंत्री अरुण जेटली ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में जातिगत जनगणना के आंकड़े जारी करने का वादा किया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा कि डेटा में 46 लाख कास्ट, सब कास्ट हैं। इसे राज्य सरकारों को भेजकर क्लब करने को कहा गया है। इसके अलावा नीति आयोग के उपाध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया की अध्यक्षता में कमेटी बनाई जाएगी, जो इस कास्ट डेटा को क्लासिफाई करेगी। जब यह कार्रवाई पूरी हो जाएगी तो इस डेटा को सार्वजनिक किया जाएगा।

2016 में जातियों को छोड़कर सामाजिक आर्थिक जाति जनगणना का बाकी डेटा मोदी सरकार ने जारी कर दिया। चूंकि कमेटी के अन्य सदस्यों का नाम तय नहीं हुआ, लिहाजा इस वजह से कभी मीटिंग ही नहीं हुई। इसलिए जनगणना में जुटाए जातियों के आंकड़े जस के तस पड़े हैं, यानी जारी ही नहीं हुए। राष्ट्रीय स्तर पर 1931 की अंतिम जातिगत जनगणना में जातियों की कुल संख्या 4,147 थी, सामाजिक आर्थिक जाति जनगणना-2011 में 46 लाख विभिन्न जातियां दर्ज हुई हैं। चूंकि देश में इतनी जातियां होना नामुमकिन हैं। सरकार ने कहा है कि संपूर्ण डेटा सेट खामियों से भरा हुआ है। इस वजह से रिजर्वेशन और पॉलिसी डिसीजन में इस डेटा का इस्तेमाल नहीं किया जा सकता।

इस मुद्दे पर राजनीति भी तेज हो गई है। जानकारों के मुताबिक बीजेपी नहीं चाहती है कि जातिगत जनगणना हो। उनको पता है कि जो पिछड़े हैं उनकी जनसंख्या ज्यादा होगी। बीजेपी को लगता है कि इससे अगड़ी जाति का उसका वोट बैंक नाराज हो जाएगा। वहीं कुछ का मानना है कि जातिगत जनगणना कराने से कई तरह के आंकड़े सामने आएंगे, इसलिए केंद्र सरकार जनगणना ही नहीं करा रही है, जो कि साल 2021 में हो जानी थी। ऐसे में विपक्ष को मौका मिला है इसलिए वो गोलबंद होकर इस मुद्दे को उठा रहा हैं. जनगणना कराने से बेरोजगारी, एनएसएसओ के आंकड़े, शिक्षा, स्वास्थ्य, किसानों की आत्महत्या, कोविड में हुए जानमाल का नुकसान, नोटबंदी और देश की अर्थव्यवस्था पर पड़े असर के वास्तविक आंकड़े भी बाहर आ जाएगें। इसी का डर बीजेपी को है। ऐसे में जातिगत जनगणना से जो आंकड़े सामने आएंगे उसका दबाव बीजेपी के ऊपर होगा। विपक्ष इस बात को समझता है और इसलिए उसने जातिगत जनगणना की मांग की है ताकि चुनावों में इसका फायदा उठाया जा सके। बिहार की जाति जनगणना रिपोर्ट के जरिए विपक्ष को मोदी सरकार को घेरने के लिए एक बड़ा हथियार मिल गया है।

राजनीति के जानकारों का यह भी मानना है कि विपक्षी दलों को लगता है कि वो जातिगत जनगणना को बड़ा मुद्दा बना लेंगे लेकिन यह आसान नहीं होगा, इसके लिए उन्हें बहुत मेहनत करनी होगी. उनके मुताबिक जातिगत समीकरण को तोड़ने के लिए अब बहुत सारे विकल्प हैं जैसे गरीबों के लिए कल्याणकारी योजनाएं. यानि इस तरह से उनको अपने पक्ष में करना ज्यादा आसान है. बिहार सरकार द्वारा जातिगत जनगणना के आंकड़े प्रस्तुत करने के बाद यह मुद्दा फिर एक बार चर्चा में आ चुका है। बिहार की जाति जनगणना रिपोर्ट के जरिए विपक्ष को मोदी सरकार को घेरने के लिए एक बड़ा हथियार मिल गया है। हालांकि, बीजेपी ने भी इस रिपोर्ट का खुलकर समर्थन किया है। नीतीश कुमार के इस मास्टर स्ट्रोक का कितना असर होगा ये तो आने वाले वक्त में पता चल जाएगा। पर इसका असर ये है कि कांग्रेस समेत लगभग सभी विपक्षी दल केंद्र सरकार से जाति जनगणना की मांग कर रहे हैं। बिहार की रिपोर्ट जारी होने के बाद इतना तो तय है कि केंद्र की भाजपा सरकार पर प्रेशर बढ़ेगा। देशभर में विपक्षी गठबंधन की गोलबंदी के अगुआ नीतीश कुमार ने 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले बीजेपी का सिरदर्द बढ़ा दिया है।

विश्व एक परिवार की भांति और शिक्षा भी एक हो

प्रसिद्ध शिक्षाविद् डॉ. ए. एस. अल्तेकर ने लिखा है-शिक्षा प्रकाश और शक्ति का ऐसा स्रोत है, जो हमारी शारीरिक, मानसिक, भौतिक और आध्यात्मिक शक्तियों तथा क्षमताओं का निरंतर सामंजस्यपूर्ण विकास करके हमारे स्वभाव को परिवर्तित करती है और उसे उत्कृष्ट बनाती है। जब आधारभूमि मजबूत बन जाती है, नींव और खम्भे मजबूत बन जाते हैं तब प्रासाद को खड़ा किया जा सकता है। जब वैयक्तिक चेतना पवित्र बनती है जब सामुदायिक चेतना के विकास की बात आती है, यही विश्व चेतना को मजबूती देती है।

दुनिया की बहुत बड़ी शक्ति होती है-शिक्षक, उनकी प्रासंगिकता, अनिवार्यता और उपयोगिता कभी समाप्त नहीं हो सकती। शिक्षकों के कंधों पर ही उन्नत विश्व के निर्माण का गुरुत्तर दायित्व होता है। यदि इस दायित्व में थोड़ी-सी भूल रह जाती है तो समाज, राष्ट्र एवं विश्व के निर्माण की नींव खोखली रह जाती है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ की महत्वपूर्ण इकाई संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) द्वारा विश्व शिक्षक दिवस की शुरूआत 5 अक्टूबर, 1994 को गयी थी। इसका उद्देश्य विश्वभर के शिक्षकों द्वारा विश्व के लगभग दो अरब पचास करोड़ बच्चों के जीवन निर्माण में दिये जा रहे महत्वपूर्ण योगदान पर विचार-विमर्श करना है। यूनेस्को अपने कार्यक्रमों के द्वारा विश्व को शिक्षा, विज्ञान, शांति एवं प्रगति का सन्देश देने के लिए कृत संकल्पित है। प्राचीन समय से भारत शिक्षा का बड़ा केन्द्र रहा है और उसने संसार में जगतगुरु की भूमिका निभाई है।

ललित गर्ग

आर्थिक आपाधापी, आतंक, युद्ध एवं हिंसा के आधुनिक युग में शिक्षकों की भूमिका बहुत अधिक महत्वपूर्ण हो गई है क्योंकि वे छात्रों को न केवल ज्ञान देते हैं, बल्कि उन्हें जीवन में जरूरी कौशल भी सिखाते हैं। शिक्षक छात्रों के साथ सहयोग करते हुए उन्हें नैतिक मूल्यों एवं शांतिपूर्ण जीवन के बारे में भी समझाते हैं जो एक अच्छे नागरिक के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिये शिक्षक को ऐसे छात्र तैयार करने होंगे जो वैज्ञानिक-आध्यात्मिक हो, जिनमें बौद्धिकता एवं भावनात्मकता के साथ शारीरिक एवं मानसिक विकास हो। प्रसिद्ध शिक्षाविद् डॉ. ए. एस. अल्तेकर ने लिखा है-शिक्षा प्रकाश और शक्ति का ऐसा स्रोत है, जो हमारी शारीरिक, मानसिक, भौतिक और आध्यात्मिक शक्तियों तथा क्षमताओं का निरंतर सामंजस्यपूर्ण विकास करके हमारे स्वभाव को परिवर्तित करती है और उसे उत्कृष्ट बनाती है। जब आधारभूमि मजबूत बन जाती है, नींव और खम्भे मजबूत बन जाते हैं तब प्रासाद को खड़ा किया जा सकता है। जब वैयक्तिक चेतना पवित्र बनती है जब सामुदायिक चेतना के विकास की बात आती है, यही विश्व चेतना को मजबूती देती है। विश्वमानव के आधार पर होने वाली शिक्षा तभी पवित्र एवं प्रभावी होगी, जब उसकी पृष्ठभूमि में मानवीय चेतना या वैयक्तिक चेतना की भूमिका पवित्र बनी हुई है। नोबेल पुरस्कार से सम्मानित नेल्सन मंडेला ने कहा था कि संसार में शिक्षा ही सबसे शक्तिशाली हथियार है जो दुनिया को बदल सकती है। युद्ध के विचार मानव मस्तिष्क में उत्पन्न होते हैं। मनुष्य के विचार ग्रहण करने की सबसे श्रेष्ठ अवस्था बचपन है। मानव मस्तिष्क में शान्ति के विचार बचपन से ही डालना होगा। शिक्षा ऐसी होनी चाहिए जो बालक को सारे विश्व से प्रेम करने के विश्वव्यापी दृष्टिकोण को विकसित करें। ग्लोबल

विलेज के युग में सारे विश्व की एक जैसी शिक्षा प्रणाली होनी चाहिए। विश्व एकता की शिक्षा इस युग की सबसे बड़ी आवश्यकता है। संयुक्त राष्ट्र संघ के पूर्व महासचिव डा0 कोफी अन्नान ने कहा था कि मानव इतिहास में बीसवीं सदी सबसे खूनी तथा हिंसा की सदी रही है।

बीसवीं सदी में विश्व में दो विश्व महायुद्धों, हिरोशिमा तथा नागाशाकी पर दो परमाणु बमों का हमला तथा अनेक युद्धों की विनाश लीला का ये सब तण्डाव संकुचित राष्ट्रीयता के कारण हुआ है, इसी के कारण करीब डेढ़ वर्ष से लगातार रूस-यूक्रेन युद्ध चल रहा है, जिसके लिए सबसे अधिक दोषी हमारी शिक्षा है। विश्व के सभी देशों के स्कूल अपने-अपने देश के बच्चों को अपने देश से प्रेम करने की शिक्षा तो देते हैं लेकिन शिक्षा के द्वारा सारे विश्व से प्रेम करना नहीं सिखाते हैं। यदि विश्व सुरक्षित रहेगा तभी देश सुरक्षित रहेंगे और तभी व्यक्ति सुरक्षित रहेगा। पाश्चात्य शिक्षाशास्त्री जॉन डयूवी ने लिखा है- शिक्षक बालक के लिए सदैव परमात्मा का पैगम्बर होता है, जो परमात्मा के सच्चे राज्य में प्रवेश कराने वाला है। एक अध्यापक स्रष्टा की भांति समाज की भावी पीढ़ी का निर्माण करके समाज द्वारा उत्पन्न शून्य को भरने का प्रयत्न करता है। यदि उसके दायित्व में कमी रहती है तो उसे क्षम्य नहीं माना जा सकता।

शिक्षक उस माली के समान है, जो एक बगीचे को अलग अलग रूप-रंग के फूलों से सजाता है। जो छात्रों को कांटों पर भी मुस्कुराकर चलने के लिए प्रेरित करता है। जे. कृष्णमूर्ति ने सच्चे अध्यापक की जो कसौटियां प्रस्तुत की हैं, वे उसके व्यक्तित्व के माहात्म्य को प्रकट करने वाली हैं- ''सच्चा अध्यापक अभ्यंतर में समृद्ध होता है अतः अपने लिए कुछ नहीं चाहता, वह महत्वाकांक्षी नहीं होता, वह अपने अध्यापन को पद अथवा सत्ताधिकार प्राप्त करने का साधन नहीं बनाता, सच्ची संस्कृति इंजीनियरों और टेक्नीशियनों पर नहीं, अपितु शिक्षकों पर आधारित होती है। आज की शिक्षा मिशन न होकर, व्यवसाय बन गयी है। तमाम शिक्षक एवं शिक्षालय अपने ज्ञान की बोली लगाने लगे हैं। वर्तमान विश्व परिप्रेक्ष्य में देखें तो गुरु-शिष्य की परंपरा कहीं न कहीं कलंकित हो रही है। आए दिन शिक्षकों द्वारा छात्रों एवं छात्रों द्वारा शिक्षकों के साथ दुर्व्यवहार, मारपीट एवं अनुशासनहीनता की खबरें सुनने को मिलती हैं। विश्व शिक्षक दिवस एक अवसर है जब हम धुंधली होती शिक्षक की आदर्श परम्परा एवं शिक्षा को परिष्कृत करने और जिम्मेदार व्यक्तियों का निर्माण करने का कार्य करें।

वर्तमान समय में शिक्षक की भूमिका भले ही बदली हो, लेकिन उनका महत्व एवं व्यक्तित्व-निर्माण की जिम्मेदारी अधिक प्रासंगिक हुई है। क्योंकि सर्वतोमुखी योग्यता की अभिवृद्धि के बिना युग के साथ चलना और अपने आपको टिकाए रखना अत्यंत कठिन होता है। फौलाद-सा संकल्प और सब कुछ करने का सामर्थ्य ही व्यक्तित्व में निखार ला सकता है। शिक्षक ही ऐसे व्यक्तित्वों का निर्माण करते हैं। स्वामी विवेकानंद के अनुसार सर्वांगीण विकास का अर्थ है- हृदय से विशाल, मन से उच्च और कर्म से महान। सर्वांगीण व्यक्तित्व के विकास हेतु शिक्षक आचार, संस्कार, व्यवहार और विचार- इन सबका परिमार्जन करने का प्रयत्न करते रहते थे। भारत के मिसाइल मैन, डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने कहा है कि अगर कोई देश भ्रष्टाचार मुक्त है और सुंदर दिमाग का राष्ट्र बन गया है, तो मुझे दृढ़ता से लगता है कि उसके लिये तीन प्रमुख सामाजिक सदस्य हैं जो कोई फर्क पा सकते हैं वे पिता, माता और शिक्षक हैं।÷ डॉ. कलाम का यह उद्धरण विश्व में शिक्षकों के प्रभाव का प्रतीक है। शिक्षकों पर इस दुनिया में सबसे प्रेरक काम और एक बड़ी जिम्मेदारी है। शिक्षक का पद अत्यंत गरिमा पूर्ण होता है, क्योकिं जिस प्रकार खेती के लिए बीज, खाद एवं उपकरण के रहते हुए, अगर किसान नहीं हैं, तो सब बेकार है। उसी प्रकार विद्यालय के भवन, शिक्षण सामग्री एवं छात्रों के होते हुए, शिक्षक नहीं हैं तो सब बेकार है।

कितना सफल हुआ है खुले में शौच से मुक्ति का अभियान?

सामाजिक कार्यकर्ता नीलम का कहना है कि आज हमारे पूरे भारतवर्ष में स्वच्छ भारत अभियान चल रहा है। लेकिन आज भी कई स्थान, कई परिवार और कई गांव ऐसे हैं जो शौचालय की सुविधा नहीं ले पा रहे हैं या यूं कहें कि उनके पास शौचालय की व्यवस्था नहीं है। जबकि शौचालय की सुविधा का सभी तक पहुंच का होना अनिवार्य है। खासकर महिलाओं और किशोरियों के लिए यह प्राथमिक आवश्यकताओं में एक है क्योंकि मासिक धर्म के समय उन्हें सबसे अधिक कठिनाइयों से गुज़रनी पड़ती है।

कितनी विडंबना है कि आजादी के 75 साल बाद भी देश की एक बड़ी आबादी खुले में शौच के लिए मजबूर है। 2011 की जनगणना के अनुसार देश के 53.1 प्रतिशत घरों में शौचालय नहीं था। जिसकी वजह से महिलाओं और लड़कियों को सबसे ज्यादा मुसीबतों का सामना करना पड़ता है। खुले में शौच जाने से महिलाओं और लड़कियों को न केवल मानसिक प्रताड़ना से गुज़ारना पड़ता है बल्कि उनके स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। घर में शौचालय न होने की वजह से लड़कियां और महिलाएं सुबह सूरज निकलने से पहले घर से दूर शौच के लिए जाती हैं और फिर पूरे दिन वह जाने से परहेज़ करती हैं। इसकी वजह से उन्हें कई प्रकार की बीमारियों का सामना करना पड़ता है। दिन में शौच से बचने के लिए वह काफी कम मात्रा में भोजन ग्रहण हैं जिससे कई महिलाएं और किशोरियां कुपोषण का शिकार हो जाती हैं। घर में शौचालय न होने का सबसे अधिक खामियाजा गर्भवती महिलाओं को उठाना पड़ता है। जिसका असर उनके प्रसव में नज़र आता है।

खुशी यादव

घर में शौचालय की कमी का एक उदाहरण राजस्थान के बीकानेर जिला स्थित लूणकरणसर ब्लॉक के बिंझरवाड़ी गांव में देखने को मिलता है जहां कई घरों में शौचालय व्यवस्था न होने के कारण लोग परेशान हैं। हालांकि 3 अप्रैल 2018 को ही राजस्थान की तत्कालीन सरकार ने सभी 43 हज़ार 344 गांवों, के साथ साथ 295 पंचायत समितियों और 9894 ग्राम पंचायतों को खुले में शौच से मुक्त घोषित कर दिया था। इसका अर्थ है कि गांवों के सभी घरों में शौचालय का निर्माण किया जा चुका है। लेकिन ज़मीनी हकीकत में यह शत प्रतिशत सच नहीं है।

इस संबंध में गांव की एक महिला जशोदा का कहना है कि गांव में शौचालय बनने के बाद अब महिलाओं को खुले में शौच के लिए नहीं जाना पड़ता है। गर्भवती महिलाओं को इससे बहुत ज्यादा सहायता मिली है। वह बीमारियों से मुक्त हो गई है। परंतु आज भी गांव के सभी घरों में शौचालय नहीं बने हैं। हालांकि जशोदा को यह नहीं पता है कि उनका गांव खुले में शौच से मुक्त गांव घोषित है या नहीं? उन्हें इस बात की भी जानकारी नहीं है कि जिन घरों में शौचालय नहीं बने हैं, उसके पीछे क्या कारण हैं? लेकिन वह इस बात को स्वीकार करती हैं कि गांव के बहुत से लोग जागरूकता के अभाव में सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने से वंचित रह जाते हैं।

गांव के एक सामाजिक कार्यकर्ता मनी राम

बताते हैं कि जब गांव के अधिकतर घरों में शौचालय नहीं था उस समय महिलाओं और किशोरियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। जिसकी वजह से वह बीमार और कुपोषित रहती थीं। मनी राम के अनुसार 2014-15 के आंकड़ों के मुताबिक गांव के 90 प्रतिशत घरों में शौचालय नहीं थे। इस समस्या को दूर करने के लिए उन्होंने गांव वालों को घर में शौचालय निर्माण के लिए प्रेरित किया। उन्हें न केवल घर में शौचालय होने के लाभों से अवगत कराया बल्कि शौचालय बनाने के लिए उन्होंने लोन की व्यवस्था भी करवाई। उन्होंने गांव के एसएचजी की सहायता से उन्हे 10000 का लोन दिलवाया। जिसके बाद गांव के कुछ घरों में शौचालय का निर्माण शुरू हुआ।

वह बताते हैं कि शुरू में अज्ञानतावश लोगों ने घर में शौचालय निर्माण का विरोध भी किया और इसे परंपरा के विरुद्ध भी बताया। लेकिन वह लगातार लोगों को इस दिशा में जागरूक करते रहे। धीरे धीरे गांव वालों को घर में शौचालय की महत्ता समझ में आने लगी। आज बिंझरवाड़ी गांव के लगभग सभी घरों में शौचालय का निर्माण किया जा चुका है। जबकि जिन घरों में अभी तक शौचालय नहीं बने हैं मनी राम उन्हें भी इसके लिए जागरूक करने का प्रयास कर रहे हैं ताकि गांव की सभी महिलाओं और किशोरियों को खुले में शौच से मुक्ति मिल सके। शौचालय निर्माण के ल

अल्पसंख्यक छात्रों को आधुनिक शिक्षा दी जा रही : धर्मपाल

शिक्षा में ए.आई. के उपयोग से छात्रों के पठन-पाठन के तरीकों में आयेगा व्यापक बदलाव

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण मुस्लिम व वक्फ एवं हज तथा पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री श्री धर्मपाल सिंह ने कहा है कि बदलते परिवेश एवं भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिये छात्रों को ए.आई. (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) की शिक्षा बेहद जरूरी है। उन्होने कहा कि शिक्षा को रोजगार परक बनाने तथा बच्चों में नैतिक मूल्यों की स्थापना के लिये ए.आई. का सक्रिय सहयोग लिया जाना चाहिये। उन्होने कार्यशाला के आयोजन के लिये बेसिक शिक्षा विभाग तथा इससे जुड़े आयोजको को बधाई देते हुये कहा कि समाज की गरीबी एवं अन्य समस्याओं के समाधान के लिये शिक्षा जरूरी है। इसलिये गुरूजनों की महती जिम्मेदारी है कि अपने दायित्वों का निर्वन्ह पूरी निष्ठा से करते हुये मा0 प्रधानमंत्री जी के सपनों का उत्तर प्रदेश बनाने में अपना बहुमूल्य योगदान दे।

श्री धर्मपाल सिंह आज यहां इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान गोमती नगर, लखनऊ में राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद उ0प्र0 लखनऊ द्वारा आयोजित एन.ई.पी-2020 की संस्तुतियों के क्रियान्वयन के संबंध में प्राचार्य एवं डायट प्रवक्ताओं की अभिमुखीकरण कार्यशाला को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मुझे प्रसन्नता है कि विभिन्न बोर्डों की सहभागिता के माध्यम से बेसिक शिक्षा विभाग के साथ मिलकर मदरसा शिक्षा परिषद ने एक दूरगामी निर्णय किया है। उन्होने कहा कि राज्य सरकार अल्पसंख्यक वर्ग के बच्चों को भी समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिये क्रान्तिकारी कदम उठाये है।

पशुधन मंत्री ने कहा कि अल्पसंख्यक वर्ग के बच्चों को परम्परागत शिक्षा के साथ ही आधुनिक शिक्षा दी जा रही है। ताकि अल्पसंख्यक

■ बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक ज्ञान बढ़ाने में ए.आई. महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी : संदीप

समाज के बच्चे अपनी तरक्की के साथ राष्ट्र निर्माण में अधिकतम योगदान दे सके। उन्होने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में सभी के लिये समान शिक्षा के द्वार खुले हुये है। इसके साथ ही आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की शिक्षा मदरसों तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होने कहा कि इस कार्यशाला के माध्यम से विभिन्न मदरसों के शिक्षकों को ए.आई. हेतु प्रशिक्षित करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होने ये भी कहा कि आने वाले समय में प्रदेश के समस्त शिक्षकों को डॉयट के माध्यम से ए.आई. का प्रशिक्षण दिलाया जायेगा।

इस अवसर पर कार्यशाला को संबोधित करते हुये प्रदेश के बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री संदीप सिंह ने कहा कि आज की इस कार्यशाला का आयोजन नई शिक्षा नीति को लेकर किया जा रहा है नई शिक्षा नीति में बच्चों के पठन-पाठन के तरीकों का नया रूप दिया गया है। जिसके माध्यम से बच्चों को सर्व समावेशी शिक्षा प्रदान करने का कार्य किया जा रहा है। बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक ज्ञान भी प्रदान किया जाय। उन्होंने तकनीकी शिक्षा पर बल देते हुए कहा कि पूरे प्रदेश के सभी स्कूलों में बच्चों को तकनीकी शिक्षा प्रदान करने का कार्य किया जा रहा है। संदीप सिंह ने कहा कि शिक्षक/शिक्षिकाएं बच्चों को बेहतर ढंग से शिक्षा प्रदान करें, जिससे वह अच्छी शिक्षा प्राप्त कर अपना एवं अपने जनपद एवं माता-पिता का नाम रोशन करेंगे। शिक्षक बच्चों के साथ अच्छा व्यवहार करें इसका भी ध्यान अवश्य रखना चाहिए।

मरीजों की जानकारी के लिए डिस्प्ले बोर्ड किये जाये स्थापित : डॉ दयाशंकर

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। प्रदेश के आयुष राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एमओएस) डा दयाशंकर मिश्रा दयालु आज उप्र राज्य आयुष सोसाइटी कार्यालय के सभागार में प्रदेश के सभी राजकीय आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज/यूनानी मेडिकल कालेज एवं होम्योपैथिक मेडिकल कालेज के प्रधानाचार्यों के साथ वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक किया। उन्होंने सभी प्रधानाचार्यों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी छात्रावासों में छात्रों हेतु पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के लिए मेस का संचालन सुचारू रूप से सुनिश्चित किया जाय। छात्र कमरे में खाना न बनाकर मेस एवं कैन्टीन की व्यवस्था अपनाये। उन्होंने प्रधानाचार्यों को निर्देश दिये कि अपने कैम्पस में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दें।

आयुष मंत्री ने प्रधानाचार्यों को निर्देश देते हुए कहा कि ओपीडी में आने वाले रोगियों की सुविधा के लिए मुख्य स्थान पर साइनेज को स्थापित कराएं ताकि मरीजों को चिकित्सकों, पैथालाजी एवं अन्य आवश्यक जानकारी को आसानी से प्राप्त कर सकें। उन्होंने निर्देश दिये कि चिकित्सकों के ओपीडी के बाहर मरीजों का कौन सा नम्बर चल रहा है इसकी जानकारी के लिए डिस्प्ले बोर्ड पर प्रदर्शित की जाय, जिससे कि मरीजों को अपने नम्बर की सूचना मिलती रहे। उन्होंने कहा कि मरीजों को इधर-उधर न भटकना पड़े इसके लिए अस्पताल से सम्बंधित सभी जानकारियों की एक चार्ट बनाकर सूचना प्रदर्शित करें। उन्होंने निर्देश दिये कि ओपीडी में किसी दिन, कौन से डाक्टर की ओपीडी है, उसकी भी सूचना अंकित कराना सुनिश्चित करें।

डा0 दयालु ने सभी प्रधानाचार्य को निर्देश दिये हैं कि कालेजों में रिक्तियों की सूचना निदेशालय को प्राथमिकता पर उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि प्रधानाचार्य अपने-अपने कैम्पस की साफ-सफाई, बिजली की आपूर्ति, पीने का स्वच्छ पानी की व्यवस्था को नियमित रूप से कराना सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि छात्रावासों के मरम्मत की कार्यवाही शीघ्र ही पूर्ण कराएं।

मुख्यमंत्री बाल रणवीर योजना

प्रदेश में डूबने की घटनाओं में होगी कमी

अवधनामा संवाददाता

■ 120 मास्टर्स ट्रेनर्स को किया जाएगा प्रशिक्षित

लखनऊ। राहत आयुक्त जी.एस.नवीन कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री बाल-रणवीर कार्यक्रम का उद्देश्य क्षमता निर्माण एवं जन जागरुकता के माध्यम से प्रदेश में घटित होने वाली डूबने की घटनाओं में कमी लाना है।

बताया कि इसके अंतर्गत राष्ट्रीय अन्तर्देशीय जल परिवहन संस्थान द्वारा एन. डी. आर. एफ. व एस. डी. आर. एफ., पी. ए. सी., शिक्षा विभाग के समनन्वय से 120 मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण करना व आपदा मित्रों को मूल प्रशिक्षण के साथ-साथ तैराकी का प्रशिक्षण भी अनिवार्य रूप से प्रदान करना है। कार्यक्रम के माध्यम से निम्न बिंदुओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा जैसे- डूब क्षेत्रों का चिन्हीकरण कर उन स्थानों पर साइन बोर्ड्स लगाना, आपदा मित्रों के माध्यम से जनजागरूक करना इत्यादि। उन्होंने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से स्कूल के पाठ्यक्रमों में डूबने से बचाव के नियमों को शामिल कर निर्धारित रूपरेखा के परिणामस्वरूप डूबने की घटनाओं मे 20 प्रतिशत तक कमी लाने का लक्ष्य है जिसका मूल्यांकन प्रत्येक चरण में किया जाएगा । मानचित्रों एवं जनजागरुकता के माध्यम से डूबने की घटनाओं में कमी लाया जाएगा , इसके साथ- साथ सर्पदंश वाले स्थानों को चिन्हित कर चेतावनी बोर्ड्स भी लगाए जा रहे हैं। नवीन कुमार ने बताया कि प्रशिक्षित हुए आपदा मित्रों को सफलता पूर्वक प्रशिक्षण के बाद डूब क्षेत्रों, त्योहारों व चिन्हित स्थानों पर आवश्यकतानुसार तैनात किया जाएगा।

बाल श्रमिक विद्या योजना के तहत 2000 कामकाजी बच्चों को किया गया लाभान्वित

लखनऊ। सरकार के निर्देशों के क्रम में बाल श्रमिक विद्या योजना के अन्तर्गत ऐसे बाल श्रमिक, जिनके माता-पिता की मृत्यु हो चुकी है या वे किसी गंभीर रोग से ग्रस्त होने के कारण कार्य करने की स्थिति में नहीं है। ऐसे कामकाजी बच्चों के लिए प्रत्येक माह 1000 रूपये बालकों के लिए और 1200 रूपये की धनराशि बालिकाओं के लिये आर्थिक सहायता के रूप में दी जा रही है। लाभार्थी कामकाजी बालक/बालिका व किशोर/किशोरी योजना के अन्तर्गत कक्षा-8, 9, 10 तक की शिक्षा प्राप्त करते हैं, तो उन्हें कक्षा-8 उत्तीर्ण करने पर 6000 रूपये की अतिरिक्त धनराशि प्रोत्साहन के रूप में दी जा रही है। श्रम विभाग द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार इस योजना के अन्तर्गत प्रति वर्ष 8-18 आयु वर्ग के 2000 कामकाजी बच्चों/किशोर-किशोरियों को लाभान्वित किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

किसानों के हितों के ध्यान मे रखते हुए आलू बीज की विक्रय दरें निर्धारित

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने किसानों एवं आलू उत्पादकों के हितों को ध्यान में रखते हुए वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए आलू बीज की विक्रय दरें निर्धारित कर दी है। निर्धारित दरों के अनुसार आधारित प्रथम आलू 3325 रूपये प्रति कुंतल, आधारित द्वितीय आलू 2915 रूपये प्रति कुंतल, ओवर साइज (आधारित प्रथम) 2655 रूपये प्रति कुंतल, ओवर साइज (आधारित द्वितीय) 2600 रूपये प्रति कुंतल तथा आधारित प्रथम आलू (ट्रूथफुल) 2570 रूपये प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है। सफेद एवं लाल आलू प्रजातियों की विक्रय दरें एक समान है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये है कि आलू बीज की गुववत्ता आदि के बारे में व्यापक प्रचार-प्रसार कराकर कृषकों को आलू बीज उठाने हेतु प्रोत्साहित किया जाय। उन्होंने निदेशक उद्यान को आलू बीज विक्रय व वितरण की कार्यवाही निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार कराने के निर्देश दिये है।

उद्यान मंत्री ने बताया कि उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा किसानों को नकद मूल्य पर आधारित प्रथम, द्वितीय तथा प्रमाणित आलू बीज उपलब्ध कराया जा रहा है। इन दरों पर प्रदेश के कृषक अपने जनपदीय उद्यान

■ आधारित प्रथम आलू 3325 एवं द्वितीय आलू 2915 रूपये प्रति कुंतल निर्धारित

अधिकारी से नकद मूल्य पर बीज प्राप्त कर आलू बीज का उत्पादन कर सकते हैं। यह आलू बीज आधारित प्रथम, आधारित द्वितीय तथा प्रमाणित श्रेणी का है, इससे आगामी वर्षो के लिए बीज तैयार किया जा सकता है। प्रदेश के किसान भाई अपने जनपद के उद्यान अधिकारी से मिलकर निर्धारित दरों पर आलू बीज प्राप्त कर अपने निजी प्रक्षेत्रों पर बीज उत्पादन कर सकते हैं। उद्यान मंत्री ने राजकीय शीतगृह अलीगंज लखनऊ एवं मोदीपुरम, मेरठ से आलू बीज निकासी एवं जनपदों तक ढुलान व्यवस्था, नियंत्रण एवं आलू बीज के सड़न, संकुचन व सूखन के निर्धारण एवं नियंत्रण हेतु उप निदेशक उद्यान की अध्यक्षता में निगरानी समिति का गठन किया है।

जातीय जनगणना को लेकर मोदी सरकार विरोधाभासी

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। प्रमोद तिवारी, सांसद, उप नेता, राज्य सभा ने जातीय जनगणना को लेकर मोदी सरकार की विरोधाभासी बयानबाजी को देश की जनता के साथ धोखा बताते हुये कहा है कि भारत के संविधान के अनुच्छेद-75 में सुस्पष्ट है कि मंत्रिपरिषद सामूहिक रूप से उत्तरदायी होती है। केन्द्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने राष्ट्रीय स्तर पर जातिगत जनगणना का पक्ष लेते हुए इसे प्रभावी बनाए जाने का बयान दिया है किन्तु इसके विपरीत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कह रहे हैं कि यह मांग कांग्रेस समेत विपक्ष की गरीबों को बांटने की साजिश है।

श्री तिवारी ने कहा कि एक तरफ एक वोट बैंक साधने के लिए केन्द्रीय मंत्री का बयान जातिगत जनगणना के पक्ष में आ रहा है वहीं दूसरी तरफ दूसरे वोट बैंक को साधने के लिए प्रधानमंत्री इसके विपरीत राग अलाप रहे हैं। श्री तिवारी ने प्रधानमंत्री से कहा है कि या तो केन्द्रीय मंत्री को मंत्रिपरिषद से बाहर करे अथवा स्वयं के बयान को वापस ले। इस प्रकार के सरकार के मंत्रिपरिषद के विरोधाभासी बयान देश की जनता को धोखे मे रखने का सियासी हथकण्डा है। श्री तिवारी ने जातिगत जनगणना को लेकर कांग्रेस का रूख स्पष्ट करते हुए कहा है कि कांग्रेस राष्ट्रीय स्तर पर जातिगत जनगणना कराए जाने की पक्षधर है। राहुल गांधी ने मजबूती के साथ जातिगत जनगणना के पक्ष में समर्थन को लेकर दृढ़ता से बयान दिया है।

सारे इंसान एक माता-पिता की संतान और खून शरीक भाई हैं : मेराज अहमद कमर

अवधनामा संवाददाता

फतेहपुर बाराबंकी। प्रत्येक भारतीय नागरिक को महात्मा गांधी के जीवन से मार्गदर्शन प्राप्त कर सत्य, अहिंसा, त्याग और बलिदान के रास्ते पर चल कर दुनिया को अपना बना लेना चाहिए; उक्त विचार गाँधी जयंती के अवसर पर कमर फाउन्डेशन के तत्वाधान में आयोजित ÷महात्मा गांधी और धार्मिक सहिष्णुता÷ को संबोधित करते हुए मौलाना मेराज अहमद कमर ने व्यक्त किए. उन्होंने दुनियाभर में प्रचलित सभी धर्मों के हवाले से बताया कि इस धरती पर आने वाले सारे इंसान एक दूसरे के खून शरीक भाई एक माता पिता की सन्तान हैं. यही वजह है कि हम एक दूसरे के दुख में बिना बुलाए चल पड़ते हैं। अध्यक्षता कर रहे जमात ए इस्लामी के सदस्य हाफिज अब्दुल हई ने अपने विचार रखते हुए कहा कि मोहम्मद साहब के पगचिन्हों पर चल कर प्रेम, सद्भावना और सहिष्णुता स्थापित की जा सकती है। प्रेम और मानवता से बढ़कर कुछ नहीं है। आपसी सौहार्द कायम रखना हम सबकी ज़िम्मेदारी है। सद्गुरु आश्रम के महन्त लक्षमेन्द्र दास ने अपने सम्बोधन में कहा कि मनुष्य वही है जो दूसरे मनुष्य के काम आए और समाज में परेशान व्यक्ति के दुःख दर्द में शरीक हो। आज कुछ लोग समाज में नफरत की राजनीति कर रहे हैं लेकिन वो कभी अपने मकसद में कामयाब नहीं हो सकते। कमर फाउंडेशन उत्तर प्रदेश की जानिब से ये सद्भावना कार्यक्रम हिन्दू मुस्लिम एकता को मजबूत कर रहे हैं, और मानवता का संदेश दे रहे हैं। निश्चित तौर पर समाज और देश को इन कार्यक्रमों से लाभ होगा। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक, समाजसेवी एवं मशहूर शायर अहमद सईद हर्फ़ ने किया। इस अवसर पर प्रधान दिनेश कुमार रावत, कमलेश चन्द्र वर्मा, मुबारक अली, हरि प्रसाद, मोहम्मद रफ़ीक़, देवी शरण, नसरुल्लाह, जगत राम कोटेदार, राशिद अली, हंसराज, मो असलम खान, इज़हार अहमद, रेहान राइन, मो आरिफ आदि लोग भारी संख्या में उपस्थित रहे।

पर्यावरण जल संरक्षण के संकल्प के साथ विद्यार्थी करें अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। सामाजिक संस्था सोसाइटी ऑफ कैरियर टेक्नोलॉजी (सोक्ट) एवं जनविकास महासभा के संयुक्त तत्वावधान में एकता विद्यालय इंटर कॉलेज में विद्यार्थी प्रतिभा कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित बच्चों को पर्यावरण एवं जल संरक्षण के लिए संकल्प कराया गया साथ ही साथ आत्मनिर्भर भारत के प्रति जागरूक भी किया गया और उनकी प्रतिभा को राष्ट्र की धरोहर मानते हुए प्रदर्शित करने के लिए प्रेरित किया गया। यह कार्यषाला आगामी 22 से 24 दिसम्बर तक विद्यार्थी प्रतिभा उत्सव कार्यक्रम के क्रम में आज यहां हुयी इस कार्यशाला में कालेज के छात्रों ने हिस्सा लिया और इस मौके पर जनविकास महासभा के अध्यक्ष पंकज तिवारी ने छात्रों ने शिक्षा के साथ-साथ अपनी प्रतिभाओं को प्रदर्शित करने के लिये विद्यार्थी प्रतिभा उत्सव में हिस्सा लेने के लिये निःषुल्क कराने के लिये आमंत्रित किया। इस कार्यक्रम में जनविकास महासभा के अध्यक्ष पंकज तिवारी के अलावा महासभा के प्रदेश मंत्री अजय यादव कॉलेज के प्रबंधक यश सिंह, प्रधानाचार्या ममता सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

हैकाथॉन में इन्नोवेटिव आइडियाज़ को टीएमयू ने कसी कमर

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग, कॉलेज ऑफ कम्प्यूटिंग साइंसेज एंड आईटी, कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज और कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर साइंस के मेधावी स्टुडेंट्स और फैकल्टीज़ ने इन्नोवेटिव आइडियाज़ यानी स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन-2023 की कड़ी परीक्षा के लिए कमर कस ली है। स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन-2023 के ग्रांड फिनाले में इन्नोवेटिव आइडियाज़ देने वाले विजेताओं को शिक्षा मंत्रालय की ओर से पुरस्कृत किया जाएगा। उल्लेखनीय है, केंद्र सरकार की 181 सॉफ्टवेयर, जबकि 58 हार्डवेयर की दुश्वारियों के स्थाई समाधान के लिए यह अखिल भारतीय मुकाबले होने जा रहा है। इसके लिए प्रथम चरण में सॉफ्टवेयर की 18 और हार्डवेयर की 06 यानी कुल 24 टीमों का चयन कर लिया गया है। द्वितीय चरण के बाद ही फाइनल के लिए टीमों का चयन होगा। इस बार एक यूनिवर्सिटी से अधिकतम 35 टीमें जा सकती है, जिसमें 30 टीमें रेगुलर होंगी और 05 टीमों को प्रतीक्षा सूची में रखा जाएगा। प्रत्येक टीम में अधिकतम छह स्टुडेंट्स होंगे, जिसमें 01 छात्रा का होना अनिवार्य है। इससे पूर्व डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन ने बतौर मुख्य अतिथि, सीसीएसआईटी के निदेशक प्रो. आरके द्विवेदी, डॉ. पंकज गोस्वामी, डा. आशेन्द्र सक्सेना, डॉ. शंभू भारद्वाज, श्री प्रदीप वर्मा, श्री आशीष विश्नोई, श्री आरसी पाण्डेय, डॉ. विपिन कुमार, डॉ. शुभेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ. राहुल शर्मा, डॉ. आशीष सिमालती, डॉ. गन्धर्व कुमार आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

आईआईसी की प्रेसिडेंट और डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन ने बतौर मुख्य अतिथि कहा, स्टुडेंट्स अपने विचारों को सीमित न रखें। उन्होंने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों से निपटने के लिए बहुविषयक मानसिकता पर जोर देते हुए कहा, बुद्धि और प्रौद्योगिकी के संलयन के रूप में वास्तविक समय प्रसंस्करण का पता लगाएं। एसपीओसी- टीएमयू एसआईएच-2023 एवम् सीसीएसआईटी के निदेशक प्रो. आरके द्विवेदी ने सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर दोनों डोमेन में उत्कृष्टता को आवश्यक बताया।

नेशनल डायविंग एवं स्विमिंग प्रतियोगिता

सीएमएस छात्र ने जीते दो गोल्ड

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजेन्द्र नगर (प्रथम कैम्पस) के छात्र शीतांशु गौतम ने बंगलूरू में आयोजित नेशनल डायविंग एवं स्विमिंग प्रतियोगिता में दो गोल्ड मेडल अर्जित कर लखनऊ का गौरव बढ़ाया है। शीतांशु ने ये दोनों गोल्ड मेडल 1 मीटर स्प्रिंग बोर्ड डायविंग एवं 3 मीटर स्प्रिंग बोर्ड डायविंग में अर्जित कर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। प्रतियोगिता का आयोजित काउन्सिल फॉर द इण्डियन स्कूल सार्टिफिक्रेट एक्जामिनेशन (सीआईएससीई) के तत्वावधान में किया गया। सी.एम.एस. संस्थापक डा. जगदीश गाँधी ने इस प्रतिभाशाली छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित इस अत्यन्त प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देश भर के विभिन्न विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग किया जिसमें कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सी.एम.एस. छात्र का दो गोल्ड मेडल अर्जित करना एक बड़ी उपलब्धि है। शीतांशु ने अपनी तैराकी प्रतिभा, चुस्ती-फूर्ती, कौशल व दमखम के बलबूते राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने के संकेत दिये है। अभूतपूर्व प्रतिभा के धनी शीतांशु पहले भी कई प्रतिष्ठित प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक अर्जित कर चुके हैं। श्री शर्मा ने बताया कि सी.एम.एस. छात्र न सिर्फ शैक्षिक क्षेत्र में अपितु खेलों व समाज के अन्य बहुतेरे क्षेत्रों में भी विद्यालय का नाम राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर रहे हैं।

पत्रकारों को डरा धमकाकर और उत्पीड़ित कर रही सरकार

लखनऊ। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) उत्तर प्रदेश राज्य सचिव मंडल ने न्यूज क्लिक समाचार पोर्टल के प्रधान संपादक प्रबीर पुरकायस्थ एवं अमित चक्रवर्ती की गिरफ्तारी तथा न्यूज क्लिक से जुड़े पत्रकारों के घरों पर पुलिस द्वारा छापामारी की तीव्र निंदा करते हुए विरोध किया है। सीपीएम राज्य सचिव मण्डल ने कहा कि सरकार की सच्चाई उजागर करने वाले पत्रकारों और समाचार चैनलों को डरा धमकाकर और उत्पीड़ित कर मोदी सरकार उन्हें अपना भोंपू बनाना चाहती है। इसके पहले भी दैनिक भास्कर, समाचार भारत, न्यूज लाण्ड्री, दि वॉयर आदि समाचार पत्रों और चैनलों के कार्यालयों पर भी छापेमारी की गयी थी क्योंकि वे सरकार के सम्बन्ध में सच उजागर कर रहे थे। निरन्तर घृणा और नफरत फैलाने वाले गोदी मीडिया के खिलाफ सरकार एजेंसियां और पुलिस कोई कार्रवाई नहीं करती है।

ग्रामीण बिलिंग को शहरी दर पर करके कई गुना अधिक वसूली के मामले पर आया नया मोड

अवधनामा संवाददाता

■ पावर कारपोरेशन के चोर दरवाजे पत्र का उपभोक्ता परिषद ने किया खुलासा

लखनऊ। प्रदेश की बिजली कंपनियों द्वारा 636 आईपीडीएस टाउन सहित अनेकों जनपदों में विद्युत आपूर्ति अधिक देने के नाम पर लाखो की संख्या में ग्रामीण विद्युत उपभोक्ताओं की बिलिंग को शहरी आधार पर करके उनसे कई गुना बिल वसूल किए जाने के मामले पर जहां पावर कारपोरेशन के निदेशक वाणिज्य की तरफ से विद्युत नियामक आयोग को पत्र लिखकर उपभोक्ता परिषद की अवमानना याचिका पर जवाब देने के लिए 4 सप्ताह का समय मांगा गया है जबकि आयोग ने 10 दिन में पावर कारपोरेशन के प्रबंध निदेशक से रिपोर्ट मांगी थी वही उपभोक्ता परिषद आज जो खुलासा करने जा रहा है उससे पता चल जाएगा कि प्रदेश की बिजली कंपनियां उपभोक्ता परिषद की अवमानना याचिका जो विद्युत नियामक आयोग में दाखिल की जा चुकी है और कंपनियों के खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की मांग की गई है उससे बचने के लिए पर्दे के पीछे एक नया खेल शुरू कर दिया है जिस दिन पावर कॉरपोरेशन की तरफ से नियामक आयात से चार सप्ताह का समय मांगा गया उसी दिन पावर कारपोरेशन के निदेशक वाणिज्य की तरफ से सभी बिजली कंपनियों के प्रबंध निदेशक को यह निर्देश भेजे गए कि उपभोक्ता परिषद की याचिका पर विद्युत नियामक आयोग द्वारा 10 दिन में रिपोर्ट मांगी गई है और उसे टैरिफ आदेश का उल्लंघन माना गया है जो बहुत ही गंभीर है।

बहुत ही चालाकी से पावर कारपोरेशन ने उपभोक्ता परिषद की वर्ष 2016 की याचिका को आधार बनाते हुए कहा विद्युत नियामक आयोग ने जैसा यह निर्देश दिया था की मात्र विद्युत आपूर्ति की घण्टो में बढोतरी करके ग्रामीण फीडर पर शहरी टैरिफ नहीं लागू किया जा सकता जब तक की ग्रामीण फीडर को शहरी शेड्यूल के अनुसार विद्युत आपूर्ति न दिया जाए और उसे शहरी फीडर ना घोषित कर दिया जाए।

इसलिए सभी बिजली कंपनियां जिनके क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बढाने के कारण ग्रामीण फीडर पर शहरी दर पर विद्युत बिल की वसूली हुई है वहां तत्काल शहरी फीडर घोषित कर दिया जाए उसके उपरांत जवाब पावर कॉरपोरेशन को भेजा जाए। पावर कारपोरेशन के निदेशक वाणिज्य ने मामले की गंभीरता को देखते हुए अपने बिलिंग सॉफ्टवेयर विंग से भी पिछले 6 माह के सप्लाई टाइप परिवर्तन के मामले की रिपोर्ट भी मांगी है।

स्पेलिंग प्रतियोगिता में पलक वर्मा को मिला प्रथम रैंक

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर (द्वितीय कैम्पस) की कक्षा-10 की मेधावी छात्रा पलक वर्मा ने 'विज नेशनल स्पेल बी प्रतियोगिता' में राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम रैंक अर्जित कर लखनऊ का नाम रोशन किया है। इस अभूतपूर्व उपलब्धि हेतु पलक को नई दिल्ली में आयोजित एक भव्य सम्मान समारोह में प्रशस्ति पत्र, मेडल, ट्राफी व दस हजार रूपये के नगद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सी.एम.एस. संस्थापक डा. जगदीश गाँधी ने

सी.एम.एस. छात्रा की सफलता पर हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की एवं विद्यालय की प्रधानाचार्या व शिक्षकों का आभार व्यक्त किया है। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि अखिल भारतीय स्तर की इस प्रतियोगिता में देश भर के विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग कर अपने अंग्रेजी ज्ञान का प्रदर्शन किया। कड़ी प्रतिर्स्पधा के बीच पलक ने प्रतियोगिता के मेगा फाइनल राउण्ड में अंग्रेजी ज्ञान, स्पेलिंग, ग्रामर, पजल्स, फोनेटिक्स सिम्बल, बोलने की क्षमता, राइमिंग वर्डस, जंबल लेटर्स आदि विभिन्न मानकों पर सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन कर ऑल इण्डिया प्रथम रैंक पर कब्जा जमाया और सिद्ध कर दिया निकट भविष्य में यह मेधावी छात्रों अपने ज्ञान व बहुमुखी प्रतिभा के दम पर अन्तर्राष्ट्रीय पटल पर देश का गौरव बढ़ाने हेतु तत्पर है।

एक दिवसीय तैराकी प्रतियोगिता/ट्रायल का आयोजन

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। बेसिक शिक्षा परिषद के तत्वाधान में आयोजित एक दिवसीय तैराकी प्रतियोगिता/ट्रायल का आयोजन नारायण कॉलेज ऑफ सांइस एंड आर्ट के तरण ताल में किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन कॉलेज के वॉयस चेयरमैन अंकित तिवारी के कर कमलों से हुआ उन्होंने कहा कि इस तरह के बच्चों के आयोजनों के लिए उनका कॉलेज हमेशा तैयार है बेसिक के बच्चे अपना विद्यालय समझ कर इस तरणताल एवं अन्य मैदानों आदि का उपयोग बेझिझक कर सकते है। जिसमें अलग अलग विकास खण्ड के प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। 25 मीटर फ्री स्टाइल बालक वर्ग में रितिक सैफई प्रथम कृष्णकुमार बढ़पुरा द्वितीय पवन महेवा तृतीय रहे। बालिका वर्ग में मोहनी बसरेहर प्रथम चंद्रा महेवा द्वितीय गंगा भरथना तृतीय स्थान पर रही। बालक वर्ग 50 मीटर स्पर्धा में विनीत भरथना प्रथम रितिक सैफई द्वितीय पवन महेवा तृतीय स्थान पर रहे। बालिका वर्ग मे गंगा भरथना प्रथम आकांक्षा बढ़पुरा द्वितीय चन्दा महेवा तृतीय रही। 100 मीटर बालक वर्ग में शिवम भरथना प्रथम रामपाल चकरनगर द्वितीय अंकित बढ़पुरा तृतीय रहे। बालिका वर्ग में मोहनी बसरेहर प्रथम आकांक्षा बढ़पुरा द्वितीय गंगा भरथना तृतीय रही। प्रतियोगिताओं का संचालन डॉ राजेश कुमार जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देशानुसार गौरव पाठक एवं प्रमिला पाठक जिला व्यायाम शिक्षक/शिक्षिका ने सफलता पूर्वक सम्पन्न करायी। समापन अवसर पर वायस चेयरमैन अंकित तिवारी ने सभी विजेता बच्चो को मेडल पहना कर शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में ब्लाक व्यायाम शिक्षक सोएब आलम अर्चना चौधरी राजेश जादौन योगेंद्र चौधरी अजयपाल यादव अजय यादव अमित कुमार वेदप्रकाश नृपेंद्र चतुर्वेदी प्रदीप कुमार ज्योत्स्ना सिंह प्रियंका सिंह यतेंद्र सिंह शिववीर लेखराज सिंह ने विशेष सहयोग किया। 4

वन्य प्राणि सप्ताहः चौथे दिन पेंटिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। वनों एवं वन्यजीवों के संरक्षण एवं सवर्धन हेतु जन जागृति उत्पन्न करने के उद्देश्य से वन्य प्राणि सप्ताह का आयोजन दिनांक 01अक्टूबर से इटावा सफारी पार्क में किया गया। इटावा सफारी पार्क की निदेशक दीक्षा भण्डारी के निर्देशन में वन्य प्राणि सप्ताह के चौथे दिन 4 अक्टूबर को पंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता सीनियर व जूनियर दो वर्गो में आयोजित की गयी। जिसमें सुदिति ग्लोबल एकेडमी, अर्चना मैमोरियल, नारायण कालेज ऑफ सांइस एण्ड आर्ट्स, संत विवेकानन्द सीनियर सेकेण्ड्री पब्लिक स्कूल, पानकुंअर इण्टरनेशनल स्कूल, पुलिस मार्डन स्कूल, दिल्ली पब्लिक स्कूल, सेविन हिल्स इण्टर कालेज समेत जनपद के अन्य कई विद्यालयों के लगभग 90 छात्र/छात्राओं ने प्रतिभाग किया। मौके पर सफारी पार्क के उप निदेशक जयप्रकाश सिंह, क्षेत्रीय वन अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव, बायोलॉजिस्ट बी0एन0सिंह, फील्डसुपरवाइजर श्रीप्रकाश शुक्ला, शशांक पटेल, अशोक शाक्य आदि उपस्थित रहे। इसके साथ ही 5 से 7 अक्टूबर तक विविध कार्यक्रम आयोजित कराए जाते रहेंगे।

महिला सुरक्षा सशक्तिकरण एवं उद्यमिक विकास प्रशिक्षण का शुभारंभ

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत 6 दिवसीय महिला सुरक्षा सशक्तिकरण एवं उद्यमिक विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का नारायण कॉलेज ऑफ साइंस एंड आर्ट्स में उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। एसएसपी ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए जागरूक किया तथा महिलाओं को प्रशिक्षण किट वितरित किया गया। उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुये मुख्य अतिथि संजय कुमार ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी की समाज के विकास में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका है। मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं और बेटियों को स्वाबलंबी एवं सुरक्षित बनाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वाबलंबन की दिशा में यह एक सार्थक प्रयास है। महिला जागरूकता, दक्षता, कौशल विकास, प्रशिक्षण, महिला उद्यमिता के प्रोत्साहन के लिए यह योजना संचालित की जा रही है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार पंडित दीन दयाल उपाध्याय जागृति समिति द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

आदर्श स्कूल इकदिल में सामान्य प्रतियोगिता संपन्न

इटावा, इकदिल। आदर्श प्राथमिक विद्यालय एवं इंडियन एकेडमी मुहल्ला कायस्थान इकदिल में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन सीनियर व जूनियर दो वर्गों में किया गया। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में ज़ैनब अंसारी ने प्रथम स्थान, सुहाना ने द्वितीय स्थान व अंशिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर में अभि ने प्रथम स्थान, माही मिश्रा ने द्वितीय स्थान व अंशराज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। आदर्श प्राथमिक विद्यालय एवं इंडियन एकेडमी इकदिल के प्रधानाचार्य डॉ.सुशील सम्राट ने सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राओं को पुरुस्कृत किया। उन्होंने कहा कि बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए पुरुस्कृत करना जरूरी है। प्रतियोगिताओं में बच्चों को बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए।

आयुष आपके द्वार के तहत इंद्रपुरी कालौनी में लगा स्वास्थ्य कैम्प

मथुरा। उत्तर प्रदेश सरकार के आयुष मंत्रालय की पहल आयुष आपके द्वार के अंतर्गत क्षेत्रीय आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी डॉ. गोपाल सिंह के दिशा निर्देशन में इंद्रपुरी कॉलोनी अंबेडकर पार्क के पास मथुरा में निःशुल्क स्वास्थ्य एवं योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ पार्षद गुलशन एवं जिला आयुष अधिकारी डा. गोपाल सिंह के द्वारा किया गया। आयुर्वेद निःशुल्क चिकित्सा शिविर में एक हजार लोगों दवा वितरण कर लाभान्वित किया गया। इस दोरान शिविर में गठिया वाय पेट संबंधी बीमारी(गैस, बदहजमी-अपच, फैटी लीवर आदि), बाबासीर, त्वचा विकार, खून की कमी, स्त्री संबंधित रोग तथा दमा, पुरानी खासी , बुखार, नाड़ी गत वात आदि के मरीज पहुंचे।

किरदारों के चयन में कास्टिंग डायरेक्टर की भूमिका अहम

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। फ़िल्म निर्माण एक टीम वर्क है। फ़िल्म में हर व्यक्ति की अपनी एक अहम जिम्मेदारी के अनुरूप भूमिका होती है। फ़िल्म निर्माण से पहले किरदारों के चयन में कास्टिंग डायरेक्टर की भूमिका सबसे अहम होती है। यह बात फ़िल्म द सीक्रेट ऑफ़ देवकाली के कास्टिंग डायरेक्टर श्रद्धा श्रीवास्तव और सोहन ठाकुर ने विशेष बातचीत में की। कास्टिंग के क्षेत्र में श्रद्धा सोहन एक जाना पहचाना नाम है दोनों ही लोग बड़ी फिल्में, धारावाहिक, एड फ़िल्म, वेब सीरीज के लिए किरदारों का चयन कर चुके हैं। बिहार के दरभंगा से चलकर अपने संघर्ष और जौहरी जैसी पारखी नजर के हुनर से कास्टिंग की दुनिया में मुकाम हासिल किया है। लोकप्रिय धारावाहिकों में उड़ान और प्रतिज्ञा, मधुबाला, रंग रसिया, अगले जनम मोहे बिटिया ही कीजो, खामोशियाँ, सावधान इंडिया, संस्कार, बड़ी बहू, ये वादा रहा, सावित्री, कैरी, किचन चैंपियन, जैसे दर्जनों धारावाहिकों के किरदार लोगों के स्मृति पटल पर छाए हुए हैं।आने वाली फिल्मों में कास्टिंग को लेकर जानकारी देते हुए श्रद्धा और सोहन ठाकुर ने बताया कि महत्वकांक्षी फ़िल्म दयानद सरस्वती के लिए महत्वपूर्ण किरदारों के लिए कलाकारों को कास्ट किया है। उन्होंने ने बताया इस वक्त फिल्म की शूटिंग देहरादून में चल रही है और इस फ़िल्म की लॉन्चिंग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे।

बैंकर्स की बैठक कर लंबित आवेदनों का करें निस्तारणः डीएम

अवधनामा संवाददाता

- कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई जिला स्तरीय उद्योग बंधु समिति की बैठक
- औद्योगिक क्षेत्र में पानी की उपलब्धता को लेकर स्टीमेट बनाए जाने के निर्देश

बांदा। जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय उद्योग बन्धु समिति की बैठक सम्पन्न हुई। उन्होंने शासन द्वारा संचालित रोजगारपरक योजनायें प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना एवं एक जनपद एक उत्पाद योजना की समीक्षा करते हुए लीड बैंक मैनेजर को निर्देशित किया कि इन योजनाओं में हर महीने का लक्ष्य पूर्ण करने के लिए बैंकर्स की बैठक करके लम्बित आवेदनों का शीघ्र निस्तारण कराकर ऋण स्वीकृत कराये जाने के निर्देश दिये। बैठक में बताया गया कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम में 20 लाभार्थियों को 41.56 लाख के ऋण वितरित किये गये हैं तथा मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना में लाभार्थियों को 20 लाख रूपये की धनराशि के ऋण वितरण किये गये हैं। उन्होंने एक सप्ताह में सभी अवशेष आवेदनों का निस्तारण कराये जाने के निर्देश एलडीएम को दिये। निवेष मित्र पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों का समय से गुणवत्तायुक्त निस्तारण किये जाने के के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने औद्यागिक क्षेत्र भूरागढ़ में पानी की उपलब्धता के सम्बन्ध में जलनिगम एवं जल संस्थान तथा यूपीसीडा के अधिकारियों को एक सप्ताह में इस्टीमेट बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। उन्होंने कपसा मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के लिए अवमुक्त रूपये 41.26 करोड़ की धनराशि का शीघ्र टेण्डर कराकर एक सप्ताह के अंदर कार्य प्रारंभ करने के निर्देश लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता को दिये। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि सड़क के निर्माण कार्य के समय वाहनों के आवागमन को बन्द न किया जाए और ना ही किसी प्रकार की जाम की समस्या उत्पन्न होने पाये। उन्होंने ग्रामीण ग्रामीण औद्योगिक अवस्थान के उच्चीकरण के कार्य शीघ्र पूर्ण कराये जायें। उन्होंने महाप्रबन्धक जिला उद्योग केन्द्र को निर्देशित किया कि ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट-2023 एसएसएमई के अन्तर्गत लक्ष्य के अनुरूप जीबीसी के लिए ईकाइयों को तैयार कराने हेतु सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों की बैठक आयोजित कर ईकाइयों को तैयार करायें। उन्होंने एमएसएमई इकाई के यूआरसी (उद्यम रजिस्टेज्शन सर्टीफिकेट) पोर्टल पर पंजीयन हेतु अधिक से अधिक छोटे व्यापारियों का रजिस्टेज्शन प्रचार-प्रसार कराकर कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने औद्योगिक क्षेत्र भूरागढ़ की साफ-सफाई व अतिरिक्त प्रेवश द्वार पर गेट लगवाये जाने के सम्बन्ध में यूपीसीडा के अधिकारी को निर्देशित किया तथा औद्योगिक क्षेत्र भूरागढ़ के आस-पास असमाजिक तत्वों पर कडी निगरानी रखने पुलिस द्वारा चेकिंग कराये जाने के निर्देश दिये। अजंता टूरिस्ट होम लाज डिग्गी चैराहे के पास जलभराव की समस्या का निस्तारण करने के लिए अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका तथा पुल के नीचे अतिक्रमण को हटाये जाने के सम्बन्ध में क्षेत्राधिकारी पुलिस एवं नगर मजिस्टेज्ट को निर्देश दिये। उन्होंने भूरागढ़ औद्योगिक क्षेत्र में विद्युत सब स्टेशन के लिए शीघ्र भूमि चयनित किये जाने के निर्देश नगर मजिस्टेज्ट को दिये। बैठक में मुख्यमंत्री नेशनल अप्रेन्टिसशिप ट्रेनिंग स्कीम के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए उद्यमियों को अपना रजिस्टेज्शन सम्बन्धित पोर्टल में कराये जाने के निर्देश दिये।

युवक का शव रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला

बांदा। युवक का शव रेलवे ट्रैक किनारे पड़ा पाया गया। वहां से गुजर रहे ग्रामीणो ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। तलाशी के दौरान उसके जेब से निकले मोबाइल नबंर पर घरवालो को जानकारी दी गई। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अतर्रा थाना क्षेत्र के गुमाई गांव के मजरा सुखारी पुरवा निवासी तनुज वर्मा (25)पुत्र संतोष वर्मा का शव बुधवार की सुबह अतर्रा स्थित केन नहर के पास रेलवे ट्रैक पर पड़ा ग्रामीणो ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर परिजन भी मौके पर पहुंच गए। मृतक के बड़े भाई राजू ने बताया कि तनुज ई रिक्शा चलाता था। दो दिन पहले तनुज अपनी ससुराल कर्वी निमंत्रण में शामिल होने गया था।

केएम विश्वविद्यालय में एमबीबीएस बैच 2023 के छात्र-छात्राओं ने ली शव की शपथ

अवधनामा संवाददाता

- छात्रों के कैडेवर है प्रथम शिक्षक, प्रथम मरीज, जिनसे होती है मेडिकल शिक्षा की शुरूआतः कुलाधिपति

मथुरा। केएम विश्वविद्यालय के एमबीबीएस बैच 2023 प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं ने बुधवार को एनाटोमी विभाग में कैडेवेरिक ओथ (शव की शपथ) पर प्रायोगिक कार्य करने की पहली क्लास ज्वाइंन की। मृत शरीर पर सीखने से पहले विवि के कुलपति, कुलसचिव, मेडीकल प्राचार्य एवं एनाटॉमी विभाग के प्रोफेसरों ने स्टूडेंट्सों को कैडेवेरिक शपथ दिलाई। बुधवार दोपहर विवि के कुलाधिपति किशन चौधरी ने बताया एनाटोमी विभाग के प्रोफेसरों ने आज एमबीबीएस बैच 2023 के छात्र-छात्राओं को कैडेवेरिक ओथ (शव की शपथ) पर प्रायोगिक कार्य करने की पहली क्लास ज्वाइंन कराई है, जिसमें कैडेवर ही उनके प्रथम शिक्षक हैं एवं प्रथम मरीज भी, जिनसे वे मेडिकल शिक्षा की शुरुआत करेंगे। स्टूडेंटस को कैडेवर यानी मृत शरीर से संबंधित रखरखाव की जानकारी दी गई है। छात्रों को इस दौरान कैसे एक व्यक्ति अपना शरीर बच्चों के अध्ययन के लिए दान में दे देता है, उसका महत्व भी समझाया है। केएम विवि के एमबीबीएस प्रथम वर्ष के छात्रों ने अपनी कक्षाओं की शुरूआत एनाटॉमी विभाग कैडवेरिक ओथ के जरिए की। एनाटॉमी विभाग के प्रोफेसरों ने मेडीकल के छात्रों को शव को सर्वोच्च सम्मान के साथ व्यवहार करने, शव की गोपनीयता और गोपनीयता का सम्मान करने तथा इस बलिदान से प्राप्त ज्ञान का उपयोग समाज की सेवा करने की शपथ करवाई। मृतक और उसके परिवार के इस बलिदान के प्रति आभार जताते हुए इसे साहसी कदम बताया। इस बाबत नोडल ऑफीसर देहदान समिति एवं एसिटेंट प्रो. डा. हरि नारायण यादव ने बताया कि एमबीबीएस प्रथम वर्ष छात्र-छात्राओं को स्वैच्छिक शरीर दान और शवों को कैसे संभालना है, इसके बारे में जानकारी दी गई। साथ ही शवों की विच्छेदित करते समय विभिन्न ऐतिहासिक उपाय से भी अवगत कराया गया है इस दौरान केडबरिक ओथ के कार्यक्रम में वि वि के कुलपति डा, डी डी गुप्ता, कुल सचिव पूरन सिंह, मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर पी एन भिषे, डॉ हेमंत , डॉक्टर आशीष हरोड, डॉक्टर हरिनारायवार्ड, डॉक्टर पूजा पारेख ,टेक्नीशियन अमर सिंह ,वार्डबाय आकाश के अलावा एमबीबीएस प्रथम वर्ष के समस्त छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

निमंत्रण के बाद घर लौटे युवक की संदिग्ध परिस्थितियों की मौत

बांदा। निमंत्रण में शामिल होने के बाद घर लौटे युवक की संदिग्ध परिस्थितियो में हालत बिगड़ गई। घरवालो ने देखा तो उसे तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घरवालो ने जहरीला पदार्थ खाने की आशंका जताई है। शहर कोवताली क्षेत्र के तिदवारा गांव निवासी अलोक (25) पुत्र सोहन यादव मंगलवार की रात पड़ोसी के यहां निमंत्रण में शामिल होने गया था। रात को खाना खाने के बाद वापस घर आया। तभी उसकी अचानक हालत बिगड़ गई। उसके पेट और सीने में दर्द होने लगा। उसे तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। डाक्टरो ने शव को मर्चरी हाउस में रखवा दिया।

करंट लगने से वृद्ध की मौत, मचा कोहराम

बांदा। टेबल फैन लगाते समय करंट लग जाने से वृद्ध झुलस गया। मौके पर पहुंचे परिजनो ने देखा तो प्लग हटा कर उसे बाहर निकाला। जब तक परिजन उसे अस्पताल ले जाने की तैयारी कर रहे थे। तभी उसने दम तोड़ दिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया।

चिल्ला थाना क्षेत्र के पपरेदा गांव निवासी सत्यनरायण त्रिवेदी (75) बुधवार की सुबह टेबल फैन लगा रहा था। तभी अचानक उसका हाथ पंखा की बटन में छू गया।

लोकनिर्माण मंत्री के जिले में गुर्गों ने जेसीबी से खोद डाली नयी सड़क

अवधनामा संवाददाता

- बीती रात असलाहधारी गुर्गों ने लेबर से की जमकर मारपीट, 400 मीटर खोद डाली नयी बनी सड़क
- कमीशन को लेकर कई दिनों से ठेकेदार पर डाला जा रहा था दबाब, नही माना तो दिखाई गुंडई

शाहजहांपुर। उत्तर प्रदेश सरकार के लोकनिर्माण मंत्री जितिन प्रसाद के गृह जनपद शाहजहांपुर से एक ऐसा सनसनीखेज मामला सामने आया है। जिसके बाद प्रशासन से लेकर पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को कुछ समझ नही आ रहा है कि आखिर करें तो क्या।दअरसल शाहजहांपुर में बन रही एक सड़क को बीती रात असलहों से लैस नेता जी के दबंगो ने जेसीबी से उखाड़ फेंकी। बजह थी कि ठेकेदार ने उन्हें कमीशन नही पहुँचाया था। यही नही करीब तीन कारो से मौके पर पहुँचे नेता जी के गुर्गों ने काम कर रही लेबर को काफी मारा पीटा है। जिसके बाद पीडब्ल्यूडी विभाग में हड़कंप मच गया। मौके पर पीडब्ल्यूडी व प्रशासनिक अधिकारी पहुँचे है और तहरीर देने की बात कह रहे हैं। दअरसल पूरा मामला शाहजहांपुर के जैतीपुर से दातागंज बदायूं मार्ग पर बन रही टू लेंन की नई सड़क निर्माण कार्य का है। शाहजहांपुर सीमा में लगभग 7 किलोमीटर का हिस्सा पड़ता है जिसकी लागत करीब 12 करोड़ से ज्यादा की बताई जा रही है ऐसे में करीब 4 किलोमीटर की सड़क का निर्माण हो भी चुका है। लेकिन पिछले कई दिनों से नेता जी ठेकेदार पर कमीशन देने का दबाब बना रहे थे। ठेकेदार ने जब कमीशन देने से इनकार कर दिया तो बीती रात करीब 9 बजे के बाद कारो पर सवार नेता जी के असलाहधारी गुर्गों ने साइड पर जाकर न सिर्फ लेबर को पीटा बल्कि जेसीबी से करीब 400 मीटर तक की नयी सड़क को उखाड़ दिया। सूचना पर पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता टीम के साथ मौके पर पहुँचे। इसके बाद प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुँचे हैं। सब कुछ जानते हुए भी नेता जी के रसूख के आगे सभी बेबस दिखाई पड़ रहे हैं तहरीर देने की बात तो हो रही है लेकिन क्या कार्यवाही होगी यह देखने बाली बात होगी। उधर योगी सरकार गुंडे माफियाओं पर नकेल कसने का काम तो कर रही है लेकिन इन नेताओं से कैसे निपटेगी जो कमीशन न मिलने पर न सिर्फ गुंडागर्दी कर रहे हैं बल्कि बेखौफ होकर पीडब्ल्यूडी मंत्री के गृह जनपद की सड़कों को खोदने का काम कर रहे हैं। ऐसे में पीडब्ल्यूडी के कर्मचारियों से लेकर अधिकारी व ठेकेदारो की भी सुरक्षा को लेकर बड़े सवाल उठते हैं।

ज़िला अस्पताल में रिज़वान अहमद ने प्रशासनिक अधिकारी का किया चार्ज ग्रहण

- राजपत्रित अधिकारी बनने पर रिज़वान अहमद का हुआ स्वागत

वहाज अली निहाल

राजपत्रित अधिकारी रिज़वान अहमद का स्वागत करते सीएमएस व स्वास्थ्य कर्मी

इटावा। ज़िला अध्यक्ष मिनिस्टीरियल एसो. स्वास्थ्य विभाग इटावा रिज़वान अहमद ने पदोन्नति होने पर ज़िला संयुक्त चिकित्सालय मोती झील में प्रशासनिक अधिकारी(राजपत्रित अधिकारी)के पद पर कार्यभार ग्रहण किया। जिला संयुक्त चिकित्सालय के समस्त स्टाफ ने रिज़वान अहमद का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ज़िला चिकित्सालय डाक्टर एमएम आर्या, डाक्टर अनूप शर्मा, डाक्टर शान्तनु निगम, डाक्टर अनुज यादव, उर्वसी द्विवेदी, प्रदेश अध्यक्ष डाक्टर शैलेंद्र सिंह, पूर्व ज़िला अध्यक्ष संयुक्त परिषद राजकुमारी, नर्सिंग अध्यक्ष ज़िला फ़ार्मेसी अधिकारी जीसी पाल, पूर्व महासचिव कुश गुप्ता, शेखर, कोषाध्यक्ष देवपाल, मंत्री अरविंद, ख़लील, मनोज शाक्य, संतकुमार, सुनील कुमार, पुष्पदीप, राजू, राजेश, चतुर्थ श्रेणी अध्यक्ष भानु, अरुण, संजीव, परवेज़ अहमद, पवन प्रहलाद, प्रिया, विनीता, अंशु बाजपेयी, आरिफ़ रहबर, अवनींद्र चौहान, रामनरेश, रवि तिवारी आदि काफी संख्या में चिकित्सकों और कर्मचारीयो ने राजपत्रित अधिकारी बनने पर श्री अहमद का फूल मालाओ से लादकर अंगवस्त्र पगड़ी पहनाकर ज़ोरदार स्वागत किया और बधाई देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

ममता रानी कौशिक द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। किशोरी रमन (स्नातकोत्तर) महाविद्यालय, मथुरा के रसायन शास्त्र विभाग में कार्यरत असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ . ममता रानी कौशिक को ÷एड्यूवेड फाउंडेशन का एकेडमिक्स एंड रिसर्च÷ द्वारा द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया। डॉ. ममता रानी कौशिक को यह पुरस्कार उनके द्वारा शिक्षा अनुसंधान के क्षेत्र में दिए गए विशेष योगदान के लिए दिया गया। इस अवसर पर किशोरी रमण (स्नातकोत्तर) महाविद्यालय, मथुरा के प्राचार्य प्रोफेसर प्रवीण कुमार अग्रवाल ने डॉ. ममता रानी कौशिक को शुभकामनाएं देते हुए कहां की डॉ. कौशिक द्वारा शिक्षा क्षेत्र में दिया गया योगदान अनुकरणीय है और ऐसे योगदानों के द्वारा ही शिक्षा को एक नया आयाम मिलता है। इसी प्रकार बाबू शिवनाथ अग्रवाल महाविद्यालय, मथुरा के प्राचार्य प्रोफेसर ललित मोहन शर्मा ने भी डॉ ममता रानी कौशिक को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे शैक्षणिक कार्यो को निरंतर करने से व्यक्ति के व्यक्तित्व में तो निखार आता ही है साथ ही साथ समाज को भी एक नई दिशा का बोध होता है। डॉ ममता रानी कौशिक को कई वरिष्ठ प्राध्यापकों प्रोफेसर रमाशंकर पांडे , डॉ बी के गोस्वामी प्रोफेसर शिवराज भारद्वाज, प्रोफेसर राजेश अग्रवाल, डॉ राजीव वार्ष्णेय ,डॉ.राजेश गौतम डॉ. उमेश शर्मा, डॉ. राजेश सारस्वत, डॉ. रामदत्त मिश्रा, डॉ राजकुमार शर्मा, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अशोक कुमार कौशिक एवं डॉ. नवीन कुमार अग्रवाल, एन.सी.सी. प्रभारी लेफ्टिनेंट कपिल कौशिक, डॉ अमित शर्मा, डॉ गायत्री शर्मा, डॉ ज्योति अग्रवाल ने इस अवसर पर हार्दिक बधाई दी।

जातीय जनगणना के आंकड़ों का एआइपीएमएम ने किया स्वागत

बिहार मंत्रिमंडल में पसमांदा समाज को आबादी के अनुपात में जगह दिये जाने की मांग

अवधनामा संवाददाता

- पसमांदा समाज देश का सबसे वंचित एवं उपेक्षित वर्गः परवेज़ हनीफ

लखनऊ। बिहार सरकार द्वारा जारी जातीय जनगणना के आंकड़ों का ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज ने स्वागत करता है और बिहार सरकार से जितनी जिसकी संख्या भारी, उतनी उसकी भागीदारी के आधार पर बिहार मंत्रिमंडल में पसमांदा समाज को आबादी के अनुपात में जगह दिए जाने की मांग करता है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष परवेज हनीफ ने कहा पसमांदा समाज सामाजिक और राजनीतिक रूप से देश का सबसे वंचित एवं उपेक्षित वर्ग है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बधाई के पात्र हैं कि उन्होंने मुस्लिम विमर्श के बरक्स,अन्य संप्रदाय के भांति मुस्लिम संप्रदाय में भी जातियों की गिनती कराई। संगठन के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव मारूफ अंसारी ने कहा कि बिहार की तर्ज पर पूरे देश में जातीय जनगणना होनी चाहिए, जिससे पूरे देश में अलग-अलग जातियों की संख्या का पता चल सके। उन्होंने ने कहा कि इस जातीय जनगणना के आंकड़ों से ये साबित हो गया कि बिहार में पसमांदा समाज की कुल आबादी 12.90 प्रतिशत है और जो कि कुल मुस्लिम आबादी का लगभग 75 प्रतिशत है। हालांकि उन्होंने जनगणना में कुछ त्रुटियों का भी उल्लेख किया, जिसके कारण पसमांदा समाज की आबादी की पूरी संख्या सामने नहीं आ पायी है। वरना पसमांदा समाज का आंकड़ा लगभग 15 प्रतिशत तक होता। जितनी जिसकी संख्या भारी उसकी उतनी भागदारी का नारा देने वाली राजद और जेडीयू से उन्होंने मांग किया है कि बिहार मंत्रिमंडल में पसमांदा समाज की आबादी के अनुपात में पसमांदा को कैबिनेट मंत्री, राज्यमंत्री एवं निगमों/बोर्डों के अध्यक्ष आदि बनाकर उनकी भागीदारी सुनिश्चित की जाए। अंत में उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी बिहार की तर्ज पर उत्तर प्रदेश में जातीय जनगणना कराने और ओबीसी आरक्षण में वर्गीकरण करने की मांग की। ताकि अतिपिछड़ों और पसमांदा की उचित भागीदारी के अवसर खुल सके।

डिस्कस थ्रो में सीमा पूनिया ने बढ़ाया देश का मान, ब्रॉन्ज मेडल को किया अपने नाम

नई दिल्ली। एशियन गेम्स 2023 का आठवां दिन भारत के लिए बेहद यादगार रहा। एथलेटिक्स में जमकर मेडल की बरसात हुई और देश ने एक

ही दिन में कुल 15 मेडल अपने नाम किए। डिस्कस थ्रो में भारत की बेटी सीमा पूनिया ने भी अपना जलवा बिखेरते हुए ब्रॉन्ज मेडल पर कब्जा जमाया। सीमा ने 58.62 मीटर का थ्रो फेंकते हुए कांस्य पदक को अपने नाम किया।

सीमा के नाम रहा ब्रॉन्ज

सीमा पूनिया ने फाइनल मुकाबले की शुरुआत दमदार अंदाज में की और पहले प्रयास में 53.95 मीटर का थ्रो फेंका। इसके बाद तीसरे प्रयास में सीमा ने 57.47 मीटर का थ्रो फेंका और चौथे स्थान पर पहुंच गई। अपने चौथे प्रयास में सीमा ने सीजन का बेस्ट प्रदर्शन किया और 58.62 मीटर दूर थ्रो फेंकते हुए एशियन गेम्स 2023 में अपना ब्रॉन्ज मेडल पक्का कर लिया।

अविनाश साबले ने रचा इतिहास

अविनाश साबले ने स्टीपलचेज के फाइनल मुकाबले में बेहतरीन प्रदर्शन किया। 3 हजार मीटर की रेस को अविनाश ने महज 8:19:50 सेकंड में पूरा किया। अविनाश ने स्वर्ण पदक को अपने नाम करने के साथ-साथ नया एशियन रिकॉर्ड भी कायम किया है।

एशियन गेम्स 2023 में एथलेटिक्स में यह भारत की झोली में आया पहला मेडल भी है। अविनाश रेस की शुरुआत से ही लीड में नजर आए और भारतीय एथलीट ने इस बढ़त को अंत तक बरकरार रखा। अविनाश एशियन गेम्स में स्टीपलचेज में देश को मेडल दिलाने वाले पहले एथलीट भी बन गए हैं।

यादगार रहा भारत के लिए आठवां दिन

एसशियन गेम्स 2023 में भारत के लिए आठवां दिन शानदार रहा। भारतीय एथलीटों के दमदार प्रदर्शन के बूते देश की झोली में एक दिन में कुल 15 मेडल आए, जो एक नया रिकॉर्ड भी है।

एशियाई खेल : 2023 में भारत के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर पीएम मोदी का बयान, कहा भारत पहले से कहीं अधिक चमक रहा

पीएम मोदी ने एशियाई खेलों में 71 पदक जीतकर भारत के अब तक के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर खुशी व्यक्त करते हुए बुधवार को कहा कि खेलों में भारत अब पहले से कहीं अधिक चमक रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एशियाई खेलों में 71 पदक जीतकर भारत के अब तक के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर खुशी व्यक्त करते हुए बुधवार को कहा कि खेलों में भारत अब पहले से कहीं अधिक चमक रहा है। प्रधानमंत्री ने इस उपलब्धि को पूरे देश के लिए गर्व का क्षण बताया। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, एशियाई खेलों में भारत पहले से कहीं अधिक चमक रहा है। 71 पदकों के साथ, हम अपने सर्वश्रेष्ठ पदक तालिका का जश्न मना रहे हैं, जो हमारे एथलीटों के अद्वितीय समर्पण, धैर्य और खेल भावना का प्रमाण है। उन्होंने कहा, ''प्रत्येक पदक कड़ी मेहनत और जुनून की जीवन यात्रा पर प्रकाश डालता है। पूरे देश के लिए गर्व का क्षण। हमारे एथलीटों को बधाई। हांगझोउ में भारतीय दल ने बुधवार को एशियाई खेलों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 70 पदकों के पिछले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को पीछे छोड़ दिया। भारत का पिछला सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन जकार्ता और पालेमबांग में 2018 एशियाई खेलों में आया था जब देश के एथलीटों ने 16 स्वर्ण, 23 रजत और 31 कांस्य सहित 70 पदक जीते थे।

ओजस देवताले-ज्योति ने कंपाउंड मिश्रित टीम स्पर्धा में जीता गोल्ड मेडल

सुरेखा वेन्नम और ओजस देवताले ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बुधवार को यहां फाइनल में दक्षिण कोरिया की जोड़ी को हराकर कंपाउंड मिश्रित टीम स्पर्धा में भारत को पहला स्वर्ण पदक दिलाया।

भारतीय तीरंदाजों ज्योति सुरेखा वेन्नम और ओजस देवताले ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बुधवार को यहां फाइनल में दक्षिण कोरिया की जोड़ी को हराकर कंपाउंड मिश्रित टीम स्पर्धा में भारत को पहला स्वर्ण पदक दिलाया। मौजूदा खेलों में भारत के चार पदक हो गए हैं जो इंचियोन 2014 में एक स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक सहित कुल तीन पदक के देश के अब तक के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से बेहतर है।

फाइनल में 21 साल के विश्व चैंपियन देवताले ने एक अंक गंवाया लेकिन ज्योति ने अपने आठ तीर में 'परफेक्ट' स्कोर के साथ भारत की जीत की नींव रखी। शीर्ष दो वरीयता प्राप्त जोड़ियों के बीच हुए फाइनल में शीर्ष वरीय भारतीय जोड़ी ने बेहद रोमांचक और करीबी मुकाबले में जो चेइवोन और जू जेइहून की जोड़ी को 159-158 से हराया। किसी के लिए भी 140 मिनट के भीतर क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल और फाइनल के रूप में लगातार तीन नॉकआउट मुकाबले खेलना मुश्किल हो सकता है लेकिन भारतीय जोड़ी विशेषकर 27 साल की ज्योति ने अहम लम्हों पर शानदार प्रदर्शन करके स्वर्ण पदक सुनिश्चित किया। भारतीय जोड़ी ने इन तीन मुकाबलों में सिर्फ चार अंक गंवा जो उनके दबदबे को दर्शाता है।

देवताले ने जीत के बाद कहा,''मैं इस नतीजे से हैरान नहीं हूं।' उन्होंने कहा, ''हमें पता था कि हम ऐसा कर सकते हैं। यह काफी करीबी था लेकिन हमने अपनी फॉर्म बरकरार रखी, हमने प्रत्येक स्थिति में धैर्य बनाए रखा। भारतीय जोड़ी ने इससे पहले सेमीफाइनल में आदेल झेशेनबिनोवा और आंद्रे त्युत्युन की कजाखस्तान जोड़ी के खिलाफ एक बार नौ अंक को छोड़कर हर बार 10 अंक जुटाए और 159-154 से जीत दर्ज करते हुए खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया। ज्योति और देवताले ने क्वार्टर फाइनल में मलेशिया की जोड़ी को 158-155 से हराकर सेमीफाइनल में जगह सुनिश्चित

की थी। कजाखस्तान की चौथी वरीय जोड़ी ने क्वार्टर फाइनल में थाईलैंड को 154-152 से हराया था। स्वर्ण पदक के मुकाबले में भारतीय जोड़ी ने पहले चरण में चारों तीर 10 अंक पर मारकर कोरियाई जोड़ी पर 40-39 की बढ़त बनाई। दूसरे चरण में हालांकि कोरियाई जोड़ी ने चार बार 10 अंक जुटाए। भारतीय जोड़ी भी चारों निशाने 10 अंक पर मारकर 80-79 की बढ़त बनाने में सफल रही।

तीसरे चरण में ओजस का एक तीर नौ अंक पर जाकर लगातार जबकि बाकी सभी खिलाड़ियों ने 10 अंक बनाए जिससे मुकाबला 119-119 से बराबर हो गया। भारतीय तीरंदाजों ने अंतिम चरण में चार बार 10 अंक जुटाकर जीत सुनिश्चित की। फाइनल में नौ अंक बनाने के बाद देवताले ने अपना मनोबल बढ़ाने का श्रेय दो बार के विश्व कप फाइनल विजेता और भारत के कंपाउंड वर्ग के मुख्य कोच सर्जियो पेगनी को दिया। उन्होंने कहा, ''यह परफेक्ट था और मैं इसका लुत्फ उठा रहा था। जैसा कि हमारे कोच ने कहा 'यह केक के टुकड़े की तरह है और आपको सिर्फ 10 अंक पर निशाना लगाना है। देवताले ने कहा, सूरज चमक रहा था और परिस्थितियां सामान्य थी लेकिन अब थोड़ी हवा चलने लगी है। यह पूछने पर कि क्या गत विश्व चैंपियन होने के कारण उन पर दबाव था, देवताले ने कहा, ''दबाव खत्म हो गया था, मैं स्वच्छंद होकर खेल रहा था, लुत्फ उठा रहा था।क्वार्टर फाइनल में भारतीय जोड़ी ने ठोस शुरुआत करते हुए 40-39 की बढ़त बनाई लेकिन दूसरे चरण में भारत के दोनों खिलाड़ियों ने दो अंक गंवाए जिससे मोहम्मद जुवैदी बिन माजुकी और फातिन नूरफतेहाह मेट सालेह की मलेशिया की जोड़ी बराबरी हासिल करने में सफल रही। गत सीनियर विश्व चैंपियन देवताले बेहद मामूली अंतर से 10 अंक से चूक गए जिससे टीम की सीनियर साथी ज्योति पर दबाव आया गया। विश्व कप में कई बार की स्वर्ण पदक विजेता ज्योति भी इसके बाद चूक गई जिससे भारतीय जोड़ी ने दूसरा चरण 38-39 से गंवाया। भारतीय जोड़ी ने हालांकि शानदार जज्बा दिखाते हुए तीसरे चरण में सभी तीर 10 अंक पर लगाए। मोहम्मद जुवैदी ने दिन का अपना पहला अंक गंवाया जिससे भारत ने 118-117 से बढ़त बना ली। निर्णायक चौथे चरण में मलेशिया के तीरंदाजों को पहले मौका मिला और उन्होंने लगातार दो बार 10 अंक जुटाए। भारतीय जोड़ी ने भी दबाव के बाद दोनों निशाने 10 अंक पर लगाए। ज्योति का 10 अंक का निशाना इसके बाद निर्णायक साबित हुआ जब 32 साल की फातिन आठ अंक ही जुटा सकी और मलेशिया की जोड़ी को हार का सामना करना पड़ा। शनिवार को व्यक्तिगत फाइनल में देवताले का सामना टीम के सीनियर साथी अभिषेक वर्मा से होगा जबकि शीर्ष वरीय ज्योति सो चेइवोन से भिड़ेंगी। भारतीय पुरुष और महिला कंपाउंड टीम भी पदक की दौड़ में बनी हुई हैं। दोनों टीम क्वार्टर फाइनल में जगह बना चुकी हैं। रिकर्व मिश्रित युगल में हालांकि अतनु दास और अंकिता भकत की जोड़ी को क्वार्टर फाइनल में इंडोनेशिया के खिलाफ 4-2 की बढ़त बनाने के बावजूद शूट ऑफ में हार का सामना करना पड़ा।

भारतीय जोड़ी को रियाअु इगा अगाता सालसाबिला और डियानांडा चोइरुनिसा की जोड़ी के खिलाफ 4-5 (36-35, 35-36, 38-35, 34-40) (19-20) से शिकस्त झेलनी पड़ी। रिकर्व वर्ग में अब भारत की उम्मीदें शुक्रवार को होने वाली पुरुष और महिला टीम स्पर्धाओं पर है।

भारत ने एशियाई खेलों में सर्वाधिक पदक के अपने पिछले रिकॉर्ड को तोड़ा

भारत के मिशन प्रमुख भूपेंद्र सिंह बाजवा ने कहा, ''मुझे यह कहते हुए बहुत खुशी हो रही है कि भारत ने एशियाई खेलों में पदक तालिका में 70 का आंकड़ा पार करके अब तक के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ अपनी छाप छोड़ी है और अभी और पदक आने बाकी हैं।''

भारतीय दल ने बुधवार को यहां एशियाई खेलों में पदकों के लिहाज से अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और पिछले खेलों में 70 पदक के आंकड़े को पीछे छोड़ा। भारत का पदक के लिहाज से पिछला सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन जकार्ता और पालेमबांग में हुए 2018 एशियाई खेलो में था जिसमें देश ने 16 स्वर्ण, 23 रजत और 31 कांस्य पदक सहित कुल 70 पदक जीते थे।

भारत के पैदल चाल खिलाड़ियों मंजू रानी और राम बाबू ने बुधवार

को 35 किमी मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता जिससे भारत ने 2018 खेलों में 70 पदक के आंकड़े की बराबरी की।

ओजस देवताले और ज्योति सुरेखा वेन्नम की कंपाउंड मिश्रित तीरंदाजी टीम ने इसके बाद स्वर्ण पदक के रूप में मौजूदा खेलों में भारत का 71वां पदक जीता। भारत के मिशन प्रमुख भूपेंद्र सिंह बाजवा ने कहा, ''मुझे यह कहते हुए बहुत खुशी हो रही है कि भारत ने एशियाई खेलों में पदक तालिका में 70 का आंकड़ा पार करके अब तक के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ अपनी छाप छोड़ी है और अभी और पदक आने बाकी हैं।''भारत ने एशियाई खेलों में अब तक का अपना सबसे बड़ा दल भेजा है और उसका लक्ष्य इस महाद्वीपीय प्रतियोगिात में 100 पदक के आंकड़े को पार करना है। हांगझोउ एशियाई खेलों के लिए भारत ने 'अब की बार, सौ पार' नारा दिया है। भारत ने अभी 16 स्वर्ण, 26 रजत और 29 कांस्य पदक जीते हैं जबकि चार दिन की प्रतियोगिताएं बाकी हैं।

सुपरस्टार सलमान खान, शाहरुख खान, ऋतिक रोशन पहली बार अयान मुखर्जी की वॉर 2 में एक साथ आएंगे

वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स के प्रशंसक आदित्य चोपड़ा द्वारा निर्मित फ्रेंचाइजी के कुछ शीर्ष जासूसों को वॉर 2 में एक साथ देख सकते हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, अयान मुखर्जी वॉर 2 में पहली बार सलमान खान, शाहरुख खान और ऋतिक रोशन को एक साथ लाएंगे।

बॉलीवुड लवर्स के लिए सलमान खान और शाहरुख खान को साथ पर्दे पर देखना किसी बड़े तोहफे से कम नहीं होता है। हमने पठान फिल्म की रिलीज के दौरान लोगों का ये क्रेज देखा है। अब एक बार फिर से फिल्म मेकर्स ये तोहफा फैंस को देने की तैयारी कर रहे हैं। इस बार खुशी डबल नहीं बल्कि ट्रिपल होगी, क्योंकि सलमान खान और शाहरुख खान के साथ ऋतिक रोशन भी एक्शन का तड़का लगाने के लिए तैयार हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक अयान मुखर्जी की आने वाली जासूसी फिल्म वॉर 2 में सलमान खान के टाइगर, शाहरुख खान के पठान और ऋतिक रोशन के कबीर साथ नजर आ सकते हैं।

वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स के प्रशंसक आदित्य चोपड़ा द्वारा निर्मित फ्रेंचाइजी के कुछ शीर्ष जासूसों को वॉर 2 में एक साथ देख सकते हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, अयान मुखर्जी वॉर 2 में पहली बार सलमान खान, शाहरुख खान और ऋतिक रोशन को एक साथ लाएंगे। पोर्टल पर छपी खबर के मुताबिक, अयान अक्टूबर में वॉर 2 की शूटिंग शुरू करेंगे। एनटीआर जूनियर और कियारा आडवाणी कथित तौर पर वॉर 2 में भी नज़र आएंगे, जिसमें ऋतिक मुख्य भूमिका में हैं।

वॉर 2 में टाइगर-पठान -कबीर का मिलन

एक सूत्र ने पोर्टल को बताया वॉर 2 का मुहर्त पहले ही हो चुका है। अयान इसी महीने फिल्म की शूटिंग शुरू करने की सोच रहे हैं। जबकि ऋतिक रोशन फिलहाल फाइटर के लिए इटली में हैं, वह जल्द ही वॉर 2 की शूटिंग शुरू करने के लिए लौटेंगे। इस बीच, एनटीआर जूनियर के साथ शूटिंग शुरू हो सकती है। एक्शन-थ्रिलर के लिए कियारा आडवाणी को भी मुख्य भूमिका के लिए

चुना गया है।

वॉर 2 में ऋतिक रोशन की कबीर कथित तौर पर दो और सुपरस्पाईज़-सलमान खान की टाइगर और शाहरुख खान की पठान के साथ दिखाई देंगी। सूत्र ने कहा, यह फिल्म कई कारणों से रोमांचक है, बल्कि इसलिए भी क्योंकि अयान का निर्देशन वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स में तीन मेगास्टार को एक साथ लाने वाली पहली फिल्म होगी। महाकाव्य टाइगर एक्स पठान एक्स कबीर का ऑन-स्क्रीन मिलन वॉर 2 में होगा।

वॉर 2 के बारे में

वॉर 2 वॉर (2019) का सीक्वल है। सिद्धार्थ आनंद द्वारा निर्देशित, इसमें ऋतिक रोशन और टाइगर श्रॉफ मुख्य भूमिकाओं में थे, जबकि वाणी कपूर, आशुतोष राणा और अनुप्रिया गोयनका ने सहायक भूमिकाएँ निभाई। इसने अपने कलेक्शन से किसी हिंदी फिल्म के शुरुआती दिन और सप्ताहांत के बॉक्स ऑफिस के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए, जब तक कि इसे शाहरुख खान की पठान (2023) ने पीछे नहीं छोड़ दिया।

वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स के बारे में

आदित्य चोपड़ा की यशराज फिल्म्स द्वारा समर्थित, वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स एक भारतीय साझा यूनिवर्स है जो जासूसी एक्शन-थ्रिलर की एक श्रृंखला पर केंद्रित है, जिसमें विभिन्न काल्पनिक रॉ एजेंट शामिल हैं। फ्रेंचाइजी की अगली फिल्म कैटरीना कैफ के साथ सलमान खान की टाइगर 3 है; यह अपनी रिलीज की तारीख - दिवाली 2023 के करीब है। कथित तौर पर फिल्म में शाहरुख खान की पठान की एक कैमियो भी होगी, जिसे सिद्धार्थ आनंद की ब्लॉकबस्टर पठान में सलमान खान की टाइगर के साथ देखा गया था। इस साल मार्च में, पठान के लेखक श्रीधर राघवन ने वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स में महिलाओं द्वारा सुर्खियों में आने वाली एक नई एक्शन फिल्म के बारे में संकेत दिए थे पठान में दीपिका पादुकोण की रुबाई और टाइगर श्रृंखला में कैटरीना कैफ की जोया। जुलाई में, यह भी बताया गया कि आलिया भट्ट वाईआरएफ के स्पाई यूनिवर्स में शामिल होने वाली नवीनतम अभिनेत्री हैं और एक महिला प्रधान फिल्म में अभिनय करेंगी, जिसकी शूटिंग 2024 में शुरू होगी।

रजनीकांत की 170वीं फिल्म होगी बेहद खास



दक्षिण सिनेमा के सुपरस्टार रजनीकांत की हालिया रिलीज जेलर का क्रेंज अभी लोगों के सिर से उतना भी नहीं था कि एक्टर ने अब एक नयी फिल्म का हिंद दे दिया है। दक्षिण भारत में रजनीकांत को फैंस सिनेमा का भगवान मानते हैं। रजनी राजनीति में भी एक्टिव है लेकिन नह अपने सिनेमाई फैंस का पूरा धेयान रखते हैं। सुपरस्टार रजनीकांत ने मंगलवार को कहा कि वह जल्द ही अपनी 170वीं फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे, जो एक सामाजिक संदेश देने के साथ ही काफी मनोरंजक होगी। फिलहाल इस फिल्म के नाम की घोषणा नहीं की गई है। इसके निर्माण की घोषणा मार्च में की गई थी, जिसेलाइका प्रोडक्शंस बना रही है। इसका निर्देशन टी. जे. ज्ञानवेल करेंगे, जिनकी फिल्म जय भीम बहुचर्चित रही थी। रजनीकांत(72) ने तिरुवनंतपुरम के लिए रवाना होने से पहले हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से कहा, मैं अपनी 170वीं फिल्म निर्देशक ज्ञानवेल और लाइका के साथ कर रहा हूं, जो काफी मनोरंजक होने के साथ-साथ सामाजिक संदेश भी देगी। रजनीकांत ने कहा, मैं फिल्म की शूटिंग के लिए जा रहा हूं और फिल्म का नाम अभी तय नहीं हुआ है। अनिरुद्ध रविचंदर इस तमिल फिल्म का संगीत तैयार करेंगे और इसके निर्माता सुबाष्करण हैं। लाइका प्रोडक्शन्स ने मंगलवार को एक्स पर घोषणा की कि अभिनेता फहाद फासिल और राणा दग्गुबाती फिल्म में रजनीकांत के साथ नजर आएंगे। वहीं, इसमें रितिका सिंह, मंजू वारियर और दुशारा विजयन की भी भूमिका है।

एआर रहमान ने सर्जन एसोसिएशन के खिलाफ 10 करोड़ रुपये का मानहानि का मुकदमा दायर किया

कुछ दिन पहले एक सर्जन एसोसिएशन ने आरोप लगाया था कि एआर रहमान ने एक शो आयोजित करने के नाम पर 29 लाख रुपये की रकम ली थी। एआर रहमान ने कानूनी नोटिस भेजकर मानहानि के लिए 10 करोड़ रुपये की मांग की है।

एआर रहमान सितंबर में तब सुर्खियों में आए जब उनके चेन्नई कॉन्सर्ट को कुप्रबंधन के लिए आलोचना का सामना करना पड़ा। दुर्घटना के कुछ सप्ताह बाद, उन्होंने खुद को एक और विवाद के बीच में पाया। एसोसिएशन ऑफ सर्जन्स ऑफ इंडिया ने रहमान के खिलाफ एक शिकायत दर्ज की है जिसमें आरोप लगाया गया है कि उन्हें एक संगीत कार्यक्रम के लिए 29 लाख रुपये मिले और उन्होंने कभी इसका आयोजन नहीं किया। अब एआर रहमान के वकील ने सभी आरोपों से इनकार करते हुए जवाब दिया है।

एआर रहमान की मरक्कुमा नेनजाम में छेड़छाड़, भगदड़ जैसी स्थिति और फर्जी टिकटों की कई शिकायतें देखी

गई। भीड़भाड़ के कारण वैध टिकट होने के बावजूद कई लोगों को प्रवेश से वंचित कर दिया गया। अब, रहमान एक और विवाद में फंस गए हैं क्योंकि सर्जनों के संगठन ने उनके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। संगीतकार की टीम ने विवाद पर प्रतिक्रिया दी और उन्हें बदनाम करने की कोशिश के लिए मुआवजे के रूप में 10 करोड़ रुपये की मांग की। उन्होंने एसोसिएशन ऑफ सर्जन्स ऑफ इंडिया को कानूनी नोटिस भेजकर तीन दिनों के भीतर उनके खिलाफ शिकायत वापस लेने को कहा। उन्होंने सभी आरोपों से इनकार किया और उल्लेख किया कि इसमें तीसरे पक्ष शामिल थे जिनके बारे में उन्हें जानकारी नहीं थी।

कानूनी नोटिस में उन्होंने एसोसिएशन से एआर रहमान की प्रतिष्ठा खराब करने के लिए बिना शर्त माफी मांगने को कहा। इसके अलावा रहमान के वकील ने एसोसिएशन से उन्हें बदनाम करने के लिए 10 करोड़ रुपये का मुआवजा देने की मांग की यदि एसोसिएशन मुआवजा देने में विफल रहता है तो संगीतकार कानूनी और आपराधिक कार्रवाई करेगा। रहमान के खिलाफ एसोसिएशन की शिकायत में कहा गया है कि संगीतकार को 2018 में 29 लाख रुपये की राशि मिली।

फिर आमने सामने होंगे कैटरीना कैफ और रणबीर कपूर? इस बार बॉस ऑफिस पर होगी दोनों की टक्कर

मैरी क्रिसमस पहले क्रिसमस से दो दिन पहले 23 दिसंबर को रिलीज़ होने वाली थी। बाद में, निर्माताओं ने 15 दिसंबर को इसकी अंतिम रिलीज की तारीख घोषित की, इसलिए यह बॉक्स ऑफिस पर सिद्धार्थ मल्होत्रा की योद्धा के साथ टकरा रही है।

2023 की शुरुआत किसी फिल्म फेस्टिवल से कम नहीं थी लेकिन ऐसा नहीं है। कुछ सबसे बड़ी और बहुप्रतीक्षित फिल्में इस साल के अंत में सिनेमाघरों में रिलीज होंगी। मैरी क्रिसमस, विजय सेतुपति के साथ कैटरीना कैफ का पहला सहयोग, पहले से ही सिनेमा के दिग्गजों के बीच एक हलचल पैदा कर चुका है। मेकर्स ने इसकी रिलीज डेट एक बार फिर बदल दी है।

मैरी क्रिसमस पहले क्रिसमस से दो दिन पहले 23 दिसंबर को रिलीज़ होने वाली थी। बाद में, निर्माताओं ने 15 दिसंबर को इसकी अंतिम रिलीज की तारीख घोषित की, इसलिए यह बॉक्स ऑफिस पर सिद्धार्थ मल्होत्रा की योद्धा के साथ टकरा रही है। 3 अक्टूबर को, ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने एक्स, पर मैरी क्रिसमस, 8 दिसंबर की नई रिलीज़ डेट साझा की। यह फिल्म अब रणबीर कपूर की बहुप्रतीक्षित फिल्म एनिमल के एक सप्ताह बाद रिलीज़ होगी।

नवीनतम अपडेट साझा करते हुए,तरण आदर्श ने लिखा, कैटरीना कैफ-विजय सेतुपति मेरी क्रिसमस एक सप्ताह पहले आएगी 8 दिसंबर 2023।

संदीप रेड्डी वांगा द्वारा निर्देशित, एनिमल 1 दिसंबर को रिलीज होने के लिए तैयार है। यह खून-खराबा वाली फिल्म सबसे चर्चित मल्टी-स्टारर फिल्मों में से एक है, जिसमें रणबीर कपूर, रश्मिका मंदाना, अनिल

कपूर, बॉबी देओल, तृप्ति डिमरी शामिल हैं। निर्माताओं ने हाल ही में रणबीर कपूर के जन्मदिन पर इसका टीज़र जारी किया था। विशेष रूप से, अगर मैरी क्रिसमस एनिमल के ठीक एक सप्ताह बाद रिलीज़ होती है, तो इससे कपूर की फिल्म के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन पर असर पड़ सकता है।

शिवमोगा के हिंसा प्रभावित इलाके में जाकर सबूत खोजेगी बीजेपी, राज्य इकाई ने टीम गठित की

बेंगलुरु। कर्नाटक बीजेपी की राज्य इकाई ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की एक समिति का गठन किया है।

तनाव

शिवमोगा के रागी गुड्डा इलाके में ईद मिलाद जुलूस के दौरान तनाव हुआ था।

यह समिति गुरुवार (5 अक्टूबर) को शिवमोगा जिले के हिंसा प्रभावित इलाके का दौरा करके तथ्य को जानने का प्रयास करेगी। दरअसल, शिवमोगा में ईद मिलाद जुलूस के दौरान दो गुटों में तनाव हो गया था, जिसमें पत्थरबाजी में कई लोग घायल हो गए थे।

शिवमोगा के रागी गुड्डा इलाके में ईद मिलाद जुलूस के दौरान तनाव हुआ था। पुलिस ने कहा है कि हिंसा प्रभावित इलाके में अब स्थिति शांतिपूर्ण और नियंत्रण में है। हालांकि, पुलिस ने गुड्डा इलाके में धारा 144 लगी दी थी। कर्नाटक बीजेपी ने कहा, बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष और सांसद नलिन कुमार कटील ने शिवमोगा के रागी गुड्डा

इलाके में हुई हिंसा की कड़ी निंदा की है और तथ्य खोजने के लिए पार्टी नेताओं की एक टीम गठित की है। यह टीम गुरुवार सुबह 11 बजे प्रभावित इलाके का दौरा करेगी।

टीम का कटील करेंगे। इस टीम में कर्नाटक के पूर्व उपमुख्यमंत्री केएस ईश्वरप्पा और सीएन अश्वथ नारायण, पूर्व मंत्री अरागा जनेंद्र, शिवमोगा के सांसद बीवाई राघवेंद्र, बीजेपी के राज्य महासचिव और एमएलसी एन रविकुमार, विधायक चन्नबसप्पा और एमएलसी एस रुद्रेगौड़ा, डी एस अरुण और भारती शेट्टी शामिल हैं।

शिवमोगा में हुई पथराव की घटना के बाद कर्नाटक बीजेपी ने राज्य की कांग्रेस सरकार पर कानून-व्यवस्था और शांति बनाए रखने में विफल रहने का आरोप लगाया है। वहीं, बीजेपी नेता और पूर्व मंत्री सी टी रवि ने मंगलवार को घटना की न्यायिक जांच की मांग की। इसके अलावा केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने कर्नाटक सरकार पर तुष्टिकरण की राजनीति के दबाव में पुलिस के हाथ बांधने का आरोप लगाया है।

शिवमोगा के पुलिस अधीक्षक जीके मिथुन कुमार ने कहा कि जिन लोगों को चोटें आई हैं और जिनकी संपत्ति को नुकसान हुआ है, हमने उनसे शिकायत दर्ज करने के लिए कहा है। हमने घटना में शामिल कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। हमारे पास वीडियोग्राफी, सीसीटीवी कैमरा और ड्रोन कैमरे की वीडियो फुटेज है। हम घटना में शामिल सभी लोगों को पकड़ लेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि उन्हें सजा दी जाए।

अवैध घुसपैठ को रोकने के लिए भारत-म्यांमार सीमा पर लगाएं बाड़, बीजेपी विधायक ने गृह मंत्री को लिखा पत्र

इंफाल। मणिपुर में 3 मई को भड़की जातीय हिंसा को लेकर बीजेपी विधायक ने बड़ा बयान दिया है। बीजेपी विधायक ने मणिपुर हिंसा के लिए विदेशी आतंकवादी समूहों को जिम्मेदार ठहराया है।

मणिपुर के भाजपा विधायक आरके इमो सिंह ने मणिपुर में हिंसा को लंबा खिंचने और राज्य की स्थिति को देश के बाकी हिस्सों में खराब दिखाने के लिए विदेशी आतंकवादी समूहों को जिम्मेदार ठहराया। विधायक ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एक पत्र लिखा है। उन्होंने मांग की है कि देश में आतंकवाद फैलाने और अलगाववादी एजेंडे का प्रचार करने के लिए अंतरराष्ट्रीय मंचों का इस्तेमाल करने वाले सभी लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए।

विधायक आरके इमो सिंह ने गृह मंत्री अमित शाह से आग्रह किया है कि मिजोरम सरकार द्वारा म्यांमार से अवैध प्रवासियों के बायोमेट्रिक डेटा संग्रह को लेकर गंभीरता से विचार किया जाए। उन्होंने कहा कि इससे क्षेत्र की पूरी जनसांख्यिकी बदल सकती है।

उन्होंने अमित शाह से मिजोरम में भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ लगाने का भी अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि सीमा पर बाड़ लगाने से अवैध प्रवासियों के घुसपैठ को नियंत्रित करने में मदद मिल सकेगी। साथ ही उन्होंने कहा कि इस कदम से स्वदेशी लोगों की रक्षा की जा सकेगी और देश की आंतरिक सुरक्षा को मजबूत किया जा सकेगा। इसके अलावा विधायक आरके इमो सिंह ने दो छात्रों की हत्या की जांच के जिम्मेदारी सीबीआई को सौंपने के लिए केंद्र का आभार व्यक्त किया है। बता दें कि दो छात्रों की हत्या के मामले की सीबीआई ने जांच शुरू कर दी है। इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

सरकार ने बढ़ाई सड़क निर्माण की रफ्तार

चालू वित्त वर्ष में 85 प्रतिशत परियोजनाओं को समय पर पूरा करने का लक्ष्य

नई दिल्ली। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग सचिव अनुराग जैन ने बुधवार को कहा कि सड़क क्षेत्र की लगभग 85 प्रतिशत परियोजनाएं चालू वित्त वर्ष के अंत तक पूरा हो जाने की उम्मीद है। इसके कारण सरकार ने त्वरित मंजूरी के लिए निगरानी और मुद्दों के तेजी से निपटान जैसे उपाय किए हैं, जिनके नतीजे मिलने लगे हैं। सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार, सड़क परिवहन और राजमार्ग क्षेत्र में लंबित परियोजनाओं की संख्या सबसे अधिक है।

यह मंत्रालय 150 करोड़ रुपये या उससे अधिक की लागत की परियोजनाओं की निगरानी करता है। जैन ने कहा, सड़क मंत्रालय को पर्यावरण और वन मंजूरियां तेजी से मिल रही हैं और लंबित परियोजनाओं के निगरानी तंत्र में सुधार किया गया है। उन्होंने कहा, हमने परियोजनाओं को समय पर पूरा करने को एक चुनौती के रूप में लिया है। ऐसे मामले जहां परियोजना

में पहले से ही देरी हो रही है, उनमें एक संशोधित समयसीमा को लक्ष्य के रूप में लिया है। मुझे लगता है कि इस वित्त वर्ष के अंत तक हम करीब 85 प्रतिशत परियोजनाओं को समय पर पूरा कर लेंगे।

जैन ने कहा, प्रधानमंत्री द्वारा प्रगति बैठक, कैबिनेट सचिवालय की निगरानी, एकीकृत परियोजना निगरानी पोर्टल की शुरुआत, योजना में पीएम गतिशक्ति के उपयोग ने परियोजनाओं के पूरे जीवन चक्र के दौरान क्रियान्वयन की गति में काफी सुधार किया है। सचिव ने कहा कि सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय विलंबित परियोजनाओं% की परिभाषा को मानकीकृत करने के लिए सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय के साथ बातचीत कर रहा है। सड़क मंत्रालय की संपत्ति मौद्रीकरण यानी बाजार पर चढ़ने की योजना पर जैन ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की सड़क मौद्रीकरण की गति धीमी नहीं हुई है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच) भी अपने संपत्ति को बाजार में चढ़ाने के लक्ष्य को हासिल कर लेगा। उन्होंने कहा, हमने टोल-परिचालन-स्थानांतरण (टीओटी) मॉडल, इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (इनविट) मॉडल के तहत बाजार में चढ़ाने वाली सड़क परियोजनाओं की पहचान की है। आप इस साल काफी गतिविधियां देखेंगे।

इनविट म्यूचुअल फंड की तरह का उत्पाद है, जो निवेशकों से पैसा जुटाता है और समय के साथ नकदी प्रवाह देने वाली संपत्तियों में निवेश करता है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने चालू वित्त वर्ष में संपत्ति मौद्रीकरण के विभिन्न माध्यमों के जरिये 40,000 करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य रखा है।

सिक्किम में बादल फटने पर सीएम ममता बनर्जी चिंतित, कहा- पश्चिम बंगाल सरकार करेगी मदद

गंगटोक। सिक्किम में बादल फटने से तबाही मच गई है। बादल फटने से आई तिस्ता नदी में भयानक

बाढ़ से पूरा इलाका क्षतिग्रस्त हो गया है। तीस्ता नदी में अचानक आई बाढ़ में सेना के 23 जवान भी लापता हो गए हैं। वहीं, 2 नागरिकों की मौत हो गई है। इस बीच पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने 23 सैनिकों के लापता होने की खबर पर चिंता जताते हुए बंगाल सरकार की तरफ से मदद करने का वादा किया है। सीएम ममता बनर्जी ने उत्तर बंगाल से ऐसी प्राकृतिक आपदाओं की रोकथाम के लिए मौजूदा मौसम में अधिक सतर्कता बनाए रखने का भी आग्रह किया। बनर्जी ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, ÷सिक्किम में बादल फटने के बाद अचानक आई बाढ़ के बाद 23 सैनिकों के लापता होने की खबर पाकर बहुत चिंतित हूं। इस मामले पर हमारी सरकार की ओर से एकजुटता व्यक्त करते हुए और सहायता देने का वादा करते हुए, मैं उत्तर बंगाल के सभी लोगों से भी आग्रह करती हूं कि आपदा को रोकने के लिए मौजूदा सीजन में अधिक सतर्कता बनाए रखें।

उन्होंने आगे पोस्ट में लिखा है, ÷मैंने पहले ही राज्य के मुख्य सचिव को जल्द से जल्द आपदा प्रबंधन तैयारी उपायों का समन्वय करने के लिए कहा है। कलिम्पोंग, दार्जिलिंग और जलपाईगुड़ी जिलों में लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के लिए सभी कदम उठाए गए हैं। राज्य के वरिष्ठ मंत्रियों और वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों को उत्तर बंगाल में भेजा गया है।

केरल में सहकारी बैंक घोटालों पर भड़के अनिल एंटनी, राज्य सरकार पर लगाए गंभीर आरोप

तिरुअनंतपुरम। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव अनिल एंटनी ने बुधवार को केरल की सहकारी बैंकों में घोटालों को लेकर पिनरई विजयन

आरोप

अनिल एंटनी ने कहा कि कम्युनिस्ट पार्टी सरकार अपनी अक्षमता को छिपाने के लिए आरोप-प्रत्यारोप में लगी हुई है।

की सरकार की आलोचना की। एंटनी ने कहा कि गंभीर बैंकिंग अनियमितताओं और घोटालों के कारण आम लोगों की जिंदगी भर में जमा पूंजी खतरे में हैं। केरल की सहकारी बैंकों में घोटालों को लेकर भाजपा ने बुधवार को कंडाला सहकारी बैंक के सामने भूख हड़ताल की। इस दौरान उन्होंने कहा कि पूरे केरल में कासरगोड से त्रिवेंद्रम तक

ऐसे कई क्षेत्र हैं, जहां लोगों की बचत खतरे में हैं। कई लोग पहले ही अपनी जमापूंजी गवां चुके हैं। अपनी जिंदगी भर की बचत गंवाने के कारण कई लोगों द्वारा आत्महत्या किए जाने के कई मामले सामने आ चुके हैं। भाजपा हमेशा लोगों के साथ खड़ी है। हम प्रत्येक जिले में प्रत्येक बैंक से लोगों को उनकी जमा पूंजी वापस दिलाने के लिए लड़ेंगे। हम सुनिश्चित करेंगे कि लोगों को न्याय और अनियमिततओं-घोटालों के लिए जिम्मेदारों को सजा मिले। माकपा सरकार को आड़े हाथ लेते हुए उन्होंने कहा कि पिनरई विजयन के नेतृत्व वाली सरकार के आने के बाद से राज्य में भ्रष्टाचार और सांप्रदायिकता बढ़ गई है। माकपा ने भ्रष्टाचार छिपाने को सांप्रदायिकता भड़काई है। बता दें केरल में सीपीआईएम सरकार पर निशाना साधते हुए एंटनी ने कहा, ÷जब से पिनाराई विजयन के नेतृत्व वाली सरकार राज्य में आई है, केरल में केवल दो चीजें बढ़ी हैं, भ्रष्टाचार और बहुत सारी सांप्रदायिकता। राज्य में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार पर टिप्पणी करते हुए, भाजपा नेता ने कहा, ÷हमने पिछले दो या तीन वर्षों में देखा है जब महामारी के दौरान एक घोटाला हुआ था जहां किट खरीदे गए थे और ओणम के दौरान एक घोटाला हुआ था जहां ओणम किट खरीदे गए थे।÷ पीएससी में भर्ती अभियान के दौरान एक और बड़ा घोटाला हुआ अनिल एंटनी ने कहा कि कम्युनिस्ट पार्टी सरकार अपनी अक्षमता को छिपाने के लिए आरोप-प्रत्यारोप में लगी हुई है। एंटनी ने कहा, ÷अब जब सैकड़ों बैंकों के बंद होने का खतरा पैदा हो गया है तो चीजें हाथ से बाहर हो गई हैं, वे अपनी अक्षमता को छुपाने के लिए खुद को छोड़कर बाकी सभी पर दोष मढ़ रहे हैं। आरबीआई के कड़े नियम हैं जो बताते हैं कि कैसे पैसा उधार दिया जा सकता है, कैसे जमा लिया जा सकता है। केरल भर के सभी सहकारी बैंकों में आरबीआई के इन सभी मानदंडों को तोड़ा गया था और यह सब कम्युनिस्ट सरकार की जानकारी में किया गया था।

बेंगलुरु में 2019 के मुकाबले कम हुई आवारा कुत्तों की संख्या

बेंगलुरु। कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में आवारा पशुओं को लेकर शहरी नगर निकाय की एक रिपोर्ट सामने आई है। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि बेंगलुरु में कुल 2 लाख 79 हजार 335 आवारा कुत्ते हैं।

रिपोर्ट में बताया गया है कि 2019 के मुकाबले आवारा कुत्तों की आबादी में 10 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। बता दें कि साल 2019 में आवारा पशुओं को लेकर सर्वे किया गया था। रिपोर्ट के मुताबिक, 2019 की तुलना में आवारा कुत्तों की आबादी में 10 प्रतिशत की कमी आई है।

बृहत बेंगलुरु महानगर पालिका के अनुसार, यह आंकड़ा 3 लाख 10 हजार होने का अनुमान लगाया गया था। बुधवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि आवारा कुत्तों की नसबंदी प्रतिशत में भी कमी दर्ज की गई है। साल 2019 में 51.16त्न के मुकाबले 20 प्रतिशत बढ़कर 71.85त्न हो गया है, जिससे कुत्तों की संख्या में कमी आई है। रिपोर्ट के अनुसार, स्ट्रीट डॉग की आबादी में गिरावट जनसंख्या नियंत्रण और जिम्मेदार प्रबंधन के प्रयासों की प्रभावशीलता को दर्शाती है। शहरी नगर निकाय ने कहा कि यह अनुमान बृहत बेंगलुरु महानगर पालिका के आठ क्षेत्रों और बेंगलुरु के सभी वार्डों में स्ट्रीट डॉग की आबादी की कमी को दिखाता है।

हिजाब नहीं पहनने की सजा, कोमा में पहुंची 16 साल की लड़की, महिला पुलिसकर्मियों ने मेट्रो में की थी पिटाई

दुबई। ईरान में कुछ महीने पहले ही हुए हिजाब विरोधी प्रदर्शनों के बाद भी देश में हालत पहले जैसे ही है। ईरान में महसा अमीनी जैसी हरकत एक बार फिर से दुहराई गई है। हिजाब नहीं पहनने पर ईरान की नैतिक पुलिस की पिटाई से एक 16 साल की लड़की कोमा में है और जिंदगी और मौत के बीच की जंग लड़ रही है। दो प्रमुख अधिकार कार्यकर्ताओं ने 4 अक्टूबर (बुधवार) को इस बात की जानकारी दी। आपको बता दें कि 16 साल की लड़की का नाम अरमिता गेरवांड है, जिसने हिजाब नहीं पहना था। इस कारण एक महिला पुलिसकर्मियों ने मेट्रो में उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी। इसके बाद उसके सिर और गर्दन में गंभीर चोटें आईं। हालांकि, ईरान की सरकार ने इस पुरे मामले से किनारा कस लिया है और अधिकार समूहों के दावों का खंडन किया है। वहीं, देश में सोशल मीडिया पर यह घटना तेजी से वायरल हो रही है। 2 अक्टूबर (रविवार) को इस्लामिक ड्रेस कोड लागू करने वाले अधिकारियों के साथ झड़प के बाद वह कोमा में चली गई थी, ईरानी-कुर्द अधिकार समूह हेंगॉ ने तेहरान अस्पताल में बेहोश अरमिता गेरवांड की तस्वीर पोस्ट की जहां उसे घटना के बाद ले जाया गया था।

इस घटना के बारे में टिप्पणी के अनुरोध पर ईरान के आंतरिक मंत्रालय की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। वहीं,दूसरी तरफ ईरान में एक कार्यकर्ता ने कहा कि हम उसके मामले पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। वह अस्पताल के ढ्ढष्ट में कोमा में है और उसकी हालत गंभीर है। इसके अलावा, दूसरे कार्यकर्ता ने कहा कि सुरक्षा बलों ने गेरवांड के माता-पिता को सोशल मीडिया पर उसकी तस्वीर पोस्ट करने या मानवाधिकार समूहों से बात करने से मना कर दिया था।

श्रद्धालुओं की मदद से अमेरिका में 13 वर्ष में तैयार हुआ ऐतिहासिक अक्षरधाम, अक्षरवत्सल स्वामी ने बताईं खूबियां

अमेरिका। अमेरिका के रॉबिंसविले में दुनिया के दूसरे सबसे बड़े मंदिर के उद्घाटन में गिनती के दिन बचे हैं। यहां अक्षरधाम महोत्सव शुरू हो चुका है। अक्षरधाम महामंदिर का उद्घाटन 8 अक्टूबर को महंत स्वामी द्वारा किया जाएगा। मंदिर का निर्माण अमेरिकी राज्य न्यूजर्सी के रॉबिन्सविले में किया गया है। मंदिर की योजना प्रमुख स्वामी महाराज की देखरेख में बनाई गई थी। अक्षरवत्सल स्वामी ने रॉबिंसविले में दैनिक जागरण से खास बातचीत के दौरान अक्षरधाम मंदिर के बारे में काफी विस्तार से बताया। अक्षरधाम के आर्किटेक्चर का मांगलिक शिलान्यास समारोह 6 अक्टूबर, 2011 को आयोजित किया गया था।

कंगाल पाकिस्तान को चीन का झटका, नई बेल्ट एंड रोड परियोजनाओं में नहीं करेगा निवेश, प्रस्ताव ठुकराया

इस्लामाबाद। आर्थिक तंगी का सामना कर रहे पाकिस्तान को चीन ने बड़ा झटका दिया है। चीन ने पाकिस्तान की राजनीतिक अस्थिरता और सुरक्षा का हवाला देते हुए नई बेल्ट एंड रोड परियोजनाओं को ठुकरा दिया है।चीन ने नई बेल्ट एंड रोड परियोजनाओं को ठुकराने का कारण पाकिस्तान की सुरक्षा स्थिति और राजनीतिक अस्थिरता को बताया है। बता दें कि पाकिस्तान ने चीन से निवेश की अपील की थी। हालांकि, चीन ने पाकिस्तान की अपील को खारिज कर दिया।

चीनी पक्ष ने चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे के तहत ऊर्जा, जलवायु परिवर्तन, बिजली ट्रांसमिशन लाइनें और पर्यटन से संबंधित अधिक परियोजनाओं को जोड़ने के पाकिस्तान के सुझावों को खारिज कर दिया। रिपोर्ट में बताया गया कि चीन ने कराची से राष्ट्रीय

अस्थिरता

चीन ने नई बेल्ट एंड रोड परियोजनाओं को ठुकराने का कारण पाकिस्तान की सुरक्षा स्थिति और राजनीतिक अस्थिरता को बताया है।

बिजली ग्रिड से चीनी बुनियादी ढांचा निवेश के केंद्र ग्वादर के दक्षिणी बंदरगाह को जोड़ने के लिए 500 किलोमीटर लंबी ट्रांसमिशन लाइन बनाने के पाकिस्तान के प्रस्ताव को ठुकरा दिया है। इसके अलावा चीन ने पाकिस्तान को ग्वादर में 300 मेगावाट के कोयला आधारित बिजली संयंत्र पर अपनी आपत्ति

छोड़ने के लिए मजबूर कर दिया है। बता दें कि सीपीईसी के लिए निर्णय लेने वाली शीर्ष संस्था संयुक्त सहयोग समिति (जेसीसी) की 11वीं बैठक पिछले साल अक्टूबर में हुई थी, लेकिन इस साल जुलाई में इस पर हस्ताक्षर किए गए थे।

निक्केई एशिया की रिपोर्ट के अनुसार, अधिकारियों ने स्थानीय मीडिया में आई खबरों की पुष्टि की है। पाकिस्तान के योजना और विकास मंत्रालय ने कहा कि चीन और पाकिस्तान जल संसाधन प्रबंधन, जलवायु परिवर्तन और पर्यटन जैसे सहयोग के नए क्षेत्रों को शामिल करने के लिए सीपीईसी के दायरे का विस्तार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

65 वर्षीय शख्स विमान से करता था महिला का पीछा, हरकत पड़ी भारी, पुलिस ने किया गिरफ्तार

बेनिंगटन। न्यूयॉर्क में एक व्यक्ति पर अपने छोटे हवाई जहाज के जरिए एक महिला का पीछा करने का आरोप लगाया गया है। 65 वर्षीय माइकल अर्नोल्ड को मंगलवार को उस समय गिरफ्तार कर लिया गया जब वह शहर के विलियम एच. मोर्स स्टेट हवाईअड्डे में गाड़ी चला रहा था। पुलिस ने कहा कि उसका सिंगल इंजन सेसना 180 हवाई अड्डे पर था और वह वहीं से उड़ान भरा करता था।

मैनचेस्टर, न्यू हैम्पशायर के अर्नोल्ड को मई में साराटोगा, न्यूयॉर्क की एक अदालत से सुरक्षा का अस्थायी आदेश दिया गया था। बेनिंगटन पुलिस प्रमुख पॉल डौकेट ने एक समाचार विज्ञप्ति में कहा, उस आदेश की एक विशिष्ट शर्त यह थी कि वह जब तक आदेश प्रभावी रहेगा, वह किसी विमानों को उड़ाना बंद कर देगा।

विवादित सोशल मीडिया पोस्ट के बाद नेपाल में दो समुदायों के बीच भड़की हिंसा, नेपालगंज में लगा कर्फ्यू

लॉकडाउन

हिंदुओं और मुसलमानों के बीच बढ़ते तनाव के बीच शहर में लॉकडाउन लगा दिया गया है

काठमांडू। नेपाल के नेपालगंज में एक हिंदू लड़के द्वारा सोशल मीडिया पर मुसलमानों के बारे में एक स्टेटस पोस्ट करने से विवाद खड़ा हो गया। विरोध में मुसलमानों ने सड़कों पर टायर जलाए और यातायात अवरुद्ध कर दिया। हिंदुओं और मुसलमानों के बीच बढ़ते तनाव के बीच शहर में लॉकडाउन लगा दिया गया है और सुरक्षा भी तेज कर दी है। हालांकि, लॉकडाउन के बाद दक्षिण पश्चिम नेपाल के शहर नेपालगंज में शांति का माहौल देखा गया। मंगलवार (3 अक्टूबर) को एक बड़ी हिंदू रैली आयोजित की गई थी, जिसमें प्रदर्शनकारियों ने पत्थर और बोतलें फेंकी। इसमें कुछ लोग मामूली रूप से घायल हो गए। राजधानी काठमांडू से लगभग 400 किलोमीटर पश्चिम में नेपालगंज में हिंदू विरोध प्रदर्शन पर हुए हमले के बाद मंगलवार दोपहर से अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लगा दिया गया था। क्षेत्र के पुलिस प्रमुख संतोष राठौड़ ने कहा कि अधिकारी शहर में गश्त कर रहे हैं। लोगों को लॉडाउन के दौरान अपने घरों को छोड़ने या समूहों में इकट्ठा होने पर मनाही है। बुधवार सुबह और कल रात तक जानमाल के नुकसान की सूचना नहीं मिली है। बता दें कि नेपाल में सांप्रदायिक हिंसा आम बात नहीं है। ये एक हिंदू बहुसंख्यक देश है जो कुछ साल पहले ही धर्मनिरपेक्ष बना है। नेपालगंज की आबादी का लगभग एक तिहाई हिस्सा मुसलमानों का है।

मोंगी बावेंडी, लुईस और एलेक्सी को मिला केमिस्ट्री का नोबेल पुरस्कार

स्टॉकहोम। रसायन विज्ञान में नोबेल पुरस्कार मोंगी बावेंडी, लुईस ब्रूस और एलेक्सी एकिमोव को छोटे क्वांटम डॉट्स पर उनके काम के लिए दिया गया है। रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज के महासचिव हंस एलेग्रेन ने बुधवार को स्टॉकहोम में पुरस्कार की घोषणा की। बता दें नोबेल पुरस्कार में 11 मिलियन स्वीडिश क्रोनर (1 मिलियन डॉलर) का नकद पुरस्कार दिया जाता है। यह धनराशि पुरस्कार के निर्माता, स्वीडिश आविष्कारक अल्फ्रेड नोबेल द्वारा छोड़ी गई वसीयत से आती है, जिनकी 1896 में मृत्यु हो गई थी।

पाकिस्तान में बढ़ रहे आतंकी हमलों पर अमेरिकी रक्षा मंत्री ने जताई चिंता, पाक सेना प्रमुख से फोन पर की बात

वाशिंगटन। पाकिस्तान में आतंकी घटनाओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं के रहा है। ऐसी घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी दर्ज हो रही है। पाकिस्तान इंस्टीट्यूट फॉर कॉन्फ्लिक्ट एंड सिक्योरिटी स्टडीज (पीआईसीएसएस) की एक रिपोर्ट में बताया गया कि देश में अगस्त के महीने में आतंकवादी हमलों में तेज वृद्धि देखी गई है। इस संबंध में अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन ने पाकिस्तान सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर से बात की।

वाशिंगटन में, अमेरिकी रक्षा विभाग ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि रक्षा सचिव ऑस्टिन ने 3 अक्टूबर (मंगलवार) को पाकिस्तान के चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ (सीओएएस) जनरल मुनीर से फोन पर बात की। वहीं, ब्रिगेडियर. जनरल पैट्रिक राइडर, पेंटागन के प्रेस सचिव ने शीर्ष अधिकारियों के बीच टेलीफोन पर हुई बातचीत की पुष्टि की और बताया कि इस दौरान,उन्होंने आपसी हित के क्षेत्रों और हालिया क्षेत्रीय विकास पर चर्चा की। आपको बता दें कि यह दूसरी बार है जब जनरल मुनीर और अमेरिकी सचिव ने फोन पर बात की है। इससे पहले उन्होंने इस साल के जनवरी में बात

की थी, जब अमेरिकी रक्षा सचिव ने जनरल मुनीर को सेना प्रमुख के रूप में कार्यभार संभालने पर बधाई देने के लिए फोन किया था। अभी तक इस कॉल के संबंध में कोई बयान नहीं दिया गया है। न तो वाशिंगटन और न ही इस्लामाबाद ने चर्चा किए गए विषयों के बारे में कोई जानकारी दी है। हालांकि डॉन की रिपोर्ट में इस बात का जिक्र किया गया कि कैसे अफगानिस्तान के लिए अमेरिका के विशेष प्रतिनिधि टॉम वेस्ट ने हाल ही में प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) को क्षेत्रीय स्थिरता के लिए सबसे बड़े खतरे के रूप में पहचाना था। इसलिए, ऑस्टिन और मुनीर के बीच टेलीफोन पर हुई बातचीत काफी खास मानी जाती है। डॉन के अनुसार, टीटीपी द्वारा पिछले साल नवंबर में पाकिस्तान सरकार के साथ अपना संघर्ष विराम खत्म करने के बाद पाकिस्तान में, खासकर खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में आतंकवादी गतिविधियों में वृद्धि दर्ज की गई है।

विमानों की दहाड़ से गूंजने लगा संगम क्षेत्र

- 10 एयरबेस से उड़ान भरेंगे 120 विमान
- रिहर्सल शुरू, संगम क्षेत्र को पूरी तरह से कराया गया खाली

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। प्रयागराज के इतिहास में 8 अक्टूबर को एयर फोर्स डे पर एयर शो में देश के 10 एयरबेस से 120 विमान उड़ान भरेंगे। ये विमान संगम क्षेत्र में अपना करतब दिखाने के बाद अपने-अपने एयरबेस में वापस पहुंचेंगे। एयर फोर्स के बेड़े में जितने भी तरह के हेलीकॉप्टर और विमान हैं। वह इस एयरशो का हिस्सा होंगे।

इस एयरशो में मिग-21 आखिरी बार उड़ान पर होगा। इस एयर शो को ऐतिहासिक बनाने के लिए पूरी एयरफोर्स ऑफिसर्स की देशभर से आई टीम ने मोर्चा संभाल लिया है। संगम क्षेत्र को नो फ्लाइंग जोन घोषित करने के बाद पूरा खाली करा दिया गया है। ऊंचे-नीचे गड्?ढों को भरने के लिए जेसीबी और पोकलैंड मशीनें लगी हैं। जिन 10 एयरबेस से विमान उड़ान भरेंगे। उनमें प्रमुख रूप से प्रयागराज बम्हरौली, लखनऊ बक्शी का तालाब, आगरा, हिंडन, बरेली, चकेरी, गोरखपुर, बिहटा, दरभंगा, महराजपुर शामिल हैं। इन्हीं एयरबेस से 120 विमान हवा में अपने हैरतअंगेज करतबों से सभी को मंत्रमुग्ध करने वाले ?हैं।

8 अक्टूबर को होने वाले एयरशो को लेकर संगम क्षेत्र को पूरी तरह से देखते हुए संगम क्षेत्र को पूरी तरह से खाली कर दिया गया है। संगम में हनुमान मंदिर के सामने जो भी अस्थाई दुकानें लगी थी। उन सबको प्रशासन ने हटवा दिया है।

संगम नेज पर भी किसी भी तरह की दुकान को 8 अक्टूबर तक लगाने की अनुमति नहीं दी गई है। किले के आस-पास जो उबड़ खाबड़ जमीन थी। प्रशासन ने उसको जेसीबी और पोकलैंड मशीन लगाकर समतल करवा दिया है। संगम क्षेत्र को साफ सुथरा रखने के लिए भी अलग से सफाईकर्मी लगाए गए हैं।

एयर फोर्स के स्थापना दिवस के अवसर पर प्रयागराज में हो रहे एयर शो मैं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ ही साथ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी शामिल हो सकते हैं। हालांकि ना तो एयरफोर्स के अधिकारियों और ना ही स्थानीय प्रशासन की तरफ से इसकी पुष्टि अभी तक हो पाई है। एयर मार्शल आरजीके कपूर ने बताया कि निमंत्रण राष्ट्रपति, रक्षा मंत्री, प्रधानमंत्री, यूपी राज्यपाल और मुख्यमंत्री को भी दिया गया है। इनमें से और शो में कौन शामिल होगा कौन नहीं यह अभी नहीं बताया जा सकता है।

एयर शो में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, रक्षा मंत्री राजनाथ राज्यपाल, आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शामिल होने की संभावना को लेकर संगम क्षेत्र में एयरफोर्स के साथ ही साथ जिला प्रशासन की ओर से भी तैयारियां मुकम्मल कर ली गई हैं।

एयरफोर्स की ओर से तैयारी का जायजा लिया गया है। शो के दौरान विभागों के साथ ही साथ प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करने के लिए किले के ऊपर एक कंट्रोल रूम बनाया गया है। किले के अंदर अस्थाई अस्पताल के साथ ही साथ संगम क्षेत्र में कई जगह मोबाइल टॉयलेट्स भी बनाए गए हैं।

एयर शो में भाग लेने के लिए प्रयागराज के 1000 स्कूली बच्चों को भी शामिल होने का मौका मिलेगा। जिला विद्यालय निरीक्षक पीएम सिंह ने बताया की राजकीय इंटर कॉलेज से 500 से अधिक बच्चे सीएबी इंटर कॉलेज से 300 एंग्लो बंगाली के 100 बच्चे और कर्नलगंज इंटर कॉलेज के 100 बच्चों को बाकायदा एयरशो में बुलाया जाएगा।

एयर मार्शल आरजीके कपूर ने बताया कि एयर शो में भाग लेने के लिए पास की जरूरत नहीं है। बस शो शुरू होने के 1 घंटे पहले जहां से संगम क्षेत्र में आपको शो देखना हो। वहां आप अपना स्थान नियत कर सकते हैं। जहां भी बैठेंगे उन स्थानों पर आने पर प्रतिबंध रहेगा। बाकी संगम क्षेत्र, किलाघाट, अरैल घाट की तरफ से कहीं से भी खड़े होकर आप एयर शो देख सकते हैं। इसका लुत्फ को उठा सकते हैं।

डिप्टी सीएम के जाति जनगणना के बयान से गरमाई सियासत

जातिगत जनगणना का मैं हूं समर्थक: केशव मौर्य

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। बिहार में जातिगत जनगणना के आंकड़े सार्वजनिक होने के बाद सियासी गलियारों में इसे लेकर हलचल तेज है। यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने इस विषय पर कहा है कि वह व्यक्तिगत रूप से जातिगत गणना के समर्थक हैं विरोधी नहीं है। उनका यह भी कहना है कि जो लोग जातिगत जनगणना के हितैषी बन रहे हैं उन्होंने सत्ता में काबिज रहते हुए अब तक दलित और पिछड़ों के लिए क्या किया है, उसका भी वह हिसाब दें। अगर उन्होंने इन वर्गों के लिए कुछ किया होता तो यह लोग क्यों गरीब रह गए, क्यों अनपढ़ रह गए, क्यों उनको रोजगार नहीं मिला। इसके लिए अगर कोई दोषी है तो सपा , बीएसपी और कांग्रेसी। अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने कहा है कि यह केवल चुनावी स्टंट है। शहर के संगम सभागार में मीडिया से मुखातिब होते हुए केशव प्रसाद मौर्य ने महाकुंभ की तैयारी पर भी अपनी जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि महाकुंभ को दर्द दिव्य भव्य और नव्य बनाने के लिए योगी सरकार और केंद्र की मोदी सरकार सभी तैयारियां कर रही है। मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने यह भी कहा है कि फूलपुर में प्रियंका गांधी या राहुल गांधी वहां खिलेगा कमल ही..। अपनी बात को आगे बढ़ते हुए उन्होंने कहा कि यूपी की सभी सीटों पर भाजपा का कमाल ही खिलेगा।

समाजवादी पार्टी के स्थापना दिवस पर बंटी मिठाई, दी गई एक दूसरे को शुभकामनायें

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। समाजवादी पार्टी के स्थापना दिवस 4 अक्टूबर को आज पार्टी कार्यालय में सपा जनों ने एक दूसरे को मिठाइयाँ खिलाकर बधाई और शुभकामनायें दी। साथ ही 2024 मे होने वाले लोकसभा चुनाव में सांप्रदायिक एवं विघटन कारी ताकतों को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाने का संकल्प भी लिया गया। समाजवादी पार्टी की स्थापना 4 अक्टूबर 1992 को हुई थी। सपा के जिला कार्यालय जार्ज टाउन में जिलाध्यक्ष गंगापार अनिल यादव एवं जिलाध्यक्ष यमुनापार पप्पू लाल निषाद ने उपस्थित पार्टी जनों को सम्बोधित करते हुए कहा कि डॉ लोहिया के सपनो को सैफई की धरती पर एक किसान परिवार में जन्मे स्व.मा मुलायम सिंह यादव ने अपना धर्म और कर्म मानकर पूरा जीवन समर्पित कर दिया। एम एल सी डॉ मान सिंह यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष पंधारी यादव, प्रदेश सचिव नरेन्द्र सिंह, अभय राज यादव, दान बहादुर मधुर आदि ने समाजवादी पार्टी को पूरे देश में विस्तार देने के लिये संगठन को मजबूती देने पर बल दिया। इस अवसर पर अन्य लोंगो में राम अवध पाल, नाटे चौधरी, हरिश्चंद्र यादव, बृजेश यादव, सुरेश नेता, कृष्ण राज, लाल चंद्र, खिन्नी पासी, सुमित विश्वकर्मा, कुलदीप यादव, भोला पासी, संत लाल वर्मा, दिनेश यादव, सचिन श्रीवास्तव, राकेश सिंह, रामशंकर आदि उपस्थित रहे।

अभियान चलाकर बच्चों और शिक्षकों को किया गया जागरूक

जौनपुर (शाहगंज)। पुलिस कप्तान अजय शर्मा के निर्देशन में कोतवाली पुलिस बुधवार को अभियान चलाकर नगर के सेण्ट थामस इंटर कॉलेज के बच्चों और शिक्षकों को साइबर क्राइम और महिला मिशन के बारे में जागरूक किया। इस दौरान प्रशिक्षित पुलिस कर्मियों के द्वारा साइबर अपराध से बचने के उपायों को साझा किया गया। जागरूकता के क्रम में पुलिस ने लोगों को साइबर सम्बन्धी फ्राड होने पर टोल फ्री नम्बर 1930और महिला सम्बन्धी अपराध होने पर 1090 पर शिकायत दर्ज कराने की अपील की।इस दौरान उपनिरीक्षक वरूणेन्द्र राय कम्प्यूटर आपरेटर नीरज कुमार शर्मा, महिला कान्सटेबल रिंका मौर्या और वन्दना समेत स्कूली बच्चे और शिक्षक मौजूद रहे। कालेज प्रशासन ने पुलिस टीम के प्रति आभार जताया।

पूजन स्थल के आस-पास व शोभायात्रा मार्ग तत्काल दुरूस्त हो: डीएम

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। जिलाधिकारी अनुज झा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में ऐतिहासिक दुर्गा पूजनोत्सव मनाये जाने को लेकर बैठक हुई जहां विभिन्न दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्षों ने मुख्य मार्गो यथा पॉलिटेक्निक चौराहे से सिटी स्टेशन, पॉलिटेक्निक चौराहे से ओलन्दगंज रोड, सिपाह से मानिक चौक, भण्डारी रेलवे स्टेशन से रसूलाबाद सहित कुल 11 मुख्य मार्गो पर क्षतिग्रस्त मार्गो को रिकवर करने, गड्ढों को पाटने इत्यादि समस्याओं के निराकरण का अनुरोध किया जिस पर जिलाधिकारी ने एक्सईएन जल निगम को निर्देशित किया कि इन मार्गो पर किसी भी प्रकार का कोई नया प्रोजेक्ट त्योहार समाप्त होने तक शुरू न करे। पुराने प्रोजेक्ट के तहत जहां कहीं भी गड्ढे हैं, उसे पाट दें। सड़कें मोटरेबल होनी चाहिए जिससे पूजनोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं को आवागमन में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।उन्होंने समस्त अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रस्तावित सभी मुख्य मार्गो पर चूना छिड़काव करें। खराब स्ट्रीट लाइट्स को सही करायें। साफ–सफाई, पानी इत्यादि की समुचित व्यवस्था करें। इसी क्रम में एसीएमओ को निर्देशित किया कि मेडिकल एड, एम्बुलेंस की व्यवस्था करें। कंट्रोल रूम का नम्बर जारी करें तथा सीएचसी सेंटरों को अलर्ट मोड पर रखे तथा एम्बुलेंस में मौजूद सभी उपकरण सक्रिय अवस्था में होने चाहिये। साथ ही उन्होंने विसर्जन घाट पर भी एम्बुलेंस की व्यवस्था करने का निर्देश दिया।

संक्षिप्त समाचार

हाईवे पर सड़क हादसे में असिस्टेंट प्रोफेसर की मौत

प्रयागराज। सोरांव थाना अंतर्गत सड़क हादसे में बाइक सवार असिस्टेंट प्रोफेसर की डंपर की चपेट में आने मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हंडिया थाना क्षेत्र के पिपरी गांव के रहने वाले 40 वर्षीय डॉ. लक्ष्मीकांत मिश्र भवंस मेहता डिग्री कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर तैनात थे। लक्ष्मी नारायगण कॉलेज के परिसर में ही आवासीय भवन में रहते थे। दो दिन पहले वह गांव गए थे। आज सुबह बाइक से भवंस मेहता डिग्री कॉलेज कौशाम्बी जा रहे थे। हाईवे के कुरगांव पहुँचे थे तभी डंपर की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे के बाद पत्नी प्रीति और दो बेटियों का रो रोकर बुरा हाल है।

वरिष्ठ पत्रकार के निधन पर श्रद्धांजलि

आजमगढ़। अतरौलिया निवासी 68 वर्षीय वरिष्ठ पत्रकार हाजी रज्जाक अंसारी के हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया सउनके निधन से आहत पत्रकारों ने कलेक्ट्रेट मैं स्थिति अवधनामा कार्यालय में वरिष्ठ पत्रकार अब्दुल कादिर जाफ़री के अध्यक्षता में निधन पर एक शोक सभा हुई स हाजी अब्दुल रज्जाक के निधन पर उनके मगफ़रत के लिए खुदा से दुआ किया गया स इस अवसर पर वक्ताओं ने हाजी अब्दुल रज्जाक को एक ईमानदार व्यवहार कुशल कर्तव्यनिष्ठ पत्रकार बताया जो क्षेत्र में होने वाली हर घटनाओं को तुरंत अपने लेखनी से उजागर करने में वह आगे रहते थे स क्षेत्र की समस्या समाज में व्याप्त बुराइयों भ्रष्टाचार आदि पर वे मुखर थे और हर समय उपस्थित रहते थे स सउनके जनाजे की नमाज में भीड़ को देखते हुए उनके लोकप्रियता का एहसास होता है सअपने पीछे अपनी पत्नी सहित चार लड़के और एक लड़की सभी की शादी हो चुकी हैं छोड़ गए हैं।

क्षतिग्रस्त सड़क मरम्मत की मांग को लेकर ग्रामिणों ने सौंपा ज्ञापन

आजमगढ़। जनपद के रकेश कुमार जिला पंचायत सदस्यों ने जिले के कप्तानगंज-अहिरौला क्षतिग्रस्त मुख्य मार्ग के पुनः निर्माण के सम्बन्ध में । ग्राम राजापट्टी,कप्तानगंज-अहिरौला मुख्य मार्ग जो ग्रामीण अंचल को जिला मुख्यालय से जोड़ता है । पिछले 10 वर्षों से पूर्ण रूप से टूटकर क्षतिग्रस्त हो गयी है। जिस पर आये दिन दुर्घटनायें होती रहती हैं। जिससे लोग चोटिल हो जा रहे हैं और कई बार मौत का शिकार हो जाते हैं जिससे आम जनता में काफी आक्रोश व्याप्त है । वार्ता के दौरान लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों द्वारा बताया गया कि 56 करोड़ का इस्टीमेट बनाकर शासन को भेज दिया गया है, परन्तु शासन से वित्तीय स्वीकृति न मिलने के कारण सडक निर्माण नहीं हो पा रहा है, जिससे लोगों में सरकार के प्रति भी काफी नाराजगी है। क्षेत्रीय नागरिक किसी भी समय धरना प्रदर्शन कर सकते हैं। अतः श्रीमान्जी से प्रार्थना है कि तत्काल वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर सड़क की मरम्मत का मांग करतें। इस आवसर पर वीरेंद्र राजकुमार अवयनिवाड शिवकुमार चौहान लगुड्डू यादव, अमित सुदेश अनिल शिवनरायण यादव आदि लोग रहे।

इन्वेस्टर्स से समन्वय स्थापित कर उद्योग स्थापित करें: डीएम

आजमगढ़। जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में उ0प्र0 ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 के अन्तर्गत एमओयू व जीबीसी की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। जिलाधिकारी ने उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिया कि इन्वेस्टरों को जमीन उपलब्ध कराने के लिए तहसीलदार से मिलकर जमीन बेचने वाले इच्छुक किसानों से बात कर जमीन उपलब्ध करायें। उन्होने कहा कि जिन इन्वेस्टर्स को जमीन उपलब्ध हो गयी है उन इन्वेस्टर्स से समन्वय स्थापित कर उद्योग स्थापित करायें। उन्होने कहा कि जो लोग अपनी जमीन मार्केट रेट पर बेचना चाहते हैं, उनके लिए सीआरओ व एसडीएम से बात कर उनका डाटा बेस तैयार करायें।

हमारे विद्यार्थियों में प्रतिभा की नहीं है कमी: प्रो. वंदना

- अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस सप्ताह का हुआ समापन
- प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागी हुए पुरस्कृत

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस सप्ताह का समापन बुधवार को प्रो. राजेन्द्र सिंह (रज्जू भइया) भौतिकीय विज्ञान अध्ययन एवं शोध संस्थान के आर्यभट्ट सभागार में हुआ। कुलपति प्रो वंदना सिंह ने 29 सितम्बर से 04 अक्टूबर तक आयोजित प्रतियोगिताओं में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। समापन सत्र को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम देखकर लगा कि हमारे विद्यार्थियों में प्रतिभा की कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि बापू के तीन बंदरों का संदेश आज भी प्रासंगिक हैं। विद्यार्थी अन्य गतिविधियों के साथ ही साथ पढ़ाई पर विशेष ध्यान दें ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सके। कुलसचिव महेंद्र कुमार ने कहा कि विविधता में एकता का संदेश महात्मा गांधी ने दिया। बापू की सोच अहिंसा के साथ -साथ सहिष्णुता की भी थी। नोडल अधिकारी डॉ. मनोज मिश्र ने स्वागत भाषण किया। सह नोडल अधिकारी डॉ श्याम कन्हैया ने सप्ताह भर चले कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। समापन सत्र में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी पर लघु फिल्म दिखाई गई। प्रदेश की राज्यपाल श्री आनंदीबेन पटेल के निर्देश पर गाँधी रिसर्च फाउंडेशन, जलगांव की अपेक्षा के अनुरूप अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस सप्ताह का आयोजन किया गया था।अहिंसा दिवस सप्ताह के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता, सामाजिक सद्भाव पर रंगोली प्रतियोगिता, पर्यावरण संरक्षण पर पोस्टर प्रतियोगिता ,अहिंसा , अनेकता में एकता, सामाजिक सद्भाव कविता एवं शांति पर गीत प्रतियोगिता, आशु गीत प्रतियोगिता, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा स्वच्छता कार्यक्रम एवं महात्मा गाँधी पर फिल्म का प्रदर्शन किया गया।इसमें प्रतिभाग लेने वाले एवं स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।

अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस सप्ताह एवं विश्वविद्यालय स्थापना दिवस आयोजन समिति के सदस्य डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. नितेश जायसवाल एवं डॉ. श्याम कन्हैया सिंह सुनील कुमार, डॉ. अवध बिहारी सिंह, डॉ. अन्नू त्यागी, शशिकांत यादव, डॉ. राहुल राय,डॉ. अंकित सिंह, डॉ. अवधेश मौर्य एवं पंकज सिंह को कुलपति ने प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ नितेश जायसवाल ने किया। इस अवसर पर प्रो. देवराज सिंह, डॉ जान्हवी श्रीवास्तव, डॉ अवधेश मौर्य, डॉ वनिता सिंह, डॉ प्रियंका सिंह, डॉ झाँसी मिश्र उपस्थित रहीं।

स्वच्छता श्रमदान कर किया गया राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को याद

- 10 विजेता प्रतिभागी पुरस्कृत

अवधनामा संवाददाता

आजमगढ़। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, आजमगढ़ द्वारा जनपद आजमगढ़ के ग्राम पटहुआ, विकासखण्ड जहानागंज में ''महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर - स्वच्छता ही सेवा'' विशेष जनसंपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनसंपर्क कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ग्राम प्रधान नरेन्द्र बहादुर सिंह ने कहा कि शारीरिक खुशहाली और स्वस्थ वातावरण के लिए स्वच्छता सबसे महत्वपूर्ण है। इसका असर सार्वजनिक और व्यक्तिगत स्वच्छता पर पड़ता है। हर किसी के लिए साफ-सफाई, स्वच्छता, स्वच्छता और खराब स्वच्छता स्थितियों के कारण होने वाली विभिन्न बीमारियों के बारे में सीखना आवश्यक है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्री जय प्रकाश सिंह ने कहा कि स्वच्छता के महत्व को हम सभी को समझाना चाहिए और उसका पालन सख्ती से करना चाहिए। क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी तारिक अजीज द्वारा सर्वप्रथम कार्यक्रम में ग्रामवासियों को स्वच्छता की शपथ दिलाया गया और कार्यक्रम स्थल के आस-पास वृहद स्तर पर साफ-सफाई कर स्वच्छता श्रमदान किया गया। इसके साथ ग्रामवासियों के साथ एक स्वच्छता रैली भी निकाला गयी। जिसमें ग्रामवासियों ने स्वच्छता से संबंधित नारे लगाकर आम जन को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। उन्होंने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए बताया कि स्वच्छता के लिए श्रमदान हम सबकी जिम्मेदारी है। महात्मा गांधी ने अपने आसपास के लोगों को स्वच्छता बनाए रखने संबंधी शिक्षा प्रदान कर राष्ट्र को एक उत्कृष्ट संदेश दिया था। उन्होंने ÷स्वच्छ भारत÷ का सपना देखा था जिसके लिए वह चाहते थे कि भारत के सभी नागरिक एक साथ मिलकर देश को स्वच्छ बनाने के लिए कार्य करें। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक दल राजेश गौतम लोकगीत पार्टी, आजमगढ़ द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कर लोकगीत के माध्यम से स्वच्छता के महत्व के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां रोचक तरीके से प्रस्तुत किया गया। इस दौरान स्वच्छता से जुड़ी प्रश्नोंत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा विजयी प्रतिभागियों विशाल यादव, अनिल, श्री किशून, शलिता चौरसिया, आयूष, शुभम, रूद्रक्ष सिंह, प्रदीप, पंकज, बाला यादव को विभाग द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान क्षेत्रीय प्रचार सहायक श्री रामखेलावन, कार्यालय सहायक श्री जय प्रकाश, विकास चौरसिया, जगमोहन, बलराम, मनीष, अंगद, अखिलेश, विक्रांत आदि लोग उपस्थित रहे।

ग्राम रोजगार सेवकों ने जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को सौंपा पत्रक

आजमगढ़। मुख्यमंत्री को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को घोषणाओं सहित 8 सूत्रीय मांग पत्रक जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को सौंपा भेजा व मांग की । 4 अक्टूबर 2021 को डिफेंस एक्सपो वृंदावन, लखनऊ में मनरेगा कर्मियों के सम्मेलन में की गई घोषणाओं पर शासन स्तर पर उचित निर्णय नहीं लिया गया है। जबकि संगठन द्वारा कई बार पत्रकार व वार्ता के माध्यम से विभिन्न स्थानों पर अवगत कराया गया। वर्तमान समय में मानदेय 7788 रू0 प्रतिमाह मिल रहा है परंतु 2212 रुपए विगत 22 माह बाद भी ईपीएफ के यूएएन के खाते में जमा नहीं किया गया है।

श्रीकृष्ण जन्म की कथा सुन भक्त हो गए भाव-विभोर

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर (जलालपुर) क्षेत्र के त्रिलोचन महादेव निवासी फिल्म अभिनेता चन्दन सेठ के पैतृक निवास स्थान पर आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन मंगलवार को बाल व्यास पूज्य शशिकान्त महाराज (श्री काशी) ने वामन अवतार,श्रीरामकथा व कृष्ण जन्मोत्सव की कथा सुनाई। कथा से पहले कथा की शुरूआत डिप्टी एसपी केराकत गौरव शर्मा व मदन लाल सेठ पूर्व सभासद ने द्वीप प्रज्जवतिल कर किया। इस दौरान जीवंत झांकियों के साथ श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। पूरा पंडाल नंद के घर आनंद भयो व जय कन्हैया लाल की.. के उद्घोष से गूंज उठा। भगवान श्री कृष्ण के जन्म के समय सभी श्रोता झूमने और नाचने लगे। सुमधुर भजनों के साथ कथा श्रवण करने भक्तों की भीड़ उमड़ी रही। वामन अवतार की कथा में बताया कि भगवान ने राजा बलि से दान में तीन ही पग मांगा। प्रभु ने पहले पग में राजा बलि का मन नापा,तो दूसरे में पूरी सृष्टि यानी धन को नाप दिया। जब तीसरे पग की बारी आई,तो राजा बलि भी मूक हो गए। तब उनकी पारी आगे आई और राजा बलि को अपना तन भगवान को अर्पित कर देने की बात कही। इस तरह राजा बलि ने तन,मन व धन भगवान के चरणों में अर्पित कर दिया। श्रीराम कथा का वर्णन करते हुए मनुष्य को उनके जीवन चरित्र का अनुसरण करने की प्रेरणा दी। कथा के दौरान श्रीरामचरित मानस के दोहों व चौपाइयों का संक्षेप में वर्णन करते हुए उसका सार बताया। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। बाल गायिका विदुषी वर्मा ने जय हो यशोदा के लाला गीत प्रस्तुत कर लोगों को झुमने पर मजबूर कर दिया। सुमधुर भजन गायन के बीच भगवान के कृष्ण रूप में जन्म लेने का उद्देश्य बताया। कथा में मुख्य यजमान अशर्फी सेठ व फूलपत्ती देवी के साथ अनुराग वर्मा, अंतरराष्ट्रीय भजन गायक पंकज सिन्हा, हरिशंकर चौबे, राजेश मिश्रा, पवन गुप्ता जिला पंचायत सदस्य, गायिका शैली गगन, लालमणि सेठ, अमित निगम, संदीप सेठ, रतन लाल सेठ, पंकज सिंह, रामचन्दर सेठ, डा. रंगनाथ दुबे, डा.संगीता दुबे, विनय वर्मा, प्रद्युम यादव, सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत निकाली कलश यात्रा

आजमगढ़। आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत मेरी माटी मेरा देश अमृत कलश यात्रा कार्यक्रम के तहत ब्लाक स्तर पर आज ब्लाक पल्हना, मार्टीनगंज, रानी की सराय, तहबरपुर, सठियांव एवं अन्य ब्लाकों की ग्राम पंचायतों में निर्धारित कलस्टर के अनुसार अमृत कलश यात्रा निकाली गयी। अमृत कलश यात्रा में ग्राम पंचायतों से संग्रहित अमृत कलश लेकर युवक मंगल दल/महिला मंगल दल/नेहरू युवा केन्द्र/ स्काउट एवं गाइड्स/ एन0सी0सी0 एवं अन्य ग्रामीण जन के साथ जुलूस के रूप में ग्रामीण मार्गो से होते हुए ब्लाक मुख्यालय पर समस्त ग्रामों से प्राप्त अमृत कलश में संग्रहित मिट्टी का भावमय मिश्रण करते हुए ब्लाक स्तरीय अमृत कलश तैयार किया गया। इसी प्रकार ब्लाक स्तर पर दिनांक 11 अक्टूबर, 2023 तक प्रत्येक दिन एक या दो रूट पर कलश यात्राएं निकाली जायेंगी।

स्कूल वैन से कुचलकर मासूम की मौत

- बैक करते ज़द में आई चार वर्ष की बालिका
- सुबह मोहिद्दीनपुर में बच्चों को लेने आई थी वैन



अवधनामा संवाददाता

जौनपुर (खेतासराय) थाना क्षेत्र के मोहिद्दीनपुर में बुधवार की सुबह बच्चों को लेने आई एक स्कूल का वाहन बैक करते समय चार साल की बालिका को रौंद दिया। घटना स्थल पर ही बालिका की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे होने के बाद मय वाहन ड्राइवर फ़रार हो गया। मौके पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। बच्ची की मौत से स्वजनों में कोहराम मच गया। अपने मामा के यहाँ आई हाजरा 4 वर्ष पुत्री हसनैन निवासी कटौली थाना लालगंज आजमगढ़ सुबह अपने दरवाज़े के बाहर खड़ी थी। इसी दौरान मारूफ़पुर में स्तिथ एक मरदसे की स्कूली वैन छात्र छत्राओ को लेने आई थी। बैक करने के दौरान बालिका पिछले पहिया के ज़द में आ गई। जिस से उसकी घटना स्थल पर दर्दनाक मौत हो गई। मौका पाते ही ड्राइवर गाड़ी समेत खिसक लिया। सूचना पाकर मौके पर पहुँची पुलिस छानबीन में जुट गई। शव को कब्ज़े में लेकर मेडिकल के लिए के लिए भेज दिया।

थानाध्यक्ष चंदन रॉय ने बताया कि स्कूली वाहन से बालिका की मौत हुई है। तहरीर मिलते ही आगे की कार्यवाही की जाएगी।

काश आवाज़ सुनकर गाड़ी रुकती तो बच जाती मासूम..

खेतासराय (जौनपुर)

मोहिद्दीनपुर में स्कूली वाहन से घर के एक चिराग बुझ जाने में ड्राइवर की लापरवाही सामने आ रही है। मारूफ़पुर मदरसे की स्कूली बस छात्र छत्राओं को लेने गई यहा ड्राइवर यातायात नियमों की अनदेखी कर बैक करने लगा। अन्य बच्चें घटना के दौरान आवाज़ लगाते रहे लेकिन उसने एक नही सुनी। यदि गाड़ी में तैनात रहा परिचालक उसने ट्रैफ़िक नियम का पालन क्यों नही किया सवाल उठ रहा है। हादसे से जहाँ घर मे कोहराम मचा है वही गांव में मातम का माहौल है।

रेरा के आदेश के बाद 2 प्रमोटर्स ने 5 आवंटियों को लौटाई 62 लाख की रकम

ग्रेटर नोएडा। उ.प्र. रेरा के आदेश के बाद दो प्रमोटर ने मिलकर पांच आवंटियों को 62 लाख 11 हजार रुपए की धनराशि वापस की है। रेरा के आदेश पर ग्रेटर नोएडा में

आवासीय योजना समय पर विकसित न करने पर मेसर्स निवास बिल्डर व मेसर्स रिनाउंड बिल्डटेक ने पांच आवंटियों को 62.11 लाख रुपये भुगतान किया। यह फैसला बिल्डरों व आवंटियों के बीच आपसी सहमति बनने पर सुनाया गया।

नोएडा वेस्ट के सेक्टर-10 में आवासीय वन लीफ ट्रॉय परियोजना का निर्माण व विकास कार्य कई साल से बंद पड़ा था। नियम व शर्तों के मुताबिक बिल्डर द्वारा निर्माण नहीं किया गया और रेरा में शिकायत कर जमा धनराशि वापस मांगी गई थी।

इस पर रेरा ने आवंटियों को रिफंड दिलाने के लिए कई मामलों में वसूली प्रमाण पत्र भी जारी किया था। इसके पहले बिल्डरों ने इस परियोजना के आवंटियों की मांग का समाधान करते हुए 1.50 करोड़ का भुगतान किया था। रेरा ने मेसर्स निवास बिल्डर व मेसर्स रिनाउंड बिल्डटेक प्राइवेट लिमिटेड के बीच आपसी समाधान कर पांच आवंटियों को 62 लाख 11 हजार रुपये भुगतान कराया है जो बिल्डरों ने आवंटी, दिनेश जोशी, केडी जोशी, नवरतन यादव, निरंजन कुमार व नितिन मोहन को भुगतान कर दिए हैं।

सभी 5 आवंटियों को लगभग रुपये 62 लाख 11 हजार की धनराशि का भुगतान किया गया है। इसके अन्तर्गत सभी आवंटियों, दिनेश जोशी को 11.62 लाख, के डी जोशी 10.12 लाख, नवरतन यादव 7.98 लाख, निरंजन कुमार को 18.64 लाख तथा नितिन मोहन को 13.73 लाख दिए गए हैं।

सेंसेक्स 286 अंकों की गिरावट पर बंद हुआ, निफ्टी 19,450 के नीचे

मुंबई। देश का शेयर बाजार कारोबारी सप्ताह के तीसरे दिन (04 अक्टूबर 2023, बुधवार) गिरावट

के साथ बंद हुआ। इस दौरान सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ही लाल निशान पर रहे। बंबई स्टॉक एक्सचेंज के 30 शेयरों पर आधारित संवेदी सेंसेक्स 286.06 अंक यानि कि 0.44त्न प्रतिशत नीचे 65,226.04 के स्तर पर बंद हुआ।

वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के 50 शेयरों पर आधारित संवेदी सूचकांक निफ्टी 92.65 अंक यानि कि 0.47% प्रतिशत नीचे 19,436.10 के स्तर पर बंद हुआ। दिनभर के उतार चढ़ाव के बाद सेंसेक्स में शामिल 30 में से 21 शेयरों में गिरावट दर्ज की गई। वहीं 9 में तेजी देखने को मिली। आज के कारोबार में बैंकिंग और वाहन कंपनियों के स्टॉक्स में बड़ी गिरावट देखने को मिली।

आपको बता दें कि, सुबह बाजार गिरावट के साथ खुला था। इस दौरान सेंसेक्स 427.68 अंक यानि कि 0.65 प्रतिशत नीचे 65,084.42 के स्तर पर खुला था। वहीं निफ्टी 123.50 अंक यानि कि 0.63 प्रतिशत नीचे 19,405.30 के स्तर पर खुला था।

जबकि, बीते कारोबारी दिन (03 अक्टूबर 2023, बुधवार) बाजार निचले स्तर पर खुला था और शाम को गिरावट के साथ बंद हुआ था। इस दौरान सेंसेक्स 316 अंक यानि कि 0.48 प्रतिशत नीचे 65,512 के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी 110 अंक यानि कि 0.56 प्रतिशत नीचे 19,529 के स्तर पर बंद हुआ था।

वीवो ने वी29 और वी29 प्रो लॉन्च किया

नई दिल्ली। इनोवेटिव ग्लोबल स्मार्टफोन ब्रांड, वीवो ने आज वी29 सीरीज के लॉन्च के साथ भारत में अपने पॉपुलर वी-सीरीज़ पोर्टफोलियो का विस्तार किया। वीवो वी29 और वी29 प्रो स्मार्टफोन एक मास्टरपीस हैं, जिसमें एक आकर्षक और सुंदर डिजाइन है। ये शानदार डिवाइस आकर्षक नए रंगों में उपलब्ध हैं जो भारत की वाइब्रेंट ब्यूटी से प्रेरित हैं।ये दोनों स्मार्टफोन जबरदस्त कैमरा क्वालिटी के साथ अविश्वसनीय डिजाइन की पेशकश करके वी-सीरीज़ की विरासत को बरकरार रखते हैं। ये शानदार 50एमपी ओआईएस नाइट कैमरा के साथ आते हैं जो वीवो की विशेष-स्मार्ट ऑरा लाइट टेक्नोलॉजी से जुड़ा है, जो पिछली जनरेशन का एडवांस्ड वर्जन है। स्मार्ट ऑरा लाइट को अब ऑटोमेटिकली कूल से वार्म कलर में बदलने के लिए डिजाइन किया गया है यहां तक कि इसे मैन्यूअली भी किया जा सकता है। यह अविश्वसनीय क्षमता वाला स्मार्टफोन को सबसे मुश्किल लाइटिंग कंडिशन्स में भी,

आसानी से शानदार फोटो खींचने का मौका देता है। लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, वीवो इंडिया के प्रोडक्ट मैनेजमेंट हेड, विकास टैगरा ने कहा, अपनी वी सीरीज़ की विरासत को आगे बढ़ाते हुए, हम अपनी वी29 सीरीज़ को भारत में लाने के लिए बेहद उत्साहित हैं। वी सीरीज़ के साथ, हम कैमरा टेक्नोलॉजी और डिजाइन के बीच सही बैलेंस बनाने का प्रयास करते हैं, और वी29 सीरीज़ इसका एक और उदाहरण है। वी29 और वी29 प्रो अनूठे रंगों में आते हैं जो भारत से इंस्पायर हैं और इंडिया-एक्सक्लूसिव फीचर्स से भरे हुए हैं। उदाहरण के लिए, हिमालयन ब्लू एडिशन हिमालय से इंस्पायर्ड है और फोन के पीछे पहाड़ों की चोटियों को दोहराने के लिए एक नई 3डी पार्टिकल इंक टेक्नोलॉजी को अपनाया है। इसी तरह, मैजेस्टिक रेड वेरिएंट राजशाही का एहसास कराता है, ठीक हमारे भारतीय स्मारकों की तरह ही, जो अतीत के सम्राटों की बात करते हैं। इतना ही नहीं, वी29 सीरीज कैमरा टेक्नोलॉजी के मामले में भी महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। इस साल की शुरुआत में, हमने अपने कस्टमर को कम रोशनी में बेहतर तस्वीरें खींचने में सक्षम बनाने के लिए एक वीवो-एक्सक्लूसिव टेक्नोलॉजी पेश की थी।

आजियो बिजनेस ने आईएलएफएम के 10वें संस्करण का अनावरण किया

कानपुर। आजियो बिजनेस का आईएलएफएम (भारत का सबसे बड़ा फैशन मेला) अब 21 अक्टूबर, 2023 (रविवार) तक आजियो

बिजनेस ऐप पर लाइव है। खुदरा विक्रेता अब एक बटन के क्लिक पर आगामी त्योहारी सीज़न के लिए विशेष प्रकार के उत्पादों का स्टॉक कर सकते हैं। विशिष्ट ब्रांड लॉन्च, 500 से अधिक लोकप्रिय ब्रांडों के फेस्टिव कलेक्शन, आकर्षक मूल्य बिंदुओं पर उपलब्ध 1 लाख से अधिक शैलियों की क्यूरेटेड पेशकश के साथ, आईएलएफएम देश भर में फैशन और लाइफस्टाइल खुदरा विक्रेताओं की अनूठी जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार है।

आईएलएफएम के 10वें संस्करण में फैशन और लाइफस्टाइल खुदरा विक्रेताओं के लिए व्यापक लाभ हैं। एक्सक्लूसिव ब्रांड और कैटलॉग लॉन्च के साथ, खुदरा विक्रेता अपनी सोर्सिंग रणनीति को बढ़ाते हुए हैप्पी आवर डील, ब्रांड डे, अर्ली बर्ड ऑफर, दैनिक छूट, आकर्षक कैशबैक, संशोधित रिटर्न और क्रेडिट नीतियों का लाभ उठा सकते हैं। आजियो बिजनेस बाजार विशिष्ट फैशन का केंद्र है, क्योंकि इसने भारत में मुंबई के बांद्रा से लेकर दिल्ली के लाजपत से लेकर बैंगलोर के कमर्शियल स्ट्रीट जैसे भारत के फैशन केंद्रों से स्थानीय रूप से प्राप्त फैशन को क्यूरेट किया है। आजियो बिजनेस अपने स्थानीय और राष्ट्रीय ब्रांडों के मिश्रित उत्पादों के साथ 1रू से अधिक डाउनलोड के साथ लोकप्रियता हासिल कर रहा है।

सूर्या रोशनी ने त्यौहार के इस सीजन में लॉन्च किया फेस्टिवल लाइटिंग कलेक्शन

वाराणसी। सूर्या रोशनी लाइटिंग, पंखे, घरेलू उपकरण, स्टील पाइप और PVC पाइप के लिए भारत के सबसे जाने-माने और भरोसेमंद ब्रांडों

सफल

पिछले 7 वर्षों में सूर्या रोशनी LED लाइटिंग भारी मात्रा में देश की बिजली बचाने में सफल रही है।

में से एक है और अपने कारोबार के 50वें वर्ष में कदम रख चुका है।

भारत में लाइटिंग प्रोडक्ट्स के सबसे बड़े ब्रांड के रूप में पहचान बना चुका सूर्या रोशनी उद्योग जगत को सर्वश्रेष्ठ मानक देता रहा है। यह शायद भारत की एकमात्र कंपनी है जिसने पिछली सदी में लाइटिंग प्रोडक्ट बनाने की प्रचलित उत्कृष्टता बनाए रखने में भारी निवेश किया था और अब इस सदी में बिजली बचाने की नई तकनीक और उत्कृष्ट LED लाइटिंग के उत्पादन में निवेश कर रहा है। पिछले 7 वर्षों में सूर्या रोशनी LED लाइटिंग भारी मात्रा में देश की बिजली बचाने में सफल रही है।

त्योहारों का सीज़न आने वाला है।

इसके मद्देनजर सूर्या ने खास तौर से उत्पादों की बड़ी श्रंखला डिज़ाइन की है। इसके पीछे अनुसंधान एवं विकास पर सूर्या ने भारी निवेश किया है और इसकी मिसाल बन कर आपके सामने प्लैटिना LED बल्ब है, जोकि न केवल कमरे के कोने-कोने को रोशन करता है, बल्कि बिजली बचत करने वाले इस प्रोडक्ट की लाइफ भी 25,000 घंटे (रेटिंग की शर्तों के तहत) है। बिजली बचत करने में बेमिसाल नए प्लैटिना के अतिरिक्त सूर्या अपने इनडोर और आउटडोर लाइटिंग प्रोडक्ट को अपना गौरव मानता है। त्योहारों के इस सीज़न में अंदर की सजावट के लिए कम्पनी ने प्रोफाइल स्ट्रिप लाइट,स्लिम ट्रिम और शाइन नेक्स्ट डाउनलाइटर सहित उत्पादों का एक पूरा गुलदस्ता लॉन्च किया है बाहर की सजावट भी शानदार हो इसके लिए कम्पनी ने जग मग स्ट्रिंगलाइट और स्पार्कल रोप लाइट लॉन्च किया है।

कंपनी हमेशा से इनोवेशन करती रही है और इसके परिणामस्वरूप BEE स्टार लेबल वाले पंखे लॉन्च किए हैं, जोकि न केवल प्रति पंखा प्रति वर्ष रु.1000 से रु.1800 (दैनिक उपयोग के 16 घंटे और मेट्रो ऊर्जा शुल्क) बचाते हैं, बल्कि घर की खूबसूरती भी बढ़ाते हैं। कम्पनी कई नई चीजें पेश कर रही है जैसे कि राइस कुकर (इंडिकूक), जूसर मिक्सर ग्राइंडर (एस्पायर, गैलेक्सी-आई), हेवीवेट ड्राई आयरन(शक्ति प्लस, बोल्ट), इन्फ्रारेड और इंडक्शन कुकटॉप्स, और स्टोरेजऔर इंस्टेंट वॉटर हीटर (स्पीडी, इंस्टा हॉट - 5.5ली) की पूरी रेंज आदि।

सूर्या रोशनी के सीईओ - लाइटिंग और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स श्री जितेंद्र अग्रवाल ने इस अवसर पर कहा, ''सूर्या की टीम असाधारण रही है। मुझे इस पर गर्व है और मैं इसके काम-काज की सराहना करता हूँ। हमारी टीम ने अथक प्रयास, समर्पण और इनोवेशन के बल पर लाइटिंग और अप्लायंसेज़ की पूरी जानदार रेंज पेश की है। ये आने वाले त्योहारों की खुशियों में चार चांद लगा देंगे।''

सूर्या हमारे देश में उत्सवों की अहमियत समझती है। इसलिए कंपनी ने मार्केटिंग की 360-डिग्री रणनीति अपनाई है।

इसके तहत विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म,खुदरा दुकानों पर विज्ञापन और ऑन-ग्राउंड आयोजनों की एक श्रृंखला शामिल है।

हार्ले-डेविडसन X440 की डिलीवरी 15 अक्टूबर से आरम्भ होगी

नई दिल्ली। त्यौहारों के आगामी सीजन में गाहकों का उत्साह बढ़ाने के लिए विश्व की मोटरसाइकिलों और स्कूटरों की सबसे बड़ी निर्माता, हीरो मोटोकॉर्प ने अपनी सह-निर्मित प्रीमियम मोटरसाइकिल हार्ले-डेविडसन X440 की डिलीवरी आरम्भ करने की तैयारी पूरी कर ली है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कंपनी इस मोटर साइकिल की डिलीवरी नवरात्रि उत्सव के प्रथम पावन दिन, यानी 15 अक्टूबर, 2023 से आरम्भ करने जा रही है।

हार्ले-डेविडसन X440 का निर्माण फिलहाल उत्तर भारत के राजस्थान में नीमराणा स्थित हीरो मोटोकोर्प के कारखाने, गार्डन फैक्ट्री में किया जा रहा है। कंपनी पहले से बुकिंग करने वाले ग्राहकों के लिए 1 सितम्बर, 2023 से ही टेस्ट राइड का आयोजन कर रही है।

नई बुकिंग विंडो 16 अक्टूबर से खुलेगी और ग्राहक सभी हार्ले-डेविडसन डीलरशिप पर और देश भर में चुनिन्दा हीरोमोटोकोर्प के आउटलेट में नई हार्ले-डेविडसन X440 की बुकिंग कर सकेंगे ग्राहक www.Harley-Davidson&yy®.com पर भी इस मोटरसाइकिल की बुकिंग कर सकते हैं।

हीरो मोटोकॉर्प के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ), निरंजन गुप्ता ने कहा कि, हार्ले-डेविडसन X440 पूरे देश में लगातार आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है। जहाँ हमारे नीमराणा कारखाने में उत्पादन पूरी रफ़्तार से हो रहा है, वहीं भारी संख्या में हमारे प्री-बूक्ड ग्राहक इस मोटरसाइकिल की टेस्ट राइड के अवसर का लाभ उठा चुके हैं। हम अपने ग्राहकों को नवरात्रि के प्रथम दिन से हार्ले-डेविडसन X440 की डिलीवरी आरम्भ करने उत्सव का आनंद बढ़ाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। यह एक शानदार सफर में हमारी जीत की बस शुरुआत है।

बनेगा स्वस्थ इंडिया ने अपने 10वें सीज़न के शुभारंभ का जश्न मनाया

मुंबई। भारत का सबसे भरोसेमंद न्यूज नेटवर्क, एनडीटीवी, बनेगा स्वस्थ इंडिया के विजयी 10वें सीज़न के साथ शानदार वापसी कर रहा है, यह भारत का सबसे लंबे अर्से तक चलने वाला सार्वजनिक स्वास्थ्य अभियान है। अपने 10वें वर्ष में, अभियान का फोकस दस का दम की

एम्बेसडर

आयुष्मान खुराना को इस अभियान का एम्बेसडर बनाया गया

शक्ति के साथ वैश्विक स्वास्थ्य और कल्याण के लिए वन वर्ल्ड हाइजीन पर है, और यह बनेगा स्वस्थ इंडिया अभियान की ताकत, सीख, अनुभव और उपलब्धियों को दर्शाता है। वन वर्ल्ड हाइजीन का मुख्य उद्देश्य उन लोगों के प्रति सहानुभूति और एकजुटता को दोहराना है, जिनकी पहुंच स्वच्छता के जरुरी संसाधनों तक नहीं है। अभियान के एम्बेसडर, रेकिट के चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफिसर, क्रिस लिच्ट ने कहा, ÷हमें बनेगा स्वस्थ इंडिया पर बहुत नाज है और हम एक स्वच्छ, स्वस्थ दुनिया की हमारी खोज में भागीदार बनने के लिए अपने सहयोगियों का आभार प्रकट करते हैं। रेकिट साउथ एशिया के एक्जीक्यूटिव वाइस प्रेजीडेंट, गौरव जैन ने कहा, बनेगा स्वस्थ इंडिया के 10वें सीज़न के साथ, वन वर्ल्ड हाइजीन हम सभी को भारत के

स्वस्थ और उज्जवल भविष्य के लिए मिलकर काम करने के लिए प्रेरित करता है। %रवि भटनागर, डायरेक्टर-एक्सटर्नल एफेयर्स एंड पार्टनरशिप्स, साउथ एशिया, रेकिट ने कहा, ÷बनेगा स्वस्थ इंडिया निरंतर समर्पित भाव से एक दशक का जश्न मना रहा है, हमें याद रखना है कि जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ाई में, वन वर्ल्ड हाइजीन स्थायी स्वच्छता के तरीकों को प्रोत्साहित करता है और भावी पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ व सुरक्षित पृथ्वी सुनिश्चित करने के लिए मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण की रक्षा करते हैं। आयुष्मान खुराना ने कहा, बनेगा स्वस्थ इंडिया पिछले 10 वर्षों में उम्मीद, जागरूकता और सकारात्मक बदलाव की जर्नी रही है। इस यादगर 10वें सीज़न में, आइए अभियान के उद्देश्य, वन वर्ल्ड हाइजीन को पूरा करने के लिए दस कदम उठाएं। एएमजी मीडिया नेटवर्क के सीईओ और प्रधान संपादक, एनडीटीवी लिमिटेड के निदेशक, संजय पुगलिया ने कहा, डेटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया के इस विजयी 10वें सीजन के साथ हम अपना आभार प्रकट करना चाहते हैं और लोगों को बताना चाहते हैं कि वन वर्ल्ड हाइजीन सिर्फ एक कान्सेप्ट नहीं है; यह एक स्वस्थ, सुरक्षित और अधिक दयालु दुनिया के प्रति प्रतिबद्धता है।बीते वर्षों में, एनडीटीवी-डेटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया ने हाइजीन कंटेंट, हाइजीन ओलंपियाड, हाइजीन प्ले पार्क, हाइजीन म्युजिक एल्बम, भारत का पहला जलवायु अनुकूल स्कूल, लोक कला और सांस्कृतिक रूप से अनुकूल हाइजीन कार्यक्रमों के माध्यम से 850,000 स्कूलों तक पहुंचकर कई चीजें पहली बार की हैं। भारत का पहला सार्वजनिक स्वास्थ्य और स्वच्छता-केंद्रित पॉडकास्ट स्वास्थ्य मंत्र को एक ऑनलाइन गेम हाइजीया के साथ कार्यक्रम के भाग के रूप में लॉन्च किया गया था। डेटॉल और एनडीटीवी 2014 से स्वच्छ और स्वस्थ भारत के लिए काम कर रहे हैं। अपने 10वें सीज़न में, बनेगा स्वस्थ इंडिया कायाकल्प की यात्रा पर निकल पड़ा है। इस वर्ष लक्ष्य पूरी दुनिया तक पहुंचने का है। अच्छे हाइजीन और स्वास्थ्य का लक्ष्य एक वैश्विक लक्ष्य - वन वर्ल्ड हाइजीन होना चाहिए।

सिम्बायोसिस एमबीए में प्रवेश हेतु स्नैप 2023 में रजिस्ट्रेशन की शुरूआत हुई, आधिकारिक घोषणा की

गाजियाबाद। भारत में एमबीए प्रोग्राम में प्रवेश के लिए जानी-मानी परीक्षा सिम्बायोसिस नेशनल एप्टीट्यूट टेस्ट 2023 ने आगामी वर्ष के लिए अपनी महत्वपूर्ण तारीखों की घोषणा कर दी है। स्नैप 2023 के लिए रजिस्ट्रेशन 23 अगस्त 2023 को शुरू हुए और 23 नवम्बर 2023 को बंद हो जाएंगे।

स्नैप टेस्ट के लिए एडमिट कार्ड निर्धारित तारीखों पर स्नैप की ऑफिशियल वेबसाईट www.snaptest.org के माध्यम से प्राप्त किए जा सकते हैं। ये तारीखें हैं- स्नैप टेस्ट 01 के लिए 04 दिसम्बर 2023 (सोमवार), स्नैप टेस्ट 02 और 03 के लिए 09 दिसम्बर 2023 (शनिवार)। स्नैप 2023 के लिए रजिस्ट्रेशन और पेमेंट की आखिरी तारीख 23 नवम्बर 2023 है।

2023 के लिए स्नैप कम्प्यूटर-बेस्ड टेस्ट (सीबीटी) का आयोजन तीन निर्धारित तारीखों को होगाः 10 दिसम्बर 2023 (रविवार), 17 दिसम्बर 2023 (रविवार) और 22 दिसम्बर 2023 (शुक्रवार)। स्नैप 2023 परीक्षा के परिणामों की घोषणा 10 जनवरी 2024 (बुधवार) को की जाएगी।

स्नैप छात्रों को 16 प्रतिष्ठित बी-स्कूलों में आवेदन का अवसर देता है, जिनमें 26 विभिन्न एमबीए प्रोग्राम शामिल हैं। स्नैप के माध्यम से छात्रों को SIBM पुणे, SICSR, SIMC, SIIB, SCMHRD, SIMS, SIDTM, SCIT, SIOM, SIHS, SIBM बैंगलुरू, SSBF, SIBM हैदराबाद, SSSS, SIBM नागपुर और SIBM नोएडा में प्रवेश का अवसर मिलता है।

सितंबर में कोयला उत्पादन सालाना आधार पर 16 फीसदी बढ़कर 6.721 करोड़ टन हो गया



नई दिल्ली। कोयले का उत्पादन सितंबर, 2023 में 16 फीसदी बढ़कर 6.721 करोड़ टन तक पहुंच गया, जो पिछले साल की इसी अवधि के दौरान 5.804 करोड़ टन था। कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) का उत्पादन सितंबर 2023 में बढ़कर 5.144 करोड़ टन हो गया, जो सितंबर 2022 में 4.567 करोड़ टन था, इस तरह 12.63 फीसदी वृद्धि दर्ज की गई।

2023-24 में कुल कोयला उत्पादन (सितंबर 2023 तक) 42.825 करोड़ टन तक बढ़ गया, जबकि 2022-23 में इसी अवधि के दौरान 38.216 करोड़ टन था, जो 12.06 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

इसके अतिरिक्त, सितंबर 2023 में कोयला प्रेषण में भी वृद्धि देखी गई, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान दर्ज किए गए 6.110 करोड़ टन के मुकाबले 7.033 करोड़ टन तक पहुंच गया, जिसमें 15 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। वहीं, सीआईएल का डिस्पैच सितंबर 2023 में 5.506 करोड़ टन तक पहुंच गया, जबकि सितंबर 2022 में यह 4.891 करोड़ टन था, जो 12.57 फीसदी की वृद्धि दर्शाता है।

एफआईआई की बिकवाली जारी रहेगी, तेजड़िये बैकफुट पर होंगे

नई दिल्ली। निकट भविष्य में वैश्विक बाजारों के लिए संकेत नकारात्मक हैं और अमेरिकी बॉन्ड पर ब्याज में निरंतर वृद्धि का सिलसिला थमने का कोई संकेत नहीं है। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी.के. विजयकुमार ने बुधवार को यह बात कही। उन्होंने कहा कि इसका मतलब है कि एफआईआई बिकवाली जारी रखेंगे और तेजड़िये बैकफुट पर रहेंगे।

उन्होंने कहा कि सकारात्मक पक्ष की तरफ देखें तो कुछ क्षेत्रों में वैल?यूएशन आकर्षक हो रहा है और यह घरेलू तथा खुदरा निवेशकों को ऐसे क्षेत्रों में स्टॉक खरीदने के लिए प्रेरित कर सकता है। इस जटिल स्थिति का एक अपरिहार्य परिणाम बढ़ती अस्थिरता है। निवेशकों को उन शेयरों पर नजर रखनी चाहिए जो कमजोर बाजार में भी मजबूत दिखते हैं। उन्होंने कहा कि बजाज फाइनेंस, एलएंडटी और जोमैटो जैसे शेयर कमजोर बाजार में भी मजबूती दिखा रहे हैं।

बाजार में एक महत्वपूर्ण रुझान यह है कि बड़े पूंजी वाले निजी क्षेत्र के बैंकों जैसे बुनियादी तौर पर मजबूत स्टॉक एफआईआई की बिकवाली के कारण कमजोर हो गए हैं। लंबी अवधि के निवेशकों के लिए यह एक अवसर है। प्रोग्रेसिव शेयर्स के निदेशक आदित्य गग्गर ने कहा कि अमेरिकी और यूरोपीय बाजारों में बिकवाली का दबाव देखा जा रहा है जो बाजार में और गिरावट क संकेत देता है। भारतीय बाजारों में, मंदड़ियों को अपनी पकड़ मजबूत करते देखा गया।

निफ्टी 50 ने सप्ताह की शुरुआत धीमी गति से की, और ऑटो तथा ऊर्जा क्षेत्रों पर ने सूचकांक पर दबाव बनाकर दिन के निचले स्तर 19,528.75 पर बंद हुआ। दूसरी तिमाही के बिजनेस अपडेट और आज से शुरू होने वाली एमपीसी बैठक जैसे विभिन्न कारणों से बैंकिंग स्टॉक फोकस में रहेंगे। बीएफएसआई सेगमेंट में विचलन जारी रहने की संभावना है, जहां दिग्गज निजी बैंकों में उतार-चढ़ाव रहेगा और पीएसयू बैंक बीच-बीच में मामूली सुधारात्मक कदम के साथ अपनी तेजी बढ़ाएंगे।

पहली फुली इलेक्ट्रिक बीएमडब्ल्यू आई एक्स1

नई दिल्ली। पहली फुली इलेक्ट्रिक बीएमडब्ल्यू आई एक्स1को आज भारत में लॉन्च किया गया है। इसके साथ कामयाब लग्जरी स्पोर्ट्स ऐक्टिविटी व्हीकल . बीएमडब्ल्यू आई एक्स1. सेगमेंट में पहला वाहन है जो पेट्रोल और डीजल ड्राइवट्रेन के अलावा नया इलेक्ट्रिक अवतार ऑफर करता है। कंप्लीटली बिल्ट-इन यूनिट के रूप में उपलब्ध पहले फुली इलेक्ट्रिक बीएमडब्ल्यू आई एक्स1को केवल shop.bmw.in पर ऑनलाइन बुक किया जा सकता है। डिलीवरीज अक्टूबर से शुरू होंगी। विक्रम पावाह बीएमडब्ल्यू प्रेसिडेंटए ग्रुप इंडियाए ने कहा किए , स्टेनेबिलिटी मोबिलिटी में प्रवर्तक के रूप में बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया का इलेक्ट्रिक ऑफेन्सिव समय से पहले आरंभ हो गया था। लग्जरी इलेक्ट्रिक कार मार्केट में हमारी सफलता और नेतृत्व की बुनियाद श्रेणी में सबसे विविधतापूर्ण इलेक्ट्रिक पोर्टफोलियो की शक्तिशाली प्रोडक्ट स्ट्रैटजी पर आधारित है। इस श्रृंखला में सबसे नया है बीएमडब्ल्यू आई एक्स1का इलेक्ट्रिफिकेशन । यह अपने सेगमेंट की पहला एसएवी है जो ग्राहकों को चयन का अधिकार देती है ताकि वह अपनी पसंद की ड्राइवट्रेन चुन पाएं-चाहे पेट्रोल हो, डीज़ल हो, या फिर इलेक्ट्रिक। यह तथ्य कि प्रत्येक बीएमडब्ल्यू इलेक्ट्रिक कार एक कॉम्पलीमेंटरी वालबॉक्स चार्जर के साथ आती है और यह कि हमने दूसरे ब्रैंडों के ग्राहको के लिए भी 35 शहरों में अपने सर्वश्रेष्ठ फास्ट चार्जिंग नेटवर्क को खोला हैए जो बाजार में इलेक्ट्रिक को अपनाने की गति तेज करने की दिशा में एक कदम है। हम पहली फुली इलेक्ट्रिक बीएमडब्ल्यू आई एक्स1जैसे सोच-विचार कर बनाए गए नवाचारी उत्पादों के साथ अपनी रेंज को सावधानीपूर्वक विस्तारित करते हुए इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को लगातार बढ़ाते रहेंगे। पावाह ने आगे कहा किए ष्पहली फुली इलेक्ट्रिक बीएमडब्ल्यू आई एक्स1अपने सेगमेंट के लिए एक गेम - चेंजर है। विश्वास और पक्के इरादे से प्रेरित आई एक्स1ए शून्य उत्सर्जन के साथ ड्राइविंग प्लेज़र और आधुनिक विलक्षणता को एकीकृत करते हुए विशुद्ध इलेक्ट्रिक तरीके से एसएवी की अपेक्षाओं को पूरा करती है।

एलएलएफ द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार की सहायता से शिक्षकों के लिए क्षमता निर्माण कार्यशालाएं आयोजित की गई

चंदौली। लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउंडेशन (एलएलएफ), बुनियादी साक्षरता के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले एवं अग्रणी गैर-लाभकारी संगठन,(एलएलएफ) की सहायता से बेसिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश

बेहतर

कार्यशालाओं का उद्देश्य छात्रों को उनके सीखने के परिणामों को बेहतर बनाने में मदद करने के लिए शिक्षकों की क्षमताओं को बढ़ाना है।

द्वारा वाराणसी और चंदौली जिले में प्राथमिक ग्रेड के शिक्षकों के लिए क्षमता निर्माण कार्यशालाएं आयोजित की गई।

जिला शिक्षा विभाग के सहयोग से चंदौली जिले में क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में 9 ब्लॉकों से 515 संकुल शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यशाला ब्लॉक संसाधन केंद्र में हुई और इसमें चार ब्लॉक स्कलडीहा, बरहनी, धानापुर और शहाबगंज को शामिल किया गया। इस दो दिवसीय कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों के सीखने के परिणामों को बेहतर बनाने के लिए क्लस्टर शिक्षकों की क्षमताओं को बढ़ाना था। कार्यशाला 9 ब्लॉकों के ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों के मार्गदर्शन और एलएलएफ टीम के सदस्यों के समर्पित सहयोग से आयोजित की गई थी। प्रतिभागियों ने क्लस्टर शिक्षकों के उद्देश्यों, भूमिकाओं और जिम्मेदारियों के साथ-साथ प्रभावी कक्षा रणनीतियों का पता लगाने के लिए समूह विचार-मंथन सत्रों में सक्रिय रूप से भाग लिया। इसके अतिरिक्त, कार्यशाला अच्छी कक्षा और उसकी प्रक्रियाओं पर केंद्रित थी, जिसमें कक्षा अभ्यास, शिक्षण-शिक्षण सामग्री (टीएलएम) का उपयोग, प्रिंट-समृद्ध वातावरण का निर्माण और कक्षा प्रबंधन जैसे विभिन्न विषयों को शामिल किया गया था।

लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउंडेशन के संस्थापक और कार्यकारी निदेशक, श्री धीर झिंगरन ने कहा, शिक्षा हमारे समाज के विकास का मूल आधार है, और हम इसे सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। ऐसी कार्यशालाओं का उद्देश्य न केवल शिक्षकों के कौशल को बढ़ाना है बल्कि प्रेरित करना भी है। साथ ही उन्हें अपने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य को आकार देने के लिए प्रेरित करें। हम वाराणसी और चंदौली में मूलभूत साक्षरता कार्यक्रम में निरंतर समर्थन के लिए उत्तर प्रदेश सरकार और बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन को धन्यवाद देते हैं।

लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउंडेशन (एलएलएफ), बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन के साथ साझेदारी करके, वाराणसी के सेवापुरी में ब्लॉक संसाधन केंद्र में सभी एफएलएन ग्रेड शिक्षकों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की व्यवस्था करने में उत्तर प्रदेश के बेसिक शिक्षा विभाग की मदद कर रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य संख्यात्मकता में शिक्षकों के शिक्षण कौशल में सुधार करना है और यह मूलभूत संख्यात्मक पहल का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। प्रशिक्षण के प्रथम चरण में सेवापुरी ब्लॉक के 112 प्राथमिक विद्यालयों के सभी शिक्षकों ने भाग लिया। एलएलएफ की शैक्षणिक टीम आठ समूहों में प्रशिक्षण प्रदान कर रही है, जिसका समापन 30 सितंबर, 2023 को होगा, जिससे कुल 336 शिक्षक लाभान्वित होंगे। प्रतिभागी 2023-24 के आगामी शैक्षणिक सत्र के लिए विभिन्न गणितीय अवधारणाओं को पढ़ाने पर मूल्यवान ज्ञान प्राप्त कर रहे हैं, जिसमें गणित चार्ट, पोस्टर और किट से जुड़े नवीन तरीके शामिल हैं।

सबकी समस्या का समाधान करने को सरकार प्रतिबद्धः मुख्यमंत्री

अवधनामा संवाददाता

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार तीसरे दिन जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। जनता दर्शन में उन्होंने कहा कि उनकी सरकार जनता की हर समस्या के समाधान को प्रतिबद्ध है। किसी के साथ अन्याय या अत्याचार नहीं होने दिया जाएगा। अधिकारियों की यह जिम्मेदारी है कि वे सुनिश्चित करें कि हर पात्र को जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले, जमीन कब्जाने वाले भू माफिया व दबंगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो। प्रशासन का यह मंत्र होना चाहिए कि मनमानी किसी की नहीं चलेगी और न्याय सबको मिलेगा। गोरखनाथ मंदिर परिसर में बुधवार को आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं। कुर्सियों पर बैठे लोगों तक खुद गए। उनकी समस्याओं व शिकायतों को सुना और समझा। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। अपराध से संबंधी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों को अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए कई लोगों से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो भी जरूरतमंद हैं, प्रशासन उनके उच्च स्तरीय इलाज का इस्टीमेट शीघ्रता से बनवाकर उपलब्ध कराए। इस्टीमेट मिलते ही सरकार तुरंत धन उपलब्ध कराएगी।

- जनता दर्शन में सीएम योगी ने सुनीं 200 लोगों की समस्याएं
- अधिकारियों को किया निर्देशित त्वरित व संतुष्टिपरक करें समस्याओं का निस्तारण

जीवित व्यक्ति को मृतक बता हथिया लिया जमीन, प्रशासनिक अमले में हड़कंप

अवधनामा ब्यूरो

कुशीनगर। देवरिया जिले में हुए जमीनी विवाद में नरसंहार कहीं न कहीं प्रशासन की बड़ी चूक है। अगर लापरवाही नही रहती तो ये नरसंहार नहीं हुआ होता है। कुशीनगर जिले में भी सैकड़ो से ज्यादा जमीनी विवाद के मामले लंबित पड़े है। यहां भी प्रशासन शायद नरसंहार की इंतजार में है। यहां कसया तहसील प्रशासन की मिली भगत से जीवीत व्यक्ति को मृतक बताकर उसका जमीन हथिया लेने का मामला सामने आया है।

कसया तहसील क्षेत्र के सपहां गांव निवासी पीड़ित मोहन सिंह ने बताया कि मेरे पिता राजकुमार सिंह के नाम से 32.5 डिसमिल जमीन है। उनका मृत्यु इसी वर्ष बीते 31 जनवरी 2023 को हो गई। इसके बाद मेरा चचेरा भाई श्यामू मेरे पिता के हिस्से की जमीन फर्जी कागजात लगाकर अपने नाम वरासत करवा लिया। इसमें जो कागजात लगे हैं उनमें परिवार रजिस्टर का नकल और सभासद का लेटरपैड प्रमुख है। परिवार रजिस्टर तो ऐसे बना है जैसे मानो बनाने वाला भी भविष्य का ज्ञाता हो। क्योंकि यह परिवार रजिस्टर 26/01/2020 में बनाया गया है जिसमें ये दिखाया गया कि राजकुमार सिंह की मृत्यु 31/01/2023 को हुई। जबकि यह क्षेत्र 2017 में ही नगर पालिका में शामिल हो गया। इसके बाद यह नगर पालिका ही जारी कर सकता है। सभासद द्वारा बनाए गए वंश वृक्ष में भी राजकुमार सिंह के किसी संतान के न होने की बात लिखी गई है। अर्थात् मोहन जो कि राजकुमार का पुत्र है इस पेपर के अनुसार वह पैदा ही नहीं हुआ। यह खेल यहीं तक नहीं है। 13 जुलाई को यह वरासतनामा तत्कालीन नायब तहसीलदार आशीष गुप्ता के समक्ष पेश किया गया। इस पर नायब तहसीलदार भी श्यामू को उत्तराधिकारी मानते हुए साक्ष्य को पूर्ण मानते हैं। सिर्फ इतना ही नहीं जमीन रजिस्ट्री या वरासतनामा के करीब 30 से 35 दिन की अवधि के बाद ही नाम खतौनी पर अंकित हो गया। लेकिन यहां तो कुछ ही दिनों में श्यामू का नाम अंकित कर दिया गया। जब पीड़ित मोहन को इसकी जानकारी हुई तो तब वह तत्कालीन डीएम को शिकायत पत्र के माध्यम से अवगत कराया। इसी बीच वरासतनामा के 3 दिन बाद 17 जुलाई को नायब तहसीलदार पेश किए गए कागजात को फर्जी करार देते हुए अपने ही आदेश को खारिज कर दिए। जिसके बाद मोहन का नाम बतौर वारिश मे दर्ज हो गया। पीड़ित मोहन ने बताया कि जमीन पर उसका नाम अंकित हो जाने के बाद भी आरोपी जमीन पर कब्जा जमाए हुए है। वह अपने जमीन पर कब्जा पाने के लिए और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए तहसील और थाने का चक्कर काट रहा। अभी हाल ही में देवरिया में जमीनी मामले को लेकर बड़ा नरसंहार हुआ है। प्रशासन इस पर ध्यान नहीं दी तो यह भी मामला खूनी संघर्ष में बदल सकता है। इस संबंध में एसडीएम कसया ने बताया कि प्रकरण संज्ञान में आया है। मामले की तह तक जाकर जांच करवाऊंगा। अगर गलत हुआ है तो दोषी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

चचेरे भाई ने दर्ज करवा लिया नाम

उक्त गांव निवासी मृतक व्यक्ति ने चाचा के मृत्यु के बाद अपने चचेरे भाई को भी मृत बता उसको होने वाला वरासत अपने नाम करवा लिया। इतना ही नहीं इस वरासतनामा में ऐसे डॉक्यूमेंट लगे हैं जो फर्जी हैं और वरासतनामा करते समय नायब तहसीलदार ने आरोपी के उस जमीन का उत्तराधिकारी के लिए साक्ष्य को पूर्ण होना बताया। लेकिन तीन दिन बाद अपने ही आदेश को गलत बता नायब तहसीलदार ने खारिज कर दिया। पीड़ित ने इसकी शिकायत तत्कालीन जिलाधिकारी से की डीएम के दखल के बाद जमीन उसके नाम तो हो गया लेकिन आज भी वह जमीन आरोपी के कब्जे में है। पीड़ित न्याय के लिए तहसील और थाने का चक्कर काट रहा है।

- तीन दिन बाद अपने ही आदेश को नायब तहसीलदार ने किया खारिज

एक शाम मोहसिने इंसानियत के नाम

गोरखपुर अवधनामा संवाददाता। टीम मिशन अहले बैत की जानिब से 17 रबी उल अव्वल को विलादते रसूले खुदा व इमाम जाफर सादिक़ के मुकद्दस मौके पर उमरपुर झुंगिया बाजार मेडिकल कॉलेज पर एक अज़ीमुश्शान जलसा का आयोजन हुआ जिसमें बड़ी तादाद में लोगों ने शिरकत किया। खूसुसी ख़तीब गाजीपुर खानकाहे शम्सीया के नाएब सज्जादा नशीन औलादे रसूल पीरे तरीकत सैय्यद शाह आले ग़नी शम्सी क़ादरी साहब ने कहा अल्लाह के रसूल के घर वाले यानी अहले बैत की मुहब्बत इमान का हिस्सा है। अल्लाह की रस्सी अहले बैत पाक हैं और ख़तीबे अहले बैत हजरत सैय्यद दानियाल हैदर शम्सी ने कहा इमाम जाफर सादिक़ अ.स की तालीम पर चलने वाला दीन व दुनिया दोनों में क़ामयाब है इमाम जाफर सादिक़ के शागिर्द हर इल्म में माहिर थें जलसे में नात व मंकबत आदिल वारसी, फैसल वारसी, राज़िक वारसी, समीर शम्सी, जुबैर आलम शम्सी, सुहैल वारसी ने पढ़ी पमुख्य अतिथि जनाब मुहम्मद इस्लाम साहब जनाब फर्रुख जमाल साहब जनाब युसुफ साहब और उमरपुर पार्षद जनाब युसुफ आज़ाद साहब ने शिरकत किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में टीम लीडर सैय्यद दानियाल हैदर शम्सी, टीम मैंबर वक़ार चिश्ती, खुर्शीद आलम, इस्हाक़ वारसी, वसीम वारसी, मुनीर शम्सी, जुबैर आलम शम्सी, समीर हैदर शम्सी, अमन वारसी, राज़िक वारसी, अयान वारसी, सुहैल वारसी, अमन चिश्ती, यासीर वारसी, मुहम्मद साक़िब, अकबर, सेराज शम्सी, रेहान वारसी, साहिल, तैय्यब बरकाती, आदि तमाम टीम मैंबर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

पैर फिसलने से तालाब में डूबे युवक की मौत, परिवार में मातम

अवधनामा ब्यूरो

कुशीनगर। हाटा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सभा पडरी में बुधवार की सुबह घर से शौच के लिए निकले युवक की पोखरे में पैर फिसलकर डूबने से मौत से मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिवार में चीख पुकार मच गई। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया। मौके से पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मिली जानकारी के मुताबिक हाटा कोतवाली क्षेत्र के पड़री निवासी उपेंद्र मौर्य पुत्र अवधेश मौर्य उम्र 25 वर्ष घर से शौच के लिए निकला लेकिन काफी समय तक घर वापस नही आया। परिजन तलाश करने लगे तो पता चला तालाब के तरफ लोगों ने जाते हुए देखा था उधर परिजन तलाश करते हुए पहुंचे तो तालाब में शव मिला। आनन फानन में परिजन शव को लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुकरौली पहुंचे जहां डाक्टरों ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आवश्यक कार्यवाही में जुट गई।

नगदी समेत हजारों का सामान चोरी

कुशीनगर। पटहेरवा थाना क्षेत्र सुकरौली चौराहे पर स्थित एक रेडीमेड की दुकान से मंगलवार की रात्रि चोरों ने दुकान ताला तोड़कर तेरह हजार नगदी सहित अन्य सामान चुरा ले गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके का जांच कर अन्य जानकारियां लिया। पटहेरवा थाना क्षेत्र के काजीपुर निवासी रामजी गुप्ता उक्त चौराहे पर रामजी कलेक्शन के नाम से रेडीमेड की दुकान चलाते है। रोज की भांति मंगलवार को रात्रि सात बजे के आसपास दुकान बन्द कर घर सोने चले गए। बुधवार को सुबह आठ बजे दुकान पर पहुंचे तो दुकान का ताला टूटा हुआ था। अन्दर जाने पर कैश बाक्स में रखा तेरह हजार रुपए नगद व दुकान का इन्वर्टर बैटरी गायब था। पीड़ित ने इसकी सूचना पुलिस को दिया।

प्रदेश में अराजकता का माहौल, महंगाई व भ्रष्टाचार चरम परः राधेश्याम सिंह

अवधनामा संवाददाता

मथौली बाजार, कुशीनगर। प्रदेश में अराजकता का माहौल कायम है, भ्रष्टाचार चरम पर है, लूट, डकैती, छिनैती हत्या व दुष्कर्म की घटनाएं आम हो गई है। लोग अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहे है। प्रदेश में भाजपा की सरकार कानून का राज स्थापित करने का ढिंढोरा तो पीट रही है लेकिन यहां गुंडाराज कायम हो गया है।

उक्त बातें रामकोला विधान सभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत लक्ष्मीपुर में समाजवादी लोहिया वाहिनी के तत्वाधान में देश बचाओ देश बनाओ जनजागरण साईकिल यात्रा को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री राधेश्याम सिंह ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा। उन्होंने कहा कि महंगाई की मार से आम आदमी की कमर टूटती जा रही है, बेरोजगारी से देश की अर्थव्यवस्था चरमरा गई है। प्रदेश व केंद्र सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि वे लोग चुनाव में जो वादे किए उससे मुकर गए। न तो 15 लाख रुपए किसी के खाते में आया न ही दो करोड़ लोगों को नौकरी मिली। वहीं सपा सरकार में हुई जनकल्याणकारी योजनाओं को गिनाया। साइकिल यात्रा के संयोजक व लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक यादव ने प्रदेश सरकार को हर मोर्चे पर विफल बताते हुए कहा कि इनके कथनी और करनी में बहुत अंतर है। जबकि सपा मुखिया अखिलेश यादव जो कहते हैं उसे करते हैं। उन्होंने सपा सरकार में हुए जनकल्याणकारी योजनाओं को गिनाया। सभा को रणविजय सिंह उर्फ मोहन, परवेज आलम, विजेंद्र यादव, जिलाध्यक्ष शुकुरुल्लाह अंसारी, राजेश प्रताप राव सहित सपा के कई नेताओं ने संबोधित किया। इसके पूर्व साईकिल यात्रा का अजीजनगर चौराहे पर जिला पंचायत सदस्य रामनेती उर्फ छठ्ठू यादव, मथौली में राकेश उर्फ भोला यादव व लक्ष्मीपुर में युवाजन सभा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष परवेज आलम की अगुआई में भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर रामकोला के पूर्व विधायक पूर्णमाशी देहाती, पुरेंद्र प्रताप यादव, वरुण शर्मा, आबिद, डॉ इरसाद अहमद, अब्दुल्लाह, कैलाश चंद, सुग्रीव प्रसाद संत, सोनू यादव, विजय यादव सहित तमाम सपा के नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

- भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफलः अभिषेक

ब्लाक प्रमुख अमेठी की कुर्सी पर संकट के बादल

अमेठी। ब्लाक प्रमुख अमेठी मंजू मौर्य की कुर्सी पर इस समय संकट के बादल मंडरा रहे हैं। उनके विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पर 19 अक्टूबर को चर्चा होगी। भाजपा की मंजू मौर्य यहां निर्विरोध प्रमुख निर्वाचित हुई थी। जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने बताया कि क्षेत्र पंचायत अमेठी के प्रमुख मंजू मौर्या के विरुद्ध जाहिदा बानो सुमित्रा देवी इम्तियाज चंद्रिका प्रसाद सहित कुल 47 क्षेत्र पंचायत सदस्य अमेठी द्वारा दिनांक 21 सितंबर 2023 को अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया गया है। जिस पर विचार करने के लिए दिनांक 19 अक्टूबर को पूर्वाह्न 11 बजे क्षेत्र पंचायत कार्यालय अमेठी के सभागार में क्षेत्र पंचायत अमेठी के निर्वाचित क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक होनी निश्चित की गई है। उपजिलाधिकारी अमेठी प्रीति तिवारी को नामित करते हुए निर्देश दिए गए हैं कि वह उप्र क्षेत्र पंचायत एवं जिला पंचायत अधिनियम 1961 की धारा 15 में दिए गए प्राविधानानुसार क्षेत्र पंचायत सदस्यों द्वारा प्रमुख क्षेत्र पंचायत अमेठी के विरुद्ध प्रस्तुत अविश्वास प्रस्ताव पर नियमानुसार कार्यवाही पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी के साथ संपन्न कराएं।

छापेमारी में 45 लीटर अवैध शराब बरामद

अमेठी अवधनामा संवाददाता। डीएम राकेश कुमार मिश्र के निर्देश पर जनपद में अवैध शराब के विरुद्ध चलाये जा रहे प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत बुधवार को थाना क्षेत्र संग्रामपुर के ग्राम सरैया कनू धरौली में आकस्मिक दबिश दी गयी। दबिश के दौरान कुल 45 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई और करीब 250 किग्रा लहन मौके पर नष्ट किया गया। कार्यवाही में तीन अभियोग आबकारी अधिनियम में पंजीकृत किया गया। साथ ही ग्रामवासियो को अवैध शराब पीने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए विभाग के टोल फ्री नम्बर अथवा संबंधित निरीक्षक के मोबाइल नम्बर पर अवैध शराब के निर्माण बेचने व रोकथाम हेतु सूचना देने की अपील की गई। उक्त कार्यवाही में सतीश चंद्र दीक्षित आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-2 अमेठी व आबकारी स्टॉफ अभय प्रताप सिंह रवि प्रकाश गौतम प्रेम शंकर शर्मा व बृजेश चंद्र पांडेय आबकारी सिपाही शामिल रहे।

शिक्षामित्रों के एकता में ही शक्ति हैः सुनील

अवधनामा संवाददाता

खड्डा, कुशीनगर। शिक्षामित्रों का सम्मान बचाओ रैली की तैयारी में संगठन के पदाधिकारियों ने 18 अक्टूबर को ईको गार्डेन लखनऊ में पहुंचने का आह्वान किया और कहा कि अब आपस मे बिखरने का समय नही बल्कि समान कार्य का समान वेतन के लिए अपनी एकता की शक्ति दिखाने का समय आ गया है।

बताते चले कि ब्लाक नेबुआ नौरंगिया के सभी शिक्षामित्र ब्लाक संसाधन केंद्र कोटवा कला के परिसर में एकत्रित होकर अपनी मांगों को लेकर अपना आवाज बुलंद किया। बैठक की अध्यक्षता करते शिक्षामित्र के जिला संयोजक सुनील सिंह ने कहा कि प्रदेश के सभी शिक्षामित्र कई गुटों में बंटा हुआ है। कोई टेट तो, कोई नान टेट तो, कोई सुपर टेट आदि संगठनों को बना कर अपनी डफली अपना राग अलाप रहा है। जब कि शिक्षामित्रों के एकता में अनेकता और आपसी बिखराव देखकर सरकार लाभ उठा रही है। जब कि सभी संगठनों के पदाधिकारी समान कार्य का सामान वेतन के लिए अपनी एकता का परिचय आगामी 18 तारीख को लखनऊ ईको गार्डेन में पहुंचकर अपनी शक्ति का एहसास दिलाने का कार्य करे सफलता कदम चूमेगी। महिला प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष पूनम मिश्रा ने कहा कि प्रदेश के लोकप्रिय कहे जाने वाला सरकार प्रदेश के शिक्षामित्रों के साथ सन 2017 से लेकर आज तक मानदेय में फूटी कौड़ी नही बढ़ा कर छल एंव दुर्व्यवहार कर रही है जब कि प्रदेश के सभी शिक्षामित्र मानक को पुर्ण करते है इन्हें संविधान में संशोधन कर शिक्षामित्रों को शिक्षक पद पर पुनः समायोजन बहाल कर देना चाहिए। क्योंकि शिक्षामित्र शिक्षा के अधिकार अधिनियम लागू होने के पूर्व से अपनी सेवा परिषदीय विद्यालयों में दे रहे है। कैलाश जायसवाल ने कहा कि अब चुप बैठने का समय नही है। अब रोजी रोटी के संकट आने पर सरकार को मुंहतोड़ जवाब देने का समय आ गया है।

दामिनी एप डाउनलोड करें

कुशीनगर। अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा ने बताया कि आकाशीय बिजली गिरने से बचाव की जानकारी न होने से बच्चों महिलाओं समेत कई लोग जान गंवा चुके हैं। आइए हम सब मिलकर सबको जागरूक करें, और अपनें लोगों का जीवन आकाशीय बिजली से सुरक्षित करें। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान, पुणे के द्वारा वज्रपात/आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी देने के लिए दामिनी एप नामक एंड्राइड मोबाइल के लिए एप्लीकेशन बनाया गया है, जिसका उपयोग करके हम वज्रपात ,आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी प्राप्त कर सकते हैं। एप्प को डाउनलोड एवं उपयोग करने के लिए निम्न चरण है। सबसे पहले दामिनी एप गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड करें। एप को इनस्टॉल करे और अपने फोन का लोकेशन ऑन करे। दामिनी एप के रजिस्टर आप्सन में जाकर में अपना विवरण जैसे-पूरा नाम, मोबाइल नंबर, पता, पिन कोड इत्यादि भरें। आप को 20 एवं 40 किलो मीटर क्षेत्रफल में आकाशीय बिजली गिरने की सूचना/चेतावनी प्राप्त हो जाएगी।

बाल अधिकार को लेकर आयोग के सदस्य ने अधिकारियों संग की बैठक

अवधनामा संवाददाता

अमेठी। उत्तर प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्या अनीता अग्रवाल ने बुधवार को जनपद के विभिन्न स्थलों का स्थलीय निरीक्षण किया एवं विकास भवन सभागार में बाल अधिकार संरक्षण को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने जिला अस्पताल में पीकू वार्ड का निरीक्षण किया तथा बच्चों के लिए अस्पताल में मौजूद सुविधाओं को देखा एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। तदोपरान्त प्राथमिक विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केंद्र मनीपुर का निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की एवं 6 माह के बच्चों को प्रथम बार अन्नप्राशन कराया। इसके बाद राजकीय आश्रम पद्धति असैदापुर एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय गौरीगंज का निरीक्षण किया तथा छात्रों को दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली निर्धारित मेन्यू के अनुसार भोजन बनाने के निर्देश दिए। इसके बाद विकास भवन सभागार में बाल संरक्षण अधिकार से जुड़े अधिकारियों के साथ बैठक किया। बैठक के दौरान उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक एवं एआरटीओ को स्कूली वाहनों की नियमित चेकिंग करने के साथ ही बच्चों के बैग को भी चेक करने को कहा। तथा बीएसए व डीआईओएस को सप्ताह में एक बार बच्चों से संबंधित मामलों को लेकर जनसुनवाई करने के निर्देश दिए इसके साथ ही उन्होंने श्रम विभाग व पुलिस विभाग को संयुक्त रूप से बाल श्रम को रोकने के लिए होटलों ढाबों एवं ईंट भट्ठों पर अभियान चला कर रेस्क्यू करने के निर्देश दिए।

राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने की जनसुनवाई

सलेमपुर अवधनामा संवाददाता। राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने सलेमपुर के डाकबंगले पर क्षेत्र से आये लोगो से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुना। समस्याओं को सुनकर उनके निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया और जल्द से जल्द लोगों की समस्याओं के निस्तारण के लिए निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोगो की समस्याओं को सुनकर जो भी उचित हो उनको तुरंत निस्तारित किया जाये। ग्रामीणों की समस्याएं जैसे, राशन कार्ड, विधवा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, आवास योजना, बिजली समस्या, पट्टे का मामला, रास्ते का विवाद, मरीज को आर्थिक सहायता आदि प्रमुख मामले निस्तारण के लिए आये जिसको उन्होंने निस्तारित करने का आदेश दिया। उक्त अवसर पर बृजेश उपाध्याय, राजू पहाड़ी, रामेश्वर सिंह, अजय दूबे वत्स, अमित सिंह, नागेंद्र गुप्ता, प्रकाश पाण्डेय, अंकित मिश्र, व्यास गोंड आदि मौजूद रहे।

अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के पूर्व शपथ पत्र के सत्यापन हेतु तीन सदस्यीय समिति गठित

अमेठी अवधनामा संवाददाता। जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने बताया कि प्रमुख क्षेत्र पंचायत अमेठी मंजू मौर्या के विरुद्ध 47 सदस्यों के नोटरी युक्त शपथ पत्र के साथ प्राप्त अविश्वास प्रस्ताव पत्र की नोटिस पर विचार करने हेतु दिनांक 19 अक्टूबर 2023 को पूर्वाह्न 11 बजे क्षेत्र पंचायत कार्यालय अमेठी के सभागार में क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के पूर्व सदस्य क्षेत्र पंचायत द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र के सत्यापन हेतु तीन सदस्य समिति का गठन किया गया है जिसमें उप जिलाधिकारी अमेठी प्रीति तिवारी जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकांत यादव खंड विकास अधिकारी अमेठी विनय कुमार वर्मा को नामित किया गया है। उन्होंने उक्त कमेटी को दिनांक 12 अक्टूबर 2023 को न्यायालय उप जिला मजिस्ट्रेट गौरीगंज में पूर्वाह्न 11 बजे संलग्न क्षेत्र पंचायत सदस्यगणों द्वारा अविश्वास प्रस्ताव की नोटिस के साथ प्रस्तुत किए गए शपथ पत्रों के सत्यापन की कार्यवाही पूर्ण कर सत्यापन रिपोर्ट जिला पंचायत राज अधिकारी अमेठी कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

जिला एकीकरण समिति की बैठक हुई संपन्न

देवरिया अवधनामा संवाददाता। वित्तीय वर्ष 2023-24 में जिला एकीकरण समिति की द्वितीय बैठक जिला पंचायत अध्यक्ष पंडित गिरीश चंद्र तिवारी की अध्यक्षता में विकास भवन के गांधी सभागार में आयोजित की गयी। बैठक में जिला विकास अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी एवं सदस्य जिला एकीकरण समिति द्वारा प्रतिभाग किया गया। कमलेश पाण्डेय, सदस्य जिला पंचायत द्वारा परिषदीय / माध्यमिक विद्यालयों के मेघावी बच्चों, धर्मगुरूओं एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी को सम्मानित किये जाने का प्रस्ताव किया गया। राजन मणि त्रिपाठी द्वारा सुझाव दिया गया कि समाज के युवा वर्ग की ऊर्जा को सकारात्मकता की तरफ जोड़ा जाय। युवा वर्ग को खेल एवं शिक्षा के लिए प्रोत्साहित किया जाय। इस तरह का कार्यक्रम विकास खण्ड एवं जिला स्तर पर आयोजित किया जाय। फादर बेन्नी, फादर संत पुष्पा चर्च द्वारा सुझाव दिया गया कि जिला एकीकरण समिति में मीडिया की भी भागीदारी होनी चाहिए। संदीप तिवारी, मानवाधिकार जिला संयोजक द्वारा सुझाव दिया गया कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में कचरा प्रबन्धन की समुचित व्यवस्था की जाये तथा प्रत्येक अधिकारी जनता से प्राप्त शिकायतों का निस्तारण ससमय करे। अमित कुमार रजक, मा0 सदस्य जिला पंचायत द्वारा मांग की गयी कि सांस्कृतिक प्रकोष्ठ का गठन करते हुए जिले के कलाकारों को सम्मानित किया जाये।

कालाजार से बचाएगी मेडिकेटेड मच्छरदानी

अवधनामा संवाददाता

देवरिया। जिले के कालाजार प्रभावित आठ ब्लॉक के 33 गांवों में कालाजार से बचाव के लिए लोगों को स्वास्थ्य विभाग की ओर से मेडिकेटेड मच्छरदानी उपलब्ध कराई जा रही है। इसके साथ ही लोगों को इस रोग से बचाव के बारे में जागरूक भी किया जा रहा है। साथ ही कालाजार प्रभावित गांवों में कालाजार की वाहक बालू मक्खी से बचाव के लिए अंदरूनी विशिष्ट छिड़काव किया जा रहा है। जिला मलेरिया अधिकारी सुधाकर मणि ने बताया कि बनकटा, भटनी, भाटपार रानी, बैतालपुर, देसई देवरिया, भलुअनी और लार ब्लॉक के कालाजार प्रभावित ऐसे गांवों में जहाँ पिछले तीन वर्षों में कालाजार के केस निकले हैं, मरीज व परिजनों को यह मच्छरदानी देने का प्रावधान है। इन प्रभावित गांवों के कालाजार मरीजों सहित उनके परिवार के कुल 105 लोगों को मच्छरदानी दी जानी है, जिसकी शुरुआत बनकटा ब्लॉक से की गई है। बनकटा ब्लॉक के नियरवा, सिकटिया, जगदीशपुर, नेउरवां और करसड़वा गांव के 58 लोगों में अब तक मच्छरदानी का वितरण जा चुका है। जिला मलेरिया अधिकारी कहा कि कालाजार की वाहक बालू मक्खी के काटने के बाद मरीज बीमार हो जाता है। उसे बुखार होता है, जो रुक-रुक कर चढ़ता-उतरता है। लक्षण दिखने पर मरीज को चिकित्सक को दिखाना चाहिए। इस बीमारी में मरीज का पेट फूल जाता है। उसे भूख कम लगती है। कालाजार उन्मूलन के लिए सतर्कता और जागरूकता जरूरी है। यदि कालाजार लक्षण वाले व्यक्ति दिखें तो उन्हें तत्काल जांच कराने तथा सरकारी अस्पताल पर इलाज कराने की सलाह दें। उन्होंने लोगों से अपील किया है कि यदि उनके गांव व घर के आस-पास कालाजार के लक्षण वाले व्यक्ति दिखें तो इसकी सूचना आशा कार्यकर्ता व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग को दें, ताकि उनकी भी जांच व उनका उपचार हो सके। दो सप्ताह से अधिक बुखार होने पर कालाजार की आशंका हो सकती है और ऐसे मरीजों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

मच्छरदानी के साथ मिली जानकारी

बनकटा ब्लॉक के नियरवा गांव के सरवन (30) ने बताया कि लोगों को कालाजार से बचाव के बारे में जागरुक किया जा रहा है। इसके साथ ही कालाजार से बचाव के लिए मुझे भी मेडिकेटेड मच्छरदानी मिली है। यह भी समझाया गया है कि कालाजार बालू मक्खी से फैलने वाली बीमारी है। यह मक्खी नमी वाले स्थानों पर अंधेरे में पाई जाती है। कालाजार संक्रमित बालू मक्खी जब किसी स्वस्थ व्यक्ति को काटती है तो वह भी इस बीमारी की जद में आ जाता है।

सहायक है मेडिकेटेड मच्छरदानीः महर्षि देवरहवा बाबा मेडिकल कालेज से सम्बद्ध जिला अस्पताल में फिजिशियन डॉ. विजय गुप्ता ने बताया है कि मेडिकेटेड मच्छरदानी पर एक विशेष रसायन लगे होने के कारण बालू मक्खी या मच्छर मच्छरदानी के पास नहीं आते। इस तरह यह मच्छरदानी प्रभावित व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में संक्रमण रोकने में बहुत ही प्रभावशाली है। यह मच्छरजनित अन्य बीमारियों से भी रक्षा करती है।

सूचना

मेरा हाईस्कूल वर्ष-2013, अनुक्रमांक 2431132 का अंक सहप्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है।

नाम- दीपा, पुत्री- बनवारी राम। पता- ग्राम व पोस्ट- परसा, जनपद -सिद्धार्थनगर।

धान खरीद कार्य के सफल संचालन हेतु डीएम की अध्यक्षता में हुआ प्रशिक्षण

अवधनामा संवाददाता

बहराइच। खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में मूल्य समर्थन योजना अन्तर्गत 01 नवम्बर 2023 से प्रारम्भ होने वाले धान खरीद कार्य को सफलतापूर्वक क्रियान्वित कराये जाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में वर्चुअली प्रतिभाग कर रहे उप जिलाधिकारी व तहसीलदारों को जिलाधिकारी मोनिका रानी ने निर्देश दिया कि खरीद प्रारम्भ होने से पूर्व पंजीकृत कृषकों के सत्यापन कार्य को हर हाल पूर्ण कर लिया जाय। डीएम ने एसडीएम व तहसीलदारों को यह भी निर्देश दिया कि फसल अवशेषों को खेतों में जलाने की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश के लिए कृषि विभाग के सहयोग से गांव-गांव में मुनादी करा

धान का समर्थन मूल्य रू. 2183 प्रति कुन्टल निर्धारित

दी जाय तथा किसानों को पराली के बेहतर प्रबन्धन हेतु प्रेरित किया जाय।

किसानों को बताया जाय कि पराली से कम्पोस्ट तैयार करना एक बेहतर विकल्प है, इससे पर्यावरण संरणण के साथ-साथ भूमि की उर्वरा शक्ति को भी बढ़ाया जा सकता है। डीएम ने कहा कि किसानों को इस बात के लिए जागरूक करें के वह अपने अतिरिक्त फसल अवशेष को गौआश्रय स्थल को दान कर पुण्य के भागी बने। डीएम ने सभी क्रय ऐजेन्सियों को निर्देश दिया कि धान खरीद हेतु शासन द्वारा भुगतान के सम्बन्ध में जारी 48 घण्टे की गाइडलाइन का कड़ाई के साथ

अनुपालन करेंगे तथा धान खरीद हेतु कृषकों एवं उनके पशुओं के लिए छाव, पानी व बैठने इत्यादि के माकूल बन्दोबस्त के साथ शासन द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार बैनर, रेट लिस्ट, प्रभाणित बांट व तराजू, बोरों सहित अन्य उपकरणों की व्यवस्था रखी जायेगी।

डीएम मोनिका रानी ने दो टूक शब्दों में कहा कि किसी भी क्रय केन्द्र पर किसानों का शोषण जैसी शिकायत के संज्ञान में आने पर क्रय केन्द्र प्रभारी के साथ-साथ जनपद के प्रभारी अधिकारी भी कार्रवाई की ज़द में आयेंगे। डीएम ने कहा कि क्रय अवधि के दौरान कोई भी केन्द्र बन्द नहीं होना चाहिए और न ही किसी केन्द्र पर खरीद प्रभावित होने पाये। सभी प्रभारी अधिकारी प्रभावी कार्ययोजना के साथ धान खरीद करेंगे। डीएम ने सभी क्रय एजेन्सियों के जिला प्रभारियों को निर्देश दिया कि खरीद अवधि के दौरान नियमित रूप से क्रय केन्द्रों का निरीक्षण कर बोरों, धनराशि की उपलब्धता, खरीदे गये धान की डिलेवरी, राईस मिलों की सम्बद्वत्ता इत्यादि की कार्रवाई एक सप्ताह में पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जाय। बैठक के दौरान विपणन निरीक्षक संतोष श्रीवास्तव ने बताया कि विगत वर्षो में जिले में धान की अच्छी खरीद की गयी थी जिसके लिए जनपद भ्रमण के दौरान मा. मुख्यमंत्री जी व शासन स्तर से सराहना की गयी थी। उन्होंने बताया कि जनपद में विभिन्न क्रय एजेन्सियों के 133 क्रय केन्द्र खोला जाना है जिसके सापेक्ष अब तक खाद्य विभाग के 20, पीसीएफ के 32, पीसीयू के 25, यूपीएसएस के 10 व भारतीय खाद निगम के 02 इस प्रकार 89 क्रय केन्द्र अनुमोदन के उपरान्त खोले गये। उन्होनें बताया कि विगत वर्ष 28 हजार किसानों से 17.48 लाख कु. धान खरीद किया गया था। इस वर्ष शासन द्वारा जनपद के लिए 17.55 लाख कु. धान खरीद का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। शासन द्वारा 2183 रूपये प्रति कु. समर्थन मूल्य निर्धारित किया गया है। उन्होनें बताया कि 01 नवम्बर 2023 से 28 फरवरी 2024 तक धान खरीद की जायेगी।

अब तक 10 हजार किसानों द्वारा पंजीकरण किया गया है। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी अवधेश कुमार मिश्र, उप निदेशक कृषि टी.पी. शाही, जिला कृषि अधिकारी सतीश कुमार पाण्डेय, एआर कोआपरेटिव संजीव तिवारी, क्रय एजेन्सियों के जनपद प्रभारी, केन्द्र प्रभारी तथा अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

नेहरू नगर में चला विशेष साफ सफाई अभियान

अवधनामा संवाददाता

ललितपुर। मोहल्ला नेहरू नगर के वार्ड नम्बर 3 में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत संचारी रोग निवारण अभियान चलाया जा रहा है। संचारी रोग की रोकथाम के लिये मलेरिया, डेंगू, चिकुनगुनिया एवं अन्य बीमारियों से बचाव व साफ सफाई रखने के बारे में, घरो में जमा पानी, गन्दगी से होने वाली बीमारियों के बारे में जानकारी देकर बीमारियों से बचाव के लिये मोहल्ले वासियों को जागरूक किया जा रहा है। नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों द्वारा मोहल्ले में विशेष साफ सफाई अभियान चलाया जा रहा है। कर्मी अपने हाथों में झाड़ू थामकर मोहल्ले के खाली पड़े प्लाटों में पड़े कूड़े कचरे की, विभिन्न गलियों में पड़े कूड़े कचरे की, सड़कों पर

पड़े कूड़े कचरे की झाड़ू लगाकर विशेष साफ सफाई की व नालियों में पड़े कूड़े कचरे की सफाई व नालियों में से सिल्ट को बाहर निकाला गया। सफाई कर्मियों ने मोहल्ले वासियों के घर घर जाकर लोगो से अपील की है कि अपने घर के आस पास गन्दा पानी जमा न होने दे और अपने घर से निकलने वाले कूड़े कचरे को जगह जगह सड़कों पर, नालियों में,व खाली पड़े प्लाटों में न फेके अपने घर से निकलने वाले कूड़े कचरे को अपने डस्टबिन के डिब्बे में भरकर रख लें।

डीएम व एसपी ने किया भारत-नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र का भ्रमण

अवधनामा संवाददाता

बहराइच। भारत-नेपाल के सीमावर्ती क्षेत्रों में कानून एवं शान्ति व्यवस्था का जायजा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी ने पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा, उप जिला मजिस्ट्रेट नानपारा अजित परेश, पुलिस क्षेत्राधिकारी नानपारा राहुल पाण्डेय व अन्य के साथ रूपईडीहा का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान डीएम व एसपी ने रूपईडीहा थाने में एस.एस.बी. की 42वीं बटालियन के कमाण्डेन्ट गंगा सिंह उदावत, थानाध्यक्ष रूपईहीडा शमशेर बहादुर सिंह से कानून एवं शान्ति व्यवस्था के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए सीमावर्मी क्षेत्र में सतर्कता बरतने के निर्देश दिये। इसके उपरान्त डीएम व एसपी ने अन्य अधिकारियों के साथ सीमावर्ती क्षेत्र का भ्रमण कर स्थिति का जायज़ा लिया तथा सुरक्षा के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को चौकसी बरतने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान डीएम ने रूपईडीहा मुंशीपुरवा ग्राम बीओपी श्रीनगर समतलिया अन्य ज़िला मार्ग एवं सीमा पर निर्मित होने वाले प्रवेश द्वार के बारे में लोक निर्माण विभाग के अवर अभियन्ता जितेन्द्र कुमार से जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

शासन की प्राथमिकता ही मेरी पहली प्राथमिकता: जिलाधिकारी

आखिर कब तक जनता अधिकारियों का चक्कर काटेगी

अवधनामा संवाददाता

सुल्तानपुर। नवागत जिलाधिकारी कृतिका ज्योत्सना ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कलेक्ट्रेट के सभा कक्ष में कहा कि शासन की जो भी प्राथमिकता है,वही मेरी पहली प्राथमिकता होगी। जनपद के सभी पत्रकारों से परिचयात्मक बैठक को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि आम जनता की समस्याओ का त्वरित निराकरण किया जाएगा।पत्रकारों के पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए कहा कि बहुत जल्द आपको परिवर्तन देखने को मिलेगा, खास करके राजस्व विभाग

एवम स्वास्थ्य विभाग में।एवं नगर की साफ सफाई की व्यवस्था को लेकर पत्रकारों के द्वारा पूछे गए सवालों को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि बहुत जल्द जनपद की सभी समस्याओं पर कार्य किया जाएगा। पत्रकार वार्ता में नगर पालिका परिषद द्वारा सड़क उखाड़कर मुत्रालय को नवीनीकृत किए जाने के मामले को उठाया गया। जिस पर जिलाधिकारी ने जांच करने का निर्देश दिया, साथ ही साथ बेसिक शिक्षा विभाग के एक बाबू का प्रकरण भी सामने आया। तहसील दिवस में बार-बार फरियादी अपनी फरियाद लेकर आते हैं, आखिर यह कब तक चलता रहेगा।यह भी मुद्दा प्रेस वार्ता में गूजता रहा। यही नहीं नगर में वायरस जिस कदर फैला हुआ है,सैकडो लोग खैराबाद में बुखार से पीड़ित है,इसकी भी समस्या पत्रकारों के द्वारा उठाया गया। जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया गया है, शिविर लगाकर वहीं पर सब का इलाज सुनिश्चित करें। जिसका क्रियान्वयन भी हो रहा है।प्रेस वार्ता में प्रमुख रूप से मनोराम पाण्डेय, डा0अवधेश शुक्ला,सर्वेश कुमार सिंह,विनोद पाठक, पंकज पांडे, राकेश तिवारी, श्री कृष्णा पाण्डेय, मनोज मिश्रा, सतीश तिवारी सहित दो दर्जन से अधिक लोग उपस्थित रहे।

बिलग्राम कस्बे सहित ग्रामीण क्षेत्र में बढ़ रहा बुखार का प्रकोप

अवधनामा संवाददाता

हरदोई। बिलग्राम सूबे की योगी सरकार इन दिनों संचारी रोग के रोगथाम के लिए गांव एवं नगर में एंटी लारवा ब्लीचिंग के छिड़काव के आदेश जारी किए हैं प्रशासन और अधिकारियों ने इस संबंध में निर्देश भी दे रखा है लेकिन धरातल पर प्रदेश सरकार व जिला प्रशासन की ब्लीचिंग व एंटी लारवा छिड़काव संबंधित दिशा निर्देश सिर्फ हवा हवाई साबित हो रहे हैं। इन दिनों बिलग्राम कस्बे सहित ग्रामीण क्षेत्रों में डेंगू और बुख़ार का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है। बिलग्राम क्षेत्र में बुखार के कई मामलों की तक पुष्टि हो चुकी है। इसके अलावा बड़ी संख्या में बुखार के मामले हैं। जबकि वायरल बुख़ार के रोगियों की तादाद रोज़ाना बढ़ रही है।बिलग्राम क्षेत्र में कमोबेश हर साल ही डेंगू का प्रकोप देखने को मिलता रहा है। बीते माह से क्षेत्र में जगह-जगह जलभराव के चलते डेंगू का कहर देखने को मिल रहा है।हालांकि बिलग्राम सी.एच.सी और निजी चिकित्सक और बाहर के अस्पतालों में उपचार करा रहे लोगों को देखें तो बुखार के रोगियों का आंकड़ा कई गुणा बढ़ सकता है। इसके अलावा मौसम में आ रहे बदलाव से बुखार के रोगियों की तादाद बेतहाशा बढ़ रही है। सरकारी व निजी अस्पतालों में रोज़ाना बड़ी संख्या में बुखार के मरीज उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि बिलग्राम कस्बे सहित ग्रामीण क्षेत्रों के अनेक लोग बुखार की चपेट में आने से पीड़ित हैं।संचारी रोग एवं स्वच्छता के नाम पर वाह वाही लूटने वाली बिलग्राम नगर पालिका स्वच्छता के नाम पर एवम संचारी रोग के नाम पर सिर्फ कागजों पर एंटी लारवा का छिड़काव किया जा रहा है।

न्याय पंचायत सरवा में आज संचालित होगा संतृप्तिकरण अभियान

बहराइच। विभिन्न विभागों द्वारा संचालित की जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं से जिले के ग्रामों को संतृप्त किये जाने तथा जनसमस्याओं के निस्तारण के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी की अभिनव पहल पर 05 अक्टूबर 2023 को ब्लाक हूजूरपुर अन्तर्गत न्याय पंचायत सरवा की ग्रा.पं. ऐलिहा, पिपरिहा, महिपालसिंह, सदियाबाद, सरखना, सरवा, चाकूजोत, रानीपुर, ताजपुर, गोबरहा, गौरिया व कारीडीहा में विभागीय अधिकारियों के भ्रमण एवं निरीक्षण के माध्यम से उ.प्रा. विद्यालय बैकुण्ठा में आयोजित शिविर में पात्र असंतृप्त अभ्यर्थियों को आच्छादित किया जायेगा। डीएम ने न्याय पंचायत के सभी ग्रामवासियों से अपील की है कि अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन का भरपूर लाभ उठाएं।

सुल्तानपुर में मज़ार के मुतवल्ली ने मुख्यमंत्री से लगाई गुहार

सुन्नी वक्फ बोर्ड में दर्ज मजार की जमीन पर बनाया जा रहा प्राइवेट बस स्टैंड और लगाई जा रही मछली मंडी, जमीनों पर हो रहा अतिक्रमण

अवधनामा संवाददाता

सुल्तानपुर। जिले में सुन्नी वक्फ बोर्ड में दर्ज मजार की जमीन पर प्राइवेट बस स्टैंड व मछली मंडी लगाने का मामला सामने आया है। यही नहीं मुताव्लि का कहना है कि वक्फ की जमीन पर अतिक्रमण भी किया गया है। उन्होंने सीएम से पूरे मामले की शिकायत करके न्याय की गुहार लगाया है। दरअस्ल ये पूरा मामला कोतवाली नगर अंतर्गत पांचोपीरन दरगाह की जमीन से जुड़ा है। दरगाह के मुताव्लि अकबर अली ने बताया कि दरगाह पांचोपीर वक्फ नंबर 851 सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड लखनऊ में दर्ज है। दरगाह पर कुछ अराजकतत्व मछली मंडी लगाना चाहते हैं। इससे पहले 2011 में वहां पर बाधमंडी बनाने का प्रस्ताव रखा गया था। उस समय सांसद वरुण गांधी थे। हम लोगों की मीटिंग हुई कि बाधमंडी को कही पर शिफ्ट किया

जाए। उस समय हमारे प्रधान थे बड़काऊ उन्होंने बेचूखा के पुरवा के सामने बाधमंडी एलाट कर दिया। निषाद समुदाय को वह बाधमंडी दे दी गई। अब क्या है कि कुछ अराजकतत्व चाह रहें हैं कि वहां मछली मंडी लगा दिया जाएं। हमारे यहां दरगाह पर सावन में मेला लगता है। उर्स मनाया जाता है। मकर संक्रांति मनाया जाता है। जिसमें बाहर के लोग आते हैं। डेढ़ से दो लाख की भीड़ होती है। मेला लगाने के लिए, पार्किंग के लिए और सब चीजों के लिए वक्फ बोर्ड की तरफ से स्थान चिन्हित किया गया है। हमारा हाईकोर्ट में भी केस चल रहा है। वक्फ बोर्ड की संपत्ति है। हमको पता चला तो हम सीआरओ को इस बात से अवगत कराया है। उन्होंने कहा कि 15 दिनों तक उस जगह पर कोई भी अतिक्रमण नहीं करेगा। जब तक जांच चलेगी कोई भी पार्टी उस पर अतिक्रमण नहीं करेगी। दरगाह पर जात-बिरादरी के लोग आते हैं। यह किसी एक का नहीं है। मुख्यमंत्री का यह आदेश है कि यदि वक्फ की संपत्ति पर कोई अतिक्रमण कर रहा है तो उस पर सख्त से सख्त कार्रवाई हो। मैं यह अपील करना चाहता हूं कि हमको न्याय मिले।

गुमशुदा मोबाइल को किया बरामद

अवधनामा संवाददाता

सुल्तानपुर। थाना जीआरपी सुलतानपुर अनुभाग लखनऊ रेलवे संजीव सिन्हा के कुशल पर्यवेक्षण में चलाये जा रहे गुमशुदा मोबाइल की बरामदगी अभियान के क्रम में 09 गुमशुदा मोबाइल बरामद किए गए। वर्ष-2022/23 के गुमशुदा मोबाइलो को सर्विलांस सेल की मदद से थानाध्यक्ष अरविन्द कुमार पाण्डेय के निर्देशन में थाना जीआरपी सुलतानपुर के 09 अदद गुमशुदा मोबाईलो को बरामद कर थाना जीआरपी सुलतानपुर पर 09 आवेदक गण को उनके खोये हुए मोबाइलो को सुपुर्द किया गया।

विवरण मोबाइल स्वामी राकेश कुमार नि0 ग्राम ठेसरा ताजपुर पो0 खजुराहट जनपद अयोध्या -नार्जो रियलमी,आदित्य नाथ पाठक पुत्र

09 यात्रियों के 09 अदद गुमशुदा मोबाइल बरामद कर मोबाइल स्वामियों को मोबाइल सुपुर्द किया गया

लवकुश पाठक निवासी ग्राम बूबूपुर थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी मो0-9580684983 रेडमी 8 ए,राम विशाल गौड पुत्र बरसाती लाल नि0 नामदान केन्द्र सैदोपट्टी थाना चाँदा जनपद सुल्तानपुर मो0नं0 7827800061 मोबाईल फोन टेक्नो, जानकी बरनवाल पत्नी अनिल बरनवाल निवासी म.न. 2730 निराला नगर थाना को0नगर जनपद सुलतानपुर मोबाईल वीवो 1812 मो0नं0 6392119532, शिवम गुप्ता पुत्र रामशंकर गुप्ता निवासी ऊघरपुर थाना धम्मौर जनपद सुल्तानपुर मोबाईल फोन वीवो, मो0नं0-7522021935, सन्तोष कुमार शर्मा पुत्र स्व0 निरहू शर्मा नि0 सुरही थाना फूलपुर जनपद वाराणसी आदि मोबाइल स्वामी अपना खोया हुआ मोबाइल पाकर बहुत प्रसन्न हुए और जीआरपी की भूरि-भूरि प्रसंशा किए।

सालाना उर्स ए वाहिदी तैय्यबी ताहिरी की तैयारियां जोरों पर

हरदोई। बिलग्राम कस्बे में मीर अब्दुल वाहिद बिलग्रामी की दरगाह पर होने वाले तीन दिवसीय उर्स को लेकर तैयारियां जोरों पर है। दरगाह की साज सज्जा का कार्य जोरों पर चल रहा है।बिलग्राम कस्बे के मोहल्ला सुलहाडा स्थित बड़ी दरगाह खानकाहे वाहिदिया तय्यबिया पर सालाना होने वाले उर्स को लेकर तैयारियां शुरू हो गई है। उर्स 06 अक्टूबर से शुरू होकर 08 अक्टूबर तक चलेगा। उर्स को दरगाह को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है। इसके अलावा दरगाह की साफ-सफाई की कार्य भी जोरो पर है। बाहर से आने वाले दुकानदारों द्वारा अपनी दुकानें भी लगानी शुरू कर दी है।उर्स में चादरपोशी, मुसायरा,जलसा दस्तार बंदी व कुल शरीफ का आयोजन किया जाएगा। लोगों ने बताया कि यह एक चमत्कारी दरगाह है। यहां मांगी गई हर मन्नत को हजरत पूरा करते है। पिछले वर्ष के मुकाबले इस वर्ष और भी अच्छी तैयारियां की जा रही है।

मण्डी की जल भराव समस्या का समाधान दो दिन में करायें: जिलाधिकारी

अवधनामा संवाददाता

हरदोई। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने आज स्थानीय गल्ला मण्डी में संचालित राजकीय धान क्रय केन्दों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मण्डी में चारों तरफ जल भराव एवं गन्दगी एवं चबूतरों की टूटी फर्श को देखकर जिलाधिकारी ने सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए मण्डी सचिव को निर्देश दिये कि दो दिन में मण्डी की जल भराव समस्या का समाधान करायें और मण्डी की व्यापक स्तर पर सफाई कराने के चबूतरों के फर्श की मरम्मत कराये

ताकि केन्द्रों पर धान लेकर आने वाले किसानों को कोई समस्या न हो।

धान क्रय केन्द्रों में जिलाधिकारी ने तौल कांटा, नमी मापक यन्त्र, बोरो की उपलब्धता आदि की जानकारी ली तथा डिप्टी आरएमओ को निर्देश दिये कि सरकारी केन्द्रों पर धान लाने वाले किसानों को गेट पर ही नम्बर एवं तिथिवार टोकन जारी कराये और किसानों को सभी सुविधायें उपलब्ध करायें। उन्होने केन्द्र प्रभारियों को निर्देश दिये कि किसानों के धान खरीद में किसी बिचौलिये की दखल अन्दाजी नही होनी चाहिए और ऐसा पाये जाने पर केन्द्र प्रभारी के विरूद्व कार्यवाही की जायेगी। इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार, व्यापारी आदि उपस्थित रहें।

अवैध अतिक्रमण पर कार्रवाई से भाग रहा नगर पालिका प्रशासन

सुल्तानपुर। अवैध अतिक्रमण पर कार्रवाई के बजाय नगर पालिका प्रशासन मनमानी ढंग से नाले का निर्माण कर रहा है। मानक से इधर निर्माण होने के चलते मोहल्ले वासियों में गुस्सा व्याप्त है। लोगों ने इसकी शिकायत जिला अधिकारी से की है। पूरा प्रकरण शहर के गंदा नाला रोड के बगल स्थित वार्ड नंबर 23 पुरानी बाजार से जुड़ा हुआ है। जहां पर काफी लंबे समय से नाला बना हुआ है। नगर पालिका प्रशासन ने इसके जीर्णोद्धार की स्वीकृति प्रदान की थी। जिसके आधार पर ठेकेदार ने कार्य शुरू कर दिया है। स्थिति यह है कि मनमानी ढंग से नालै को बनाया जा रहा है। अवैध अतिक्रमण को नहीं हटाया जा रहा है। ठेकेदार की लापरवाही से मोहल्ले वासियों में काफी गुस्सा देखा जा रहा है। अध्यक्ष नगर पालिका प्रवीण अग्रवाल का कहना है कि प्रकरण अभी तक उनके संज्ञान में नहीं था। इस पर ठेकेदार से पूछताछ कर नाले को बाइलाज के मुताबिक बनवाया जाएगा। अवैध अतिक्रमण हटवाया जाएगा।

खेत पर गयी महिला से छेड़छाड़

अवधनामा संवाददाता

बचाव करने पहुंचे परिजनों से भी मारपीट

न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने दो लोगों पर किया मामला दर्ज

ललितपुर। करीब तीन माह पहले खेत पर पहुंची महिला के साथ अश्लीलता करते उसके व परिजनों के साथ भी लाठी-डण्डों से मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज करते हुये कार्यवाही शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम विघामहावत गंगासागर निवासी महिला ने न्यायालय अपर जिला एवं सत्र/विशेष न्यायाधीश (अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम) को शिकायती पत्र सौंपा था। शिकायती पत्र में पीड़ित महिला ने बताया कि विगत 12 जुलाई 2023 को सुबह 8 बजे वह अपने खेत में तिली की बुवाई करने के लिए पहुंची थी। तभी गांव के विनोद लोधी पुत्र रामचरन लोधी आया और उसके साथ अश्लीलता करने लगा, उसके साथ अभद्रता की गयी। विरोध करने पर विनोद का भाई भारत सिंह हाथ में लाठी लेकर आया और मारना-पीटना शुरू कर दिया। शोरगुल सुनकर पीछे के खेत से आ रही उसकी सास व पति के अलावा अन्य लोग आ गये। लोगों ने उसका बीच-बचाव किया। मौके पर उक्त लोग उसे जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुये गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पीड़िता ने बताया कि इस मारपीट के दौरान उसके हाथ की हड्डी टूट गयी। मामले की शिकायत दर्ज कराने जब वह चौकी पहुंची तो वहां कोई कार्यवाही नहीं की गयी और न ही डाक्टरी करायी गयी। पीड़िता ने मामले से एसपी को डाक के जरिए शिकायती पत्र भेजकर अवगत कराया। बावजूद इसके कार्यवाही नहीं हो सकी। मजबूर होकर उसे न्यायालय की शरण लेनी पड़ी। पीड़ित की शिकायत पर गंभीर से विचार करते हुये न्यायालय ने पुलिस को मामला दर्ज कर विवेचना करने के निर्देश जारी किये। न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने विनोद लोधी व भारत सिंह पुत्रगण रामचरन लोधी के खिलाफ धारा 323, 504, 506, 325, 354, 354 (ख), अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (नृशंसता निवारण) अधिनियम 1989 (संशोधन 2015) की धारा 3 (1) (द), 3 (1) (घ) व 3 (2) (व्ही.ए.) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

ग्राम पंचायत-एकडेगवा
वि.खं.-लोटन बाजार, सिद्धार्थनगर

अल्पकालीन निविदा

वित्तीय वर्ष 2023-24 में ठोस तरल अपशिष्ट प्रबन्धक (SLWM) केंद्रीय वित्त/वित्त आयोग/मनरेगा/ स्वच्छ भारत मिशन अन्तर्गत स्वीकृत कार्य हेतु ई रिक्शा, साइकिल रिक्शा, कूड़ेदान, प्लास्टिक बैग, प्लास्टिक बैंक, सफेद सीमेंट, गिट्टी, प्रथम श्रेणी ईट, रोड़ा, सीमेट, रेट्रोफिटिंग मौरंग बालू, इंटरलॉकिंग, सरिया, लोहे का जाल, ह्यूम पाइप, वॉल पुट्टी, टीन चादर, बजरफुट, बजरी, वॉल पेंटिंग, प्लास्टिक पाइप कलेक्श सेंटर हैण्डपंप मरम्मत, रीवोर, इलेक्ट्रॉनिक मेटेरियल आदि सामानों की आपूर्ति हेतु इच्छुक व मान्य आपूर्तिकर्ता दिनांक 04.10.2023 से 20.10.2023 तक निविदा कार्यालय में जमा कर सकते हैं। दिनांक 20.10.2023 को सुबह 11:00 बजे निविदा ग्राम पंचायत कार्यकारिणी के समक्ष खोली जाएंगी प्रतिबंध नियम व शर्तें एवं अन्य विवरण कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं।

प्रियंका गोस्वामी
सचिव
ग्रा.पं. एकडेगवा

पावित्री
प्रधान
ग्रा.पं. एकडेगवा

ग्राम पंचायत-हरिगाव
वि.खं.-लोटन बाजार, सिद्धार्थनगर

अल्पकालीन निविदा

वित्तीय वर्ष 2023-24 में ठोस तरल अपशिष्ट प्रबन्धक (SLWM) केंद्रीय वित्त/वित्त आयोग/मनरेगा/ स्वच्छ भारत मिशन अन्तर्गत स्वीकृत कार्य हेतु ई रिक्शा, साइकिल रिक्शा, कूड़ेदान, प्लास्टिक बैग, प्लास्टिक बैंक, सफेद सीमेंट, गिट्टी, प्रथम श्रेणी ईट, रोड़ा, सीमेट, रेट्रोफिटिंग मौरंग बालू, इंटरलॉकिंग, सरिया, लोहे का जाल, ह्यूम पाइप, वॉल पुट्टी, टीन चादर, बजरफुट, बजरी, वॉल पेंटिंग, प्लास्टिक पाइप कलेक्श सेंटर हैण्डपंप मरम्मत, रीवोर, इलेक्ट्रॉनिक मेटेरियल आदि सामानों की आपूर्ति हेतु इच्छुक व मान्य आपूर्तिकर्ता दिनांक 04.10.2023 से 20.10.2023 तक निविदा कार्यालय में जमा कर सकते हैं। दिनांक 20.10.2023 को अपरान्ह 02:00 बजे निविदा ग्राम पंचायत कार्यकारिणी के समक्ष खोली जाएंगी प्रतिबंध नियम व शर्तें एवं अन्य विवरण कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं।

प्रियंका गोस्वामी
सचिव
ग्रा.पं. हरिगाव

भारत
प्रधान
ग्रा.पं. हरिगाव

रोजगार सेवकों ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता

हमीरपुर। ग्राम रोजगार सेवक संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश लखनऊ के आवाहन पर जनपद मुख्यालय में कार्यक्रम आयोजित कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को देकर मांगे पूरी करने की मांग की है। ज्ञापन देने के दौरान जनपद के समस्त विकास खंड से आए रोजगार सेवक ने प्रतिभाग किया। ग्राम रोजगार सेवक एकता संघर्ष समितिउत्तर प्रदेश के आवाहन पर मुख्यमंत्री वादा निभाओ का मांग पत्र ग्राम रोजगार सेवकों द्वारा जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्य मंत्री को संबोधित ज्ञापन भेज दिया है। रोजगार सेवकों ने अपने आठ सूत्रीय मांग पत्र में मांग की है कि चार अक्टूबर 2021 को लखनऊ के डिफेंस एक्सपो मैदान में आयोजित प्रंतीय सम्मेलन में मुख्यमंत्री द्वारा ग्राम रोजगार सेवकों व मनरेगा कर्मियों के संबंध में की गई घोषणाओं पर शासनादेश जारी किया जाय जिसमे जाब चार्ट में अन्य कार्य जोड़ना, रोजगार सेवकों के सेवा समाप्ति से पूर्व मनरेगा उपा युक्त की सहमति एच आर पालिशी लागू करना इत्यादि। हिमांचल, मध्यप्रदेश, राजस्थान की तरह मानदेय बढ़ोत्तरी की जाए।

ग्राम विकास अधिकारी की भर्ती में पचास प्रतिशत का कोटा रोजगार सेवकों को दिय जाए। ग्राम रोजगार सेवकों से मूल ग्रामपंचायत के साथ साथ रिक्त ग्राम पंचायत में कार्य लिया जाए तथा मनरेगा की यूजर आई डी पासवर्ड सिर्फ रोजगार सेवकों को दिया जाए। कोविड के अतिरिक्त आकस्मिक दुर्घटना में मौत होने पर उसके आश्रित को समायोजित किया जाए। ई पी एफ कटौती की धनराशि मनरेगा कर्मियों के यू ए एन खाते में भेज दिया जाए। ग्राम रोजगार सेवकों को नियमित करते हुए राज्य कर्मचारी का दर्जा दिया जाए। तथा पद नाम ग्राम विकास सहायक किया जाए।जब तक ग्राम रोजगार सेवकों का नियमती करण न हो जाए तब तक विभागीय कर्मचारी मानकर मानदेय प्रथक बजट से दिया जाए। पूर्व वित्तीय वर्षो का एवम वर्तमान का बकाया मानदेय भुगतान कराए जाने की मांग की है। जनपद के कुरारा, सुमेरपुर, मौदहा, मुस्करा,राठ, गोहांड,सरीला के समस्त रोजगार सेवक कलेक्ट्रेट परिसर में एकत्र होकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान एक सैकड़ा से अधिक रोजगार सेवक मौजूद रहे। कार्यक्रम संयोजक प्रवीण कुमार निषाद, रंजीत सिंह, देवेंद्रप्रताप सिंह कुरारा, ब्रजभान सिंह गोहांड, देवेंद्र कुमार मौदहा, साहब लाल सुमेरपुर,महेंद्र सिंह सरीला,हरनाम सिंह मुस्करा,तेजपाल ब्लाक अध्यक्ष राठ सहित सैकड़ों की संख्या में रोजगार सेवक मौजूद रहे।

प्रवीण ने एनटीपीसी विंध्याचल परियोजना का किया दौरा

अवधनामा संवाददाता

सोनभद्र/विंध्यनगर। क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (उत्तर) एनटीपीसी लिमिटेड प्रवीण सक्सेना ने नें देश के विशालतम विद्युत सयंत्र एनटीपीसी विंध्याचल का दौरा किया। उन्होंने अपने निरीक्षण के दौरान परियोजना स्टेज-5 कंट्रोल रूम, सीटीएम एरिया एवं एफ जी डी एरिया आदि के कार्यो से संबन्धित प्रगति की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार, महाप्रबंधक(प्रचालन एवं अनुरक्षण) राजेश भारद्वाज एवं अन्य महाप्रबंधकगण साथ रहे। इससे पूर्व सूर्या भवन अतिथि गृह में परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार, अध्यक्षा (सुहासिनी संघ) सरोजा फणि कुमार, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) राजेश भारद्वाज, उपाध्यक्षा (सुहासिनी संघ) सुभा भारद्वाज एवं अन्य महाप्रबंधकगण ने मुख्य अतिथि क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (उत्तर) एनटीपीसी लिमिटेड प्रवीण सक्सेना एवं अध्यक्षा (उत्तरा महिला समिति) नीलम सक्सेना का पुष्पगुच्छ प्रदान कर अभिनंदन किया। तत्पश्चात सूर्या भवन अतिथि गृह में क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (उत्तर) प्रवीण सक्सेना एवं अध्यक्षा(उत्तरा महिला समिति) नीलम सक्सेना द्वारा परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार, महाप्रबंधक एनटीपीसी एवं भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद के मध्य विंध्याचल की महिला स्वयं सहायता समूह के सशक्तिकरण हेतु सतत आजीविका अर्जन योजना के तहत मसाला उत्पादन हेतु संयुक्त रूप से समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर किया गया।

संक्षिप्त समाचार

मेरी माटी मेरा देशः मौदहा में हुआ भव्य कार्यक्रम

मौदहा/हमीरपुर, अवधनामा संवाददाता। आज मौदहा ब्लाक परिसर में मेरी माटी मेरा देश के अन्तर्गत एक शानदार प्रोग्राम आयोज हुआ जिस में मुख्य अतिथि के रुप में भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील पाठक व एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर नें शिरकत की। कार्यक्रम में आगनबाड़ी कार्यक्रत्रियो ने भारी संख्या में पहुंचकर प्रोग्राम की शोभा और बढ़ाई। एक जुलूस के रूप गाजे बाजे के साथ लोग तहसील परिसर भी पहुंचे। ब्लॉक परिसर हुए में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम की विशेषत पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष आकाश त्रिपाठी,जगदीश प्रसाद व्यास,वरिष्ठ भाजपा नेता रामदेव सिंह,ब्लॉक प्रमुख लाला राम निषाद,क्षेत्रीय नेता प्रहलाद सिंह आदी कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रोग्राम का संचालन मंडल अध्यक्ष उत्तम सिंह ने किया। कार्यक्रम में ब्लॉक स्तर के समस्त अधिकारी उपस्थित रहे ।

टेढ़ा में निकाली गई संचारी रोग दस्तक रैली

हमीरपुर, अवधनामा संवाददाता। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुमेरपुर के प्रभारी पुष्पेंद्र कुमार एवं डीपी श्याम यादव के नेतृत्व में उपकेंद्र टेढ़ा में कार्यरत एएनएम रीता सोनी एवं सीएचओ वंदना यादव की उपस्थिति में संचारी दस्तक रोग जागरूकता रैली का आयोजन प्राथमिक विद्यालय के बच्चों एवं अध्यापकों के साथ बैनर लेकर निकाली गई। जिससे लोगों में जागरूकता आए इस समय गर्मी और सर्दी ऋतु परिवर्तन होने के कारण तमाम तरह की वायरल बुखार,डेंगू बुखार व मलेरिया मच्छरों के काटने से फैल रहा है। जिसके लिए स्वास्थ्य विभाग चौकन्ना कदम उठा रहा है ताकि लोगों के अंदर जागरूकता आए लोग मच्छरों से बचने के लिए मच्छरदानी या मार्टिन का प्रयोग करें ताकि इस तरह की बीमारियों से बचा जा सके। इस जागरूकता संचारी रोग दस्तक रैली में संगिनी मनोरमा यादव, आशा, रेनू, कविता, मनोरमा, नमिता, गुड्डन, गार्गी, प्रभा एवं विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

चैयरमैन के जन्मदिन पर बांटी कॉपी व मिठाई

भरुआ सुमेरपुर। कल्पतरु प्रोजेक्ट्स इंटरनेशनल लिमिटेड के चेयरमैन मफतराज मुनाट के 79वें जन्मदिन पर कंपनी के अधिकारियों ने कस्बे के प्राथमिक विद्यालय चांद में बच्चों को कॉपियां, पेन, पेंसिल व मिठाई वितरित कर उनके दीर्घायु होने की कामना की। कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर सूरजपाल सिंह, मैनेजर मो. आजम अली, डिप्टी मैनेजर सेफ्टी सपन कुमार राउत, एचआर एडमिन रोहित चौहान, अकाउंट अफसर विशाल गुप्ता ने कंपनी के चेयरमैन के जन्मदिन को धूमधाम से मनाते हुए कस्बे के प्राथमिक विद्यालय चांद में पहुंचकर 142 बच्चों को कॉपियां पेन पेंसिल व मिठाई वितरित की। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक रविपाल सिंह, सहायक अध्यापक जितेंद्र सिंह गौतम, नंदनी, शिक्षा मित्र शोभारानी, अनीता देवी सहित रसोइयां भी मौजूद रहीं।

आप कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट में किया विरोध प्रदर्शन

हमीरपुर। बुधवार को दोपहर आप जिला अध्यक्ष मनीष गुप्ता के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट हमीरपुर पहुंच कर आप सांसद के घर में पड़े ईडी के छापे पर विरोध प्रदर्शन किया है। जिला अध्यक्ष ने बताया की भाजपा के अनुषांगिक संगठन बन चुके ईडी द्वारा उत्तर प्रदेश प्रभारी एवं सांसद संजय सिंह की आवाज को दबाने की मंशा से आज सुबह तड़के उनके घर पर ईडी का छापा डाला गया हैं। इस तानाशाही के खिलाफ पार्टी के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने हमीरपुर कलेक्ट्रेट गेट के बाहर जोरदार विरोध प्रदर्शन कर योगी मोदी मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए जमकर नारेबाजी की है। इस दौरान गुलाम मोहम्मद नगर अध्यक्ष मौदहा, अनिल विश्वकर्मा जिलाध्यक्ष पंचायत प्रकोष्ठ, आसिर खान जिलाध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ठ, अर्चना गुप्ता जिलाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, कामनी सिंह, अत्री यादव जिला उपाध्यक्ष, शिवा कान्त पाण्डेय, गुरूनरायाण, सुरेन्द्र कुमार, के दर्जनों कार्यकर्ता शामिल रहे।

सोनभद्र का नाम रोशन करने पर जनपद वासियों ने दी बधाई

अवधनामा ब्यूरो

सोनभद्र। बहुअरा गांव के भैरवागांधी टोले में एक छोटे से खपरैल के मकान में रहने वाले रामबाबू पिछले साल अचानक से तब चर्चा में आए, जब उन्होंने गुजरात में हुए राष्ट्रीय खेलों की पैदल चाल स्पर्धा में नए राष्ट्रीय रिकार्ड के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया था। एशियन गेम्स में 35 किमी की पैदल चाल स्पर्धा (मिश्रित टीम) में सोनभद्र के रामबाबू और मंजू रानी की जोड़ी ने कमाल कर दिया। दोनों की जोड़ी को कांस्य पदक मिला है। एशियन गेम्स से बुधवार की सुबह सोनभद्र के लिए अच्छी खबर आई। पैदल चाल की 35 किमी मिक्स्ड टीम स्पर्धा में सोनभद्र के रामबाबू ने मंजू रानी के साथ कांस्य पदक जीता है। रामबाबू के कामयाबी की खबर सुनते ही जिले में खुशी छा गई। मजदूर किसान के बेटे रामबाबू ने इससे पहले राष्ट्रीय खेलों में नए राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता था। बहुअरा गांव के भैरवागांधी टोले में एक छोटे से खपरैल के मकान में रहने वाले रामबाबू पिछले साल अचानक से तब चर्चा में आए, जब उन्होंने गुजरात में हुए राष्ट्रीय खेलों की पैदल चाल स्पर्धा में नए राष्ट्रीय रिकार्ड के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया था।

मंडी शुल्क की हो रही है खूब चोरी

अवधनामा संवाददाता

बिना मंडी शुल्क के अवैध तरीके से खाद्यान्न से लदी गाड़ियां भेजी जाती बाहर

राठ (हमीरपुर) कस्बा स्थित नवीन गल्ला मंडी में कई सालों से चल रही मंडी शुल्क की चोरी रोकने में स्थानीय प्रशासन मौन धारण किए है। किसानों का खाद्यान्न कम कीमत पर खरीद कर उनका जमकर आर्थिक शोषण किया जा रहा है और वही खाद्यान्न बिना मंडी शुल्क यानी बिना प्रपत्र 9 के ही मंडी से खाद्यान्न से लदी गाड़ियां बाहर भेजी जाती है। जिससे मंडी शुल्क की जमकर चोरी करके मंडी के जिम्मेदार मालामाल हो रहे हैं। वहीं प्रशासन जानकर भी अंजान बने हुए हैं। दूरदराज के व्यापारी मंडी कर्मियों से सेटिंग कर खाद्यान्न से लदी गाड़ियों को बिना गेट पास के ही निकाला जा रहा है। जिसके लगातार फोटो वीडियो भी वायरस होते रहते हैं। हालांकि मामले में प्रशासन को भी अवगत कराया जाता है। लेकिन कार्रवाई का आश्वासन देकर नजर अंदाज कर दिया जाता है। जिससे साफ तौर पर यह कहा जा सकता है कि ऐसे मामलों पर प्रशासन कार्रवाई करने में रुचि क्यों नहीं ले रहा है। आखिर इसके पीछे वजह क्या है? क्योंकि शाम होते ही गाड़ियों में खाद्यान्न लादकर बिना गेट पास के ही परिवहन कर जिले व राज्य से बाहर भेजा जा रहा है जो की मंडी शुल्क का भुगतान किए बगैर ही कृषि उपज को अवैध तरीके से परिवहन कर जिले में भेजा जा रहा है। कर्मचारियों की लापरवाही से कृषि उपज मंडी को लाखों रुपए के राजस्व का नुकसान उठाना पड़ रहा है। मामले में मंडी सचिव का कहना है कि यदि ऐसा पाया जाता है तो उचित कार्यवाही की जायेगी। जबकि किसानो का आरोप है कि मंडी सचिव और कर्मचारियों की मिलीभगत से मंडी शुल्क की जमकर चोरी की जाती है यदि मंडी सचिव इस चोरी में शामिल नही होते तो कई वर्षो से चल रहे इस अवैध कार्य पर कार्यवाही जरूर करते। जानकारी के मुताबिक कई बार इसकी शिकायत भी हुई लेकिन जांच के नाम पर खानापूर्ति ही

स्वास्थ्य शिविर में ढाई सैकड़ा मरीजों का किया गया उपचार

बांदा। ग्राम पंचायत सरस्वाह में बुधवार को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में ढाई सैकड़ा मरीजों ने अपना उपचार कराया। इन मरीजों को दवाओं का वितरण भी किया गया। इसके साथ ही चिकित्सीय सलाह दी गई। सामाजिक क्षेत्र में काम कर रही सृजन एक सोंच संस्था की ओर से ग्राम पंचायत सरस्वाह में बुधवार को आयोजित किए गए निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में ढाई सैकड़ा मरीजों को उपचार दिया गया। इसके साथ ही मरीजों को दवाओं का वितरण भी किया गया। शिविर का आयोजन स्व. पंकज कुमार श्रीवास्तव के श्राद्ध के मौके पर किया गया। उनके छोटे भाईनीरज कुमार श्रीवास्तव और अनिल कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि गरीबों को निशुल्क उपचार कराने से पुण्य लाभ की प्राप्ति होती है।

लोकतंत्र एवं संविधान बचाओ साइकिल यात्रा का हुआ जोरदार स्वागत

अवधनामा संवाददाता

भरुआ सुमेरपुर। समाजवादी पार्टी के लोकतंत्र एवं संविधान बचाओ साइकिल यात्रा बांदा से शुरू होकर पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संस्थापक मुलायम सिंह यादव की समाधि स्थल के लिए रवाना हुई। जिसका जनपद के बांदा सीमा क्षेत्र पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया।

बांदा सदर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व अध्यक्ष आलोक यादव के नेतृत्व में लोकतंत्र एवं संविधान बचाओ साइकिल यात्रा की शुरुआत हुई है। यह यात्रा बांदा से शुरू होकर पार्टी संस्थापक नेता मुलायम सिंह यादव की समाधि स्थल सैफई पहुंच कर संपन्न होगी। बुधवार को इस साइकिल यात्रा का जनपद सीमा पर इसूली के पास सपा के जिलाध्यक्ष इदरीश खान के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया गया। यात्रा ने टेढ़ा, पारा, पंधरी होते हुए सुमेरपुर में रात्रि विश्राम किया। इस यात्रा को कार्यकर्ताओं का समर्थन मिलने पर यात्रा नायक गदगद नजर आएं। इस मौके पर जिलाध्यक्ष के साथ पूर्व प्रत्याशी रामप्रकाश प्रजापति, जिला उपाध्यक्ष वसीम सिद्दीकी, जिला कोषाध्यक्ष रणबहादुर यादव, नगर अध्यक्ष गोपाल वर्मा, व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष शिवा यादव, मो.सलीम, दिलीप गुप्ता उर्फ पप्पू, पिंटू यादव, सिद्दीक अहमद सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

रोजगार सेवकों व मनरेगा कर्मियों ने भरी हुंकार किया विरोध प्रदर्शन

अवधनामा ब्यूरो

सोनभद्र। ग्राम रोजगार सेवक एकता संघर्ष समिति के प्रदेश व्यापी आह्वान पर मनरेगा महासंघ के जिलाध्यक्ष विनय मिश्रा के नेतृत्व में ग्राम रोजगार सेवकों व मनरेगा कर्मियों द्वारा कलेक्ट्रेट पहुंचकर मांगों का सौंपा गया जिसमें बतौर प्रांतीय प्रतिनिधि उ. प्र. ग्राम रोजगार सेवक संघ के प्रदेश सचिव प्रभात सिंह चन्देल व विशिष्ट अतिथि के रूप में तकनीकी सहायक संघ के प्रदेश अध्यक्ष बिमल तिवारी मौजूद रहे। इस मौके पर उपस्थित ग्राम रोजगार सेवकों व मनरेगा कर्मियों को सम्बोधित करते हुए उ.प्र. ग्राम रोजगार सेवक संघ के प्रदेश सचिव प्रभात सिंह चन्देल ने कहा कि 4 अक्टूबर 2021 को राजधानी लखनऊ के डिफेंस एक्सपो मैदान में सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा की गई घोषणाओं को लागू न करना हमारे मुख्यमंत्री के आदेशों की अवहेलना है जिससे सरकार की छवि खराब हो रही है और मनरेगा कर्मियों के साथ उच्चधिकारी सौतेला व्यवहार कर रहे हैं जिसका खामियाजा आगामी लोकसभा चुनाव में परोक्ष या अपरोक्ष रूप सरकार को भुगतना पड़ सकता है। एचआर पालिसी लागू करने, ईपीएफ कटौती की धनराशि मनरेगा कर्मचारियों के यूएएन खाते में भेजने व पदनाम ग्राम विकास सहायक करने की घोषणाओं को लागू करने के साथ ही रोजगार सेवकों को मनरेगा का यूजर आईडी पासवर्ड दिए जाने तथा पूर्व के वित्तीय वर्षो के बकाया मानदेय का भुगतान तत्काल प्रभाव से करते हुए ग्राम रोजगार सेवकों को राज्य कर्मचारी का दर्जा देने के साथ ही स्थानीय समस्याओं के समाधान हेतु अपनी आवाज बुलन्द किया।

बकरियां चोरी करने पर कार्यवाही न होने की एसपी से शिकायत

अवधनामा संवाददाता

हमीरपुर। दस दिन पूर्व हाइवे किनारे पटरियों पर बकरियां चरा रहे एक युवक को नशीला पदार्थ सुंघाकर कुछ लोग बकरियां चोरी कर ऑटो में भरकर भाग गए। मामले की सूचना पर जांच पडताल के बाद पुलिस ने ऑटो बरामद कर उसके चालक को गिरफ्तार कर लिया लेकिन अभी तक चोरी गयी बकरियां बरामद न करने व चोरों के खिलाफ कार्रवाई न होने से परेशान पीड़ित ने अब पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंपकर कार्यवाही की मांग की है। सुमेरपुर थाना क्षेत्र के कुंडौरा गांव निवासी आशादीन ने बताया है कि गत 24 सितंबर को उसका भाई रामकृपाल अपनी 10 बकरियों को लेकर चराने के लिए गांव के पास हाईवे किनारे ले गया था। तभी दोपहर करीब 2.30 बजे कुछ अज्ञात लोगों ने उसके भाई को नशीला पदार्थ सुंघाकर बेहोश कर दिया और आटो में बकरियां लादकर सुमेरपुर की तरफ भाग निकले। घटना की सूचना से पुलिस को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगालकर ऑटो को ढूंढ निकाला और ऑटो चालक को ऑटो सहित थाने ले आए। पीड़ित का कहना है कि अभी तक चोरों को गिरफ्तार नहीं किया गया है और न ही बकरियां बरामद की गई है। परेशान पीडित ने पुलिस अधीक्षक से कार्यवाही की मांग की है। पुलिस अधीक्षक ने पीडित को कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

रोजगार सेवकों को दिया जाए राज्य कर्मचारी का दर्जा

ग्राम रोजगार सेवक संघर्ष समिति ने लामबंद होकर किया प्रदर्शन

मुख्मयंत्री को संबोधित आठ सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा

अवधनामा संवाददाता

बांदा। उत्तर प्रदेश ग्राम रोजगार सेवक संघर्ष समिति के बैनर तले बुधवार को ग्राम रोजगार सेवकों ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान मुख्यमंत्री को संबोधित आठ सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में रोजगार सेवकों ने राज्य कर्मचारी का दर्जा दिए जाने की मांग की है। इसके अलावा अन्य मांगें पूरी किए जाने की मांग की है।

ग्राम रोजगार सेवक संघर्ष समिति के जिलाध्यक्ष रामकिशोर साहू की अगुवाई में जनपद के रोजगार सेवकों ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। जिलाधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन में रोजगार सेवकों ने मांग की है कि डिफेंस एक्सपो मैदान में आयोजित सम्मेलन में मुख्यमंत्री द्वारा ग्राम रोजगार सेवकों एवं मनरेगा कर्मियों के बारे में जो घोषणाएं की गई थीं, उन पर शासनादेश जारी किया जाए। इसके साथ ही जाब चार्ट में अन्य कार्डजोड़ना, रोजगार सेवकों की सेवा समाप्त से पूर्व उपायुक्त मनरेगा की सहमति, एचआर पालिसी लागू करने की मांग की गई। इसके अलावा हिमांचल प्रदेश व राजस्थान, मध्य प्रदेश की तरह मानदेय में बढ़ोत्तरी किए जाने, ग्राम विकास अधिकारी भर्ती में 50 प्रतिशत का कोटा ग्राम रोजगार सेवकों के लिए आरक्षित किए जाने, ग्राम रोजगार सेवकों से मूल ग्राम पंचायतों के अलावा रिक्त ग्राम पंचायत में भी कार्य लिए जाने, मनरेगा की यूजर आईडी पासवर्ड सिर्फ ग्राम रोजगार सेवकों को ही दिए जाने, कोविड के अतिरिक्त आकस्मि दुर्घटना मृत्यु होने पर रोजगार सेवक के आश्रित को सेवा में समायोजित किए जाने, ईपीएफ कटौती की धनराशि मनरेगा कर्मचारियों के यूनएएन खाते में भेजे जाने के साथ ही ग्राम रोजगार सेवकों को नियमित करते हुए राज्य कर्मचारी का दर्जा दिए जाने, पदनाम ग्राम विकास सहायक किए जाने, और रोजगार सेवकों का नियमितीकरण न हो जाए तब तक ग्राम रोजगार सेवकों को विभागीय कर्मी घोषित किए जाने आदि मांगे शामिल हैं। साथ ही पूर्व वित्तीय वर्षो का और वर्तमान का बकाया मानदेय दिलाया जाए। इस मौके पर संघर्ष समिति के जिला महामंत्री रामलखन तिवारी, आलोक द्विवेदी, अमित सिंह पटेल समेत दर्जनों की संख्या में रोजगार सेवक शामिल रहे।

तहसील सदर में जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने मारा छापा

अवधनामा संवाददाता

शाहजहाँपुर। जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने बुधवार को तहसील सदर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकरी ने खाद्य पूर्ति कक्ष, न्यायालय नायब तहसीलदार सदर, न्यायालय नायब तहसीलदार कांट सहित कम्प्यूटर कक्ष तथा अभिलेखागार का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होने दाखिल दफ्तर रजिस्टर, दाखिला रजिस्टर, मिशिलबंद सहित अन्य अभिलेखों का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मौजूद लोगो से जिलाधिकारी ने स्वयं समस्याओं की जानकारी लेकर आज ही उनके निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये। खाद्य पूर्ति कक्ष में अनाधिकृत लोगो द्वारा पटल पर मौजूद पाये जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये मौजूद लोगो से जानकारी लेने के उपरान्त वहां से हटने के निर्देश दिये जिलाधिकारी ने कहा कि कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति कार्यालय में मौजूद न हो। आर्काइव कार्यालय में अभिलेखों के निरीक्षण के दौरान दस्तावेज अद्यतन न पाये जाने तथा पृष्ठ प्रमाणित न पाये जाने पर तहसीलदार अरूण कुमार सोनकर, नायब तहसीलदार अनुराग दूबे, राजस्व निरीक्षक राजीव कुमार पाण्डेय का जवाब तलब करने हेतु निर्देश दिये।

एनटीपीसी-विंध्याचल स्कूल के छात्र-छात्राओं नें डांस प्रतियोगिता में लहराया परचम

अवधनामा संवाददाता

सोनभद्र/विंध्यनगर। एनटीपीसी-विंध्याचल स्कूल के छात्र-छात्राओं नें डांस प्रतियोगिता में परचम लहराया। इंटर स्कूल डांस प्रतियोगिता का आयोजन रिहंद द्वारा दिनांक 03.10.2023 को किया गया। जिसमें एनटीपीसी विंध्याचल, शक्तिनगर एवं रिहंद स्कूल के बच्चों नें बड़े ही उत्साह एवं उमंग के साथ भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (उत्तर) प्रवीण सक्सेना, अध्यक्षा (उत्तरा महिला समिति) नीलम सक्सेना, परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार, अध्यक्षा(सुहासिनी संघ) सरोजा फणि कुमार, परियोजना प्रमुख (शक्तिनगर) राजीव अकोटकर एवं परियोजना प्रमुख (रिहंद) संजीव कुमार उपस्थित रहे। यह प्रतियोगिता दो वर्गों में आयोजित की गई। पहला -सीनियर वर्ग एवं दूसरा जूनियर वर्ग। इस प्रतियोगिता में एनटीपीसी विंध्याचल परिसर में स्थित तीनों विद्यालय- डी-पॉल, डीपीएस एवं सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल, विंध्यनगर के बच्चों नें भाग लिया। एनटीपीसी विंध्याचल से सीनियर वर्ग में सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल, विंध्यनगर के बच्चों को प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया तथा डी-पॉल एवं डीपीएस स्कूल को सांत्वना पुरस्कार से नवाजा गया।

डीएम ने अधिकारियों व विस्थापितों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

अवधनामा ब्यूरो

दुद्धी तहसील क्षेत्र में अन्त्योदय राशन कार्ड धारकों की पात्रता की अभियान चलाकर करायी जाये जॉचः डीएम

सोनभद्र। जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह की अध्यक्षता में आज कनहर सिंचाई परियोजना अमवार के विस्थापितों की समस्याओं के निस्तारण हेतु कनहर परियोजना के अधिकारियों व विस्थापित क्षेत्र के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की गयी, बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कनहर परियोजना के अधिकारियों और विस्थापित क्षेत्र के प्रतिनिधियों के साथ विस्थापित क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं पर बिन्दुवार जानकारी ली, इस दौरान विस्थापित क्षेत्र के प्रतिनिधि द्वारा विस्थापित क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था हेतु विद्यालय संचालन की बात रखी गयी, जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि विस्थापित क्षेत्र में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, विद्यालय संचालन की प्रक्रिया को प्रारंभ करने हेतु जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया जायेगा। इसी प्रकार से जिलाधिकारी ने कनहर विस्थापित क्षेत्र में सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान के संचालन हेतु स्थान चिन्हित कर मॉडल राशन की दुकान के निर्माण कार्य की प्रक्रिया प्रारंभ करने हेतु सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित किये, इस दौरान जिलाधिकारी ने कनहर विस्थापित क्षेत्र में बिजली की खंभों पर स्ट्रीट लाईटें लगाये जाने के सम्बन्ध में उप जिलाधिकारी दुद्धी को निर्देशित करते हुए कहा कि है अधिशासी अभियन्ता विद्युत से समन्वय स्थापित करते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाये, इस दौरान जिलाधिकारी ने विस्थापित क्षेत्र में लोगो को अन्त्योदय राशन कार्ड उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में उप जिलाधिकारी दुद्धी को निर्देशित करते हुए कहा कि दुद्धी तहसील क्षेत्र में अन्त्योदय राशन कार्ड धारकों की पात्रता की जॉच अभियान चलाकर करायी जाये, इस दौरान अपात्र अन्त्योदय के राशन कार्ड धारक पाये जाते हैं तो उनके राशन कार्ड को निरस्त करते हुए विस्थापित क्षेत्र के लोगों को अन्त्योदय कार्ड से लाभान्वित किया जाये, इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि विस्थापित क्षेत्र में नियमानुसार आवश्यकता के अनुरूप सामुदायिक शौचालय का निर्माण कार्य कराया जाये, जिससे कि विस्थापित क्षेत्र के लोगों को शौचालय की समस्याओं का सामना न करना पड़ें। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कनहर परियोजना क्षेत्र से जुड़े अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कनहर विस्थापित क्षेत्र से सम्बन्धित जो भी समस्याएं हैं, उसका निराकरण सम्बन्धित अधिकारीगण ससमय सुनिश्चित करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) सहदेव कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) सुभाष चन्द्र यादव, उप जिलाधिकारी दुद्धी सुरेश राय, अधिशासी अभियन्ता कनहर सिंचाई परियोजना बिनोद कुमार, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

महाकुम्भ-2025 व स्मार्ट सिटी के तहत कराये जा रहे कार्यों को सभी विभाग समन्वय बनाकर पूर्ण करायेः केशव प्रसाद मौर्य

उपमुख्यमंत्री ने की प्रयागराज में विकास कार्यों की समीक्षा

जल जीवन मिशन के कार्यों में अनियमितता पाये जाने पर सम्बंधित के विरुद्ध दर्ज करायें एफआईआर

- नहरों में पानी की पर्याप्त उपलब्धता बनाये रखने के दिए निर्देश
- निमार्णाधीन ओवरब्रिजों व पुलों के निर्माण कार्य को गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्धारित समयसीमा में करें पूरा
- उपमुख्यमंत्री ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को अपनी कार्यपद्धति में सुधारने लाने के दिए कड़े निर्देश

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बुधवार को संगम सभागार प्रयागराज में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की। उन्होंने स्मार्ट सिटी व महाकुम्भ-2025 के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए पूर्व में हुई दुर्घटनाओं से सबक लेते हुए रेलवे व प्रशासन के अधिकारियों को बेहतर समन्वय बनाकर कार्य कराये जाने के निर्देश दिए जिससे कि ऐसी किसी दुर्घटना की कोई सम्भावना न हो। उन्होंने जनपद में ओवरब्रिजों व पुलों के निर्माण की प्रगति के बारे में जानकारी लेते हुए कहा कि पुलों व ओवरब्रिजों का निर्माण गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्धारित समयसीमा में पूरा करायें। उन्होंने गुणवत्ता की जांच के लिए एक अलग तकनीकी टीम का गठन करने के लिए कहा है। रिंग रोड़ के निर्माण कार्य की प्रगति के बारे में जानकारी लेते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि रिंग रोड़ के निर्माण कार्य को महाकुम्भ के दृष्टिगत शीर्ष प्राथमिकता पर पूरा करायें, साथ ही रिंग रोड़ के आस-पास के क्षेत्र को किस प्रकार विकसित किया जा सकता है, इसके लिए भी अभी से भविष्य को ध्यान में रखते हुए प्लान बनाये जाने के लिए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उपमुख्यमंत्री ने जनपद में चल रहे सड़को के चौड़ीकरण के कार्य की समीक्षा करते हुए कहा कि जहां पर भी चौड़ीकरण का कार्य किया जा रहा है, उस रोड़ को बराबर से चौड़ा किया जाये, कहीं पर भी सड़क कम या ज्यादा न दिखे। उन्होंने जसरा बाईपास के निर्माण कार्य में अनावश्यक देरी पर कड़ी नाराजगी जताते हुए सम्बंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द निर्माण कार्य शुरू कराने व रामवनगमन मार्ग के निर्माण कार्य में तेजी लाये जाने के निर्देश दिए है। उपमुख्यमंत्री ने बैठक में अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों का एक दिन का वेतन रोकने का निर्देश दिया है।

उपमुख्यमंत्री ने जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा करते हुए जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों में अनियमितता की शिकायतें प्राप्त होने पर कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि यह सुनिश्चित हो कि पाईप बिछाते समय निर्धारित मानक का पूर्णतः पालन सुनिश्चित करें तथा जहां पर भी गड़बडी प्राप्त होती है, तो सम्बंधित के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करायी जाये। उन्होंने कहा कि जहां पर पाईप लाइन बिछाने के लिए गड्ढ़े खोदे गये है, कार्य के बाद अविलम्ब उस सड़क को पहले जैसा बना दिया जाये।

जसरा बाईपास के निर्माण कार्य में देरी पर कड़ी नाराजगी जताते हुए सम्बंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द निर्माण कार्य शुरू कराने व रामवनगमन मार्ग के निर्माण कार्य में तेजी लाये जाने के दिए निर्देश

अनावासीय भवनों के निर्माण हेतु धनराशि अवमुक्त

लखनऊ। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के क्रम में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जनपद देवरिया के अन्तर्गत विकास खण्ड-भाटपार रानी के अनावासीय भवनों के निर्माण हेतु मूल्यांकित धनराशि रू0 525.74 लाख (रूपये पांच करोड़ पचीस लाख चौहत्तर हजार मात्र) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए चालू वित्तीय वर्ष 2023- 24 में रू0 100.00 लाख (रूपये एक करोड़ मात्र) की धनराशि प्रथम किश्त के रूप में अवमुक्त किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी है। इस सम्बन्ध में आवश्यक शासनादेश उत्तर प्रदेश शासन ग्राम्य विकास विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है।

उत्तर प्रदेश सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री दानिश आज़ाद अंसारी ने अपने प्रभार जनपद भदोही में आगामी 08 अक्टूबर से शुरू होने वाले इंटरनेशनल कारपेट एक्सपो मार्ट में मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारियों का जायज़ा लिया, जहाँ जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी विधायक वपुल दुबे, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक व कालीन उद्योग से जुड़े लोग उपस्थित रहे।

योगी सरकार मदरसा शिक्षा को आधुनिक बनाने के लिए ईमानदारी से कर रही कामः दानिश

- मदरसा शिक्षा में तेजी से सकारात्मक सुधार स्पष्ट दिखाई दे रहाः आजाद

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण, वक्फ एवं एवं हज विभाग के राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने कहा है कि उत्तर प्रदेश की हमारी योगी सरकार मदरसा शिक्षा को आधुनिक बनाने के लिए ईमानदारी से काम कर रही है। आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस, साइंस और टेक्नोलॉजी तथा बच्चों को डिजिटल पावरफुल करने के लिए योगी सरकार ने सदैव सार्थक कदम उठाए हैं तथा हमारे सरकार के प्रयास से ही मदरसा शिक्षा में तेजी से सकारात्मक सुधार सभी को स्पष्ट दिखाई दे रहा है।

अंसारी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कार्य किया जा रहा है। अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र-छात्राओं को समाज की मुख्य धारा में शामिल करने और उन्हें परंपरागत शिक्षा के साथ ही आधुनिक शिक्षा दिए जाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। मदरसों के छात्र छात्राएं भी अब तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर रोजगार के नवीन अवसरों के अनुरूप खुद को तैयार कर रहे हैं।

मस्जिद-ए-वलियुल अस्र में महफिल का आयोजन

मौलाना मोहम्मद अस्करी ने महफिल को किया खिताब

लखनऊ। अमीरुल मोमेनीन हजरत अली (अ.स.) की बेटी हजरत कुलसूम (स.अ.) की यौमे विलादत के मौके पर इमामबाड़ा पंजतनी कश्मीरी मोहल्ला में जश्ने जनाबे उम्मे कुलसूम का आयोजन किया गया। महफिल का आगाज कारी नदीम नजफी ने तिलावते कुराने पाक से व संचालन नय्यर मजीदी ने किया। महफिल को मौलाना मोहम्मद अस्करी ने खिताब किया। इस मौके पर शायर ए अहलेबैत एजाज जैदी,शुमूम आरफी,फिदवी नकवी, हिलाल नकवी,फरीद मुस्तफा,शान आब्दी,मुखतार लखनवी, खुशनूद मुस्तफा, हैदर रजा, अंजुम गदीरी और गुलरेज नकी ने जनाबे उम्मे कुलसूम (स.अ.) की शान में कसीदे पढ़े गये। महफिल का आयोजन अंजुमनें पंजतनी ने किया था।

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। दुनिया की फिज़ाओं में बड़ी धूम मची है,आमद ए सरकार रसूल अरबी है,यह शेर जुहैर बाराबंकवी ने अपने अशआर में पेश किया। मौका था यौमे विलादते रसूल अकरम मोहम्मद मुस्तफा (स.अ.व.) के 17 रविअव्वल का, इस मौके पर ठाकुरगंज स्तिथ मुफ्तीगंज चौराहे की मस्जिद वालियुलअस्र में पिछली सालों की तरह इस साल भी एक शानदार मैहफिल का आयोजन किया गया। बाद ए नमाजे मगरीबैन तिलावते कुरआन ए पाक से महफिल का आगाज़ किया गया। महफिल में शहर के मुकामी शायरों ने प्यारे नबी की शान में अपने अशआर पेश किए।महफिल की सदारत मशहूर व मारूफ मौलाना सैय्यद बिलाल काज़मी ने किया। तथा निज़ामत मौलाना हिलाल रिज़वी ने किया।

तिलावते कलामे पाक से महफिल की हुई शुरुआत

लखनऊ। नवासीए रसूल हजरत अली की बेटी जनाबे उम्मे कुलसूम के जन्मदिन की खुशी में सआदतगंज स्थित इमामबाड़ा पंजेतनी में महफिल आयोजित हुई। अंजुमन पंजेतनी की ओर से कश्मीरी मोहल्ला स्थित इमामबाड़े में आयोजित महफिल का आगाज तिलावते कलामे पाक से कारी नदीम नजफी ने किया, जबकि संचालन नैय्यर मजीदी ने किया। महफिल को खिताब करते हुए मौलाना मोहम्मद अस्करी ने जनाबे उम्मे कुलसूम की सीरत बयान की। महफिल में एजाज जैदी, फिदवी नकवी, हिलाल नकवी, फरीद मुस्तफा, शान आब्दी, मुख्तार लखनवी, शुमूम आरफी, खुशनूद मुस्तफा, हैदर रजा, अंजुम गदीरी और गुलरेज नकी ने जनाबे उम्मे कुलसूम की शान में अपने कलामों का नजराना पेश किया।

कांग्रेस ने एक ही घटना और एक ही मुकदमे में दो तरह के फैसले लेकर उठाया सवाल

लखनऊ। कांग्रेस ने एक ही घटना और एक ही मुकदमे में दो तरह के फैसले को लेकर प्रदेश की योगी सरकार पर सवाल उठाया है। पार्टी ने कहा कि वर्ष 2015 में गणेश प्रतिमा विसर्जन की मांग कर रहे स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में 5 अक्टूबर 2015 को निकाली अन्याय प्रतिकार यात्रा में नामजद 82 लोगों में 81 लोगों के खिलाफ प्रदेश सरकार ने मुकदमा वापस ले लिया। इसमें सिर्फ एक व्यक्ति प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के खिलाफ मुकदमे को वापस नहीं लिया गया। पार्टी ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के खिलाफ दायर मुकदमे को अविलम्ब वापस लेने की मांग की है। पार्टी प्रवक्ता सी.पी. राय ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की बढ़ती लोकप्रियता और जनता का मिल रहा अपार समर्थन कहीं न कहीं सरकार में हताशा पैदा कर रहा है। प्रदेश सरकार की यह कार्रवाई पूरी तरह पूर्वाग्रही और अविवेकपूर्ण है। मुख्यमंत्री ने नैतिकता के खिलाफ जा अपने और अपने उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के मुकदमे वापस लिये।

प्रशिक्षित पैरावेट्स का कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा है कि कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण एवं महत्वाकांक्षी कार्यक्रम है। इसलिए ''भारत पशुधन ऐप'' के माध्यम से प्रदेश के सभी जनपदों के 10 हजार पैरावेट्स के लिए 21 अक्टूबर, 2023 को प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाए। ताकि कृत्रिम गर्भाधान की गुणवत्ता बढ़ सके और निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सके। उन्होंने कार्यक्रम में तेजी लाने, नियमित रिपोर्टिंग और पोर्टल पर अंकन करने के सख्त निर्देश के साथ ही निर्धारित लक्ष्य प्राप्त न करने वाले अधिकारियों का स्पष्टीकरण लिये जाने के निर्देश दिये हैं। पशुधन मंत्री ने आज यहां विधानभवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में गोरखपुर, बस्ती, आजमगढ़ तथा अयोध्या मण्डल में एलएसडी, संचारी रोग, कृत्रिम गर्भाधान, निराश्रित व छुट्टा गोवंश, गोशालाओं की क्षमता वृद्धि एवं निर्माण की स्थिति के संबंध में गहन समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। धर्मपाल सिंह ने कार्यों में शिथिलता एवं लापरवाही बरतने पर जनपद अम्बेडकरनगर और अमेठी के मुख्य पशुचिकित्साधिकारी का स्पष्टीकरण लिये जाने के निर्देश दिये।

- भारत पशुधन ऐप के माध्यम से आगामी 21 अक्टूबर को प्रदेश के पैरावेट्स को प्रशिक्षित किया जायेगा
- कार्यों में लापरवाही बरतने पर जनपद अम्बेडकरनगर और अमेठी के मुख्य पशुचिकित्साधिकारी के स्पष्टीकरण के निर्देश
- अधिकारी अपनी कार्यशैली में सुधार लाये अन्यथा उन पर सख्त से सख्त कार्यवाही की जायेगीः धर्मपाल सिंह

संक्षिप्त समाचार

महाभारत थीम पर पेंटिंग की प्रदर्शनी का आयोजन

लखनऊ। ऋतु गोयल द्वारा इण्डिया हैबिटेट सेंटर, नयी दिल्ली में पेंटिग की प्रदर्शनी लगायी गयी जिसमें महाभारत थीम पर ऋतु गोयल द्वारा बनायी गयी पेंटिंग को प्रदर्षित किया गया। कार्यक्रम में सांसद प्रयागराज के निजि सचिव व समाजसेवी देवव्रत वर्मा ने विषिष्ठ अतिथि के रूप में भाग लिया और पेंटिग को सराहा। देवव्रत वर्मा ने कहा कि हम सभी ने महाभारत को टी0वी और किताबों में पढ़ा और देखा है लेकिन पेंटिंग के माध्यम से महाभारत की कहानीयों का चित्रण बहुत ही अच्छे ढ़ंग से किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ऋतु कौल, नैनसी जुनेजा, नरेन्द्र चुग, वर्तनी पब्लिकेशन के प्रधान सम्पादक बाग़ी विकास, पंकज त्रिपाठी सहित कई अन्य लोगो ने भाग लिया।

समाजसेवी ने साथियों के साथ कांग्रेस का दामन थामा

लखनऊ। कांग्रेस की नीतियों और विचारधारा में आस्था व्यक्त करते हुए शाहजहांपुर से आई समाजसेवी रुखसार ने अपने साथियों के साथ प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के समक्ष कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी प्रवक्ता सी.पी. राय ने बताया कि रुखसार के साथ पार्टी में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से राशिद, गुलशन, अस्फिया, सनोबर, इश्तियाक, मुन्नी वारसी, सोनी आदि शामिल हैं। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की पैनलिस्ट सुधा मश्रि, प्रदेश महिला कांग्रेस की सचिव अनामिका यादव, चिकित्सा प्रकोष्ठ की डॉ. रिचा कौशिक उपस्थित थीं।

आनन-फानन में अस्पताल की मान्यता की गई थी रद्द

लखनऊ। अमेठी के मुंशीगंज स्थित संजय गांधी अस्पताल की मान्यता निलम्बन के आदेश पर उच्च न्यायालय के स्थगन आदेश को कांग्रेस ने जनता की जीत बताया है। पार्टी ने कहा कि अस्पताल पुनः जनता की सेवा कर पाएगा। पार्टी प्रवक्ता डॉ. मनीष हिंदवी ने कहा कि यह अस्पताल अगल-बगल के कई जिलों के हजारों मरीजों का 40 साल से अधिक समय से अनवरत इलाज कर रहा है। जिस दुर्भाग्यपूर्ण घटना की वजह से आनन-फानन में अस्पताल की मान्यता रद्द की गयी उस की जांच को खुद अस्पताल प्रशासन तैयार था और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई को भी। लेकिन सरकार ने पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर जनविरोधी निर्णय लेते हुए अस्पताल की मान्यता रद्द कर दी। उन्होंने कहा कि राजनैतिक लड़ाई में इस तरह नीचे गिरकर आम लोगों को नुकसान पहुंचाने जैसा जनविरोधी निर्णय वहां की स्थानीय सांसद और केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी और योगी आदित्यनाथ की अहंकारी सरकार ही ले सकती है। आज उच्च न्यायालय के स्टे से जनता की जीत हुई और अस्पताल अब पुनः जनता की सेवा कर पाएगा।

चित्रकूट में अगले महीने शुरू हो सकता है हेलीपोर्ट

लखनऊ। देश-दुनिया में विख्यात चित्रकूट धाम दर्शन के लिए आने वाले पर्यटकों के लिए खुशखबरी है। अगले महीने के अंत तक यहां टेबल टाप हेलीपोर्ट शुरू हो सकता है। इसकी तैयारी अपने अंतिम चरण में चल रही है। इसे अब केवल एयरपोर्ट अथॉरिटी आफ इंडिया की हरी झंडी की जरूरत है। हेलीपोर्ट शुरू होने के बाद बुंदेलखंड खासकर चित्रकूट में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। यह जानकारी आज यहां प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि धार्मिक स्थलों, ऐतिहासिक धरोहरों से भरे बुंदेलखंड में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं।

राजा महमूदाबाद का लंबी बीमारी के बाद निधन

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। सामाजिक कार्यों में काफी सक्रिय रहे राजा महमूदाबाद मो. आमिर मोहम्मद का मंगलवार देर रात को निधन हो गया है। वह लंबे समय से गंभीर बीमारी से ग्रसित थे। जिसकी वजह से 80 वर्ष की आयु में उन्होंने अंतिम सांस ली। राजा महमूदाबाद मो. अमीर मोहम्मद खान की सीतापुर जिले से लखनऊ तक राजा आमिर मोहम्मद खान की रियासत रही है। वहीं महमूदाबाद विधानसभा से वर्ष 1985 व 1989 तक कांग्रेस पार्टी से विधायक भी रह चुके हैं। राजा महमूदाबाद का नाम कई मायनों में काफी चर्चाओ में रहा है। लेकिन निधन की खबर मिलते ही उनके चाहने वालों में शोक का माहौल है। उनका अंतिम संस्कार महमूदाबाद कर्बला में हुआ। सपा प्रमुख मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, महमूदाबाद से बीजेपी विधायक आशा मौर्या समेत तमाम दिग्गज नेताओं ने राजा महमूदाबाद के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। अखिलेश यादव ने ट्वीट करते हुए लिखा कि राजा महमूदाबाद जनाब मोहम्मद अमीर मोहम्मद खान साहब का इंतकाल, अत्यंत दुखद! ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति दें। दुःख की इस घड़ी में समस्त परिजनों को यह असीम दुःख सहने का संबल प्राप्त हो।

राजा महमूदाबाद के निधन पर जताया दुख

लखनऊ। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने सीतापुर के महमूदाबाद से दो बार विधायक रहे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजा मोहम्मद अमीर मोहम्मद खान राजा महमूदाबाद के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। अजय राय ने कहा कि राजा महमूदाबाद का निधन अवध क्षेत्र के लिए अपूर्णनीय क्षति है। उनका जाना पूरी एक तहजीब का रुखसत होने जैसा है। वे जरूरतमंदों की मदद के लिए हमेशा खड़े रहते थे। श्री राय ने राजा मोहम्मद अमीर मोहम्मद खान राजा महमूदाबाद की आत्मा की शांति और दुखी परिजनों को इस असह्य दुख को सहन करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

11वें डीएएससीबी क्रिकेट टूर्नामेंट की हुई शुरुआत

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। सीएसडी सहारा क्रिकेट अकादमी, लखनऊ में 11वें डीएएससीबी क्रिकेट टूर्नामेंट (टी-20) की शुरुआत हुई इस अवसर पर हरिहर मिश्रा, आईडीएएस, आईएफए (सीसी) ने स्वागत करते हुए कहा कि सुबह की बौछार को भगवान का आशीर्वाद है । टूर्नामेंट की शुभ शुरुआत. इसके बाद मुख्य अतिथि श्रीमती. देविका रघुवंशी, एडिशनल सीजीडीए और उपाध्यक्ष डीएएससीबी ने डीएएससीबी ध्वज फहराकर टूर्नामेंट का उद्घाटन किया।

देविका रघुवंशी, एडिशनल सीजीडीए ने अपने उद्घाटन भाषण में 6 खेल टूर्नामेंट आयोजित करके लखनऊवासियों के खेल प्रेमपूर्ण स्वभाव पर प्रकाश डाला। उन्होंने लखनऊ कार्यालय का विशेष उल्लेख किया क्योंकि इसने 2002 में बैडमिंटन टूर्नामेंट और इससे पहले दो बार क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया था। उन्होंने सिकंदराबाद में पहले क्रिकेट टूर्नामेंट की मेजबानी के बाद से हुई प्रगति और प्रगति की भी सराहना की।

सरकार संक्रमण और महामारी रोकने में असफलः अजय राय

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। कांग्रेस ने प्रदेश में पैर फैलाती डेंगू, चिकनगुनिया, मलेरिया और वायरल बुखार जैसी घातक बीमारियों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार कोरोना महामारी के बाद संक्रमण और महामारी रोकने में दोबारा असफल साबित हुई है। सरकार की नाकामी से प्रदेशवासियों की असमय जान जा रही है, जिसकी जिम्मेदार योगी सरकार है। प्रदेश के सभी 75 जनपदों में वायरल डेंगू जैसी भयानक बीमारियों से जनता पीड़ित और अस्पताल भरे पड़े हैं। सरकार इन संक्रमित बीमारियों के लिए आवंटित बजट में भ्रष्टाचार कर कागजी खानापूर्ति कर रही है। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि कोरोना महामारी केबाद डेंगू दूसरी जानलेवा बीमारी साबित हो रही है। इससे हजारों की संख्या में लोगों की जान जा रही है, जिससे इसे मौत के बजाए हत्या कहना उचित है। उन्होंने कहा कि जीवन व्यक्ति का मूल अधिकार है औश्र उसका आधार है स्वास्थ्य, जिसे देने में सरकार पूरी तरह असफल रही है। उन्होंने कहा कि सरकार स्मार्ट सिटी की बात करती है, जिसमें कूड़ा प्रबंधन, जल निकासी, सफाई मुख्य घटक हैं, लेकिन प्रदेश की राजधानी लखनऊ में 700 से अधिक मरीज भर्ती थे, हरदोई में 4998। इसके अलावा बहुत से जनपदों में जिला स्वास्थ्य अधिकारी सूचना का बुलेटिन भी बंद कर चुके हैं।

ऊर्जा मंत्री ने रायबरेली के महराजगंज में 132/33 केवी क्षमता के विद्युत उपकेन्द्र का किया शिलान्यास

निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए जल्द ही रोस्टर व्यवस्था होगी समाप्त

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए0के0 शर्मा ने जनपद रायबरेली की तहसील महराजगंज के ग्राम नेवाजगंज मजरे, बावन बुजुर्ग बल्ला में 132/33 के0वी0 पारेषण उपकेन्द्र का शिलान्यास किया। जिसकी क्षमता 2म40 एमवीए की है और यह उपकेन्द्र 40.15 करोड़ रूपये की लागत से एक वर्ष में बनकर तैयार होगा। इसके निर्माण से महराजगंज, हरचन्दपुर, गंगागंज, रहवां, चन्दापुर, मऊगरवी तथा अमेठी के कुछ ग्रामीण क्षेत्रों की 08-09 लाख की आबादी को निर्बाध विद्युत आपूर्ति मिलेगी। इससे इन ग्रामीण क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति में सुधार होगा और यहां के विद्युत लोड की समस्या भी दूर हो जायेगी।

ऊर्जा मंत्री ए0के0 शर्मा ने आज दोपहर बाद नेवाजगंज पहुंचकर विद्युत उपकेन्द्र के निर्माण हेतु भूमि पूजन कर आधारशिला रखी तथा बटन दबाकर शिलान्यास पट्ट का अनावरण किया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मैंने आज यहां पर इस उपकेन्द्र का नहीं, बल्कि इस क्षेत्र में निर्बाध विद्युत की आत्मनिर्भरता का शिलान्यास किया है साथ ही अपने सहयोगी उद्यान, कृषि निर्यात मंत्री दिनेश प्रताप सिंह के जन्मदिन पर इस क्षेत्र की जनता को उपहार के रूप में भेंट करता हूं। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि मोदी-योगी से पहले की सरकारों ने विद्युत की आधारभूत संरचनाओं पर कार्य नहीं किया, जिससे आज विद्युत व्यवस्था के लिए बहुत ज्यादा कार्य करना पड़ रहा है फिर भी उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति देने के लिए योगी सरकार सभी आवश्यक प्रबंध कर रही है। उ0प्र0 जल्द ही सम्पूर्ण देश में सबसे अच्छी विद्युत व्यवस्था देने वाला प्रदेश बनेगा। निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए जल्द ही रोस्टर की व्यवस्था समाप्त की जायेगी। ए0के0 शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के प्रथम कार्यकाल में ही भारत बिजली उत्पादन के मामले में सरप्लस देश बनकर अपने पड़ोसी देशों को बिजली दे रहा है। इसी प्रकार प्रदेश की योगी सरकार ने भी 1.25 लाख से अधिक मजरों को रोशन किया तथा 1.58 करोड़ परिवारों को विद्युत कनेक्शन दिया अभी डेढ़ वर्ष के भीतर 25 लाख विद्युत कनेक्शन दिये गये। 40 ऐसे बड़े सब स्टेशन बनाये गये तथा 136 उपकेन्द्रों की क्षमता बढ़ाई गयी। कुछ ही समय में प्रदेश की विद्युत उत्पादन क्षमता दोगुनी हो जायेगी। 1320 मेगावाट बिजली का उत्पादन शीघ्र ही चालू होगा। अनपरा-डी में 1600 मेगावाट, ओबरा-डी में 1600 मेगावाट, पनकी में 660 मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा। उन्होंने कहा कि बांस-बल्ली में फैलाई गयी लाइन, जर्जर तार, पोल, अतिभारित ट्रांसफार्मर को तेजी से बदला जा रहा है। हजारों किमी0 जर्जर तार और डेढ़ लाख पोल बदले जा चुके हैं। 650 फीडर में सुधार किया गया है। उत्तर प्रदेश में बिजली की समस्या को हमेशा के लिए समाप्त करने के लिए 20-25 हजार करोड़ रूपये के कार्य कराये जा रहे हैं साथ ही सौर ऊर्जा के माध्यम से भी विद्युत उत्पादन को बढ़ाया जा रहा है।

- नेवाजगंज गांव में 40.15 करोड़ रूपये की लागत से उपकेन्द्र एक वर्ष में बनकर होगा तैयार
- उपकेन्द्र से महराजगंज, हरचन्दपुर, गंगागंज, रहवा, चन्दापुर, मऊगरवी तथा अमेठी के कुछ क्षेत्रों की 08-09 लाख आबादी होगी लाभान्वित